القرآن الكريم
क़ुरआन
मजीद
(तर्जमा व अरबी मत्न के साथ)
तर्जमा
मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ
साहिब जालंनदधरी
FBD
فرید بُکڈپو (پرائیویٹ) لمٹیڈ
FARID BOOK DEPOT (Pvt.) Ltd.
Corp. Off.: 2158, M.P. Street, Pataudi House, Darya Ganj, N. Delhi-2
Phones : 011-23289786, 011-23289159 Fax: 011-23279998
E-mail : faridexport@gmail.com Website : faridexports.com

क़ुरआन मजीद

हिन्दी मुतर्जम
मआ अरबी मतन

तर्जुमाः
मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ साहिब
जालंधरी

तस्हीः
मौलाना अब्दुल मजीद सरवर साहिब

प्रकाशकः
फ़रीद बुक डिपो (प्र.) लिमिटेड
नई दिल्ली-110002

क़ुरआन मजीद

हिन्दी मुतर्जम मआ अरबी मतन

तर्जुमाः मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ साहिब जालंधरी

तसूहीः मौलाना अब्दुल मजीद सरवर साहिब

संस्करणः 2006

पृष्ठः 982

प्रस्तुत-कर्ताः

मुहम्मद नासिर ख़ान

प्रकाशकः

फ़रीद बुक डिपो (प्र.) लिमिटेड

2158-59, एम० पी० स्ट्रीट, पटौदी हाउस,
दरिया गंज, नई दिल्ली-110002
फ़ोनः 23289786, 23247075,
फ़ैक्सः 23279998

कुछ इस क़ुरआन मजीद के बारे में

एक लम्बे अरसे से खास कमी महसूस की जा रही थी कि सरल और आसान हिंदी भाषा में क़ुरआन मजीद का एक आम-फ़हम तर्जुमा हो जिसे हर खास व आम (तालीमयाफ़्ता और कम पढ़े लिखे लोग)' आसानी से पढ़ कर समझ सकें, साथ ही अरबी मत्न (अरबी अक्षरों में लिखा हुआ क़ुरआन) भी हिंदी रस्मुलखत (देवनागरी) में हो और जिस को बिल्कुल सही और शुद्ध उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) से पढ़ा जा सके।

क़ुरआन मजीद के तर्जुमे को हिंदी रूप देना तो फिर भी इतना मुश्किल न था लेकिन अरबी मत्न को हिंदी देवनागरी में रूपान्तर करना बहुत कठिन और मुश्किल था, चूंकि अरबी में कुछ खास हुरूफ़ (अक्षर) ऐसे होते हैं जो हिंदी में नहीं होते जैसे (ث) से, (ح) बड़ी हे, (ز) ज़े, (ذ) ज़ाल, (ص) साद, (ض) ज़ाद, (ط) तो, (ظ) ज़ो, (ع) अैन, (غ) ग़ैन, (ف) फ़े, (ق) क़ाफ़, (ة) गोल ते, (~) छोटी मद और (~) बड़ी मद वग़ैरः" हमने कुछ अलामतें (निशानियां) देकर उन हर्फ़ों (अक्षरों) को बनाया है जो अरबी हर्फ़ों की सही आवाज़ को ज़ाहिर करते हैं। हर हर्फ़ की आवाज़ के लिए अलाहिदः अलाहिदः हर्फ़ मुक़र्रर किये हैं। हिंदी के मत्न में लफ़्ज़ों के वस्ल व फसल (सन्धि-विग्रह), साकिन व मुतहर्रिक, (हलन्त और सस्वर), क़ल्ब व इदग़ाम वग़ैरह में क़ुरआन मजीद के मामूर व मंकूल रस्मुलखत के तरीक़-ए-तहरीर व तिलावत की पाबन्दी की है और रुमूज़े औक़ाफ़ (विरमाविरम चिह्न) की रायज अलामतें भी अरबी में किताबत (लिखाई) की गई है ताकि उस को कोई क़ुरआन का हिस्सा समझ कर न पढ़ने लगे अलावा इसके रुबअ, निस्फ़, सुल्स, रुकूअ और सज्दः वग़ैरः के लिए भी अलामते दी गई हैं। हिंदी में अरबी के मुताबिक़ तिलावत (पाठ) करने के लिए क़ायदे बयान किये गये हैं। हुरूफ़ के सही मख़ारिज (शब्द की सही आवाज़ निकालने) का तरीक़ा भी तफ़्सील (detail) से दिया गया है ताकि हिंदी मत्न भी अरबी के सही तलफ़्फ़ुज़ के साथ पढ़ा जा सके और उस के पढ़ने का अंदाज़ अरबी के तर्ज़े अदा (तरीक़े) के मुताबिक़ हो। मत्न वाले पेज पर हिंदी के मत्न के साथ अरबी मत्न का सफ़ा (पन्ना) भी छोटा (Reduce) करके रखा गया है ताकि कभी कोई हिंदी देवनागरी मत्न को अरबी से मिलाना चाहे तो मिला भी सके। बेहतर होगा कि पाठक (क़ारी "पढ़ने वाला") किसी अरबीदां (अरबी जानने वाले) के सामने दो चार बार पढ़ कर अपना उच्चारण दुरुस्त कर लें ताकि पढ़ने में कोई ग़लती न रह जाये।

इसमें कोई शक नहीं कि यह काम बड़ा दुश्वार (कठिन) था जिसके लिए हमने मुख़्तलिफ़ उलमा-ए-किराम की खिदमात हासिल की शुरू में मौलाना कौसर यज़दानी साहिब से रब्त रहा लेकिन किसी वजह से वह वक़्त न दे सके। इस क़ुरआन मजीद का टाइटल पेज क़ुरआन छपने से पहले छप चुका था इसलिए टाईटल पेज पर मौलाना कौसर साहब का नाम भी है अलावा इस के इस की तस्हीह की तरफ़ खास तवज्जह (ध्यान) दिया गया है और कई हाफ़िज़े क़ुरआन और उलमा-ए-किराम ने इसकी तस्हीह (Proof Reading) की है। साथ ही शुरू में ३८ पन्नों पर क़ुरआन मजीद से मुताल्लिक़ (संबंधित) ज़रूरी मालूमात (जानकारी) का एक जामेअ (बड़ा) मुकद्दमा है जिसमें क़ुरआन को

सही उच्चारण से पढ़ने का तरीक़ा और दीगर ज़रूरी मालूमात दर्ज हैं कि क़ुरआन मजीद किस तरह उतरा, कितने दिनों में उतरा और उस की हिफ़ाज़त (सुरक्षा) का अल्लाह तआला ने क्या इन्तज़ाम (बंदोबस्त) किया है अलावा इसके पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी के मुकम्मल हालात भी दे दिए गये हैं ताकि इस मुबारक किताब को पढ़ने से पहले यह समझा जा सके कि जिस पैग़म्बर पर यह किताब उतरी है उसकी ज़िंदगी कैसी थी। हमें उम्मीद है कि हिंदी पढ़ने वाले इस से फ़ायदा हासिल करेंगे और उलेमा से गुज़ारिश है कि वह अपने मश्विरों से नवाज़ें, साथ में पाठकों (पढ़ने वालों) से भी निवेदन है कि तिलावत (पाठ) के वक़्त कोई ग़लती या कमी देखें, तो मेहरबानी करके हमें लिखें ताकि उसे सही किया जा सके।

इस हिंदी क़ुरआन मजीद की तरतीब, तस्हीह वग़ैरह में जिन हज़रात ने हमारी मदद की उन के नाम यह हैं—

१. मौलाना अब्दुल मजीद सर्वर साहिब (मालेगांव)
२. मौलाना खालिद हुसैन सिद्दीक़ी साहिब (ज़िला बस्ती)
३. मौलाना इमरान क़ासमी साहिब (दिल्ली)
४. मौलाना शुऐब इदरीस साहिब (बम्बई)
५. हाफ़िज़ हसनैन साहिब (दरभंगा)
६. हाफ़िज़ वारीस साहिब (दिल्ली)
७. नासिर खां (दिल्ली)

उम्मीद है कि हिंदी में हमारी यह कोशिश अल्लाह तआला क़ुबूल फ़रमाएगा और उन तमाम लोगों को इस का अज्र देगा जिन्होंने इस काम में हमारी मदद की है या मश्विरा दिया है।

—**प्रकाशक**
सैयद महमूद क़ादरी

नोट : अनुवाद में जो शब्द ब्रेकेट ( ) में हैं वह अरबी उर्दू के शब्दों के हिंदी अनुवाद के मतलब को खुलासा करने के लिए दिया गया है।

क़ुरआन मजीद के फ़ज़ाइल (लाभ)

नबी करीम सल्ललाहु अलैहि व सल्लम का इर्शाद है, मेरी उम्मत की सबसे अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) इबादत क़ुरआन मजीद की तिलावत है। अह्ले क़ुरआन (क़ुरआन पढ़ने वाले) खास अल्लाह वाले होते हैं। तुम में से बेहतर वह है जो क़ुरआन सीखे और सिखाये।

तिर्मिज़ीशरीफ़ में इब्ने मसऊद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि जिसने क़ुरआन मजीद का एक हर्फ़ (अक्षर) पढ़ा, तो उसको एक नेकी मिलेगी, जो दूसरे कामों की दस नेकियों के बराबर होगी। अल्लाह तआला क़ुरआन मजीद पढ़ने वाले की ओर सबसे पहले मुतवज्जह होता (यानी ध्यान देता) है। तुम क़ुरआन मजीद पढ़ा करो क्योंकि क़ुरआन मजीद क़ियामत के दिन अपने पढ़ने वालों की शफ़ाअत (सिफ़ारिश) करेगा।

तिर्मिज़ी शरीफ़, सुनने दारमी और बेहक़ी में अबू सईद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया, खुदा फ़रमाता है कि जिस को क़ुरआन की तिलावत ने मेरी याद से और मुझ से अपनी हाजतों के मांगने से रोका, तो मैं तमाम मांगने वालों से ज़्यादा उस की हाजतों और दिल की मुरादों को खुद ही पूरा करूंगा (यानी बे-मांगे,) क्योंकि अल्लाह के कलाम की फ़ज़ीलत (बड़ाई) दूसरे कलामों पर ऐसी है, जैसे खुदा की फ़ज़ीलत मख़्लूक़ पर।

सुनने दारमी शरीफ़ में नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इर्शाद है कि अगर क़ुरआन मजीद किसी खाल में हो, तो वह खाल आग में नहीं जल सकती। खाल से मुराद मोमिन का दिल है। अगर इस में क़ुरआन मजीद हो, दोज़ख के अज़ाब से बचा रहेगा। हदीसों में क़ुरआन मजीद के अनगिनत फ़ज़ाइल (लाभ) हैं, जो यहां बयान से बाहर है।

क़ुरआन मजीद की अज़्मत (बड़ाई), बुज़ुर्गी और उसकी फ़ज़ीलत के लिए इतना काफ़ी है कि यह दुनिया के पैदा करने वाले खुदा का कलाम है तमाम ऐबों और कमज़ोरियों से पाक और साफ़ है। इसकी फ़साहत और बलाग़त तमाम दुनिया ने मान ली है। बड़े-बड़े फ़साहत और बलाग़त के दावेदार इस जैसे दो-तीन जुमले (वाक्य) भी सदियों (सैकड़ो साल) की कोशिशों के बावजूद न बना सके। खुले आम एलान भी किया गया, जोश दिलाने वाले खिताब से कहा गया कि, 'अगर तुम इसके खुदाई कलाम (ईश्वरीय वाणी) होने में शक करते हो और इसको इंसानी कलाम समझते हो, तो तुम इस जैसी छोटी से छोटी सूरः बना लाओ और तमाम खास व आम (ज्ञानी व अज्ञानी) को जमा करो, हरगिज़ न बना सकोगे हरगिज़ न बना सकोगे। क़ुरआन मजीद में सूरः बनी इस्राईल में, पारा १५, रुकूअ १०, आयत न० ८८-८९ में अल्लाह तआला फ़रमाता है—

अनुवाद—'कह दो कि अगर इंसान और जिन्न इस बात पर जमा हों कि इस क़ुरआन जैसा बना लाएं, तो इस जैसा न ला सकेंगे, अगरचे वे एक दूसरे के मददगार हों और हमने इस क़ुरआन में हर तरह की मिसालें (उदाहरण), बयान करके बात ठीक तरीक़े से बता दी। मगर ज़्यादा लोगों का यह हाल है कि बिना इन्कार किए उनसे रहा न गया। जिन्नों की क़ौम ने जब इस चमत्कारी कलाम को सुना तो बे-झिझक कह उठे कि—'इन्ना समिअ़ना क़ुरआनन् अजबय् यह्दी इलर्रुश्दि फ-आ मन्ना बिही व लन्नुश्रि-क बिरब्बना अहदा० अर्थात-बेशक हमने एक अजीब क़ुरआन सुना जो नेकी की तरफ़

हिदायत करता है हम इस पर ईमान लाए और अपने पालनहार का किसी को साझीदार हर्गिज़ न समझेंगे।'

स्वयं अल्लाह तआला इस पवित्र क़ुरआन की तारीफ़ (प्रशंसा) करता है फिर हम लोगों की ज़ुबान व क़लम में क्या ताक़त है कि इसकी ख़ूबियों और बरकतों का एक अंश भी बयान कर सकें।

क़ुरआन मजीद के उतरने और संग्रह व संकलन के हालात

क़ुरआन मजीद एक पवित्र किताब है जो अन्तिम नबी हज़रत मुहम्मद सल्ल० पर उतारी गयी। यह अर्श कुर्सी के मालिक का कलाम है जो उसने स्वयं एक बरगुज़ीदा पैग़म्बर और मुक़र्रब (सबसे ज्यादा लोकप्रिय) बन्दे पर नाज़िल किया। इस्लाम का आधार इसी आसमानी फ़रमान (आदेश) पर है जिसने अनुपालन किया वह इस्लाम के दायरे में दाख़िल हुआ और जिसने ज़रा भी अवज्ञा की वह इस पाकीज़ा जमाअत (इस्लाम) से अलग हो गया और अल्लाह के बाग़ियों में शामिल हुआ। जब नबी-ए-करीम सल्ल० की उम्र शरीफ़ ४० साल की हुई उस समय आप को नबुवत प्रदान की गयी और रिसालत का ताज आप के सर पर रखा गया। इसी ज़माने से क़ुरआन के उतरने की शुरूआत हुई। यदा कदा यथा ज़रूरत के अवसर पर थोड़ा-थोड़ा २३ साल तक नाज़िल होता रहा है। अगली किताबों की तरह पूरा एक ही बार में नहीं उतरा (हज़रत मूसा अलैहि० पर तौरात,हज़रत ईसा अलैहि० पर इंजील और हज़रत दाऊद अलैहि० पर ज़ूबूर ये सब किताबें तो एक ही बार में उतारी गयीं और सौभाग्य से ये सब किताबें रमज़ान ही के महीने में उतरीं)

सही यह है कि आप (सल्ल०) की नुबूवत के बाद रमज़ान की शबे-क़द्र में पूरा क़ुरआन मजीद लौहे महफ़ूज़ (अल्लाह के पास से) से उस आसमान पर जिसे हम देख रहे हैं अल्लाह के हुक्म से उतारा गया और इसके बाद हज़रत जिब्रील अलैहि० को जिस समय जिस क़दर हुक्म हुआ उन्होंने पवित्र कलाम को बिल्कुल वैसा ही बिना किसी परिवर्तन या कमी-बेशी के नबी सल्ल० तक पहुंचाया। कभी दो आयतें, कभी तीन आयतें और कभी एक आयत से भी कम, कभी दस-दस आयतें और कभी पूरी-पूरी सूरतें। इसी को शरीअत में वह्य कहते हैं। उलमा (विद्वानों) ने वह्य के विभिन्न तरीक़े हदीसों से पेश किए हैं।

१—फ़रिश्ता वह्य लेकर आए और एक आवाज़ घंटी जैसी मालूम हो। यह स्थिति अनेक हदीसों से साबित है और यह क़िस्म वह्य की सभी क़िस्मों में सख़्त थी। बहुत कष्ट नबी सल्ल० को होता था यहां तक कि आपने फ़रमाया कि जब कभी ऐसी वह्य आती है तो मैं समझता हूं कि अब जान निकल जाएगी।

२—फ़रिश्ता दिल में कोई बात डाल दे।

३—फ़रिश्ता आदमी के रूप में आ कर बात करे। यह क़िस्म बहुत आसान थी इसमें कष्ट न होता था।

४—अल्लाह तआला जागते में नबी सल्ल० से कलाम फ़रमाए जैसा कि शबे मेअराज (मेअराज की रात) में।

५—अल्लाह तआला सपने की हालत में कलाम फ़रमाए। यह क़िस्म भी सही हदीसों से साबित है।

६—फ़रिश्ता सपने की हालत में आकर कलाम करे। मगर अन्तिम दो क़िस्मों से क़ुरआन मजीद खाली है। पूरा क़ुरआन जागने की स्थिति में नाज़िल हुआ। अगरचे कुछ उलमा ने सूर: कौसर को आख़िरी क़िस्म से माना है लेकिन तहक़ीक़ करने वालों ने इसको रद्द कर दिया है और उन के (शक) संदेह का उचित जवाब दे दिया है। (इतक़ान)

क़ुरआन मजीद के बदफ़आत (कई बार) नाज़िल होने में यह भी हिक्मत थी कि इस में कुछ आयतें वे थीं जिन का किसी समय रद्द कर देना अल्लाह को मंजूर था। क़ुरआन मजीद में तीन प्रकार के मंसूख़ात हुए हैं। कुछ वे जिनका हुक्म भी मंसूख़ (रद्द) और तिलावत भी मंसूख़।

पहली मिसाल

لَوْ كَانَ لِابْنِ آدَمَ وَادِيًا مِّنْ مَّالٍ لَاَحَبَّ اَنْ يَّكُوْنَ اِلَيْهِ الثَّانِيْ وَلَوْ كَانَ لَهُ الثَّانِيْ لَاَحَبَّ

اَنْ يَّكُوْنَ اِلَيْهِمَا الثَّالِثُ وَلَا يَمْلَاُ جَوْفَ ابْنِ آدَمَ اِلَّا التُّرَابُ وَيَتُوْبُ اللّٰهُ عَلٰى مَنْ تَابَ

सूर: लम यकुन में—'लव का-न लि इब्ने आ-द-म व दिय्यम मिम्मालिन् ल-अह्ब्-ब अंय्यकू-न इलय्हिस्सानी व लव का-न लहुस्सानी ल-अह्ब्-ब अंय्यकू-न इलय्हिमस्सालिसु व ला यमं लऊ जव्फ़ब्नि आ-द-मा इल्लत्ताराबु व यतूबुल्लाहु अला मन ता-ब' भी था।

दूसरी मिसाल

दुआ-ए-कुनूत भी क़ुरआन की दो सूर: थी। कुछ वे हैं जिन की तिलावत मंसूख़ हो गयी मगर हुक्म बाक़ी है जैसे कि आयते रजम, कि हुक्म इस का बाक़ी है मगर तिलावत इस की नहीं होती। ये दोनों क़िस्में क़ुरआन से निकाल दी गयी हैं और इनका लिखना भी क़ुरआन मजीद में जायज़ नहीं है। कुछ वे हैं जिन की तिलावत बाक़ी है मगर हुक्म मंसूख़ हो गया है। यह क़िस्म क़ुरआन मजीद में दाख़िल है और इस की बहुत-सी मिसालें हैं। कुछ लोगों ने मुस्तक़िल किताबों में इन को जमा किया है। तफ़्सीर (टीका) के फ़न (कला) में उन से बहुत बहस होती है मगर यहां उन की तफ़्सील (विवरण) का अवसर नहीं। (तफ़्सीर इतक़ान)

जब शाफ़ए क़यामत (क़यामत के दिन सिफ़ारिश करने वाले) और उम्मत को पनाह देने वाले हुज़ूर सल्ल० ने रफ़ीक़े आला जल्ल मुजद्दहू की रहमत में सकूनत अख़्तियार फ़रमाई और वह्य का उतरना बंद हो गया। क़ुरआन मजीद किसी किताब में, जैसाकि आजकल है जमा नहीं था अलग-अलग चीज़ों पर सूरतें और आयतें लिखी हुई थीं और वे अलग-अलग लोगों के पास थीं। अधिकांश सहाबा को क़ुरआन मजीद पूरा ज़बानी याद था। सब से पहले क़ुरआन मजीद को एक जगह जमा करने का ख़्याल हज़रत अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ आज़म रज़ि० के दिल में पैदा हुआ और अल्लाह ने उन के ज़रिए से अपने इस सच्चे वायदे को पूरा किया जो अपने पैग़म्बर से किया था अर्थात क़ुरआन मजीद के हम हाफ़िज़ हैं इस का जमा करना और हिफ़ाज़त करना हमारे ज़िम्मे है। यह ज़माना हज़रत अमीरुल मोमिनीन सिद्दीक़ अकबर रज़ि० की ख़िलाफ़ते राशिदा का था। हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने उन की सेवा में अर्ज़ किया कि क़ुरआन के हाफ़िज़ शहीद होते जा रहे हैं और बहुत से यमामा की जंग में शहीद हो गए। मुझे डर है कि यदि यही हाल रहेगा तो बहुत बड़ा हिस्सा क़ुरआन मजीद का हाथ से जाता रहेगा।

अतः मैं उचित समझता हूं कि आप इस तरफ़ तवज्जोह दें और क़ुरआन मजीद के जमा करने का प्रबन्ध करें। हज़रत सिद्दीक़ ने फ़रमाया कि जो काम नबी सल्ल० ने नहीं किया उस को हम कैसे कर सकते हैं ? हज़रत उमर फ़ारूक़ ने अर्ज़ किया कि ख़ुदा की क़सम यह बहुत अच्छा काम है। फिर कभी-कभी हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० इस की याद दिलाते रहे यहां तक कि हज़रत सिद्दीक़ रज़ि० के दिले मुबारक में भी यह बात जम गयी। उन्होंने ज़ैद बिन साबित रज़ि० को तलब किया और यह सब क़िस्सा बयान करके फ़रमाया कि क़ुरआन मजीद को जमा करने के लिए मैंने आप को चुना है, आप कातिबे वह्य (वह्य को लिखने वाले) थे और जवान व नेक हैं। उन्होंने भी वही बात कही कि जो काम नबी सल्ल० ने नहीं किया, उस को हम लोग कैसे कर सकते हैं ? अन्त में वह भी राज़ी हो गए और उन्होंने बड़े अहतमाम (बहुत प्रबन्धित ज़िम्मेदारी) से क़ुरआन मजीद को जमा करना शुरू किया।

ज़ैद बिन साबित रज़ि० को चुने जाने की वजह उलमा ने यह लिखी है कि हर साल रमज़ान में हज़रत जिब्रील अलैहिस्सलाम से नबी सल्ल० क़ुरआन मजीद का दौर (पढ़ कर सुनना) किया करते थे और इंतक़ाल के साल में दो बार क़ुरआन मजीद का दौर हुआ और ज़ैद बिन साबित रज़ि० इस अन्तिम दौरे में शरीक थे और इस अन्तिम दौरे के बाद फिर कोई आयत मंसूख (रद्द) नहीं हुई। जितना क़ुरआन इस दौरे में पढ़ा गया, वह सब बाक़ी रहा अतः उनको उन आयतों का ज्ञान था जिनकी तिलावत मंसूख हुई थी। (शरह सुन्न.)

जब क़ुरआन मजीद सहाबा रज़ि० के प्रबन्ध से जमा हो चुका, हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने अपनी ख़िलाफ़त के ज़माने में उस की नज़र सानी (दोबारा देखना) की और जहां कहीं किताबत (लिखने में) ग़लती हो गयी थी उस को ठीक किया। सालों इस चिन्ता में रहे और कभी-कभी सहाबा रज़ि० से मुनाज़िरा भी किया। कभी सेहत इसी मक्तूब (लिखा हुआ) की ज़ाहिर होती थी, कभी इस के ख़िलाफ़, तो फ़ौरन उस को सही कर देते थे फिर जब ये सब दर्जे तै हो चुके तो हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने इस के पढ़ने-पढ़ाने की सख़्त व्यवस्था की और हाफ़िज़ सहाबा रज़ि० को दूर के देशों में क़ुरआन व फ़िक़्ह की शिक्षा के लिए भेजा, जिस का सिलसिला हम तक पहुंचा।

सच यह है कि हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० का एहसान इस बारे में पूरी उम्मते मुहम्मदिया (मुसलमानों) पर है। उन्हीं की बदौलत आज हमारे पास क़ुरआन मौजूद है और हम उसकी तिलावत से लाभ उठाते हैं। इस एहसान की मकाफ़ात (बदला) किस से हो सकती है। ऐ अल्लाह ! अपने रिज़वान (ज्ञान) की ख़लअतें (इनाम) उन को प्रदान कर और ख़लअत व करामात का ताज उन के मुक़द्दस सर पर रख। आमीन।

फिर हज़रत उस्मान रज़ि० ने इस एहसान को और भी कामिल (पूरा) कर दिया। अपनी ख़िलाफ़त के ज़माने में उन्होंने इस मसहफ़ शरीफ़ (क़ुरआन) की सात नक़लें (प्रतियां) करा कर दूर-दूर के देशों में भेज दीं। और तिलावत क़िरआत (क़ुरआन पाठ करने के तरीक़ों) की वजह से जो मतभेद और झगड़े हो रहे थे और एक दूसरे की क़िरआत को हक़ के ख़िलाफ़ और ग़लत समझा जाता था, इन सब झगड़ों से इस्लाम को पाक कर दिया। केवल एक क़िरअत पर सब को सहमत कर दिया। अब अल्लाह के शुक्र से एक मज़बूत किताब मुसलमानों के पास है। कोई मज़हब दुनिया में इसकी मिसाल नहीं ला सकता। इन्जील व तौरात की हालत नाज़ुक है उनमें वह कमी-बेशी हुई कि ख़ुदा की पनाह। क़ुरआन की निस्बत (बारे में) विरोधियों को भी इक़रार है कि यह वही किताब है जिसकी निस्बत मुहम्मद सल्ल० ने ख़ुदा का कलाम होने का दावा किया था इस में किसी क़िस्म की कमी ज्यादती उनके बाद नहीं हुई। वल्हम्दु लिल्लाह अला ज़ालिक

क़ुरआन मजीद में आयतों व सूरतों की तरतीब जो इस ज़माने में है यह भी सहाबा रज़ि० ने दिया है मगर न अपनी राय व अनुमान में से, बल्कि नबी सल्ल० जिस तरतीब (ढंग) से पढ़ते थे और जो तरतीब उस मुबारक दौर में थी उसके थोड़ा भी ख़िलाफ़ नहीं किया, केवल दोसूरतोंकी तरतीब अलबत्ता सहाबा रज़ि० अपने क़यास (अनुमान) से दी है। सूर: बराअत और अन्फाल, तो यह भी निश्चय भी लोहे महफ़ूज़ के ख़िलाफ़ न होगी।जिसका मुहाफ़िज़ इस क़दर कादिर व कवी(शक्तिशाली) हो उस में उसकी तरतीब भी इच्छा के ख़िलाफ़ नहीं हो सकती।

कुछ और सहाबा जैसे इब्ने मसऊद रज़ि० और अबी बिन कअब रज़ि० ने भी क़ुरआन मजीद को जमा किया था। किसी की तरतीब उतरने के मुताबिक़ थी किसी की और किसी तरह। जगह-जगह वे आयतें जिनकी तिलावत मन्सूख़ थी भी इनमें किसी उद्देश्य से शामिल थी। कहीं-कहीं तफ़्सीरी शब्द उनमें लिखे हुए थे। इन सब मुसहफ़ों (नुस्ख़ों) को हज़रत उस्मान रज़ि० ने ले लिया वर्ना आगे चल कर इनकी वजह से सख़्त मतभेद पैदा होता। इसके अलावा यह सहमति शक्ति जो इस मसहफ़ के जमा करने में थी इन मुसहफ़ों में कहां। वह केवल एक ही व्यक्ति की मेहनत का नतीजा थे इस वजह से और भी ख़राबियां उनमें होंगी।

सहाबा रज़ि० के ज़माने में कुरआन मजीद में सूरतों के नाम, पारों के निशान आदि कुछ न थे, बल्कि अक्षरों पर बिन्दु (नुक़्ते) भी न दिए गए थे बल्कि कुछ सहाबा इसको बुरा समझते थे। वे चाहते थे कि मुसहफ़ में सिवाए क़ुरआन के और कोई चीज़ न लिखी जाए। अब्दुल मलिक के ज़माने में अबुल असवद या हज़रत हसन बसरी रह० ने उस में नुकते बनाये और सूर: और पारों के नाम भी लिख दिए गये। उलमा इन सब चीज़ों के कारणों (जवाज़) पर सहमत हैं इस लिए कि ये ऐसी कोई चीज़ नहीं है, जिनके क़ुरआन होने का संदेह हो और मना उन चीज़ों का लिखना है जिनका क़ुरआन होने का शक (संदेह) पड़े।

ख़ुलूसेनीयत (सही नीयत) व क़ुरआन की तिलावत के आदाब

बुखारी व मुस्लिम में हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ि० से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्ल० ने फ़रमाया, हर अमल का आधार नीयत पर है और हर व्यक्ति को वही मिलेगा जिसकी उसने नीयत की है। तिलावत के समय वुज़ू के बाद पाक जगह में क़िब्ले की ओर हो कर यह ख़्याल करता हुआ तिलावत करे कि मैं तमाम मख़्लूक़ (जीव) के पैदा करने वाले का कलाम पढ़ रहा हूं जिसके अधिकार में मेरी जान है और रिज़्क के अस्बाब हैं। तिलावत को बिस्मिल्लाह से शुरू करे। बशारत (ख़ुशख़बरी) वाली आयतों पर ख़ुश हो और अज़ाब वाली आयतों पर रोए, या कम से कम रोना न आए तो रोने की सूरत बनाए। अगर बे वुज़ू हो तो ग़िलाफ़ (क़ुरआन जिस कपड़े में लिपटा होता है) या किसी और कपड़े से क़ुरआन को हाथ लगाए कि ऐसी सूरत में बिना इसके क़ुरआन को हाथ लगाना जाईज़ नहीं है। मगर बिना वुज़ू क़ुरआन का पढ़ना जायज़ है। तमाम उलमा की सहमति है कि बिना ग़ुस्ल किए अर्थात जनाबत की हालत वाले मर्द या हैज़ व निफ़ास वाली औरत को क़ुरआन का पढ़ना हराम है।

हज़रत आइशा रज़ि० नबी सल्ल० की कैफ़ियत बयान फ़रमाती हैं कि आप हर हाल में तिलावत फ़रमाया करते थे, वुज़ू की हालत में भी, बिना वुज़ू की हालत में भी, हां अलबत्ता जनाबत की हालत में न करते थे।

क़ुरआन मजीद की तिलावत में एक ख़ास समय तै कर लेना भी सही है। अधिकांश सहाबा फ़ज्र की नमाज़ के बाद क़ुरआन मजीद पढ़ा करते थे। समय तै कर लेने में नाग़ा (वक़्फ़ा) भी नहीं होता।

सही यह है कि क़ुरआन मजीद की तिलावत और पढ़ने के लिए किसी उस्ताद से इजाज़त लेना या उसको सुनाना शर्त नहीं है, हां इतना ज़रूरी है कि क़ुरआन मजीद सही पढ़ता हो। यदि इतनी योग्यता अपने में न देखे तो उसको ज़रूरी है कि किसी उस्ताद को सुना दे, या उस से पढ़ ले। (इतक़ान)

यह भी शर्त नहीं है कि क़ुरआन मजीद के मायने (अर्थ) समझ लेता हो। और यदि क़ुरआन मजीद में एराब (मात्राएं) न हों तब भी उसके सही एराब पढ़ लेने पर क़ादिर (सामर्थ) हो।

सही यह है कि क़ुरआन मजीद की तिलावत की नेमत केवल इन्सान को दी गयी है, शैतान आदि इसकी तिलावत पर क़ादिर नहीं है, बल्कि फ़रिश्तों को भी यह नेमत नसीब नहीं हुई। वे भी इस आशा में रहते हैं कि कोई इन्सान तिलावत करे और वे सुनें। हां मोमिन जिनको अलबत्ता यह नेमत मिली है और वे तिलावत पर क़ादिर (सामर्थ) हैं (नफ़तुल मरजान-इतक़ान)

शायद इससे हज़रत जिब्रील अलैहि० अलग हों. इस लिए कि उनकी निस्बत (बारे में) हदीसों में आया है कि हर रमज़ान में नबी सल्ल० से क़ुरआन मजीद का दौर किया करते थे और हाफ़िज़ इब्ने हजर अस्क़लानी रह० ने फ़तहुल बारी. में व्याख्या कर दी है कि कभी वे पढ़ते थे और हज़रत (सल्ल०) सुनते थे और कभी आप (सल्ल०) पढ़ते थे और वे (जिब्रील अलैहि०) सुनते थे।

मस्नून है कि पढ़ने वाला शुरू करने से पहले, (वल्लाहु आलम)

'अऊज़ुबिल्लाहि मिनश्शैतानिर्रजीम- أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ

–बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम' ० بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

पढ़ ले और यदि पढ़ने के दौरान कोई दुनिया की बात करे तो उसके बाद फिर इसको पढ़ ले।

क़ुरआन मजीद की तिलावत मुसहफ़ (क़ुरआन) में देखकर ज्यादा सवाब रखती है बजाए ज़बानी पढ़ने के। इस लिए कि वहां दो इबादतें होती हैं एक तिलावत, दूसरे क़ुरआन मजीद का दीदार (दर्शन)।

क़ुरआन मजीद पढ़ने की हालत में कोई बात करना या और किसी ऐसे काम में लगना जो दिल को दूसरी तरफ़ फेरे मकरूह है। क़ुरआन मजीद पढ़ते समय अपने को पूरी तरह उसी की तरफ़ लगा दे, न यह कि ज़बान से शब्द जारी हों और दिल में इधर-उधर के ख़्याल।

क़ुरआन मजीद की हर सूरः के शुरू में बिस्मिल्लाह कह लेना मुस्तहब (बेहतर) है। मगर सूरः बराअत के शुरू में बिस्मिल्लाह न पढ़ना चाहिए। पारा व अलम् में जो सूरः तौबा 'बरा अतुम्मिनल्लाहि' से शुरू है इस पर बिस्मिल्लाह नहीं लिखी है इस का हुक्म यह है कि यदि कोई ऊपर से पढ़ता चला आता है तो इस पर पहुंच कर बिस्मिल्लाह न पढ़े, वैसे ही शुरू कर दे और यदि किसी ने इसी जगह से शुरू किया है या कुछ सूरः पढ़ कर पढ़ना बन्द कर दिया या फिर बीच में से पढ़ना शुरू किया तो इन दोनों हालतों में बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम पढ़ना चाहिए।

बेहतर यह है कि क़ुरआन मजीद की सूरतों को उसी तरतीब से पढ़े जिस तरतीब से क़ुरआन मजीद में लिखी हैं, हां बच्चों के लिए आसानी के उद्देश्य से सूरतों का बिना तरतीब पढ़ाना, जैसा कि आजकल पारा अम्-म य-त-सा अलून में क़ायदा है बिना कराहत जायज़ है। (रद्दुल मुहतार)

और आयतों का बिना तरतीब पढ़ना आम सहमति से मना है। (इतक़ान)

क़ुरआन मजीद की विभिन्न सूरतों की आयतों को एक साथ मिला कर पढ़ने को उलेमा ने मकरूह लिखा है इस वजह से कि हज़रत बिलाल रज़ि० को आप (सल्ल०) ने इस से मना फ़रमाया था। (इतक़ान आदि)

मगर मेरे ख्याल में यह कराहत (मनाही) उस समय होगी जब इन आयतों की तिलावत सवाब की वजह से हो। इस लिए कि झाड़-फूंक के वास्ते विभिन्न आयतों का एक साथ पढ़ना नबी सल्ल० और उन के सहाबा से सही तरह से साबित है और हर एक आयत के गुण अलग-अलग हैं अतः जो खास असर हमें दरकार है वह जिन-जिन आयतों में होगा हम को उन का पढ़ना ज़रूरी है।

क़ुरआन मजीद अत्यन्त मधुर आवाज़ से पढ़ना चाहिए जिस से जितना हो सके। सही हदीसों में आया है कि नबी सल्ल० ने फ़रमाया कि जो व्यक्ति क़ुरआन मजीद मधुर आवाज़ से न पढ़े, वह हम में से नहीं है। (दारमी) मगर जिस की आवाज़ ही अच्छी न हो वह मजबूर है। और क़ुरआन क़िरअत के क़ायदों से पढ़ना चाहिए। राग से पढ़ना और गाना क़ुरआन मजीद का सहमत रूप से मकरूहे तह-रीमी है। क़ुरआन मजीद ठहर-ठहर कर पढ़े। जल्दी-जल्दी पढ़ना भी मकरूह है।

जो व्यक्ति क़ुरआन मजीद के मायने समझ सकता हो उस को क़ुरआन मजीद पढ़ते समय उस के मायनों पर ग़ौर करना और हर मज़मून (विषय) के मुताबिक़ अपने में उस का असर पैदा करना सुन्नत है। जैसे, जब कोई व्यक्ति ऐसी आयत पढ़े जिसमें अल्लाह पाक की रहमत का ज़िक्र हो तो रहमत मांगे और अज़ाब का ज़िक्र हो तो पनाह मांगे। कोई जवाब मांगने वाला मज़मून हो तो उसका जवाब दे। जैसे हज़रत नबी सल्ल० सूरः वत्तीन के अन्त में जब पहुंचते तो 'बला व अना अला ज़ालि-क मिनश्शाहिदीन' पढ़ लेते (तिर्मिज़ी) या सूरः क़ियामत के अन्त में जब पहुंचते तो फ़रमाते कि—'बला' (तिर्मिज़ी) सूरः फ़ातिहा को जब खत्म करते तो आमीन कहते। लेकिन यह जवाब देना या दुआ मांगना उस समय मसनून है कि क़ुरआन मजीद फ़र्ज़ नमाज़ में या तरावीह में न पढ़ा जाता हो। यदि फ़र्ज़ या तरावीह में पढ़ा जाता हो तो फिर जवाब न देना चाहिए। (रद्दुल मुख्तार)

क़ुरआन मजीद पढ़ने की हालत में रोना मुस्तहब है। यदि रोना न आए तो अपनी संगदिली (पत्थरदिली) पर अफ़सोस करे।

सूरः वज़्ज़ुहा के बाद से अन्त तक हर सूरः के खत्म होने के बाद अल्लाहु अकबर कहना मुस्तहब हैं। क़ुरआन मजीद खत्म होने के बाद दुआ मांगना मुस्तहब है। इस लिए कि नबी सल्ल० से रिवायत है कि हर खत्म के बाद दुआ क़ुबूल होती है। (इतक़ान)

शबे क़द्र का बयान

हदीस से मालूम होता है कि शबे क़द्र रमज़ान शरीफ़ की अन्तिम ताक़ (दो से न कटने वाले हिन्दसे) रातों, इक्कीसवीं से सत्ताइसवीं तक है (अल-ग़ैबु अिन्दल्लाह) लेकिन हम २७ रमज़ान की रात शबे क़द्र मानते हैं। यह बहुत बरकत वाली रात है। हमें चाहिए कि इस मुबारक और बरकत वाली रात में दिल की गहराई व नेकनीयत के साथ क़ुरआन की तिलावत करें और अल्लाह से दुआ मांगे क्योंकि इस रात को हर बात का फ़ैसला होता है हर एक जानदार की जान व मौत, रिज़्क़ का अंदाज़ा होता है कि इतना शेष और इतना खत्म हो चुका है। बुखारी व मुस्लिम शरीफ़ में इब्ने उमर रज़ि० से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्ल० ने फ़रमाया कि क़ाबिले रश्क वह आदमी है कि जो रात और दिन के समय में क़ुरआन की तिलावत करता है। शबे मेअराज और शबे बराअत में भी क़ुरआन मजीद की तिलवात और इबादत करना अफ़ज़ल (अच्छा) है इससे दिल की मुरादें (इच्छाएं) पूरी होती हैं और दुआएं क़ुबूल होती हैं।

मनाज़िले क़ुरआन शरीफ़

क्रम सं०	सूर:	सूर: सं०	पृष्ठ सं०	पार: सं०	नाम पार:
१	अल-फ़ातिह:	१	१-१६२		
२	अल-माइद:	५	१६४-३२४	६	ला युहिब्बुल्लाह
३	यूनुस	१०	३२६-४४४	११	याअ तज़िरूना
४	बनी इस्राइल	१७	४४६-५७८	१५	सुब्हानल्लज़ी
५	अश शोअरा	२६	५८०-७०६	१९	वक़ालल्लज़ी-न
६	वस्साफ़्फ़ात	३७	७०८-८२०	२३	वमालि-य
७	क़ाफ़	५०	८२२-९७३	२६	हामीम

सजदाते तिलावत

क्रम सं०	पारा	सूर:	सजदे वाले शब्द	सजदे का स्थान	पृष्ठ सं०	आयत
१	९	अल आराफ़	यसजुदून	यसजुदून	२७६	२०६
२	१३	अर-रअद	वलिल्लाहि यस्जुदु	वल आसाल	३९६	१५
३	१४	अन-नह्ल	"	मा युअ् मरू-न	४३०	४९-५०
४	१५	बनी इस्राईल	यखिररून लिलअ--लकान	खुशूआ	४६४	१०७-१०९
५	१६	मरयम	खर्रु सुजदा	व बुकया	४८८	५८
६	१७	अल हज	यसजुद लहु	मा-यशा-अ	५२८	१८
७	१७	अल हज' शाफ़ईयों में	वसजुदू	तुफ़लिहून	५४०	७७
८	१९	अल फ़ुर्क़ान	असजुद्	नुफ़ूरा	५७८	६०
९	१९	नमल	अल्लाय सजुदू	रब्बिल अरशिल अज़ीम	६००	२५-२६
१०	२१	अस-सजदा	खर्रु असजुद	ला यस्तकबिरू-न	६६०	१५
११	२३	साद'	व खर्रु राकिआ	व अना-व	७२२	२४
१२	२४	हामीम सजदा	वसजुद् लिल्लाहि	ला यसमऊना	७६४	३७-३८
१३	२७	अन-नज्म	फ़स जुद्	वाअ बुद्	८४०	६२
१४	३०	अल-इन्शिक़ाक़	ला यहजुदू-न	ला यस जुद्ना	९४६	२१
१५	३०	अल अलक़	वसजुद	वक़्तरिब	९६२	१९

१. इन दो सज्दों में मतभेद है। सूर: २२ आयत ७७ पर इमाम शाफ़ई रह० के नजदीक सज्दा है लेकिन इमाम अबू हनीफ़ा रह० के नजदीक नहीं है और सूर: ३८ आयत २४ पर इमाम अबू हनीफ़ा के नजदीक सज्दा है लेकिन इमाम शाफ़ई के नजदीक नहीं है। बहरहाल दोनों आलिमों के नजदीक सज्दों की कुल तादाद १४ ही है।

क़ुरआन मजीद को कितने समय में ख़त्म किया जाए

अल्लाह के रसूल नबी सल्ल० ने फ़रमाया जिसने तीन दिन से कम में क़ुरआन मजीद ख़त्म किया वह कुछ न समझ सका। इमाम अबू हनीफ़ा से नक़ल है कि जिसने हर साल में दो बार क़ुरआन मजीद ख़त्म किया उसने हक़ अदा किया। इस लिए हज़रत (सल्ल०) ने वफ़ात (इन्तक़ाल) के साल में दो ही बार ख़त्म किया था। हज़रत अली रज़ि० फ़रमाते हैं कि उस इबादत (उपासना) में कुछ बेहतरी नहीं है जिसमें समझ न हो और न उस क़िरअत (पढ़ने में) में जिस में फ़िक्र (सोच) न हो। इमाम ग़ज़ाली रह० फ़रमाते हैं, अपने आप को क़ुरआन मजीद के ख़त्म करने की गिनती पर हावी न करो। बल्कि एक आयत का सोच कर पढ़ना सारी रात में दो क़ुरआन ख़त्म करने से बेहतर है।

हज़रत अबूज़र गिफ़ारी रज़ि० कहते हैं कि एक बार नबी सल्ल० हमारे साथ खड़े हुए तो आप (सल्ल०) यह आयत बड़ी देर तक पढ़ते रहे—

(इन तुअज़्ज़िबहुम फ़ इन्नहुम अिबादुक)

हज़रत इब्ने उमर रज़ि० से रिवायत है कि नबी सल्ल० ने मुझे पांच दिन से कम समय में पूरा क़ुरआन मजीद ख़त्म करने की इजाज़त नहीं दी। (हदीस सही बुख़ारी)

तिलावत के सज्दों का बयान

सज्दए तिलावत उन्हीं लोगों पर अनिवार्य है जिन पर नमाज़ अनिवार्य है। क़ज़ा (छूट हुई) नमाज़ें, हैज़ (मासिक धर्म) वाली औरत पर वाजिब नहीं। अवैध (नाबालिग़) और ऐसे मजनू (दीवाने) पर वाजिब नहीं जिसका जुनून (दीवानापन) एक दिन रात से ज़्यादा हो गया, चाहे उसके बाद ख़त्म हो या नहीं। जिस मजनू का जुनून (दीवानापन) एक दिन रात से कम रहे, उस पर वाजिब है। इसी तरह मस्त और जुनबी (वह व्यक्ति जिस पर ग़ुस्ल वाजिब हो) पर भी।

तिलावत के सज्दे के सही होने की वही सब शर्तें हैं जो नमाज़ के सही होने की हैं अर्थात तहारत (पाकी) और सतर (अर्थात आवश्यक अंगों को ढाकना) और नीयत व क़िब्ले का सही होना। तहरीमा (तक्बीर) इसमें शर्त नहीं है। इसकी नीयत में आयत का तअय्युन (निर्धारण) शर्त नहीं कि यह सज्दा फ़लां आयत के कारण से है और यदि नमाज़ में सज्दे की आयत पढ़ी जाए और तत्काल सज्दा किया जाए तो नीयत भी शर्त नहीं। (रद्दुल मुहतार)

जिन चीज़ों से नमाज़ फ़ासिद (ख़राब) हो जाती है उन चीज़ों से सज्दए सह्व (भूल का सज्दा) में भी ख़राबी आ जाती है और फ़िर इसका इआदा (दोबारा करना) वाजिब (अनिवार्य) हो जाता है हां इस क़दर अन्तर है कि नमाज़ में क़हक़हा से वुज़ू टूट जाता है और इसमें क़हक़हे से वुज़ू नहीं टूटता और औरत की महाज़ात भी यहां मुफ़सिद (रुकावट) नहीं।

तिलावत का सज्दा यदि ख़ारिज नमाज़ (नमाज़ से बाहर) में वाजिब हुआ हो तो बेहतर है कि तुरन्त अदा कर ले और यदि उस समय अदा न करे तब भी जायज़ है मगर मकरूह है और यदि नमाज़ में वाजिब हुआ तो उसका अदा करना तुरन्त वाजिब (अनिवार्य) है, देरी की इजाज़त नहीं है। (रद्दुल मुह्तार)

ख़ारिजे नमाज़ (नमाज़ से बाहर) का सज्दा नमाज़ में और नमाज़ का ख़ारिज (बाहर) में, बल्कि दूसरी नमाज़ में भी अदा नहीं किया जा सकता। अत: कोई आदमी नमाज़ में सज्दे की आयत पढ़े और सज्दा करना भूल जाए तो इसका गुनाह उस के ज़िम्मे (सर) होगा जिस की तदबीर (इलाज) इसके सिवा कोई नहीं कि तौबा करे, या अरहमुर्राहिमीन (रहम करने वाला) अपने फ़ज़्ल व करम (दया दृष्टि) से माफ़ फ़रमा देगा। (बहरुर्राईक़)

यदि कोई आदमी नमाज़ की हालत में किसी दूसरे से सज्दे की आयत सुने, चाहे वह दूसरा भी नमाज़ में हो या न हो यह सज्दा ख़ारिजे नमाज़(नमाज़ से बाहर)का समझा जाएगा और नमाज़ के अन्दर वह अदा नहीं किया जाएगा, बल्कि ख़ारिजे नमाज़ में।

यदि सज्दे की आयत तिलावत एक ही मज्लिस (सभा) में कई बार की जाए तो एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा और यदि एक सज्दे की आयत की तिलावत की जाए, फिर वही आयत अलग-अलग लोगों से सुनी जाए, तब भी एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा। यदि सुनने वालों की मज्लिस न बदले तो एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा, चाहे पढ़ने वालों की मज्लिस बदल जाए या न बदले और यदि सुनने वालों की मज्लिस बदल जाए तो इस पर कई सज्दे वाजिब होंगे, चाहे पढ़ने वालों की बदले या न बदले। यदि पढ़ने की बदल जाएगी तो उस पर भी कई सज्दे वाजिब होंगे। (बहरुर्राइक़)

यदि एक सज्दे की आयत कई बार एक ही मज्लिस में पढ़ी जाए तो अख़्तियार (इच्छा) है कि सब के बाद सज्दा किया जाए या पहली ही तिलावत के बाद, क्योंकि एक ही सज्दा अपने पहले और बाद की तिलावत के लिए काफ़ी होता है मगर एहतियात (सावधानी) इसमें है कि सबके बाद किया जाए। (बहरुर्राईक़)

यदि सज्दे की आयत नमाज़ में पढ़ी जाए और तुरन्त रुकूअ किया जाए या दो तीन आयतों के बाद और इस रुकूअ में झुकते समय सज्दे की नीयत भी कर ली जाए तो सज्दा अदा हो जाएगा और इसी तरह यदि सज्दे की आयत की तिलावत के बाद नमाज़ का सज्दा किया जाए, तब भी यह सज्दा अदा हो जाएगा और इसमें नीयत की भी ज़रूरत न होगी। (दुर्रे मुख़्तार, रद्दुल मुहतार आदि)

जुमा और ईदैन (दोनों ईदें) और धीमी आवाज़ वाली नमाज़ों में सज्दे की आयत नहीं पढ़ना चाहिए, इसलिए कि सज्दा करने में मुक़्तदियों (नमाज़ पढ़ने वालों) के इश्तिबाह (संदेह) का डर है। (बहरुल राइक़)

किसी सूर: का पढ़ना और ख़ास कर (मुख्य रूप से) सज्दे की आयत को छोड़ देना मकरूह है। (बहरुल राइक़ आदि)

यदि हाज़िरीन (उपस्थित जन) वुज़ू सहित सज्दे के लिए मुस्तअिद (तैयार) न बैठे हों तो सज्दे की आयत का धीमी आवाज़ से तिलावत करना बेहतर है इसलिए कि वे लोग इस समय सज्दा न करेंगे और दूसरे समय शायद भूल जाएं तो गुनहगार होंगे। (दुर्रे मुख़्तार आदि)

तिलावत के सज्दे का तरीक़ा यह है कि क़िब्ला रू (क़िब्ले की ओर होकर) नीयत करके अल्लाहु अक्बर कहे और सज्दा करे। फिर उठते समय अल्लाहु अक्बर कह कर उठे। और खड़े होकर

सज्दा करना मुस्तहब है। तिलावत का सज्दा कई लोग मिल कर भी कर सकते हैं इस तरह कि एक आदमी को इमाम की तरह आगे खड़ा करे और स्वयं मुक़तदियों (नमाज़ अदा करने वाले) की तरह लाइन बना कर पीछे खड़े हों और उसकी पैरवी (अनुसरण) करें। यह सूरत असल में जमाअत की नहीं है। इसीलिए यदि इमाम का सज्दा किसी वजह से फ़ासिद (खराब) हो जाए तो मुक़तदियों (पीछे वालों) का फ़ासिद (खराब) न होगा और इसी कारण से औरत का आगे खड़ा कर देना भी जायज़ है।

सज्दे की आयत यदि फ़र्ज़ नमाज़ों में पढ़ी जाए तो उसके सज्दे में नमाज़ वाले सज्दे में नमाज़ वाले सज्दे की तरह 'सुब्हा-न रब्बियल आला' कहना बेहतर है और नफ़्ल नमाज़ों में ख़ारिजे नमाज़ (नमाज़ से बाहर) में यदि पढ़ी जाए तो उस के सज्दे में अख़्तियार (इच्छा) है कि 'सुब्हाना रब्बियल आला कहे और तस्बीहें जो हदीसों में आयी हैं, वे पढ़ें। इस तस्बीह की तरह—

'सजदा वजही-य लिल्लज़ी ख-ल-क़हू व सव्वरहू व शक़्क़ समअहू व बसरहू बिहौलिही व क़ुव्वतिहि फ़तबारकल्लाहु अहसनुल ख़ालिक़ीन०'

और दोनों को जमा कर ले तो और भी बेहतर है।

देवनागरी (हिंदी) में कुरआन मजीद को सही पढ़ने का तरीका

अरबी अक्षरों की आवाज़ का देवनागरी वर्णमाला

ث सा स	ت ता त	ب बा ब	ا अलिफ़ अ
د दाल द	خ ख़ा ख़	ح हा ह़	ج जीम ज
س सीन स	ز ज़ा ज़	ر रा र	ذ ज़ाल ज
ط तो त़	ض ज़ाद ज़	ص साद स़	ش शीन श
ف फ़ा फ़	غ ग़ैन ग़	ع ऐन अ़	ظ ज़ो ज़
م मीम म	ل लाम ल	ك काफ क	ق क़ाफ़ क़
ء हम्ज़ा अ	ه हा ह	و वाव व	ن नून न
	ة गोल ते त़	ى या य	

अरबी रस्मुलखत (लिपि) में तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) के नुक़त-ए-नज़र (दृष्टि) से जो अक्षर होते हैं उन का चार्ट दिया गया है और ब्रेकेट ( ) में उन को पढ़ने की आवाज़ (तलफ़्फ़ुज़) भी दिया गया है।

चार्ट में आखिर के अक्षर (ة) गोल "ते" का प्रयोग शब्द में आखिर में होता है इस शब्द पर वक़्फ़ा (विराम) करने पर त् को ह् या विसर्ग (:) पढ़ा जाता है और विराम न लेने व पढ़ते चले जाने पर (ط) त् (ت 'त') के समान पढ़ा जाता है जैसे शफ़ाअत पर वक़्फ़ा करने पर शफ़ाअ: पढ़ा जायेगा। अगर किसी शब्द में गोल ता यानी त् हो और उसके बाद का अक्षर किसी नियम के आधीन खामोश (मौन) हो जाये तो फिर त् अन्तिम अक्षर रह जाने के फलस्वरूप ठहराव लेते समय " : " में बदल जाएगा। जैसे ग़िशावतुन् में न् ग़ायब हो जाएगा और तब आखिरी बचे अक्षर त् का विराम लेते समय : में बदल कर ग़िशाव: पढ़ा जाएगा।

नोट : पाठकों की सुविधा के लिए ज़रूरी क़ायदे (ग्रामर) मुख्तसर कर के बयान किये जा रहे हैं क़ुरआन मजीद को अरबी के अलावा किसी दूसरी भाषा के रस्मुलखत में लिखना या पढ़ना बहुत मुश्किल है। क्योंकि अरबी में लिखा कुछ होता है और पढ़ा कुछ जाता है। आयत पर वक़्फ़ किया जाता है इसलिए हम ने आयत पर हुरूफ़ को वक़्फ़ किया है और इबारत के अंदर बिल्कुल अरबी तर्ज़े अदा के मुताबिक़ देवनागरी में रूपांतर किया है और उसमें ठहरने और न ठहरने के रुमूज़ेऔक़ाफ की निशानियां भी दर्ज (अंकित) हैं और उन से मुताल्लिक़ (संबंधित) मालूमात अगले पन्नों पर दर्ज हैं। अलबत्ता जब तक खास अक्षरों के उच्चारण का सही ज्ञान न हो, तब तक लाइल्म (न जानने वाला) के लिए यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि वह ज़ (ज़ाल), ज़ (ज़ाद) ज़ (ज़ो) और ज़ (ज़ा) को ज (जीम) की तरह हरगिज़ न पढ़ें। बजाए ज (जीम) के ये अक्षर ज़ (ज़ा) के ज़्यादा नज़दीक हैं। खास कर हिंदी जानने वालों को इन अक्षरों को समझ कर उनका सही उच्चारण सीखना चाहिए जैसे ث (सा), ح (बड़ी हा), خ (खा), ذ (ज़ाल), ز (ज़ा), ص (साद), ض (ज़ाद), ط (तो), ظ (ज़ो), ع (ऐन), غ (ग़ैन), ف (फ़ा) और ق (क़ाफ़)। क़ुरआन मजीद को सही मखरज (उच्चारण) से क़िरअत (पाठ) करने के लिए क़ारीयों (क़ुरआन पाठ के विद्वानों) से सहायता लेनी चाहिए।

क़ुरआन मजीद के मत्न को अरबी के अलावा हिंदी या किसी दूसरी भाषा के रस्मुलखत में रूपांतर करने पर उलमा की रायों में मतभेद है। कुछ उलमा का ख्याल है कि इस तरह करने से क़ुरआन मजीद के हरफ़ों की तहरीफ़ (कटौती) होती है और उनको भय (डर) है कि जिस तरह इंजील और तौरात तहरीफ़ हो गयी वैसे ही खुदा न करे इस का भी वही हाल हो जबकि यह नामुम्किन है करोड़ों हाफ़िज़ों को क़ुरआन मजीद मुंह ज़बानी याद है और इस (हिंदी) क़ुरआन में भी असल अरबी मत्न की किताबत का सफ़ा बराबर में है। हम ने अशाअते इस्लाम और तब्लीग़ की नीयत से यह काम हिंदी में किया है कि जो हज़रात (लोग) किसी वजह से अरबी उर्दू की तालीम (शिक्षा) न हासिल (प्राप्त) कर सकें और वह क़ुरआन मजीद को पढ़ने के ख्वाहिशमंद हैं वह फ़ायदा उठा सकें। मुसलमानों से गुज़ारिश है कि वह खुद भी अरबी उर्दू सीखें और अपनी आने वाली नसल को खास कर अरबी उर्दू की तालीम दें।

इल्मे क़िरअत यानी मख़ारिजे हुरूफ़ का बयान (क़ुरआन के अक्षरों का उच्चारण संस्थान)

ه ، ا	अ, ह	हलक़ (कण्ठ) के अगले हिस्से से।
ع ، ح	अ, ह	बीच (मध्य) हलक़ से)।
خ ، غ	ख, ग़	इंतेहा-ए-हलक़ (हलक़ के अन्तिम भाग से)
ق	क़	ज़बान की जड़ और ऊपर के तालू की मदद से।
ك	क	ज़बान के बीच और ऊपर के तालू से थोड़ा सा 'क़' (क़ाफ़) के मख़रज (उच्चारण) से हट कर।
ی، ش، ج	ज, श, य	ज़बान के बीच के हिस्से और तालू के बीच हिस्से के संयोग से।
ض	ज़	ज़बान के किनारे और दांतों की गिरः के पास से यानी सारे किनारे ज़बान के लगाने से बाईं ओर के ऊपर दाढ़ों की जड़ से या दाहनी तरफ़ से, मगर बाईं तरफ़ से आसान है।
ل	ल	ज़बान की नोक और तालू के संयोग से।
ن	न	ज़बान के सिरे और ऊपर के दांतों के नीचे से।
ر	र	ज़बान के सिरे और ऊपर वाले सामने के दांतों के नीचे से 'न' के स्थान से कुछ आगे।
ط ، د ، ت	त, द, त	ज़बान की नोक और ऊपर के दांतों की जड़ से मिला कर।
س، ذ، ح	ज, ज़, स	ज़बान की नोक और अगले दांतों के किनारे से।
ف	फ़	नीचे के होंठ के अन्दर ऊपर के दांतों के सिरे जब छूते हैं।
م، ب	ब, म	दोनों होंठों के बीच में से।
الف	अलिफ़	'अ' सिर्फ़ एक हवा है कि अन्दर से निकलती है।
ج، ص، س	स, स, ज	ज़बान की नोक और अगले दांतों के बीच में।
و	व	दोनों होंठों को क़रीब लाकर भी 'फ़' की तरह छूना नहीं चाहिए।

क़ुरआन मजीद के रुमूज़े औक़ाफ़

हर एक भाषा के लोग जब बात-चीत करते हैं तो कहीं ठहर जाते हैं और कहीं नहीं ठहरते, कहीं कम ठहरते हैं कहीं ज़ियादा और इस ठहरने और न ठहरने को बात के सही बयान करने और सही मतलब समझने-समझाने में बहुत दख़ल है। क़ुरआन मजीद की इबारत (अरबी-लेख) भी बोल-चाल के अन्दाज़ में है इस लिये अह्ले इल्म (ज्ञानियों) ने इसके ठहरने, न ठहरने की अलामतें (चिह्न) मुक़र्रर किए हैं। जिन्हें 'रुमूज़े औक़ाफ़' कहते हैं। ख़ास ध्यान रखने की बात यह है कि आम तौर पर सभी ज़बानों (भाषाओं) में ठहरने के निशान होते हैं, लेकिन क़ुरआन में ठहरने और न ठहरने दोनों तरह के निशान होते हैं। जैसा कि हम बोलते हैं 'उठो मत, बैठो' इस जुमले (वाक्य) में अगर कौमा लगा कर लिखें जैसे 'उठो, मत बैठो' इस तरह लिखने और बोलने में उठने का हुक्म है और अगर इस जुमले को इस तरह लिखें जैसे 'उठो मत, बैठो' इस तरह लिखने और पढ़ने में बैठने का हुक्म है, इस मिसाल से हमको ख़ुद अंदाज़ा करना चाहिये कि अरबी जो क़ुरआन की भाषा है जिसके पढ़ने में किस क़द्र एहतियात (सावधानी) की ज़रूरत है और तिलावते क़ुरआन (क़ुरआन पाठ) में

रमूजे औक़ाफ़ का लिहाज़ रखना किस क़द्र ज़रूरी है ताकि किताब की मंशा में फ़र्क न आने पाये। क़ुरआन मजीद के रमूज़े औक़ाफ़ यह हैं (O) आयत, (م)मीम, (ط)तो, (ج)जीम, (ز)ज़ा, (ص) साद, (صلے) सले, (قف) क़ाफ़, (صل) सिल, (قفه) क़ाफ़फ़े, (سكتة) सक्त:, (وقفه) वक़्फ़: (لا) ला, (ق) काफ, (۵) कूफ़ी आयत का निशान, (∴) मुआनिक़ा का निशान, (~ '|') मद, और (~'T') बड़ी मद। इनको सिर्फ़ निशानियां समझना चाहिये। यह क़ुरआन के मत्न का हिस्सा नहीं है अगर हम इसको हिन्दी में लिखते तो ला इल्मी में या रवानी (तेज़ी) में कोई आयतों में शामिल पढ़ लेता इस भूल से सावधान रहने के लिये हम ने इन को अरबी रस्मुल्ख़त में किताबत (लिखाई) किया है।

रमूज़ औक़ाफ़ से मुताल्लिक़ ज़रूरी मालूमात यह हैं—

O	( )	जहां बात पूरी होती है वहां (अरबी मत्न में) छोटा गोल दायरा बनाया जाता है यह हक़ीक़त में गोल ते (ۃ) है। यह वक़्फ़े-ताम की अलामत है यानी इस पर ठहरना चाहिये इस निशानी को आयत कहते हैं। पाठकों की सुविधा के लिये इस निशान के बीच आयत का नंबर (संख्या) भी दिया गया है जैसे आयत (२०)।
م	मीम्	यह वक़्फ़ लाज़िम का निशान है। इस पर ज़रूर ठहरना चाहिये अगर न ठहरा जाये तो अह्तमाल (भय) है कि मतलब उलट हो जाये। मिसाल उदाहरण के तौर पर कोई कहे—आओ, मत जाओ। इस तरह कहने में आने का हुक्म है और जाने की मनाई। लेकिन अगर कोई कहे—आओ मत, जाओ। तो मतलब पहले के बिलकुल उल्ट हो जाता है इस आख़िरी जुमले में जाने का हुक्म है।
ط	तो	यह वक़्फ़ मुतलक़ का निशान है इस पर ठहरनाचाहिये। फिर भी यह ठहराव वहां होता है जहां ठहरने के बावजूद अभी कहने वाला कुछ और बात कहना चाहता है।
ج	जीम	यह वक़्फ़ जायज़ का निशान है। यहां ठहरना ज़्यादा बेहतर है, लेकिन न ठहरने को भी जायज़ (अनुमत) माना गया है।
ز	ज़े	यह वक़्फ़ मुजव्वज़ का निशान है। यहां न ठहरना ज़्यादा अच्छा है।
ص	साद	यह निशान वक़्फ़ मरख़्ख़स का है। यहां न ठहरना यानी मिला कर पढ़ना चाहिये, लेकिन अगर कोई थककर रुक जाये तो उसकी छूट है। ध्यान रहे कि, ز(ज़ा)की निस्बत(अपेक्षा) ص (साद)पर मिला कर पढ़ना ज़्यादा पसन्द किया गया है।
صلے	सले	यहां मिला कर पढ़ना बेहतर है।
ق	काफ़	यह क़ील-अलैहिल-वक़्फ़ का खुलासा है। यहां नहीं ठहरना चाहिये।
صل	सल्	यह क़द:यू-सल का निशान है यहां कभी ठहरा भी जाता है, और कभी नहीं। लेकिन ठहरना बेहतर है।
قف	क़िफ़्	यह लफ़्ज़ (शब्द) क़िफ़् है यानी ठहर जाओ। यह निशान वहां इस्तेमाल किया जाता है जहां पढ़ने वाले को मिला कर पढ़ते चले जाने का अंदेशा हो।
س या سكتة	सीन या सक्त:	यह सक्त: का निशान है यहां मामूली (साधारण) सा ठहरना चाहिये, लेकिन सांस न टूटने पाए।
وقفه	वक़्फ़:	यह लम्बे सक्त: का निशान है। यहां सक्त: के मुक़ाबले ज़ियादा ठहरना चाहिये, लेकिन सांस न टूटने पाए सक्त. और वक़्फ़ में सिर्फ़ यह फ़र्क है कि सक्त: में कम

		ठहरना होता है, वक़्फ़: में ज्यादा ।
لا	ला	ला के मानी 'नहीं' के हैं । यह निशान कहीं आयत पर होता है और कहीं इबारत के अंदर । यह जब किन्हीं दो शब्दों के बीच में हो तो वहां हरगिज़ नहीं ठहरना चाहिये । आयत के ऊपर हो तो इस में इख़्तिलाफ़ (मतभेद) है, (हमने हिन्दी कम्पोज़ में आयत के निशान से पहले दिया है) एक राय है कि 'ठहर जाये,' दूसरी 'न ठहर जाये' लेकिन ठहरा जाये या न ठहरा जाये इस से मतलब में फ़र्क़ नहीं आता । ठहरना उसी जगह नहीं चाहिये जहां इबारत के अंदर लिखा हो ।
قف	काफ़	यह कज़ालिक का निशान है यानी यहां यह समझना चाहिए कि इस से पहले जो निशान आ चुका है उसी के मुताबिक़ (अनुसार) यहां भी रुकना या न रुकना मुनासिब है ।
۵	निशान	यह कूफ़ी आयत का निशान है और मतलब वही है जो ( ) आयत का है । **नोट—ध्यान रखना चाहिए कि जहां कई निशान एक साथ हों वहां उनमें से किसी भी निशान पर अमल किया जा सकता है लेकिन बाद वाले निशान का हुक्म मानना ज्यादा उचित है**
∴	निशान	यह मुआनिक़: की अलामत है हमेशा यह दोहरा यानी दो जगह नज़र आयेगा। इसका मतलब यह है कि इनके बीच में लिखे शब्दों को चाहे इनसे पहले ही इबारत के साथ जोड़ कर पढ़ें और चाहे इनसे बाद वाली इबारत के साथ । दोनों मतलब जायज़(मान्य)है । हासिल यह हुआ कि दोनों निशानों में से एक जगह ठहरे तो दूसरी जगह मिला कर पढ़े । न दोनों जगह ठहरा जा सकता है और न दोनों जगह मिलाया जा सकता है । यह मुआनिक़: दो तरह का होता है (१) अिन्दल् मुतअख़्ख़िरीन (२) अिन्दल मुतक़द्दमीन ।
ا	मद (छोटी)	यह छोटी मद का निशान है। मद को संस्कृत में 'प्लुत' कहते हैं जिस अक्षर पर यह निशान होगा उसको इतना खींच कर पढ़ना चाहिए कि तीन अलिफ़ के बराबर हो ।
T	मद (बड़ी)	यह बड़ी मद का निशान है । जिस अक्षर पर यह निशान होगा उस को इतना खींच कर पढ़ना चाहिए कि चार बार के बराबर हो। जैसे लिखा हो وَجَآءَ (व-जा-अ) तो 'जा' जो कि ज+अ से बना है, के अ को ४ अ के बराबर खींचकर पढ़ना चाहिए। इसी तरह छोटी मद को भी ऊपर लिखे क़ायदे (नियम) के अनुसार पढ़ना चाहिए । बड़ी मद को पढ़ने का एक तरीक़ा और भी है। जैसे किसी शब्द के अक्षर पर बड़ी मद हो और उस के आगे (अलिफ़) हो और अलिफ़ के आगे 'ّ' (तश्दिद) हो तो इस को सात अलिफ़ के बराबर पढ़ना होगा जैसे وَلَا الضَّآلِّيْنَ (वलज़्-ज़ाल्लीन), सही मख़रज (शुद्ध पाठ) के लिए क़ारी (क़ुरआन पाठ के विद्वानों) से सहायता लेना चाहिए ।
★	रुकूअ	यह रुकूअ (विराम) का निशान है। अगर हाशिये पर ऐसा निशान '★ रु १/७/आ ६' लगा हो तो इसका मतलब है कि यह सूर: तौबा का पहला रुकूअ है, पार: १० का सातवां रुकूअ है और इस रुकूअ में ६ आयतें हैं ।

●	पारः ¼, ½, ¾	हर पारः को पढ़ने की आसानी के लिए चार बराबर हिस्सों में बांट दिया गया है। रुबअ़ (चौथाई), निस्फ़ (आधा) और सुलस (तीन चौथाई) पर यह निशान दिया गया है। इसी तरह पूरे क़ुरआन को सात मंज़िलों में बांटा गया है जो हर सफ़्हः (पृष्ठ) पर दर्ज (अंकित) हैं।
■	आधा क़ुर्आन	यह निस्फ़ुल क़ुरआन (आधा क़ुरआन) का निशान है। देखिये पृष्ठ ४६८, सूरः कह्फ़ आयत १६।
□	सज्दः	यह सज्दः का निशान है। क़ुरआन मजीद में चौदह मुक़ाम ऐसे हैं जहां सज्दः करने की हिदायत है। पढ़ने और सुनने वाले दोनों पर सज्दः करना लाज़िम है। घुटने टेककर हाथों की हथेलियां और दोनों हाथ की पांचों उंगलियां ज़मीन पर रख कर और हाथों के बीच में माथा और नाक ज़मीन पर टेककर ज़बान से ख़ुदा की पाकीज़गी (पवित्रता) बयान करने को सज्दः कहते हैं। सज्दः की तस्बीह (सज्दः में पढ़ने वाले शब्द) हमने सज्दः तिलावत के बयान में दी है। (मुकद्दमा क़ुरआन मजीद पृष्ठ नं० १५)

क़ुरआन मजीद के रस्मुलख़त से सम्बन्धित ज़रूरी याद दहानी

(१) क़ुरआन मजीद की तहरीर (लिखाई) से बेख़बरी की वजह से अक्सर लोग क़ुरआन मजीद ग़लत पढ़ते हैं। चंद (कुछ) जरूरी मिसालें लिखी जा रही हैं। क़ुरआन मजीद के चंद अल्फ़ाज़ (शब्द) में (و) वाव लिखा जाता है लेकिन पढ़ा नहीं जाता जैसे (زكوٰة) ज़क्वात, (حيوٰة) हैवात को ज़कात या हयात पढ़ा जाता है यानी (و) वाव को न पढ़ना चाहिए और कुछ जगह (ى) य लिखी जाती है लेकिन पढ़ी नहीं जाती बल्कि उस के बदले में अलिफ़ पढ़ा जाता है जैसे (عيسٰى موسٰى) मुसाय ईसाय वग़ैरः को (عيسا موسا) मूसा, ईसा पढ़ना चाहिए इस को अलिफ़ मक़सूरा कहते हैं और बाज़ जगह अलिफ़ मक़सूरा की अलामत खड़े ज़बर (ٰ) के अलावा कुछ नहीं होती तो इस खड़े ज़बर को भी एक अलिफ़ के बराबर पढ़ना चाहिए जैसे (اسحٰق، رحمٰن) को (اسحاق، رحمان) रह्मान, इस्हाक़ पढ़ना ज़रूरी है।

(२) यह बात याद रहे कि अरबी ज़ुबान में 'याये मजहूल नहीं होती। मगर क़ुरआन मजीद में सिर्फ़ एक जगह पारः १२ सूरः हूद रुकूअ़ ४, आयत ४१ में एक लफ़्ज़ मज्रीहा लिखा है उस का उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) मज्रीहा नहीं हे "मज्रेहा" है।

(३) नीचे लिखे दोनों लफ़्ज़ों में जो 'स़' है इसमें (हफ़्स) साद (स़) के नज़दीक सीन (स) पढ़ना चाहिये:— युब्सुतु—पारः २ सूरः बक़रः आयत २४५ में। बस्ततन्—पारः ८ सूरः अअ़्राफ़ि आयत ६६ में।

(४) नीचे लिखे दोनों लफ़्ज़ों में जो (ص साद) 'स़' है इनमें (س सीन) 'स' और (ص) साद (स़) दोनों पढ़ने का इख़्तियार है:—हुमुल् मुसैतिरून—पारः २७ सूरः तूरि आयत ३७ में। बिमुसैतिरिन्—पारः ३० सूरः ग़ाशियः आयत २२ में।

(५) क़ुत्बुजद्—क़, त, ब, ज और द के मुतहर्रिक (हलन्त) अक्षर आने पर भी इनमें मामूली सा सस्वर जैसी हरकत पढ़ना चाहिए। जैसे 'अिब्राहीम'। इसमें ब् को थोड़ा सा हिला कर उच्चारण करना चाहिए।

(६) यह भी याद रहे कि क़ुरआने करीम में अक्सर जगह (ا) अलिफ़ लिखा जाता है मगर पढ़ा नहीं जाता जैसे कि (ا) अलिफ़ जो अलामत जमा के लिए हो जैसे قَالُوا (क़ालू अ) में आख़री अलिफ़ पढ़ा नहीं जाता और اَنَا (अना) को اَنَ (अ-न) पढ़ा जाएगा मगर जब कहीं क़ुरआन मजीद में (ءَنَا) अना (हम्ज़ा, नुन, अलिफ़ से) लिखा हो वहां आख़री अलिफ़ ज़रूर पढ़ा जाएगा जैसे جَاءَنَا نَذِيرٌ जाअनान-ज़ीरून

'अना'— क़ुरआन मजीद मूल (मतन) में जहां पर अलिफ़् सहित 'अना' लिखा हुआ है, जो ज़मीर (सर्वनाम) है, वहां नून (न) के साथ का आख़िरी अलिफ़् (ा) छोड़ कर 'अ-न' पढ़ना चाहिए। हिन्दी क़ुरआन मजीद के सफ़ा ४६४ लाईन २३, सफ़ा ५१२ लाईन २१, सफ़ा ५१८ लाईन १ सफ़ा ५२२ लाईन १६, सफ़ा ५३४ लाईन २४, सफ़ा ५४६ लाईन २७, सफ़ा ५०२ लाईन १६, सफ़ा ५६० लाईन २१, सफ़ा ५६० लाईन २, सफ़ा ६०२ लाईन १७, सफ़ा ६०२ लाईन २०, सफ़ा ६१० लाईन १५, सफ़ा ६३८ लाईन २१, सफ़ा ७२६ लाईन १४, सफ़ा ७२६ लाईन १६, सफ़ा ७२६ लाईन २४, सफ़ा ७२८ लाईन ४, सफ़ा ७४८ लाईन २१, सफ़ा ७५६ लाईन २२, सफ़ा ७८४ लाईन २, सफ़ा ७६८ लाईन २३, सफ़ा ८२६ लाईन ५, सफ़ा ८६६ लाईन २१, सफ़ा ८७४ लाईन १७, सफ़ा ६०० लाईन २२, सफ़ा ६३६ लाईन २५, सफ़ा ६७० लाईन ६, में 'अना' ज़मीर(सर्वनाम)है। पाठक वहां कोई निशान लगा लें ताकि उसे 'अ-न' पढ़ें न कि 'अना'। फिर ध्यान दिलाना ज़रूरी है कि 'अन' को हिन्दी-उर्दू के तर्ज़ पर 'अन्' न पढ़ें बल्कि अरबी-संस्कृत के तर्ज़ पर 'अ-न' सस्वर ही पढ़ें। लेकिन सूरत २५ 'अल्फ़ुर्क़ान' पारः १६ आयत ४६ पृष्ठ ५७६ पर 'अनासीय' में जो 'अना' है उसको 'अना' यानी अलिफ़् के साथ पढ़ना चाहिये, क्योंकि यह 'अना' ज़मीर (सर्वनाम) नहीं है।

क़ुरआन मजीद के वह मुक़ामात जिनमें (ا) अलिफ़् ज़ायद होने पर भी ख़ामोश (मौन) है जिनमें अलिफ़् का न पढ़ना ज़रूरी है।

सं०	नाम पारः	पारः	सूरः	रुकूअ	आयत	पृष्ठ	अरबी लिपि में	अरबी और नागरी में पढ़िए
१	तिल्कर्रुसुलु	(३)	(शुरू) आलि अिमरान	१	१	७४	अलिफ़ लाम् मीम् (१) अल्लाहु	अलिफ़ लाम् मीम् (१) अल्लाहु
२	लन्तनालू	(४)	आलि अिम्रान	१५	१४४	१०४	अफ़ा अिम्मात	अफ़ अिम्मात
३	"	"	" "	१७	१५८	१०८	ला अिलल्लाहि	ल अिलल्लाहि
४	लायुहिब्बुल्लाहु	(६)	मा'अिदः	५	२६	१७४	अन् तबू'आ	अन् तबूअ
५	अिज़ा समिअू	(७)	अन्आमि	४	३४	२०४	मिन् नबाअिल्मुर्सलीन	मिन्नबअिल्मुर्सलीन
६	कालल्मलअू	(६)	अअराफ़ि	१३	१०३	२५६	मलाअिही	मलअिही
७	वअ्लमू	(१०)	सूरतुत्तौबः	७	४७	३०६	ला औज़अू	ल औज़अू
८	यअ्तज़िरून	(११)	यूनुस	८	७५	३४२	मलाअिही	मलअिही
६	"	"	"	६	८३	३४२	मलाअिहिम	मलअिहिम्
१०	वमा मिन्दाब्बतिन	(१२)	हूद	६	६८	३६२	अिन्ना समूदा	अिन्न समूद
११	"	"	"	६	६७	३६६	मलाअिही	मलअिही
१२	वमाउबर्रिअु	(१३)	रअ्दि	४	३०	३६८	अुममुल्-लितत्लुवा	अुममुल्-लितत्लुव
१३	सुब्हानल्लज़ी	(१५)	कह्फ़ि	२	१४	४६६	लन्नद् अुवा	लन्नद् अुव
१४	"	(१५)	"	४	२३	४६८	लिशाअिन्	लिशअिन्
१५	"	(१५)	"	५	३८	४७२	लाकिन्ना हुवल्लाहु	लाकिन्न हुवल्लाहु

सं०	नाम पारः	पारः	सूरः	रुकूअ	आयत	पृष्ठ	अरबी लिपि में	अरबी और नागरी में पढ़िए
१६	अिक़्तरबलिन्नासि	(१७)	अंबिया'अि	३	३४	५१४	अफ़ाअिम्-मित्त	अफ़अिम्-मित्त
१७	क़द् अफ़्लहल्-मुअ्मिनून	(१८)	मुअमिनून	३	४६	५४६	मलाअिही	मलअिही
१८	व क़ालल्लज़ीन	(१६)	अल् फ़ुर्क़ानि	४	३८	५७६	समूदा व असहाबर्रसि	समूद व असहाबर्रसि
१६	" "	(१६)	नम्लि	७	२१	६००	ला अज्बहन्नहू	ल अज्बहन्नहू
२०	अम्मन् ख़लक़स्-समावाति	(२०)	क़ससि	४	३२	६१८	मलाअिही	मलअिही
२१	" "	"	अन्कबूति	४	३८	६३६	आदंव्व समूदा	आदंव्व समूद
२२	उत्लुमा ऊहिय	(२१)	रूमि	४	३६	६४८	लियर्बुवा	लियर्बुव
२३	व मालिय	(२३)	साफ़्फ़ाति	२	६६	७१२	ला अिलल् जहीमि	ल अिलल् जहीमि
२४	अिलैहि युरद्दु	(२५)	जुख़्रुफ़ि	५	४६	७८२	मलाअिही	मलअिही
२५	हामीम्	(२६)	मुहम्मदिन्	१	४	८०६	व ला किल्लियब् लुवा	व ला किल्लियब्लुव
२६	"	(२६)	"	४	३१	८१०	व नब्लुवा अख़्बारकुम्	व नब्लुव अख़्बारकुम
२७	"	(२६)	हुजुराति	२	११	८२०	बिअ्सलि-अस्मुल्-फ़ुसूक़ु	बिअ्स-लिस्मुल्-फ़ुसूक़ु
२८	क़ालफ़मा ख़त्बुकुम	(२७)	नज्मि	३	५१	८३८	व समूदा फ़मा	व समूद फ़मा
२६	क़द् समिअल्लाहु	(२८)	हश्रि	२	१३	८७२	ला अन्तुम् सशद्दु	ल अन्तुम् अशद्दु
३०	तबारकल्लज़ी	(२६)	दह्रि	१	४	६२८	सलासिला	सलासिल
३१	"	(२६)	"	१	१५	६२८	कानत् क़वारीरा	कानत् क़वारीर
३२	"	(२६)	"	१	१६	६२८	क़वारीरामिन्	क़वारीर मिन्

तिलावत क़ुरआन मजीद के वक़्त रुमूज़ (विरमाविराम), अलामत (चिह्न) और हरकात सकनात (गीत स्थिरता) पर पूर्ण सावधानी से अमल करना चाहिए। क़ुरआन मजीद में बीस मुक़ामात ऐसे हैं कि सही लिखा होने पर भी पढ़ने की ज़रा सी असावधानी से बिना जाने-समझे आज्ञाओं के विरुद्ध आचरण ग्रहण हो जाता है, और जान बूझकर पढ़ने से बड़ा अज़ाब (महान दोष) बल्कि कुफ़ तक नौबत पहुंच जाती है। मगर लाअ्लिमी (अनभिज्ञता) में माफ़ है, क्योंकि लाअिल्मी में और तालीम की अवस्था में अल्लाह की तरफ़ से माफ़ी है। नीचे वह तमाम मुक़ाम दर्ज किये जाते हैं, पाठक ध्यान रखें :—

सं०	सूरः	आयत	पृष्ठ	सही	ग़लत
१	सूर: तुल्-फ़ातिह: (१)··· ···	४	१	अिय्याक नअ्बुदु	अिया नअ्बुदु (बिलातश्दीद)
२	" " (१)··· ···	६	१	अन् अम्त अलैहिम्	अन् अम्तु अलैहिम्
३	सूरः बक़रः (२) रुकूअ १५	१२४	२६	अिब्राहीम रब्बुहू	अिब्राहीमु रब्बहू
४	" " " ३३	२५१	६०	कतल दावूद जालूत	कतल दावूद जालूतु
५	" " आयतल्कुर्सी " ३४	२५५	६२	अल्लाहु ला अिलाह	आल्लाहु लाअिलाह (बिलामद)
६	" " " ३६	२६१	६०	वल्लाहु युज़ाअिफ़ु	वल्लाहु युज़ाअफ़ु
७	" निसा'अि (४) " २३	१६५	१६०	मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन	मुबश्शरीन व मुन्ज़रीन

सं०	सूर:	आयत	पृष्ठ	सही	ग़लत
८	सूर: तौब: (९) ,, १	३	२६४	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलुहू	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलिही
९	,, बनीअिस्राअील (१७) २	१५	४४८	व मा कुन्ना मुअज्ज़िबीन	व मा कुन्ना मुअज्ज़बीन
१०	,, ताहा (२०) ,, ७	१२१	५०८	व असा आदमु रब्बहू	व असा आदम रब्बुहू
११	,, अम्बियाअि (२१) ,, ६	८७	५२४	अिन्नी कुन्तु मिनज़्ज़ालिमीन	अन्नी कुन्त मिनज़्ज़ालिमीन
१२	,, शुअराअि (२६) ,, ११	१६५	५९६	तिलकून मिनल् मुन्ज़िरीन	तिलकून मिनल् मुन्ज़रीन
१३	,, फ़ातिरित् (३५) ,, ४	२८	६६६	यख़्शल्लाहु मिन् अिबादि	यख़शल्लाहु मिन् अिबादि
१४	,, साफ़्फ़ाति (३७) ,, २	७२	७१४	फ़ीहिम मुन्ज़िरीन	फ़ीहिम् मुन्ज़रीन
१५	,, फ़त्हि (४८) ,, ४	२७	८२२	लक़द् सदक़ल्लाहु	लक़द् सदअल्लाहु
१६	,, हश्रि (५९) ,, ३	२४	८८०	मुसव्विरु	मुसव्वरु
१७	,, हाक़्क़ति (६९) ,, १	३७	९१६	अिल्लल् ख़ातिअून	लिल्लल् ख़ातअून
१८	,, मुज़्ज़म्मिलि (७३) ,, १	१६	९२८	फ़असा फ़िर्औनुर्रसूल	फ़असा फ़िरऔनुर्रसूलु
१९	,, मुर्सलाति (७७) ,, २	४१	९४०	फ़ी ज़िलालिंव	फ़ी अला लिव्व
२०	,, नाज़िआति (७९),, २	४५	९४६	अिन्नमा अन्त मुन्ज़िरु	अिन्नमा अन्त मुन्ज़रु

क़ुरआन मजीद की सूरतों के ख़्वास (लाभ)

अगर कोई यह अक़ीदा रखे कि क़ुरआन मजीद अमलियात और तावीज़ात (तावीज गंडे) के लिए नाज़िल (उतरा) हुआ है तो यह जिहालत है और बड़ा गुनाह है क्योंकि क़ुरआन मजीद हक़ीक़त में ख़ुदा के हक़ूक़ जो लोगों पर हैं और लोगों के हक़ूक़ भी जो आपस में एक दूसरे पर हैं और उनके अदा करने या न करने के सबब जो नतीजे दुन्या में और मरने के बाद होने वाले हैं उन सब के बयान (गोष्ठ) के लिए ख़ुदा की तरफ़ से नाज़िल हुआ है। मगर इस के साथ ही बहुत सी आयतों और सूरतों को रसूले करीम (सल्ल०) सहाबा किराम और बुज़ुरगाने दीन अमलीयात के तौर पर मुसीबतों और बलाओं के दुर करने के लिए पढ़ते थे जिनकी बरकत से वह मुसीबत दूर हो जाती थी। जो आदमी किसी मतलब के लिए अमल पढ़ता हो और ज़ाहिरी कोशिश तक़ाज़ा-ए-आलमे अस्बाब (ख़ुदा के हुक्मों) के मुताबिक़ न करता हो तो वह यक़ीनन नाकाम होगा कि उस की मिसाल एक ऐसे मरीज़ (रोगी) की सी होगी जो दवा खाता हो मगर परहेज़ न करता हो बल्कि अमल पढ़ने का यह मतलब होता है कि अमल की वजह से ज़ाहिरी कोशिश नाकाम न रहे। सब बुज़ुरगाने दीन का तजुर्बा है कि जिस आयत के मज़्मून (विषय) को जिस काम से मुनासिबत (उचित) पाई जाए तो वह आयत उस काम के लिए अमल के तौर पर पढ़ी जा सकती है जैसे क़ुरआन मजीद में हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम के बारे में ज़िक्र है कि उन्होंने दुआ की (अनुवाद) 'मूसा अ०' ने (फ़र्औन की हिदायत की तरफ़ जाते वक़्त) कहा ऐ ख़ुदा मेरे सीने को खोल दे और मेरे काम को मेरे लिए आसान फ़रमा और मेरी ज़बान की गिरह खोल दे (ताकि बयान में सफ़ाई हो) और वह लोग मेरी बात को समझें इस आयत को हर शख़्स मुश्किल कामों की आसानी के लिए पढ़ सकता है और अपने ज़ेहन और अक़्ल (बुद्धि) के बढ़ने के लिए पढ़ सकता है। क़ुरआन का अमल करने में तख़्सीसे-वक़्त और पढ़ने की तादाद की क़ैद नहीं है बल्कि हर शख़्स को चाहिए कि वह ख़ुद ईशा या सुबह की नमाज़ के बाद या कोई और वक़्त मुक़र्रर (निर्धारित) करके और पढ़ने की तादाद भी अपनी तरफ़ से क़ायम करके पढ़ा करें। अव्वल और आख़िर में दरूद हो और चीज़ को पाक रखें लेकिन यह बात तजुर्बों से साबित हुई है कि अगर कोई शख़्स क़ुरआन की आयत किसी नाजायज़ काम के लिए अमल के तौर पर इस्तेमाल में लावे तो वह कामयाब नहीं होगा और पागल हो जाता है।

सूरतों की तर्तीब

रसूले करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की पवित्र जीवनी

इस्लाम से पहले अरबों के विभिन्न मजाहिब (धर्म) और एतक़ाद (विश्वासों) थे। कुछ उनमें से बुत परस्त, कुछ ख़ुदा परस्त, कुछ ला मजहब (अधर्मी) और ला साइबी, कुछ यहूदी और ईसाई थे। बुत परस्ती (मूर्ति पूजा) अरब के क़दीम (प्राचीन) बाशिन्दों (निवासियों) में भी पायी जाती थी। आद, समूद, जदीस, जरहम ओला, अमलीक़ अव्वल आदि बुतों की परस्तिश (पूजा) करते थे लेकिन उनके तफ़सीली हालात (पूरे हालात) जमाने के कारण हम को मिल नहीं सके। बाक़ी रहे अरब आरिबह और अरब मुस्तआरिबह, उनके बुत दो प्रकार के थे। एक मलाइक और अरवाह जो ग़ैर महसूस (अस्पर्श) ताक़तों से ताल्लुक़ रखते थे और दूसरी क़िस्म उन बुजुर्गों (पूर्वजों) की शक्ल के बुत तैयार किए गए थे जिन्होंने अपनी हयात (जीवन) के ज़मानों में नेक कामों से शोहरत (ख्याति) हासिल कर ली थी। यह गिरोह बुत परस्ती (मूर्ति पूजा) के बावजूद उनको माअबूदे मतलक़ (वास्तविक उपास्य) न मानता था, बल्कि उनका एतक़ाद (विश्वास) यह था कि सांसारिक अधिकार उन बुजुर्गों (पूर्वजों) की रूहानी (आध्यात्मिक) ताक़तों को, जिनके ये बुत यादगार के तौर पर हमारे आगे मौजूद हैं, इस तरह से हासिल हैं कि वे हमारी हर हाजत (मुराद) व दरख़ास्त की ख़ुदा के यहां सिफ़ारिश कर सकते हैं और आख़िरत की निस्बत (बारे में) उनका यह ख़्याल (विचार) था कि उनकी रूहानी ताक़तें (आध्यात्मिक शक्ति) ख़ुदा से उनके गुनाहों की माफ़ी कराएंगी। वे बुत जिनकी तमाम अरब परस्तिश (पूजा) कर रहा था उनकी तफ़सील (विवरण) यह है।

१—हुबुल, २—वद, ३—सुवाअ, ४—यग़ूस, ५—यऊक़, ६—नसर, ७—उज्जा, ८—लात, ९—मनात।

ये ख़ास (मुख्य) क़बीलों के बुत थे। इन ९ बुतों की परस्तिश (पूजा) तमाम अरब करता था। १०—दवार, ११—असाफ़, यह कोहे सफ़ा (सफ़ा नामक पहाड़) पर था। १२—नाइला, कोहे मरवह (मरवह पहाड़) पर था इन दो बुतों पर क़ुर्बानियां (बलि) की जाती थीं। १३—अवाअव, इस पर ऊंटों की क़ुर्बानी (बलि) की जाती थी। १४—काबे के अन्दर हजरत इब्राहीम की तस्वीर थी और उनके हाथ में इस्तख़ारह (एक प्रकार का अमल) के तीर थे जो इजलाम कहलाते थे और एक भेड़ का बच्चा उनके क़रीब (निकट) खड़ा था। हजरत इस्माईल की मूरत (मूर्ति) ख़ाना काबा में रखी हुई थी।

१५—हजरत मरयम और हजरत ईसा अलैहिस्सलाम की भी तस्वीरें और मूरतें (मूर्तियां) ख़ाना काबा में मौजूद थीं। वद, यग़ूस, यऊक़ और नसर अय्यामे जाहिलियत (अज्ञानता का दौर) अरब से बहुत पहले, बल्कि हजरत नूह अलैहि० के पैदा होने से भी पूर्व उन बुजुर्गों (पूर्वजों) में से थे जो नेक कामों और ख़ुदा परस्ती (ईश्वर वादिता) में कामिल (पूर्ण) थे और जिनकी तस्वीरें पत्थरों पर मुनक़्क़श (अंकित) करके यादगार के लिए काबे के अन्दर रख दी थीं और इनको रुतबए माअबूदियत (पूज्य होने का दर्जा) देकर उनकी पूजा करने लगे। ख़ुदा परस्ती (ईश्वर भक्ति) भी किसी क़दर अरब जाहिलियत (अज्ञानता) में थी और यह दो तरह की थी। एक ग़ैर मालूम (अज्ञान) और पोशीदा (छिपी) क़ुदरत (ताक़त) को, जिसको वे अपने वजूद का ख़ालिक़ (रचियता) क़रार देते और मानते थे लेकिन शेष विचार उनके ला मजहबी (अधर्मी) की ओर अधिक आकृष्ट थे। दूसरा गिरोह ख़ुदा को बरहक़ (सत्य) जानता था। क़ियामत, नजात, हश्र

(हिसाब किताब का मैदान) बकाए रूह (रूह का जीवन) और उस के जज़ा व सज़ा (इनाम व अज़ाब) का क़ायल था। ला मज़हबी (अधर्मियों) का भी एक तरह का शोर व चर्चा अरब में पाया जाता था जो न बुतों को पूजते थे और न किसी किताब और इलहामी (आसमानी) मज़हब (धर्म) के मानने वाले थे। वे ख़ुदा और प्रलय के इन्कारी थे इसी वजह से इनाम व अज़ाब को भी न मानते थे। वे दुनिया को सदैव रहने वाली मानते थे। साईबी धर्म वाले यह अक़ीदा (विश्वास) रखते थे कि हमारा धर्म इलहामी (आसमानी) है और हम हज़रत शीश अलैहि० और इदरीस अलैहि० के पैरो (अनुयायी) हैं उन के यहां सात समय की नमाज़ और एक क़मरी (चांद) महीने का रोज़ा था ये जनाज़े की नमाज़ पढ़ते थे। इन हालात से पता चलता है कि शायद उनका दावा सही हो। लेकिन यह ऐब (ख़राबी) उनमें आ गया था कि सबअ सय्यारे (तारे) की पूजा करते थे इसी के साथ ख़ाना काबा की बड़ी इज़्ज़त (आदर, सम्मान) करते थे। यहूदी धर्म अरब में ३५वीं शताब्दी हबूते आदम अलैहि० (पांचवी शतब्दी पूर्व मसीह के अनुसार) बख़्त नसर का हंगामा (जंग) हुआ। इसके कुछ दिनों बाद यहूदियों को इत्मीनान (सन्तोष) प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने धर्म को फैलाना शुरू कर दिया यहां तक कि धीरे धीरे ४०२६ हबूते आदम अलैहि० ३५४ पूर्व मसीह के अनुसार में ज़ूनिवास हमीरी बादशाहे यमन यहूदी हो गया और इससे यहूदियत को अरब में बड़ी तरक़्क़ी मिली। हबूते आदम अ० की तारीख़ न तो किसी पैग़म्बर ने बताई है और न ही ख़ुदा ने, अलबत्ता तौरात के आलिमों (विद्वानों) ने अपने अन्दाज़े से तौरात की ज़मीमों (परिशिष्ठों) और तफ़सीरों (टीकाओं) में इस को लिखा है। तीसरी सदी ईसवीं में ईसाई धर्म अरब में दाख़िल हुआ। जबकि पूर्वी कलीसा में ख़राबियां और बिदअतें (नई बातें) धीरे-धीरे रिवाज पा गयी थीं। आम मुअर्रिख़ीन (इतिहासकार) कहते हैं कि यह ज़माना ज़ूनिवास का था : इस धर्म का शेवा अधिक नजरान में हुआ और अरब में उस ने कुछ ज़्यादा रिवाज नहीं पाया। इनके अलावा बनू तमीम मजूसी और अधिकांश क़ुरैश ज़िन्दक़ा (गुमराह, भटके हुए) थे। हज़रत मुहम्मद सल्ल० की पैदाइश से पहले अरब में अधिकता से काहिन और नजूमी (ज्योतिषि) लोग थे और उन्होंने यह मशहूर (प्रसिद्ध) कर दिया था कि अनक़रीब (निकट ही) अरब में एक पैग़म्बर पैदा होने वाले हैं जिनके दीन का ग़लबा (प्रभाव) तमाम धर्मों पर होगा।

विलादत (पैदाइश)

आप (सल्ल०) के वालिद का नाम अब्दुल्लाह था। अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुत्तलिब के इन्तक़ाल (मृत्यु) के बाद बारहवीं रबीउल अव्वल को आमुल फ़ील (उस समय का सन) के पहले साल (अर्थात अबरह की चढ़ाई के ५५ दिन बाद) ४० जुलूसे किसराए नोशीरवा और ५७० ईसवीं में नबी सल्ल० पैदा हुए। अब्दुल मुत्तलिब ने आप की परवरिश (लालन पालन) की। क़बीला साअद में आपका ज़मानए रज़ाअत (दूध पीने का ज़माना) पूरा हुआ। हज़रत हलीमा रज़ि० ने दूध पिलाया और जब नबी सल्ल० चार साल के हुए और अपने रज़ाई भाइयों (दूध शरीक भाइयों) के साथ बकरियां चराने को गए थे तो फ़रिश्तों ने आकर आपका शिकम (सीना-ए-मुबारक) चाक करके क़ल्ब (दिल) को निकाला और उस से एक सियाह नुक़्ता (काला बिन्दु) अलग करके दिल को और आन्तों को धोया। जिस समय इस वाक़िए (घटना) की सूचना हलीमा को हुई तो वे इस डर से कि ख़ुदा जाने कोई और घटना पेश न आ जाए, आप को आप की वालिदा (मां) बीबी आमना के पास लायीं और इस घटना से आपको सूचित किया। बीबी आमना ने कहा कि तुम इन को ले जाओ।

यहां की आब व हवा (जलवायु) स्वभाव के अनुसार न होगी। मैं इस घटना से हरासां (आतंकित) नहीं हुई। अल्लाह ने उनको बहुत सी करामतें प्रदान फ़रमायी हैं। जब आपकी उम्र ६ साल की हुई तो बीबी आमना आपको मदीना अपने संबंधियों से मिलाने ले गयीं। वहां अबवा के स्थान पर बीबी आमना का इन्तक़ाल हो गया। इस तरह आप वालिद वालिदा दोनों की ओर से छोटी उम्र ही में यतीम हो गए और जब आठ साल के हुए तो आपके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने वफ़ात पायी। उस समय आपके दादा ने आपको परवरिश (पालने) के उद्देश्य से अपने लड़के अबू तालिब के सुपुर्द किया। अबू तालिब मुहब्बते पिदरी (पिता की मुहब्बत) से आपके साथ पेश आए। दूध पीने के दौर में और बचपन के दौर में आपकी अजीब हालत थी। अज्ञानत के तौर तरीक़ों से आप बिल्कुल बेज़ार (निराश) थे। लड़कों में नहीं खेलते थे। अल्लाह ने आपको तमाम आदाते खबीसा (बुरी आदतों) से अपनी पनाह में रखा। जब आपने तेरहवीं साल में क़दम रखा तो अबू तालिब के साथ शाम (सीरिया) की ओर सफ़र किया। बुसरा के स्थान पर बुहीरा राहिब के झोंपड़े के पास होकर गुज़रे बुहीरा राहिब ने आपके अन्दर आसारे नुबूवत (नुबूवत की निशानियां) को देख कर अपनी क़ौम को बुलाया और आपकी नुबूवत से उनको सूचित किया। फिर दोबारा आप (सल्ल०) उम्मुल मोमिनीन हज़रत खदीजतुल कुबरा (रज़ि०) की तिजारत का सामान लेकर उनके गुलाम मैसरह के साथ शाम (सीरिया) गए। नसतुरा राहिब के पास से जिस समय आपका गुज़र हुआ, उसने आप सल्ल०में शाने नुबूवत (नुबूवत की शान) देखकर मैसरह को आपके हालात से सूचित किया। उसने वापसी के बाद हज़रत खदीजा को पूरे हालात से आगाह किया। हज़रत खदीजा ने आपसे विवाह करने का इरादा किया और अबू तालिब ने आपका निकाह खदीजा से कर दिया। नबी सल्ल० की उम्र शरीफ़ इस समय २५ साल थी। जब आप ३५ वर्ष के हुए तो क़ुरैश ने काबे को गिराकर दोबारा बनाना शुरू किया। जिस समय हजरे असवद (वह काला पत्थर जो काबे में लगा है) के रखने का अवसर आया तो आपस में सब लड़ने लगे। हर आदमी यह चाहता था कि हजरे असवद (काले पत्थर) को मैं अपने हाथ से रखूं। फिर कुछ सोच कर क़ुरैश एक होकर मश्विरा करने लगे। अबू उमय्या ने कहा कि बेहतर होगा कि पहले जो आदमी मस्जिद (काबे) में दाख़िल होगा उसे तुम लोग अपना हाकिम (जज) बनाओ। क़ुरैश इस बात पर राज़ी हो गए। इसी बीच नबी सल्ल० वहां आ गए। लोगों ने कहा कि यह अमीन (ईमानदार) है यह फ़ैसला करेंगे। आपने एक कपड़े में हजरे असवद (काले (पत्थर) को रख कर क़ुरैश से कहा, कि इस कपड़े के किनारों को पकड़ लो। किसी को किसी पर कोई फ़ज़ीलत (श्रेष्ठता) न होगी और न कोई झगड़ा बाक़ी रह जाएगा। अतएव क़ुरैश ने आपके कहने से कपड़े के किनारे पकड़ लिए। जिस समय हजरे अस्वद अपने मक़ाम (स्थान) के निकट पहुंचा, आपने अपने हाथ से लेकर उसको उसकी जगह पर रख दिया। इसके बाद नबी सल्ल० तहारत (पाकी) और इबादत अत्यन्त दृढ़ता से कोशिश फ़रमाने लगे। आपकी ज़ात पाक में एक आला दर्जे (उच्च दर्जे) का अख़्लाक़ (आचरण) और सब्र व फ़साहत (धैर्य व शालीनता) थी। जवानी में ही आपको इबादत का शौक़ था। हज़रत खदीजा रज़ि० से कई कई दिन का खाना तैयार कराके अपने साथ ले जाया करते थे। पहाड़ों में ग़ारे हिरा (एक खोह का नाम) आदि में आप रात दिन कई कई दिनों तक मसरूफ़े इबादत (इबादत में लीन) रहते थे और आपको लोग अमीन (अमानतदार) कहा करते थे।

नुबूवत

वह्य के उतरने से पूर्व नबी सल्ल० ने रोया-ए-सालिहात (सच्चे सपने) देखना शुरू किए। काहिनों (नजूमियों) और आसमानी किताबों के विद्वानों ने आपकी शान व नुबूवत के चर्चे व ज़िक्र करना शुरू कर दिए और नबी सल्ल० इबादत के ख़्याल से तन्हाई व खिलवत (अकेले) में ज्यादा से ज्यादा रहना पसन्द फ़रमाने लगे। अक्सर ग़ारे हिरा में तशरीफ़ ले जाते और वहीं दो-दो चार-चार रातें लगातार इबादते इलाही (अल्लाह की इबादत) में लगे रहते यहां तक कि आपकी पैदाइश के चालीसवें साल आप पर वह्य नाज़िल हुई। पहले फ़रिश्ता आदमी के रूप में आता था और आपसे बातें करता था और कभी आप पर इलक़ा (आप से आप वह्य का आना) हुआ करता था और किसी समय चादर या कोई और चीज़ लपेट कर लेट जाते थे और वह्य घंटी की आवाज़ की तरह नाज़िल होती थी। इस पिछली सूरत में आपको बहुत तक्लीफ़ होती थी जैसा कि हदीस शरीफ़ में आया है 'वहु-अ अ-शदू अला' (और वह मुझ पर अधिक सख़्त है) सख़्त जाड़े में आप पसीने पसीने हो जाते, मतलब यह कि जो वह्य आरम्भ में आप पर ग़ारे हिरा में नाज़िल हुई वह यह थी—'इक़रा बिस्मि-रब्बिकल लज़ी ख़लक़० ख़लक़ल इन्सा-न मिन अलक़० इक़रा व रब्बिकल अकरमुल्लज़ी अल्ल-म बिल क़लम, अल्लमल इन्साना मालम याअ्लम०'

बीबी ख़दीजा रज़ि० ने आप की बातों की तस्दीक़ (मान लेना) की और आप पर ईमान लायीं। इसके बाद नबी सल्ल० पर नमाज़ फ़र्ज़ (अनिवार्य) की गयी। हज़रत जिब्रील अलैहि० आए और वुज़ू करके पूरे अरकाने नमाज़ व तरकीब आपको नमाज़ पढ़ कर दिखायी। उसके बाद मेअ्राज की रात में आप मक्का से बैतुल मक़्दिस और फिर वहां से सातों आसमान और सदरतुल मुनतहा पर तशरीफ़ ले गए—'फ़ अवहा इला अवदहू मा अवहा'।

अर्थात—अल्लाह ने अपने बन्दे पर वह्य भेजी। जो वह्य भेजी उसका ज़िक्र (मेअराज का) पन्द्रहवें पारे के शुरू में है।

क़ुरैश में इस्लाम की दावत

नबी सल्ल० ने अबू तालिब को इस्लाम की दावत दी। अबू तालिब ने कहा, मैं अपना और अपने बाप-दादा का दीन (धर्म) नहीं छोड़ सकता, अलबत्ता तुम्हारी वजह से यह होगा कि मैं तुम्हारा विरोध न करूंगा, उलमा-ए-सीर (पवित्र जीवनी लिखने वाले विद्वान) लिखते हैं कि सबसे पहले ख़दीजा रज़ि० ईमान लायीं। इसके बाद अबू बक्र व अली (रज़ि०) और ज़ैद बिन हारसा व बिलाल रज़ि०, फिर उमर बिन अम्बसा सलमा रज़ि० व ख़ालिद बिन सईद रज़ि० मुसलमान हुए। इन बुज़ुर्गों के बाद क़ुरैश के एक गिरोह ने इस्लाम को स्वीकार किया जिन को अल्लाह ने नबी सल्ल० की मुसाह-बत (निकटता) के लिये पूरी क़ौम में से बरगुज़ीदा (अहम माना) किया और इनमें से अधिकांश प्रसिद्ध व जन्नती हुए। हज़रत अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ि० चूंकि रक़ीक़ुल क़ल्ब (नर्म दिल) महबूबे ख़लाइक़ (लोगों के प्रिय) नर्म स्वभाव और तिजारत करने वाले थे। लोगों की मदद करने का मादा (भावना) उनमें अधिक था। क़ुरैश आपसे ज्यादा मानूस (मिले जुले) थे इस वजह से आपके हाथ पर बनू उमय्या में ही उस्मान बिन अफ़्फ़ाक, तलहा, साअद बिन अबी व क़ास और अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि० ईमान लाए। इसके बाद अबू उबैदह रज़ि०, आमिर बिन अब्दुल्लाह रज़ि०, अबू सलमा अब्दुल असद रज़ि०, सईद बिन ज़ैद रज़ि०, सईद की बीवी फ़ातिमा रज़ि०, (हज़रत उमर रज़ि० की बहन) सईद रज़ि० के बाप ज़ैद बिन अमरू रज़ि० इस्लाम में दाखिल हुए। यह ज़ैद बिन अमरू वही हैं जिन्हों

ने अज्ञानता में बुतपरस्ती छोड़ दी थी। फिर उमर रज़ि० और अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि० मुसलमान हुए। अब्दुल्लाह बिन मसऊद उक़बा बिन मुईत की बकरियां चराते थे। एक दिन नबी सल्ल० उनकी बकरियों के गल्ले की ओर से होकर गुज़रे और उन की इजाज़त से बकरी का दूध आपने दोहा जिसका दूध बन्द हो गया था। अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि० यह मुअज्जिजह (चमत्कार) देख कर हैरान हो गए और उसी समय ईमान ले आए। इन के बाद जाफ़र बिन अबी तालिब और उन की बीवी और साइब बिन उस्मान रज़ि० और आमिर बिन फ़हीरह रज़ि०. उम्मार बिन यासिर और सुहैब (रज़ि०) इस्लाम लाए।

इस्लाम की दावत

इन बुज़ुर्गों के इस्लाम लाने से मुसलमानों की एक छोटी सी जमाअत हो गई जिसमें जवान लड़के, बूढ़े, औरतें सभी शामिल थे। लेकिन मुश्रिकों (अधर्मियों) के भय से जंगलों और पहाड़ों में चले जाते थे और वहीं नमाज़ें पढ़ते थे। क़ुरैश का कोई ऐसा जलसा न होता था जिसमें इस्लाम का और उनके इस्लाम लाने का उल्लेख न होता। वह्य के आने के तीसरे साल नबी सल्ल० को दावत देने का हुक्म हुआ। चुनांचे आप सफ़ा पहाड़ पर चढ़ गए और क़ुरैश को बुला कर उनसे मुख़ातिब (सम्बोधित) हो कर फ़रमाया—

"यदि मैं तुमको ख़बर दूं कि दुश्मन तुम पर सुबह को आएगा या शाम को, तो क्या तुम लोग मुझे सच्चा मानोगे ? क़ुरैश ने कहा, हां। तब नबी सल्ल० ने फ़रमाया, मैं तुम को डराता हूं आगे के सख़्त अज़ाब से। ख़ुदा के इन हुक्मों पर ईमान लाओ जो मेरे पास आए हैं। क़ुरैश इस कलाम को सुन कर अलग हो गए।"

फिर आपने आम हिदायत शुरू की। जब क़ुरैश ने देखा कि उनके बुतों की बुराइयां की जाती हैं और उनके पूजने पर रोक टोक की जाती है तो उनको बुरा लगा, वे सब के सब एक मकान में जमा हो कर नबी सल्ल० की दुश्मनी पर तैयार हो गए। अबू तालिब ने उनकी इस राए का विरोध किया और उनको इस काम से रोकने लगे, वे नबी सल्ल० की हिमायत पर तैयार हो गए। क़ुरैश अबू तालिब के विरोध से मजबूर हो कर न्याय कराने के लिए अबू तालिब के पास आए और अबू तालिब से नबी सल्ल० की ओर से तकलीफ़ पहुंचाने के बारे में बहस की और इस बात की इच्छा प्रकट की कि नबी सल्ल० को उनके यहां बुला कर इस नए काम से रोकें। चुनांचे नबी सल्ल० उनके बुलाने पर इस सभा में तशरीफ़ लाए। क़ुरैश ने अपने तर्क पेश किए। और यह कहा कि यदि आपको दौलत की ज़रूरत हो तो आप की इच्छा से ज़्यादा चन्दा जमा करके दे दें और यदि जवान सुन्दर औरत की ज़रूरत हो तो वह भी इसके साथ, और यदि इसके बावजूद फिर भी आप न मानें तो मुमकिन (सम्भव) है कि ख़ून-रेज़ी (रक्तपात) होगी और आपकी जान जाती रहेगी क्योंकि यह सारी क़ौम और मज़हब (धर्म) का मामला है।

तब जवाब में नबी सल्ल० ने क़ुरआन मजीद की कुछ आयत पढ़ कर इशारा फ़रमाया—

"ऐ चचा ! मैं अपने इस काम को न छोड़ूंगा यहां तक कि अल्लाह उसको ज़ाहिर (स्पष्ट) करे या कि मैं स्वयं इसमें हलाक (ख़त्म) हो जाऊं।"

अबू तालिब यह सुन कर शान्त रहे, क़ुरैश की सभा ख़त्म हो गई। उस समय फिर आपने अबू तालिब से मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर इस्लाम की दावत दी। अबू तालिब ने कहा, जो तुम्हारे दिल में है करो, लेकिन ख़ुदा की क़सम मैं कभी ईमान न लाऊंगा और न अपने बाप दादा के दीन को छोड़ूंगा। यह बात मुझ से न होगी कि नमाज़ के समय मेरे चूतड़ मेरे सर से ऊंचा हो जाएं (अर्थात सज्दे में)

हब्शा की ओर हिजरत

जब क़ुरैश ने देखा कि नबी सल्ल० इस्लाम की दावत से बाज नहीं आते और मुसलमानों की जमाअत बढ़ती जाती है तो बनी हाशिम और बनू मुत्तलिब और कुल क़ुरैश ने जमा होकर नबी सल्ल० और सब मुसलमानों को तक्लीफ़ पहुंचाने का अहद (वचन) किया। प्रत्यक्ष में इस वचन में बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब पेशवा (अगुवा) थे। लेकिन असल में अरब का हर क़बीला जो उस समय मक्का और उसके निकट में था इस अह्द व इक़रार में शामिल था। जहां ये लोग ग़रीब मुसलमानों को पाते, पत्थरों से मारते, तरह-तरह की तक्लीफ़ें देते थे, नमाज़ की हालत में ऊंटों, बकरियों की आंतें, गन्दगी ला-लाकर नमाज़ियों पर डालते थे। जब यह तक्लीफ़ों का सिलसिला सीमा पार कर गया तो आपने मुसलमानों को हब्शा की ओर हिजरत का हुक्म दिया। हब्शा के बादशाह और क़ुरैश के बीच तिजारत का सन्धिनामा था। वे प्राय: हब्शा के बादशाह की प्रशंसा किया करते थे। बहरहाल सबसे पहले हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ि० और उनकी पत्नी रुक़ैया बिन्त नबी सल्ल०, अबू हुज़ैफ़ा और उनकी पत्नी, ज़ुबैर बिन अवाम, मुसअब बिन उमैर, अबू सबरह अब्दुल्लाह बिन मसऊद आमिर और उनकी पत्नी लैला और सुहैल रज़ि० इन बुज़ुर्गों ने हब्शा की ओर हिजरत फ़रमायी। इनके बाद फिर यके बाद दीगरे (एक के बाद एक) मुसलमानों ने हब्शा की ओर हिजरत करना शुरू कर दिया। इन्हीं लोगों के साथ जाफ़र बिन अबी तालिब रज़ि० भी हिजरत कर गए, यहां तक कि हब्शा में मुहाजिरीन (हिजरत करने वालों) की तायदाद (संख्या) तीन सौ तक पहुंच गयी मुहाजिरीने अव्वल (प्रथम हिजरत करने वाले) का मुश्रिकीने मक्का (मक्का वालों) ने दूर तक पीछा किया, लेकिन नाकाम वापस आए। क़ुरैश ने जब यह देखा कि नबी सल्ल० की तक्लीफ़ व परेशानी में आपके कुछ रिश्तेदार रुकावट बनते हैं और विरोध करते हैं तो उन्होंने यह शेवा (रास्ता) अख़्तियार (अपनाया) किया कि जो मक्का में आता था उससे नबी सल्ल० की साहिरी, (जादूगरी) मजनूनियत (पागलपन) और कहावत (ज्यौतिष) का ज़िक्र करते थे और आपके पास उसको आने से रोकते थे। इन लोगों का यह काम था कि ये लोग नबी सल्ल० और उन लोगों से जो ईमान ला चुके थे मसख़रा पन (मज़ाक़ उड़ाते) करते और तक्लीफ़ देते थे।

तायफ़ में इस्लाम की दावत

अल ग़रज़ (फल स्वरूप) हज़रत ख़दीजा रज़ि० के इन्तक़ाल (देहान्त) और अबू तालिब के इंतक़ाल के बाद मुश्रिकीने मक्का नबी सल्ल० के साथ हर समय इस्तहज़ा (मसख़रा) और तक्लीफ़ देने पर तैयार रहते। एक दिन आप इस्लाम की दावत देने के उद्देश्य से तायफ़ की ओर तश्रीफ़ ले गए और वहां के सरदारों अब्द या लैल बिन उमर और मसऊद व हबीब के पास बैठकर उनको इस्लाम लाने और इस्लाम की मदद करने की इस्तदा (प्रार्थना) की। इन तीनों ने अत्यन्त सख़्ती से आपको जवाब दिया। तो जब नबी सल्ल० इनके इस्लाम लाने से ना-उम्मीद (निराश) हो गए तो उनको इस हाल के छुपाने के लिए इर्शाद फ़रमाया। लेकिन उन लोगों ने आपका कहा न माना। अराज़ल (क्रूर और बुरे) और छोटे-छोटे लड़कों को आपके पीछे लगा दिय।

उन लड़कों ने आपके पीछे तालियां बजानी शुरू कीं और ढेले मारने लगे, यहां तक कि आप एक बाग़ की दीवार की छाया में बैठ गए, और लडके लोग लौट गए। जब आप को उन के शोर व ग़ुल से सुकून हासिल हो गया तो रात को खजूर के एक बाग़ में ठहर गए। आधी रात को जब आप (सल्ल०)

नमाज़ पढ़ने के लिए खड़े हुए तो कुछ जिन्न इस तरफ़ से होकर गुज़रे और उन्होंने इस मक़ाम (स्थान) पर ठहर कर क़ुरआन को सुना। इसके बाद नबी सल्ल० मक्का में दाखिल हुए।

मक्का वाले बदस्तूर (उसी तरह) आपकी अदावत (दुश्मनी) पर तुले हुए थे। क़ुरैश के रईसों में से किसी ने आपको अपनी हमसायगी (शरण) में न लिया। आखिरकार मुतअिम बिन अदी के जुवार (मकान) में आप ठहरे। तुफ़ैल बिन अमरू आपकी सेवा में हाज़िर हुए और ईमान लाए। अपनी क़ौम को इस्लाम की तरफ़ बुलाया, कुछ उनमें से ईमान लाए। नबी सल्ल० ने उनके लिए दुआ फ़रमायी। इब्ने हज़म का बयान है कि इसके बाद मेअराज की घटना पेश आयी। पहले आप मक्का से बैतुलमुक़द्दस तशरीफ़ ले गए, फिर वहां से आसमानों पर गए और अम्बियाए किराम (नबियों) से मुलाक़ात की। जन्नत और सदरतुल मुन्तहा को सातवें आसमान पर देखा।

हज के मौसम में इस्लाम की दावत

जब नबी सल्ल० मुश्रिकीने मक्का के ईमान लाने से ना-उम्मीद (निराश) हो गए और हज के मौसम में जो लोग इतराफ़) इधर-उधर) से आते थे उनके फ़रूद गाह (ठिकानों) पर तशरीफ़ ले जाते थे और उनको इस्लाम की दावत देते थे, क़ुरआन पढ़कर उनको सुनाते। इस्लाम की नुसरत (मदद) के लिए उनसे कहते, तो क़ुरैश इन मामलों में भी मुज़ाहमत (हस्तक्षेप व रुकावट) करते और आपकी मुज़म्मत (निंदा) करते फिरते थे। अबू लहब को इस काम में एक खास दिलचस्पी थी। वह अपने सारे कामों को छोड़ कर आपके पीछे पड़ गया था। जिन लोगों को आप हज के मौसम में इस्लाम की दावत देते थे, कुछ उनमें से सुन कर सहूलियत (आसानी) से जवाब देते थे और कुछ एतराज़ (विरोध) करते और कुछ बतरीक़ तमुस्खुर (मज़ाक़ उड़ाते हुए) यह कहते थे कि "हम इस शर्त पर ईमान लाएंगे कि तुम हमको मुल्क व हुकूमत दिलाओ।"

नबी सल्ल० यह सुन कर इर्शाद फ़रमाते थे कि यह काम अल्लाह का है, मैं इस का वायदा नहीं कर सकता। इसके बाद नबी सल्ल० सुवेद बिन अस्सामत के पास तशरीफ़ ले गए और उसको इस्लाम की दावत दी। सुवेद बिन सामत ने न तो इस्लाम स्वीकार किया और न सख्ती से जवाब दिया। जब यह मदीना से वापस आया तो किसी लड़ाई में मारा गया। यह वाक़िआ (घटना) यौमे बआस (एक इतिहासिक घटना) के पहले का है। इसके बाद मक्का में अबुल हैसर अनस अपनी क़ौम बनू अब्दुल अशहल के एक गिरोह को लिए हुए क़ुरैश से खज़रज वालों से मुक़ाबले के लिए हलफ़ (शपथ) लेने आया। नबी सल्ल० इस गिरोह के पास भी इस्लाम की दावत को तशरीफ़ लाए। इस गिरोह में से एक नवजवान ने जिसका नाम अयास बिन मआज़ था अपनी क़ौम से मुखातिब (संबोधित) होकर कहा, 'वल्लाह (क़सम खुदा की) हम जिस काम के लिए आए हैं उससे यह अच्छा है।' अबुल हैसर ने यह सुन कर अयास को एक डांट दिलायी। अयास खामोश हो गया और ये सब बे नील व मराम (बिना सफल हुए) मदीना को वापस आए। थोड़े दिनों बाद अयास का इन्तक़ाल हो गया। उलेमा-ए-सेर (सीरत लिखने वाले विद्वान) कहते हैं कि अयास बिन मआज़ ने इस्लाम पर इन्तक़ाल किया।

मदीना को हिजरत

जब मदीने में इस्लाम का ज़्यादा ज़ोर हो गया और मदीने वालों के मुसलमान हो जाने से मुसलमानों को एक शक्ति मिल गयी तो मक्का के मुश्रिक इस घटना से बहुत बरहम (क्रोधित) हुए और

उन्होंने मुसलमानों के सताने का अहद (प्रतिज्ञा) कर लिया। इससे मुसलमानों की तक्लीफ़ बढ़ गयी। उस समय जो सबसे पहले जिहाद (अल्लाह् के दीन के लिए लड़ना) की आयत अल्लाह् ने नाज़िल फ़रमायी, उसका अनुवाद यह है—

"और लड़ाई करो तुम उनसे ताकि न रहे शिर्क और हो कुल दीन अल्लाह् का।"

इसके बाद नबी सल्ल० ने अल्लाह् के हुक्म से अपने असहाब (साथियों) को मक्का से मदीना हिजरत कर जाने का इर्शाद फ़रमाया। सबसे पहले अबू सलमा रज़ि० मक्का से हिजरत कर गए। इनके बाद आमिर रज़ि० फिर कुल बनू जहश, उनके बाद अकाशह बिन मुहसिन रज़ि० और एक गिरोह बनू असअद, जिनमें जैनब बिन्त जहश रज़ि० उम्मुल मोमिनीन भी थीं और उनकी दोनों बहनें, हमनह और उम्मे हबीबा रज़ि० ने हिजरत की, इसके बाद उमर बिन खत्ताब व अयाश बिन अबी रबीनियह रज़ि० बीस सवारों के साथ मदीना को हिजरत कर गए। उमर बिन खत्ताब रोजे रोशन (दिन दहाड़े) तमाम क़ुरैश के सामने मक्का से निकले और पुकार के कहा कि 'जिस किसी को अपनी पत्नी रांड (विधवा) करानी और अपने बच्चे यतीम कराने मंजूर हों तो वह उस पहाड़ के पीछे मुझसे मिले। मगर किसी को हिम्मत न हुई। फिर जैद, सईद खनीस (रज़ि०) और एक गिरोह बनू अदी हिजरत कर गए।

ये सब क़ुबा में रफ़ाअह बिन अब्दुल मुन्ज़र रज़ि० के मकान पर ठहरे। इनके बाद तलहा रज़ि०, सुहैब रज़ि०, हमज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब रज़ि०, ज़ैद बिन हारसह रज़ि० सहित और अबू मुरसिद ने हिजरत की और क़ुबा में ठहरे। फिर उस्मान एक जमाअत सहित हिजरत कर गए। हज़रत अबू बक्र रज़ि० ने हिजरत की तैयारी की तो नबी सल्ल० ने रोका कि तुम्हारे हिजरत करने का हुक्म मेरे साथ हो गया है, इस लिए मेरा इन्तज़ार (प्रतिक्षा) करो।

धीरे-धीरे मक्का से सभी सहाबा मदीना में चले आए थे। नबी सल्ल० के पास मक्का में सिवाए अबूबक्र सिद्दीक़ रज़ि०, हज़रत अली रज़ि० के और कोई बाक़ी न रहा था। नबी सल्ल० खुदा के हुक्म का इन्तज़ार (प्रतिक्षा) कर रहे थे।

क़ुरैश का मश्विरा (परामर्श)

जब क़ुरैश ने इन बुज़ुर्गों के हिजरत कर जाने और मदीना वालों के इस्लाम लाने से यह समझ लिया कि ये लोग धीरे-धीरे सभी मदीना में चले गये और हस्बे ख्वाहिश (इच्छानुसार) इनके पैग़म्बर मुहम्मद सल्ल० भी चले जाएंगे। तब क़ुरैश आपके बारे में मश्विरा करने के उद्देश्य से दारुल नदवा में जमा हुए। क़ुरैश के सब बड़े-बड़े आदमी भी मश्विरे में शरीक थे और इनके सिवा दूसरे क़बीलों के आदमी भी शरीक थे। इस जलसे (सभा) में बहुत कुछ बातें पेश हुईं। कुछ कहते थे कि मुहम्मद (सल्ल०) को क़ैद कर दो, कुछ कहते थे जला वतन (देश निकाला) कर दो। अबू जहल ने कहा कि क़बीलों से एक-एक आदमी इन्तखाब (चुनकर) करके क़त्ल कर दो। इस सूरत में। किसी खास क़बीले पर क़त्ल का जुर्म न आएगा और न बनू अब्दे मनाफ़ इन सभों से लड़ सकेंगे, केवल खून बहा (खून का बदला अदा कर) दिया जाएगा। सभा में शरीक सभी लोगों ने इस राय को पसन्द किया और रात ही से इस पर अमल करने को तैयार हो गए।

नबी सल्ल० का मकान घेर लिया। अल्लाह् ने वह्य द्वारा नबी सल्ल० को सूचित कर दिया। चुनांचे (अतएव) हज़रत अली रज़ि० को अपनी ख्वाबगाह (सोने के कमरे) में सुला कर मकान के बाहर आए। अल्लाह् ने उनकी आंखों पर उस समय पर्दे डाल दिए। नबी सल्ल० ने एक मुश्त (मुट्ठी

भर) ख़ाक (मिट्टी) पर सूरः यासीन पहली आयतें 'फ़हुम ला युब्सिरून' तक पढ़ कर उनकी तरफ़ फेंक दिया और आप अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ि० सहित मकान से बाहर तशरीफ़ लाए। अब्दुल्लाह बिन अरीक़त को उजरत (मज़दूरी) देकर रहबर (गाइड) मुक़र्रर (नियुक्त) किया। उसने यह कह दिया कि आम रास्ते को छोड़ कर ग़ैर माअरुफ़ (जो प्रसिद्ध न हो) रास्ते से मदीना ले जाए। अगरचे (यद्यपि) अब्दुल्लाह बिन अरीक़त काफ़िर था लेकिन इन दोनों बुज़ुर्गों ने उस पर एतमाद (भरोसा) कर लिया था।

ग़ारे सूर

नबी करीम सल्ल० और हज़रत अबू बक्र रज़ि० मकान से निकल कर रात ही को एक ग़ार (खोह) में जो जब्ले सूर (सूर नामक पहाड़) में था छिप गए। अब्दुल्लाह बिन अबी बक्र प्रतिदिन ग़ार पर आते और मक्का वालों की बातों से सूचित कर जाते थे और आमिर बिन फ़हीरह रज़ि० (अबू बक्र का सेवक) उन बकरियों को अब्दुल्लाह बिन अबी बक्र के पीछे-पीछे पांव के निशान मिटाने के लिए चराते हुए लाते और रात को वहीं रह जाते थे इस वजह से कि ज़रूरत भर दूध आदि आपको दे दिया जाए और असमा बिन्त अबू बक्र रोज़ाना मक्का से खाना लाकर खिला जाती थीं।

तमाम सावधानियों को पकड़े रहने के बावजूद क़ुरैश भी ढूंढ़ते हुए ग़ार तक पहुंच गए। चूंकि घने ग़ार (ग़ार के मुंह) पर मकड़ियों ने रात को जाला लगा रखा था। क़ुरैश ने यह सोचा कि यदि कोई अन्दर जाता तो जाला टूट जाता। इस वजह से मुतमईन (सन्तुष्ट) होकर वापस आए और सौ ऊँटों के इनाम का नबी सल्ल० और अबू बक्र रज़ि० की गिरफ़्तारी पर एलान (घोषणा) कर दिया।

जब ग़ार में तीन दिन नबी सल्ल० व अबू बक्र रज़ि० को गुज़र गए और क़ुरैश का तलाश का अभियान कम हो गया तब अब्दुल्लाह बिन अरीक़त इन दोनों बुज़ुर्गों के लिए सवारी लेकर आया और एक ऊंटनी अपने लिए भी लाया और असमा बिन्त अबी बक्र रास्ते के लिए खाना पका कर लायीं, लेकिन उजलत (जल्दी) में रस्सी लाना भूल गयीं। जिससे बांधकर खाना लटका दिया जाता। असमा बिन्त अबी बक्र ने अपना निताक़ (कमरबन्द) फाड़ कर खाना लटकाया। इसी दिन से असमा बिन्त अबी बक्र ज़ातुन्न ताक़ीन की उपाधि से मशहूर हो गयीं।

मदीने का सफ़र

नबी सल्ल० एक नाक़ा (ऊंटनी) पर सवार हुए और दूसरी पर अबू बक्र सिद्दीक़ और उनके पीछे आमिर बिन फ़हीरह रज़ि० सवार हुए और अब्दुल्लाह बिन अरीक़त एक तीसरे ऊंट पर सवार हुआ। आम रास्ता छोड़कर एक ग़ैर मशहूर रास्ते को अपनाया। अबू बक्र सिद्दीक़ ने रवाना होते समय अपना कुल माल (जो लगभग छः हज़ार दिरहम था) अपने साथ ले लिया। पहले दिन से दूसरे दिन की ज़ुहर तक बराबर सफ़र करते रहे। ज़ुहर के समय एक मैदान में थोड़ी देर के लिए ठहर गए। इस बीच में सुराक़ा बिन मालिक (जो आप (सल्ल०) के गिरफ़्तार करने का वायदा कर चुका था) आ पहुंचा। नबी सल्ल० ने उसके हक़ में बददुआ की। उसी समय उसके घोड़े के चारों पांव ज़मीन में धंस गए। सुराक़ा मजबूर होकर नबी सल्ल० से अमान (माफ़ी) का ख्वास्तगार (इच्छुक) हुआ। नबी सल्ल० ने उसको अमान दे दी और सुराक़ा ने वायदा किया कि मुझे अब जो भी आदमी मिलेगा

उसको वापस करता जाऊंगा। अतः सुराक़ा तो उस जगह से वापस हुआ। फिर जो नबी सल्ल० का पीछा करते हुए उसको मिलते जाते थे उनको वह वापस करता जाता था।

अब्दुल्लाह बिन अरीक़त नबी सल्ल० व अबू बक्र रज़ि० को लेकर साथ लिए हुए असफ़ले मक्का से निकल कर समुद्र के किनारे की ओर चला और असफ़ले असफ़ान से गुज़रता हुआ मज में पहुंचा। फिर वहां से उसके असफ़ल को तै करता हुआ क़दीर में आया। क़दीर से निकल कर उरूज होता हुआ अवाली मदीने से क़ुबा में रसूलुल्लाह (सल्ल०) और अबू बक्र (रज़ि०) के साथ दाख़िल हुआ। यह रास्ते का बड़ा जानने वाला था।

ज़कात व अज़ान

जिस समय नबी सल्ल० को मदीने में जमाव व इत्मीनान हासिल हो गया और आपके पास मुहाजिर व अन्सार जम हो गए, उस वक़्त ज़कात फ़र्ज़ की गयी और मुक़ीम की नमाज़ में दो रकअतें और बढ़ायी गयीं जिससे चार रकअतें पूरी हुईं। इससे पहले मक्का में दो ही रकअतें नमाज़ मुसाफ़िर व मुक़ीम के लिए थीं। फिर अब्दुल्लाह बिन सलाम जो यहूद के बहुत बड़े आलिम (विद्वान) थे, इस्लाम लाए। वजह यह हुई कि पहले-पहले जब उन्होंने नबी सल्ल० को देखा तो क़सम खाई कि इस व्यक्ति का चेहरा झूठे आदमी का चेहरा नहीं हो सकता। यहूदियों ने उसका साथ छोड़ दिया और ओस व ख़ज़रज के कुछ लोगों को बहका कर मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) बना लिया जिनका काम यह था कि वे मुसलमानों से लड़ते थे और कुफ़्र की बातों पर इसरार (ज़िद) करते थे। इन मुनाफ़िक़ों (कपटाचारियों) के सरदार अब्दुल्लाह बिन उबई, वजद बिन क़ैस, हरस बिन सुहैल, अबाद बिन हनीफ़ थे और यहूदियों में से जो बज़ाहिर (प्रायक्ष में) इस्लाम के हमदर्द और छिपे तौर पर कुफ़्र में डूबे हुए थे वे ये थे—साअद बिन खनीस, ज़ैद, राफ़ेअ, रिफ़ाअह इब्ने ज़ैद, कनायह आदि मुसलमानों के दुश्मन थे।

मक्का की फ़तह

१० वीं रमज़ान ८ हिजरी को दस हज़ार सेना के साथ नबी सल्ल० मदीना से मक्का को फ़तह करने के उद्देश्य से रवाना हुए। इस सेना में एक हज़ार मर्द बनू सलीम के और एक हज़ार मुज़ीना के, चार सौ ग़फ़्फ़ार के, ४ सौ अस्लम के और बाक़ी क़ुरैश व असद व तमीम और मुहाजिर व अन्सार के मवालीन व कताइब थे। मदीना में कलसूम बिन हसीन बिन उतबा ग़फ़्फ़ारी ही आपके क़ायम मुक़ाम (कार्यवाहक) हुए।

जिस समय आप ज़ुल हलीफ़ा और कुछ कहते हैं कि हजफ़ह में पहुंचे अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रज़ि० मक्का से हिजरत करके मदीने को आते हुए मिले। नबी सल्ल० के फ़रमाने से अब्बास रज़ि० आप के साथ जिहाद के उद्देश्य से इस्लामी लश्कर के साथ मक्का को वापस हुए। आख़िरकार मक्का बिना जंग के फ़तह हो गया और पूरे अरब की क़ौमें इस्लाम में दाख़िल होना शुरू हुईं।

हज्जतुल विदाअ (अन्तिम हज)

इन वाक़िआत (घटनाओं) के बाद ज़िल-क़-अद का महीना आ गया। जब उसकी पांच रातें रह गयीं तो हज के इरादे से मदीना से रवाना हुए। आपके साथ मुहाजिरों, अन्सार और अरब के

रईसों का एक गिरोह था और सौ ऊंट थे। मक्का में यक शम्बा (इतवार) के दिन जबकि चार दिन जिल हज के गुज़र चुके थे दाखिल हुए। अली बिन अबी तालिब रजि० भी जो नजरान में सदक़ा जमा करने को गए हुए थे, मक्का में आप से आ मिले और आपके साथ हज किया। आपने इस बार लोगों को मनासिके हज (हज के क़ायदे) की तालीम दी, उसके सुनन (तरीक़े) बतलाए, उनके लिए रहमत की दुआ की और अरफ़ात में एक लम्बा खुत्बा दिया जिसमें बहुत सी हिदायतों के बाद ये अलफ़ाज़ (शब्द) भी थे—'मेरे बाद तुम काफ़िर न बनो कि एक दूसरे की गर्दनें मारते फिरो।'

नबी सल्ल० की अलालत (बीमारी)

सबसे पहले जिससे नबी सल्ल० पर अपने इन्तक़ाल (देहान्त) का हाल मुन्कशफ़ (स्पष्ट) हुआ वह अल्लाह का यह क़ौल (कथन) था—

'इज़ा जा-अ -नसरुल्लाहि वल फ़त्हु ·····' ता आख़िर सूर:

इसके बाद सफ़र अरबी महीने ११ हिजरी सन ६४७ ईसवी के अनुसार दो रातें बाक़ी थीं कि आपके दर्द पैदा हुआ। आपने इस दर्द की हालत में यह इर्शाद किया कि बेशक (निस्संदेह) एक बंदे को अल्लाह ने अपने बन्दों में से दुनिया और उस चीज़ का जो उसके पास है (अर्थात आख़िरत) का इख्तियार (स्वतंत्रता) दिया है। तो बन्दे ने उसको चुना जो उसके पास है।

हज़रत अबू बक्र रज़ि० इस फ़िक़रे (वाक्य) को सुन कर रो पड़े और यह कहा—'ऐ नबी सल्ल० ! हम आपका अपनी जानों और बच्चों से फ़िदया (सदक़ा) देते हैं।' इसके बाद आपने अपने सहाबा को जमा किया और उनके हक़ में भलाई की दुआ की और आंखों से आंसू जारी होते रहे। इसी दौरान आपने फ़रमाया—

"मैं तुमको डरने की नसीहत करता हूं और ख़ुदा से, तुम्हारे लिए रहम (दया) की दरख़ास्त (प्रार्थना) करता हूं और उस की निगहबानी (देख-रेख) में तुम को छोड़ता हूं और तुम को उस के सुपुर्द (हवाले) करता हूं। (ऐ लोगो) मैं तुमको ख़ौफ़ (डर) और ख़ुशख़बरी (शुभ सूचना) दोनों सुनाता हूं कि तुम ख़ुदा के आदेशों में ज़्यादती न करो और उसके शहरों में ज़्यादती न करो और उस की मख़लूक़ (लोगों) पर ज़्यादती (ज़ुल्म) न करो। क्योंकि ख़ुदा ने मुझ से भी और तुम से भी यह कहा है कि आख़िरत (परलोक) का घर (जन्नत) एक ऐसा मक़ाम (जगह) है कि जिसका मालिक केवल उन लोगों को बनाऊंगा जो ज़मीन में सरकशी (विद्रोह) के मुरतकिब (अपराधी) न हों और न ज़मीन में वे किसी क़िस्म (प्रकार) का फ़साद (दंगा) करते हों क्योंकि जन्नत पाक लोगों के लिए (उनके कर्मों का नतीजा) है और उसने कहा है कि क्या जहन्नम में मुतकब्बिर (घमंडी) लोगों के सिवा और भी होगा ? अर्थात न होगा) फिर आपने मस्जिद की तरफ़ के जितने दरवाज़े थे सभी को बन्द करने का हुक्म दे दिया केवल अबू बक्र के दरवाज़े को छोड़ कर। फिर यह कहा कि मैं किसी को अबू बक्र से ज़्यादा अपनी सोहबत (महफ़िल) में अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) नहीं जानता हूं और यदि मैं किसी को अपना ख़लील (दोस्त) बनाता तो अबू बक्र को अपना ख़लील (दोस्त) बनाता।'

वफ़ात (देहान्त)

इसके बाद फिर दर्द का इतना ज़ोर हुआ कि आप बेहोश हो गए। उम्मुहातुल मोमिनीन (आप

की पत्नियां) और फ़ातिमा (रज़ि०) व अब्बास, अली रज़ि० सबके सब आपके गिर्द (पास) आकर जमा हो गए। इसी अर्से (बीच में) में नमाज़ का वक़्त आ गया। दर्द में कुछ कमी मालूम हुई बेहोशी जाती रही, लेकिन ज़ोअफ़ (कमज़ोरी) से उठ न सकते थे। आपने हाज़िरीन (पास वालों) से मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर फ़रमाया कि अबू बक्र रज़ि० को नमाज़ पढ़ाने के लिए कहो। उम्मुल-मोमिनीन हज़रत आयशा रज़ि० ने अर्ज़ किया कि वे एक ज़ईफ़ व रक़ीक़ुल क़ल्ब (कमज़ोर व थोड़े दिल वाले) आदमी हैं आपकी जगह पर खड़े होकर नमाज़ न पढ़ा सकेंगे, उमर रज़ि० को इस काम पर मामूर (लगा) फ़रमा दें आपने इससे इन्कार करके अबू बक्र रज़ि० को इमामत पर मामूर (खड़ा किया) किया और फ़रमाया कि ख़ुदा और मुसलमान अबू बक्र रज़ि० के सिवा और किसी पर राज़ी नहीं हैं।

फिर अबू बक्र रज़ि० ने आपकी अलालत (बीमारी) की हालत में तेरह नमाज़ें पढ़ायीं। फिर जबकि दोशम्बे (पीर) का दिन आया और यही दिन आपकी वफ़ात (देहान्त) का है सुबह की नमाज़ के समय आप सर मुबारक पर पट्टी बांधे हुए बाहर तश्रीफ़ लाए। उस वक़्त अबू बक्र लोगों को नमाज़ पढ़ा रहे थे। अबू बक्र ने पीछे हटने का क़स्द (इरादा) किया, आपने उनको अपने हाथ से दायीं तरफ़ बैठकर नमाज़ पढ़ाने का इशारा किया और ख़ुद (स्वयं) अबू बक्र के पीछे नमाज़ अदा की। इसके बाद लोगों की तरफ़ मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर फ़रमाया—ऐ लोगो ! आग भड़की, फ़ित्ने आ गए तुमको मालूम रहे कि जिस चीज़ को क़ुरआन ने हलाल या हराम क़रार (ठहराया) दिया है उसके सिवा मैंने किसी चीज को हराम या हलाल क़रार नहीं दिया। फिर हज़रत आयशा रज़ि० के घर में आए और वहीं आप (सल्ल०) आप का इन्तिक़ाल (देहान्त) हो गया।

नबी सल्ल० का इन्तक़ाल होते ही सहाबा में एक अज़ीम (बड़ी) परेशानी फ़ैल गयी। उमर बिन ख़त्ताब रज़ि० इस हादसए नागहानी (अचानक टूट पड़ने वाली घटना) से मुतहय्यर (हैरत) में हो गए। कुछ होश न रहा। तलवार खींच कर खड़े हो गए और बुलंद (ऊंची) आवाज़ से कहने लगे— 'मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) कहते हैं कि हुज़ूर का इन्तक़ाल हो गया मगर वे झूठे हैं, बल्कि वे तो मूसा अलैहि० की तरह ख़ुदा से मिलने गए हैं थोड़ी देर में आ जाएंगे और जो कोई यह कहे कि नबी सल्ल० मर गए हैं मैं उस की गर्दन इस तलवार से उड़ा दूंगा।' उमर रज़ि० जोश में यह कहते जाते थे। किसी की मजाल (हिम्मत) न थी कि कोई आदमी उनसे यह कहता कि तुम तलवार म्यान में कर लो नबी सल्ल० का इन्तक़ाल हो गया है।

इसी दौरान यह दिल तोड़ने वाली घटना सुनकर अबू बक्र रज़ि० आ गए और सीधे हुजरए मुबारक में जाकर हज़रत आयशा रज़ि० की गोद से सर मुबारक लेकर ग़ौर से देखकर कहा, 'मेरे मां बाप आप (सल्ल०) पर क़ुर्बान, बेशक (निस्संदेह) आप (सल्ल०) ने मौत का ज़ायक़ा (स्वाद) चखा जिस को अल्लाह ने आप के लिए लिखा था और अब हरगिज़ (कदापि) आप को मौत न आएगी— 'इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊन' कहते हुए बाहर आए।

उमर रज़ि० लोगों से वही बातें कह रहे थे कि अबू बक्र रज़ि० ने उमर से कहा—चुप रहो, उमर (रज़ि०) ने कुछ भी ख़्याल न किया। अबू बक्र दोबारा कहना मुनासिब (उचित) न समझ कर अलहदा (अलग) खड़े हो कर लोगों से मुख़ातिब (सम्बोधित) हुए। जितने आदमी उमर रज़ि० के पास जमा थे वे सब उन्हें अकेला छोड़ कर अबू बक्र रज़ि० के पास चले आए। उस समय उन्हों ने अल्लाह की प्रशंसा के बाद यह ख़ुत्बा पढ़ा जिस का अनुवाद यह है—

"ऐ लोगो ! जो आदमी मुहम्मद (सल्ल०) की इबादत करता हो तो वे इन्तक़ाल कर गए और

जो ख़ुदा की इबादत करता हो तो वह ज़िंदा है।" फिर क़ुरआन की ये आयतें पढ़ीं जिस का अनुवाद यह है—

"मुहम्मद (सल्ल०) इसके सिवा कुछ नहीं कि बस एक रसूल है उनसे पहले और रसूल भी गुज़र चुके हैं, फिर क्या यदि वह मर जाएं या क़त्ल कर दिए जाएं तो तुम लोग उल्टे पांव फिर जाओगे? याद रखो ! जो उल्टा फिरेगा वह अल्लाह का कुछ नुक़सान न करेगा। अलबत्ता जो अल्लाह का शुक्र अदा करने वाले हैं उन्हें वह उसका इनाम देगा।"

अबू बक्र रज़ि० की ज़बान से इन आयतों का निकलना था कि लोगों के ख़्यालात (विचार और सोच) बदल गए और दफ़अतेन (अचानक) हैरत का आलम (वातावरण) ऐसे दूर हो गया कि गोया (जैसे) इससे पहले वह नहीं था। इस परिवर्तन से यह मालूम होता था कि सहाबा इस आयत के उतरने का हाल ही न जानते थे। उमर रज़ि० कहते हैं कि पहले मैंने अबू बक्र रज़ि० के कहने पर मुतलक़ (बिल्कुल) ख़्याल नहीं किया था लेकिन जिस वक़्त उन्होंने ये आयतें पढ़ी तो मुझे मालूम हुआ कि ये आयतें भी नाज़िल हुई हैं। मारे डर के मेरे पांव थर्रा गए और ज़मीन पर गिर पड़ा और मैंने यह समझ लिया कि आपका इन्तक़ाल हो गया। और आप हज़रत आयशा रज़ि० के मकान में उसी जगह पर जहां इन्तक़ाल फ़रमाया था क़ब्र शरीफ़ बनाकर रखे गए और आपके बाद तमाम मुसलमानों के इत्तिफ़ाक़ (राए) से हज़रत अबू बक्र रज़ि० ख़लीफ़ा मुक़र्रर (नियुक्त) हुए जिनमें मुहाजिर व अंसार सब शामिल थे।

दिन व तारीख़ व सन वफ़ात (इन्तिक़ाल)

आपने ६३ साल की उम्र में १२ रबीउल अव्वल ११ हिजरी दोशम्बा (पीर) के दिन इन्तक़ाल फ़रमाया।

१ सूरतुल-फ़ातिहति ५

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १२३ अक्षर, २५ शब्द
७ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल-आलमीन (१) अर्रह्मानिर्रहीम (२) मालिकि यौमिद्दीन (३) इय्या-क नअ्बुदु व इय्या-क नस्तईन (४) इह्दिनस्-सिरातल्मुस्तक़ीम (५) सिरातल्लज़ी-न अनअ्म-त अलैहिम् (६) ग़ैरिल्-मग़्ज़ूबि अलैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन ★ (७)

१ सूरः फ़ातिहः ५

सूरः फ़ातिहा मक्की है और इस में सात आयतें हैं।

शुरू[1] ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

सब तरह की तारीफ़ ख़ुदा ही के लिए है जो तमाम मख़्लूक़ात का परवरदिगार है।[2] (१) बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला, (२) इन्साफ़ के दिन का हाकिम,[3] (३) (ऐ परवरदिगार!) हम तेरी ही इबादत करते हैं, और तुझी से मदद मांगते हैं, (४) हम को सीधे रास्ते पर चला, (५) उन लोगों का रास्ता जिन पर तू अपना फ़ज़्ल व करम करता रहा, (६) न उनका जिन पर ग़ुस्सा होता रहा और न गुमराहों का। ★ (७)

तर्जुमा

---

१. चूंकि हुक्म है कि क़ुरआन मजीद ख़ुदा का नाम लेकर शुरू किया जाए, इस लिए हमें 'बिस्मिल्लाह' के तर्जुमे के शुरू में 'कहो' का लफ़्ज़ जो छिपा हुआ है, लिख देना चाहिए था, मगर फिर सब जगह तर्जुमे में यह लफ़्ज़ लिखना पड़ता और इस में वह मज़ा न आता जो 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' में है, इस लिए यह लफ़्ज़ छिपा ही रहने दिया।

२. इस सूरः को ख़ुदा ने बंदों की ज़ुबान में नाज़िल फ़रमायी है। मक़्सूद यह बात का सिखाना है कि वे इस तरह ख़ुदा से दुआ किया करें। हदीस शरीफ़ में आया है कि सब से अफ़्ज़ल ज़िक्र 'ला इला-ह इल्लल्लाह' है और सब से अफ़्ज़ल दुआ 'अल-हम्दु लिल्लाह'।

३. इन्साफ़ के दिन से मुराद क़ियामत का दिन है, क्योंकि दूसरी जगह इर्शाद हुआ है, 'तुम को क्या मालूम है कि इन्साफ़ का दिन कौन-सा है, जिस दिन कोई किसी के कुछ काम न आएगा और उस दिन ख़ुदा का ही हुक्म होगा'—अगरचे और दिनों का मालिक भी ख़ुदा ही है, मगर उस दिन को ख़ास इस लिए किया कि उस दिन ख़ुदा के सिवा किसी का हुक्म न चलेगा।

पहला पारः

अलिफ़्-लाम्-मीम्

२ सूरतुल-ब-क़-रति ८७

(मदनी) इस सूरः में अरबी के २०००० अक्षर, ६०२१ शब्द, २८६ आयतें और ४० रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अलिफ़् - लाम् - मीम् ८ (१) ज़ालिकल्किताबु ला रै - ब फ़ीहि हुदल्लिल्मुत्तक़ीन (२) अल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिल्ग़ैबि व युक़ीमूनस्सला-त़ व मिम्मा र-ज़क़्ना-हुम् यून्फ़िक़ून (३) वल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मा उन्ज़ि-ल मिन् क़ब्लिक व बिल-आखिरति हुम् यूक़िनून (४)

पहला पारः

अलिफ़-लाम्-मीम्

२ सूरः बक़रः ८७

सूरः बक़रः मदनी है और इसमें दो सौ छियासी आयतें और चालीस रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम •

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलफ़ि-लाम-मीम०[1] (१) यह किताब (क़ुरआन मजीद) इसमें कुछ शक नहीं (कि ख़ुदा का कलाम है, ख़ुदा से) डरने वालों की रहनुमा[2] है, (२) जो ग़ैब[3] पर ईमान लाते और आदाब के साथ नमाज़ पढ़ते और जो कुछ हमने उन को दे रखा है, उसमें से ख़र्च करते हैं। (३) और जो किताब (ऐ मुहम्मद !) तुम पर नाज़िल हुई और जो किताबें तुम से पहले (पैग़म्बरों पर) नाज़िल हुयीं, सब पर ईमान लाते और आख़िरत का यक़ीन रखते हैं।[4] (४)

---

१. और इसी तरह के और हर्फ़, जो क़ुरआन मजीद की बहुत-सी सूरतों के शुरू में आये और जिन को 'हुरूफ़े मुक़त्तआत' कहते हैं, अस्रारे इलाही (अल्लाह के रहस्यों) में से हैं, उन पर बिना कुछ कहे-सुने ईमान लाना चाहिए। प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने उन के कुछ मानी नहीं बयान फ़रमाये, सिर्फ़ यह फ़रमाया है कि 'अलिफ़' एक हर्फ़ है और 'लाम' एक हर्फ़ है और 'मीम' एक हर्फ़ है।

२. 'डरने वालों' का लफ़्ज़ इस बात की दलील लाता है कि जिन के दिलों में ख़ुदा का डर है, वही उस की हिदायत को मानते और वही इस किताब से फ़ायदा हासिल करते हैं और जो डर नहीं रखते, वे हिदायत की बातों की तरफ़ तवज्जोह ही नहीं देते और इसी लिए यह किताब उन के लिए रहनुमा नहीं हो सकती।

३. 'ग़ैब' उस चीज़ को कहते हैं, जो आंख से छिपी हुई हो और इस जगह वे चीज़ें मुराद हैं, जिन की ख़बर अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने दी है और जो नज़र से ओझल हैं—जैसे पुले सिरात, तराज़ू-ए-आमाल, बहिश्त और दोज़ख़ वग़ैरह।

४. आख़िरत से मुराद क़ियामत का दिन है, चूंकि वह दिन दुनिया के बाद आयेगा, इस लिए उस को आख़िरत कहते हैं और 'यौमुल आख़र' भी।

उलाइ-क अ़ला हुदम्-मिर्रब्बिहिम् ق व उलाइ-क हुमुल्-मुफ़्लिहून (५) इन्नल्लज़ी-न क-फ़-रू सवाउन् अ़लैहिम् अ अन्ज़र-तहुम् अम् लम् तुन्ज़िहुम् ला युअ्मिनून (६) ख़-त-मल्लाहु अ़ला क़ुलूबिहिम् व अ़ला सम्‌अिहिम् ط व अ़ला अब्सारिहिम् ग़िशावतुंव् ز व लहुम् अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीम ★ (७) व मिनन्नासि मंय्यक़ूलु आमन्ना बिल्लाहि व बिल्यौमिल्-आख़िरि व मा हुम् बि मुअ्मिनीन ▨ (८) युख़ादिअ़ूनल्ला-ह वल्लज़ी-न आमनू ج व मा यख़्दअ़ू-न इल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्‌अ़ुरून ط (९) फ़ी क़ुलूबिहिम् म-रज़ुन् ل फ़ ज़ा-द हुमुल्लाहु म-र-ज़न् ج व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुम् ۵ बिमा कानू यक्ज़िबून (१०) व इज़ा क़ी-ल लहुम् ला तुफ़्सिदू फ़िल्‌अर्ज़ि ل क़ालू इन्नमा नह़्नु मुस्लिहून (११) अला इन्नहुम् हुमुल् - मुफ़्सिदू-न व ला किल्ला यश्‌अ़ुरून (१२) व इज़ा क़ी-ल लहुम् आमिनू कमा आमनन्नासु क़ालू अनुअ्मिनु कमा आमनस्सुफ़हाउ ط अला इन्नहुम् हुमुस्सुफ़हाउ व लाकिल्ला यअ्-लमून (१३) व इज़ा लक़ुल्लज़ी-न आमनू क़ालू आमन्ना ج व इज़ा ख़लौ इला शयातीनिहिम् ل क़ालू इन्ना म-अ़कुम् ل इन्नमा नह़्नु मुस्तह्ज़िऊन (१४) अल्लाहु यस्तह्ज़िउ बिहिम् व यमुद्दुहुम् फ़ी तुग़यानिहिम् यअ्-महून (१५) उलाइकल्-लज़ीनश्-त-रवुज़्-ज़ला-ल-त बिल्हुदा ص फ़मा रबिहत् तिजारतुहुम् व मा कानू मुह्तदीन (१६) म-सलुहुम् क-म-सलिल्-लज़िस्तौक़-द नारन् ج फ़-लम्मा अज़ा-अत् मा हौलहू ज़-ह-बल्लाहु बिनूरिहिम् व त-र-कहुम् फ़ी ज़ुलुमातिल्ला युब्सिरून (१७) सुम्मुम् - बुक्मुन् - अुम्युन् फ़हुम् ला यर्जिअ़ून ل (१८) औ क-सय्यिबिम्-मिनस्समा-इ फ़ीहि ज़ुलुमातुंव-व रअ्दुंव-व बर्क़ुन् ج यज्‌अ़लू-न असाबिअ़हुम् फ़ी आज़ानिहिम् मिनस्सवाअ़िक़ि ह़-ज-रल्मौति ط वल्लाहु मुह़ीतुम्-बिल्काफ़िरीन (१९)

اولئك على هدى من ربهم واولئك هم المفلحون ۝ ان الذين كفروا
سواء عليهم ءانذرتهم ام لم تنذرهم لا يؤمنون ۝ ختم الله على
قلوبهم وعلى سمعهم وعلى ابصارهم غشاوة ولهم عذاب عظيم ۝
ومن الناس من يقول امنا بالله وباليوم الاخر وما هم بمؤمنين ۝
يخدعون الله والذين امنوا وما يخدعون الا انفسهم وما
يشعرون ۝ في قلوبهم مرض فزادهم الله مرضا ولهم عذاب
اليم بما كانوا يكذبون ۝ واذا قيل لهم لا تفسدوا في الارض
قالوا انما نحن مصلحون ۝ الا انهم هم المفسدون ولكن لا
يشعرون ۝ واذا قيل لهم امنوا كما امن الناس قالوا انؤمن كما
امن السفهاء الا انهم هم السفهاء ولكن لا يعلمون ۝ واذا لقوا
الذين امنوا قالوا امنا واذا خلوا الى شيطينهم قالوا انا معكم انما نحن
مستهزءون ۝ الله يستهزئ بهم ويمدهم في طغيانهم يعمهون ۝
اولئك الذين اشتروا الضللة بالهدى فما ربحت تجارتهم وما كانوا
مهتدين ۝ مثلهم كمثل الذي استوقد نارا فلما اضاءت ما حوله
ذهب الله بنورهم وتركهم في ظلمت لا يبصرون ۝ صم بكم عمي
فهم لا يرجعون ۝ او كصيب من السماء فيه ظلمت ورعد وبرق
يجعلون اصابعهم في اذانهم من الصواعق حذر الموت والله محيط

★रु. १/१ आ ७ ▨ व. लाज़िम

यही लोग अपने परवरदिगार (की तरफ़) से हिदायत पर हैं और यही निजात पाने वाले हैं। (५) जो लोग काफ़िर हैं उन्हें तुम नसीहत करो या न करो, उन के लिए बराबर है,[1] वे ईमान नहीं लाने के। (६) ख़ुदा ने उन के दिलों और कानों पर मुहर लगा रखी है और उन की आंखों पर परदा (पड़ा हुआ) है।[1] और उन के लिए बड़ा अज़ाब तैयार है। (७) ★

और कुछ लोग ऐसे हैं जो कहते हैं कि हम ख़ुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं, हालांकि वे ईमान नहीं रखते ※ (८) ये (अपने घमंड में) ख़ुदा को और मोमिन को चकमा देते हैं, मगर (हक़ीक़त में) अपने सिवा किसी को चकमा नहीं देते और इस से बे-ख़बर हैं।[1] (९) इन के दिलों में (कुफ़्र का) रोग था। ख़ुदा ने उन का रोग और ज़्यादा कर दिया और उन के झूठ बोलने की वजह से उन को दुख देने वाला अज़ाब होगा। (१०) और जब उन से कहा जाता है कि ज़मीन में फ़साद न डालो, तो कहते हैं कि हम तो इस्लाह (सुधार) करने वाले हैं। (११) देखो, ये बिला शुब्हा फ़साद पैदा करने वाले हैं, लेकिन ख़बर नहीं रखते।[2] (१२) और जब उन से कहा जाता है कि जिस तरह और लोग ईमान ले आए, तुम भी ईमान ले आओ, तो कहते हैं, भला, जिस तरह मूर्ख ईमान ले आए हैं, उसी तरह हम भी ईमान ले आएं? सुन लो कि यही मूर्ख हैं, लेकिन नहीं जानते। (१३) और ये लोग जब मोमिनों से मिलते हैं तो कहते हैं कि हम ईमान ले आए हैं और जब अपने शैतानों में जाते हैं तो (उन से) कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं और (मुहम्मद सल्ल० के मानने वालों से) तो हम हंसी किया करते हैं।[3] (१४) इन (मुनाफ़िक़ों) से ख़ुदा हंसी करता है और उन्हें मोहलत दिए जाता है कि शरारत व सरकशी में पड़े बहक रहे हैं।[1] (१५) ये वह लोग हैं जिन्होंने हिदायत छोड़ कर गुमराही ख़रीदी, तो न तो उन की तिजारत ही ने कुछ नफ़ा दिया और न वे हिदायतयाब (हिदायत पाए हुए) ही हुए। (१६) उन की मिसाल उस शख़्स की-सी है, जिस ने (अंधेरी रात में) आग जलायी। जब आग ने उसके चारों तरफ़ की चीज़ें रोशन कीं, तो ख़ुदा ने उन लोगों की रोशनी ख़त्म कर दी और उन को अंधेरों में छोड़ दिया कि कुछ नहीं देखते।[2] (१७) (ये) बहरे हैं, गूंगे हैं, अंधे हैं कि (किसी तरह सीधे रास्ते की तरफ़) लौट ही नहीं सकते। (१८) या उन की मिसाल मेंह (वर्षा) की-सी है कि आसमान से (बरस रहा हो और) उस में अंधेरे पर अंधेरा (छा रहा) हो और (बादल) गरज (रहा) हो और बिजली (कड़क रही) हो तो ये कड़क से (डर कर) मौत के डर से कानों में उंगलियां दे लें और ख़ुदा काफ़िरों को

---

१. इन्ज़ार के मानी डर की ख़बर सुनाने, ख़ौफ़ दिलाने, वाज़ व नसीहत और हिदायत करने, राह बताने और मुतनब्बह व आगाह करने के हैं। पहले मानी तो मशहूर हैं, वाज़ व नसीहत और हिदायत के मानी इस आयत से ज़ाहिर हैं। 'इन्नमा अन-त मुंज़िरुंव-व लि कुल्लि क़ौमिन हाद०' यानी ऐ पैग़म्बर! तुम तो सिर्फ़ हिदायत करने वाले हो और हर क़ौम में हिदायत करने वाले हो गुज़रे हैं।' इस का साफ़ मतलब यह है कि जिस तरह पहले हादी व रहनुमा आते रहे हैं और वे हर क़ौम में आते रहे हैं, इसी तरह तुम भी हिदायत करने वाले और रास्ता दिखाने वाले हो। इस जगह 'इन्ज़ार' से वाज़ व नसीहत के मानी ही मुनासिब हैं और वही तर्जुमे में अख़्तियार किया गया है।

२. दुनिया में इस क़िस्म के लोग भी मौजूद हैं जिन के दिल नसीहत का असर नहीं लेते और ईमानी नूर से रोशन नहीं होते, ऐसे लोग शक़ी-ए-अज़ली (हमेशा के बद-बख़्त) कहलाते हैं। ऐसों ही के हक़ में यह इर्शाद हुआ है कि उन को नसीहत करना या न करना बराबर है। दिलों और कानों पर मुहर लगने और आंखों पर परदा पड़ने से

(शेष पृष्ठ ६७५ पर)

★रु० १/१ आ ७ ※व० लाज़िम

यकादुल्बर्क़ु यख़्तफ़ु अब्सारहुम् कुल्लमा अज़ा-अ लहुम् मशौ फ़ीहि व इज़ा अज़्-ल-म अलैहिम् क़ामू व लौ शा-अल्लाहु ल ज़-ह-ब बि सम्अिहिम् व अब्सारिहिम् इन्नल्ला-ह अला कुल्लि शैइन् क़दीर ★ (२०)
या अय्युहन्नासुअ्-बुदू रब्बकुमुल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् वल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून (२१) अल्लज़ी ज-अ-ल लकुमुलअर्-ज़ फ़िराशंव्वस्समा-अ बिना अंव्-व अन्ज़-ल मिनस्समा-इ मा-अन् फ़-अख़्-र-ज बिही मिनस्-स-मराति रिज़्-क़ल्लकुम फ़ला तज्-अलू लिल्लाहि अन्दादंव्व अन्तुम् तअ़्-लमून (२२) व इन कुन्तुम् फ़ी रैबिम्मिम्मा नज़्ज़ल्ना अ़ला अ़ब्दिना फ़अ्तू बिसूरतिम्-मिम्-मिस्लिही वद्अू शुहदा - अ - कुम् मिन्दूनिल्लाहि इन कुन्तुम् सादिक़ीन (२३) फ़इल्लम् तफ़्अ़लू व लन् तफ़्अ़लू फ़त्तक़ुन्नारल्लती वक़ूदुहन्नासु वल्हिजारतु उअिद्दत् लिल्काफ़िरीन (२४) व बश्शिरिल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति अन-न लहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु कुल्लमा रुज़िक़ू मिन्हा मिन् स-म-रतिर्रिज़्क़न् क़ालू हाज़ल्लज़ी रुज़िक़्ना मिन् क़ब्लु व उतू बिही मुतशाबिहन् व लहुम् फ़ीहा अज़्वाजुम् - मुतह्हरतुंव-व हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२५) इन्नल्ला-ह ला यस्तह्यी अंय्यज़्रि-ब म-स-लम्मा बअ़ूज़-तन् फ़मा फ़ौक़हा फ़-अम्मल्लज़ी-न आमनू फ़ यअ्-लमू-न अन्नहुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् व अम्मल्लज़ी-न क-फ़रू फ़ यक़ूलू-न माज़ा अरादल्लाहु बि हाज़ा म-स-लन् ✻ युज़िल्लु बिही कसीरंव-व यह्दी बिही कसीरन् व मा युज़िल्लु बिही इल्लल् - फ़ासिक़ीन (२६) अल्लज़ी-न यन्क़ुज़ू-न अ़ह्दल्लाहि मिम्बअ़्दि मीसाक़िही व यक़्तअ़ू-न मा अ - म - रल्लाहु बिही अंय्यू-स-ल व युफ़्सिदू-न फ़िल्अर्ज़ि उलाइ-क हुमुल्ख़ासिरून (२७)

بِالْكٰفِرِيْنَ ۝ يَكَادُ الْبَرْقُ يَخْطَفُ اَبْصَارَهُمْ ۭ كُلَّمَآ اَضَاۗءَ لَهُمْ مَّشَوْا فِيْهِ ۙ وَ
اِذَآ اَظْلَمَ عَلَيْهِمْ قَامُوْا ۭ وَلَوْ شَاۗءَ اللّٰهُ لَذَهَبَ بِسَمْعِهِمْ وَاَبْصَارِهِمْ ۭ اِنَّ
اللّٰهَ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اعْبُدُوْا رَبَّكُمُ الَّذِيْ خَلَقَكُمْ
وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ۝ الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ الْاَرْضَ فِرَاشًا
وَّالسَّمَاۗءَ بِنَاۗءً ۠ وَّاَنْزَلَ مِنَ السَّمَاۗءِ مَاۗءً فَاَخْرَجَ بِهٖ مِنَ الثَّمَرٰتِ رِزْقًا
لَّكُمْ ۚ فَلَا تَجْعَلُوْا لِلّٰهِ اَنْدَادًا وَّاَنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝ وَاِنْ كُنْتُمْ فِيْ رَيْبٍ مِّمَّا
نَزَّلْنَا عَلٰي عَبْدِنَا فَاْتُوْا بِسُوْرَةٍ مِّنْ مِّثْلِهٖ ۠ وَادْعُوْا شُهَدَاۗءَكُمْ مِّنْ
دُوْنِ اللّٰهِ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ۝ فَاِنْ لَّمْ تَفْعَلُوْا وَلَنْ تَفْعَلُوْا فَاتَّقُوا
النَّارَ الَّتِيْ وَقُوْدُھَا النَّاسُ وَالْحِجَارَةُ ښ اُعِدَّتْ لِلْكٰفِرِيْنَ ۝ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ اَنَّ لَھُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۭ كُلَّمَا
رُزِقُوْا مِنْهَا مِنْ ثَمَرَةٍ رِّزْقًا ۙ قَالُوْا ھٰذَا الَّذِيْ رُزِقْنَا مِنْ قَبْلُ ۙ وَاُتُوْا
بِهٖ مُتَشَابِهًا ۭ وَلَھُمْ فِيْهَآ اَزْوَاجٌ مُّطَهَّرَةٌ ڎ وَّھُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝ اِنَّ اللّٰهَ
لَا يَسْتَحْىٖٓ اَنْ يَّضْرِبَ مَثَلًا مَّا بَعُوْضَةً فَمَا فَوْقَهَا ۭ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا
فَيَعْلَمُوْنَ اَنَّهُ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّهِمْ ۚ وَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَيَقُوْلُوْنَ مَاذَآ اَرَادَ
اللّٰهُ بِهٰذَا مَثَلًا ۘ يُضِلُّ بِهٖ كَثِيْرًا ۙ وَّيَهْدِيْ بِهٖ كَثِيْرًا ۭ وَمَا يُضِلُّ بِهٖٓ اِلَّا
الْفٰسِقِيْنَ ۝ الَّذِيْنَ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَ اللّٰهِ مِنْ بَعْدِ مِيْثَاقِهٖ ۠ وَيَقْطَعُوْنَ مَآ
اَمَرَ اللّٰهُ بِهٖٓ اَنْ يُّوْصَلَ وَيُفْسِدُوْنَ فِي الْاَرْضِ ۭ اُولٰۗىِٕكَ ھُمُ الْخٰسِرُوْنَ ۝

(हर तरफ़ से) घेरे हुए है ।[1] (१६) क़रीब है कि बिजली (की चमक) उन की आंखों (की रोशनी) को उचक ले जाए। जब बिजली (चमकती और) उन पर रोशनी डालती है तो उस में चल पड़ते हैं और जब अंधेरा हो जाता है तो खड़े के खड़े रह जाते हैं और अगर ख़ुदा चाहता तो उनके कानों (के सुनने की ताक़त) और आंखों (के देखने की ताक़त, दोनों) को बर्बाद कर देता। बिला शुब्हा ख़ुदा हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है ।(२०) ✶

लोगो ! अपने परवरदिगार की इबादत करो, जिस ने तुमको और तुमसे पहले लोगों को पैदा किया, ताकि तुम (उस के अज़ाब से) बचो। (२१) जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को बिछौना और आसमान को छत बनाया और आसमान से मेंह बरसा कर तुम्हारे खाने के लिए क़िस्म-क़िस्म के मेवे-पैदा किए। पस किसी को ख़ुदा का हमसर (बराबर का) न बनाओ और तुम जानते तो हो। (२२) और अगर तुमको इस (किताब) में, जो उस ने अपने बंदे (मुहम्मद अरबी सल्ल०) पर नाज़िल फ़रमायी है, कुछ शक हो तो इसी तरह की एक सूरः तुम भी बना लाओ और ख़ुदा के सिवा जो तुम्हारे मददगार हों, उन को भी बुला लो अगर तुम सच्चे हो।[2] (२३) लेकिन अगर (ऐसा) न कर सको और हरगिज़ नहीं कर सकोगे तो उस आग से डरो, जिस का ईंधन आदमी और पत्थर होंगे (और जो) काफ़िरों के लिए तैयार की गयी है। (२४) और जो लोग ईमान ले आए और नेक अमल करते रहे, उन को ख़ुशख़बरी सुना दो कि उन के लिए (नेमत के) बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, जब उन्हें उन में से किसी क़िस्म का मेवा खाने को दिया जाएगा तो कहेंगे यह तो वही है जो हम को पहले दिया गया था और उन को एक दूसरे से शक्ल में मिलते-जुलते मेवे दिए जाएंगे और वहां उन के लिए पाक बीवियां होंगी और वे बहिश्तों में हमेशा रहेंगे। (२५) ख़ुदा इस बात से नहीं शर्माता कि मच्छर या उस से बढ़ कर किसी चीज़ (जैसे मक्खी-मकड़ी वग़ैरह) की मिसाल बयान फ़रमाए। जो मोमिन हैं, वे यक़ीन करते हैं कि वह उन के परवरदिगार की तरफ़ से सच है और जो काफ़िर हैं, वे कहते हैं कि इस मिसाल से ख़ुदा चाहता क्या है ⁂ इस से (ख़ुदा) बहुतों को गुमराह करता है और बहुतों को हिदायत बख़्शता है और गुमराह भी करता है तो नाफ़रमानों ही को।[1] (२६) जो ख़ुदा के इक़रार को मज़बूत करने के बाद तोड़ देते हैं और जिस चीज़ (यानी रिश्तेदारी) के जोड़े रखने का ख़ुदा ने हुक्म दिया है, उसको तोड़े डालते हैं और ज़मीन में ख़राबी

---

व लन्नसारा हत्ता तत्तबि - अ मिल्लतहुम् क़ुल् इन्-न हुदल्लाहि हुवल्हुदा
व लइनित्तबअ्-त अह्वा - अहुम् बअ्-दल्लज़ी जा - अ-क मिनल्अिल्मि,
मा ल - क मिनल्लाहि मिंव्वलिय्यिंव - व ला नसीर ※ (१२०)

وقالوا لن يدخل الجنة إلا من كان هودا أو نصارى تلك أمانيهم قل
هاتوا برهانكم إن كنتم صادقين ۝ بلى من أسلم وجهه لله وهو
محسن فله أجره عند ربه ولا خوف عليهم ولا هم يحزنون ۝ وقالت اليهود
ليست النصارى على شيء وقالت النصارى ليست اليهود على شيء وهم
يتلون الكتب كذلك قال الذين لا يعلمون مثل قولهم فالله يحكم
بينهم يوم القيمة فيما كانوا فيه يختلفون ۝ ومن أظلم ممن منع
مسجد الله أن يذكر فيها اسمه وسعى في خرابها أولئك ما كان لهم أن
يدخلوها إلا خائفين لهم في الدنيا خزي ولهم في الآخرة عذاب عظيم ۝
ولله المشرق والمغرب فأينما تولوا فثم وجه الله إن الله واسع عليم ۝
وقالوا اتخذ الله ولدا سبحنه بل له ما في السموت والأرض كل له
قنتون ۝ بديع السموت والأرض وإذا قضى أمرا فإنما يقول له كن
فيكون ۝ وقال الذين لا يعلمون لولا يكلمنا الله أو تأتينا آية كذلك
قال الذين من قبلهم مثل قولهم تشابهت قلوبهم قد بينا الآيت
لقوم يوقنون ۝ إنا أرسلنك بالحق بشيرا ونذيرا ولا تسئل عن أصحب
الجحيم ۝ ولن ترضى عنك اليهود ولا النصارى حتى تتبع ملتهم قل
إن هدى الله هو الهدى ولئن اتبعت أهواءهم بعد الذي جاءك من
العلم ما لك من الله من ولي ولا نصير ۝ الذين آتينهم الكتب يتلونه

★रु. १३/१३ आ ६ ※ व. मंज़िल

रहा है। (११०) और (यहूदी और ईसाई) कहते हैं कि यहूदियों और ईसाइयों के सिवा कोई बहिश्त में नहीं जाने का। ये उन लोगों के बातिल ख्यालात हैं। (ऐ पैग़म्बर! इन से) कह दो कि अगर सच्चे हो तो दलील पेश करो। (१११) हां, जो खुदा के आगे गरदन झुका दे (यानी ईमान ले आए) और वह भले काम करने वाला हो, तो उसका बदला उस के परवरदिगार के पास है और ऐसे लोगों को (क़ियामत के दिन) न किसी तरह का खौफ़ होगा और न वे ग़मनाक होंगे। (११२) ★

और यहूदी कहते हैं कि ईसाई रास्ते पर नहीं और ईसाई कहते हैं कि यहूदी रास्ते पर नहीं, हालांकि वे किताबे (इलाही) पढ़ते हैं। इसी तरह बिल्कुल उन्हीं की-सी बात वे लोग कहते हैं जो (कुछ) नहीं जानते (यानी मुश्रिक), तो जिस बात में ये लोग इख़्तिलाफ़ कर रहे हैं, खुदा क़ियामत के दिन इसका उन में फ़ैसला कर देगा। (११३) और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है जो खुदा की मस्जिदों में खुदा के नाम का ज़िक्र किये जाने को मना करे और उनकी वीरानी में कोशिश करे। उन लोगों को कुछ हक़ नहीं कि उनमें दाख़िल हों, मगर डरते हुए। उन के लिए दुनिया में रुसवाई है और आख़िरत में बड़ा अज़ाब। (११४) और पूरब और पच्छिम सब खुदा ही का है, तो जिधर तुम रुख करो, उधर खुदा की ज़ात है। बेशक खुदा वुस्अत वाला और बा-ख़बर है।[1] (११५) और ये लोग इस बात के क़ायल हैं कि खुदा औलाद रखता है। (नहीं,) वह पाक है, बल्कि जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है, सब उसी का है और सब उसके फ़रमांबरदार हैं। (११६) (वही) आसमानों और ज़मीन का पैदा करने वाला है। जब कोई काम करना चाहता है, तो उस को इर्शाद फ़रमा देता है कि होजा, तो वह हो जाता है। (११७) और जो लोग (कुछ) नहीं जानते (यानी मुश्रिक), वे कहते हैं कि खुदा हमसे कलाम क्यों नहीं करता या हमारे पास कोई निशानी क्यों नहीं आती। इसी तरह जो लोग उन से पहले थे, वे भी इन्हीं की-सी बातें किया करते थे। इन लोगों के दिल आपस में मिलते-जुलते हैं। जो लोग यक़ीन वाले हैं, उनके (समझाने के) लिए हमने निशानियां बयान कर दी हैं। (११८) (ऐ मुहम्मद!) हमने तुमको सच्चाई के साथ खुशख़बरी सुनाने वाला और डराने वाला बना कर भेजा है और दोज़खियों के बारे में तुमसे कुछ पूछताछ न होगी। (११९) और तुमसे न तो यहूदी कभी खुश होंगे और न ईसाई, यहां तक कि उनके मज़हब की पैरवी अख़्तियार कर लो। (उनसे) कह दो कि खुदा की हिदायत (यानी दीने इस्लाम) ही हिदायत है और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम अपने पास इल्म (यानी खुदा की वह्य) के आ जाने पर भी उनकी ख्वाहिशों पर चलोगे, तो तुम को (खुदा के अज़ाब से बचाने वाला) न कोई दोस्त

---

१. इस आयत के शाने नुज़ूल में मुख़्तलिफ़ क़ौल हैं। किसी ने कहा, यह आयत उस आयत से पहले नाज़िल हुई थी, जिस में काबे की तरफ़ मुंह कर के नमाज़ पढ़ने का हुक्म है यानी पूरब और पच्छिम सब खुदा ही का है। जिस तरफ़ तुम मुंह करोगे, खुदा ही की तरफ़ होगा। कुछ ने कहा कि उन लोगों के हक़ में उतरी थी, जिन को काबे की दिशा मालूम न हुई और उन्होंने और तरफ़ नमाज़ पढ़ ली थी। खुदा ने उन को बताया था कि खुदा किसी तरफ़ मख़्सूस नहीं, इस लिए उन की नमाज़ हो गयी। मुजाहिद रह० कहते हैं कि जब आयत 'उद्अू नी अस्तजिब लकुम नाज़िल हुई, तो लोगों ने पूछा कि हम किधर मुंह कर के दुआ मांगा करें। खुदा ने फ़रमाया कि खुदा हर तरफ़ मौजूद है, जिस तरफ़ चाहो, मुंह कर के दुआ मांगा करो।

अल्लज़ी-न आतैना-हुमुल्किता-ब यत्लूनहू हक़्-क़ तिलावतिही, उलाॅ-इ-क युअ्मिनू-न बिही, व मंय्यक्फ़ुर् बिही फ़-उलाॅ-इ-क हुमुल्-ख़ासिरून ★ (१२१) या बनी इस्राॅ-इलज़्कुरू निअ्-मतियल्लती अन्-अम्तु अलैकुम् व अन्नी फ़ज़्ज़ल्तुकुम् अ-लल्-आलमीन (१२२) वत्तक़ू यौमल्ला तज्ज़ी नफ़्सुन् अन् नफ़्सिन् शैअंव्-व ला युक़्बलु मिन्हा अद्लुंव्-व ला तन्फ़अुहा शफ़ाअतुंव्-व ला हुम् युन्सरून (१२३) व इज़िब्तला इब्राही-म रब्बुहू बिकलिमातिन् फ़-अ-तम्महुन्-न, क़ा-ल इन्नी जाअिलु-क लिन्नासि इमामन्, क़ा-ल व मिन् ज़ुर्रिय्यती, क़ा-ल ला यनालु अ़ह्दिज़्ज़ालिमीन (१२४) व इज़् जअल्नल्बै-त मसाबतल्-लिन्नासि व अम्नन्, वत्तख़िज़ू मिम्मक़ामि इब्राही-म मुसल्लन्, व अहिद्ना इला इब्राही-म व इस्माअी-ल अन् तह्हिरा बैति-य लित्ताॅ-इफ़ी-न वल्आकिफ़ी-न वर्रुक्कअिस्सुजूद (१२५) व इज़् क़ा-ल इब्राहीमु रब्बिज्अल् हाज़ा ब-ल-दन् आमिनंव्वर्ज़ुक़् अह्लहू मिनस्समराति मन् आ-म-न मिन्हुम् बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि, क़ा-ल व मन् क-फ़-र फ़-उमत्तिअुहू क़लीलन् सुम्-म अज़्तर्रुहू इला अ़ज़ाबिन्नारि, व बिअ्सल्मसीर (१२६) व इज़् यर्फ़अु इब्राहीमुल्-क़वाअि-द मिनल्बैति व इस्माअीलु, रब्बना त-क़ब्बल् मिन्ना, इन्न-क अन्तस्समीअुल्-अलीम (१२७) रब्बना वज्अल्ना मुस्लिमैनि ल-क व मिन् ज़ुर्रिय्यतिना उम्मतम्-मुस्लिमतल्लक, व अरिना मनासि-कना व तुब् अलैना, इन्न-क अन्तत्तव्वाबुर्रहीम (१२८) रब्बना वब्अस् फ़ीहिम् रसूलम्मिन्हुम् यत्लू अलैहिम् आयाति-क व युअ़ल्लिमु-हुमुल्-किता-ब वल्हिक्म-त व युज़क्कीहिम्, इन्न-क अन्तल्-अज़ीज़ुल्-हकीम ★ (१२९) व मंय्यर्ग़बु अम्मिल्लति इब्राही-म इल्ला मन् सफ़ि-ह नफ़्सहू, व ल-क़दिस्तफ़ैनाहु फ़िद्दुन्या, व इन्नहू फ़िल्आख़िरति ल-मिनस्सालिहीन (१३०) इज़् क़ा-ल लहू रब्बुहू अस्लिम्, क़ा-ल अस्लम्तु लिरब्बिल्आलमीन (१३१)

حَقَّ تِلَاوَتِهِ أُولَٰئِكَ يُؤْمِنُونَ بِهِ وَمَنْ يَكْفُرْ بِهِ فَأُولَٰئِكَ هُمُ الْخَاسِرُونَ ۝
يَا بَنِي إِسْرَائِيلَ اذْكُرُوا نِعْمَتِيَ الَّتِي أَنْعَمْتُ عَلَيْكُمْ وَأَنِّي فَضَّلْتُكُمْ عَلَى
الْعَالَمِينَ ۝ وَاتَّقُوا يَوْمًا لَا تَجْزِي نَفْسٌ عَنْ نَفْسٍ شَيْئًا وَلَا يُقْبَلُ مِنْهَا
عَدْلٌ وَلَا تَنْفَعُهَا شَفَاعَةٌ وَلَا هُمْ يُنْصَرُونَ ۝ وَإِذِ ابْتَلَىٰ إِبْرَاهِيمَ رَبُّهُ
بِكَلِمَاتٍ فَأَتَمَّهُنَّ قَالَ إِنِّي جَاعِلُكَ لِلنَّاسِ إِمَامًا قَالَ وَمِنْ ذُرِّيَّتِي قَالَ
لَا يَنَالُ عَهْدِي الظَّالِمِينَ ۝ وَإِذْ جَعَلْنَا الْبَيْتَ مَثَابَةً لِلنَّاسِ وَأَمْنًا وَ
اتَّخِذُوا مِنْ مَقَامِ إِبْرَاهِيمَ مُصَلًّى وَعَهِدْنَا إِلَىٰ إِبْرَاهِيمَ وَإِسْمَاعِيلَ أَنْ
طَهِّرَا بَيْتِيَ لِلطَّائِفِينَ وَالْعَاكِفِينَ وَالرُّكَّعِ السُّجُودِ ۝ وَإِذْ قَالَ إِبْرَاهِيمُ رَبِّ
اجْعَلْ هَٰذَا بَلَدًا آمِنًا وَارْزُقْ أَهْلَهُ مِنَ الثَّمَرَاتِ مَنْ آمَنَ مِنْهُمْ بِاللَّهِ
وَالْيَوْمِ الْآخِرِ قَالَ وَمَنْ كَفَرَ فَأُمَتِّعُهُ قَلِيلًا ثُمَّ أَضْطَرُّهُ إِلَىٰ عَذَابِ
النَّارِ وَبِئْسَ الْمَصِيرُ ۝ وَإِذْ يَرْفَعُ إِبْرَاهِيمُ الْقَوَاعِدَ مِنَ الْبَيْتِ وَإِسْمَاعِيلُ
رَبَّنَا تَقَبَّلْ مِنَّا إِنَّكَ أَنْتَ السَّمِيعُ الْعَلِيمُ ۝ رَبَّنَا وَاجْعَلْنَا مُسْلِمَيْنِ لَكَ وَ
مِنْ ذُرِّيَّتِنَا أُمَّةً مُسْلِمَةً لَكَ وَأَرِنَا مَنَاسِكَنَا وَتُبْ عَلَيْنَا إِنَّكَ أَنْتَ
التَّوَّابُ الرَّحِيمُ ۝ رَبَّنَا وَابْعَثْ فِيهِمْ رَسُولًا مِنْهُمْ يَتْلُو عَلَيْهِمْ آيَاتِكَ وَيُعَلِّمُهُمُ
الْكِتَابَ وَالْحِكْمَةَ وَيُزَكِّيهِمْ إِنَّكَ أَنْتَ الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ ۝ وَمَنْ يَرْغَبُ عَنْ
مِلَّةِ إِبْرَاهِيمَ إِلَّا مَنْ سَفِهَ نَفْسَهُ وَلَقَدِ اصْطَفَيْنَاهُ فِي الدُّنْيَا وَإِنَّهُ فِي الْآخِرَةِ
لَمِنَ الصَّالِحِينَ ۝ إِذْ قَالَ لَهُ رَبُّهُ أَسْلِمْ قَالَ أَسْلَمْتُ لِرَبِّ الْعَالَمِينَ ۝ وَوَصَّىٰ

★रु. १४/१३ आ ६ ★रु. १५/१५ आ ८

होगा, न कोई मददगार ※ (१२०) जिन लोगों को हमने किताब दी है वे, उसको (ऐसा) पढ़ते हैं, जैसा उसके पढ़ने का हक़ है। यही लोग उस पर ईमान रखने वाले हैं, और जो लोग इसको नहीं मानते, वे घाटा पाने वाले हैं। (१२१) ★

ऐ बनी इस्राईल ! मेरे वे एहसान याद करो जो मैंने तुम पर किये और यह कि मैंने तुमको दुनिया वालों पर फ़ज़ीलत बख़्शी। (१२२) और उस दिन से डरो जब कोई शख़्स किसी शख़्स के कुछ काम न आए और न उससे बदला क़ुबूल किया जाए, और न उसको किसी की सिफ़ारिश कुछ फ़ायदा दे और न लोगों को (किसी और तरह की) मदद मिल सके। (१२३) और जब परवरदिगार ने कुछ बातों में इब्राहीम की आज़माइश की तो वह उनमें पूरे उतरे। ख़ुदा ने कहा कि मैं तुमको लोगों का पेशवा बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि (परवरदिगार !) मेरी औलाद में से भी (पेशवा बनाइयो)। ख़ुदा ने फ़रमाया कि हमारा इक़रार ज़ालिमों के लिए नहीं हुआ करता।[1] (१२४) और जब हमने ख़ाना-ए-काबा को लोगों के लिए जमा होने और अम्न पाने की जगह मुक़र्रर किया और (हुक्म दिया कि) जिस मक़ाम पर इब्राहीम खड़े हुए थे, उसको नमाज़ की जगह बना लो। और इब्राहीम और इस्माईल को कहा कि तवाफ़ करने वालों और एतिकाफ़ करने वालों रुकूअ करने वालों और सज्दा करने वालों के लिए मेरे घर को पाक साफ़ रखा करो।[2] (१२५) और जब इब्राहीम ने दुआ की कि ऐ परवरदिगार ! इस जगह को अम्न का शहर बना और इसके रहने वालों में से जो ख़ुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान लाएं, उनके खाने को मेवे अता कर, तो ख़ुदा ने फ़रमाया कि जो काफ़िर होगा, मैं उस को भी किसी क़दर मुतमत्तेअ करूंगा (फ़ायदा पहुंचने दूंगा) (मगर) फिर उसको (अज़ाबे) दोज़ख़ के (भुगतने के) लिए ना-चार कर दूंगा और वह बुरी जगह है। (१२६) और जब इब्राहीम और इस्माईल बैतुल्लाह की बुनियादें ऊंची कर रहे थे (तो दुआ किये जाते थे कि) ऐ हमारे परवरदिगार ! हमसे यह ख़िदमत क़ुबूल फ़रमा। बेशक तू सुनने वाला (और) जानने वाला है। (१२७) ऐ परवरदिगार ! हम को अपना फ़रमांबरदार बनाए रखियो और हमारी औलाद में से भी एक गिरोह को अपना ताबेअदार बनाते रहियो। और (परवरदिगार !) हमें हमारे तरीक़े इबादत के बता और हमारे हाल पर (रहम के साथ) तवज्जोह फ़रमा। बेशक तू तवज्जोह फ़रमाने वाला मेहरबान है। (१२८) ऐ परवरदिगार ! इन (लोगों) में इन्हीं में से एक पैग़म्बर भेजियो, जो उनको तेरी आयत पढ़-पढ़ कर सुनाया करे और किताब और हिकमत सिखाया करे और उन (के दिलों) को पाक-साफ़ किया करे। बेशक तू ग़ालिब और हिकमत वाला है।[3] (१२९) ★

और इब्राहीम के दीन से कौन मुंह फेर सकता है, उसके अलावा, जो निहायत नादान हो। हमने उनको दुनिया में भी चुना था और आख़िरत में भी वह नेकों में होंगे। (१३०) जब उनसे उनके परवरदिगार ने फ़रमाया कि इस्लाम ले आओ, तो उन्होंने अर्ज़ की कि मैं दुनियाओं के रब के आगे

---

१. इसमें इख़्तिलाफ़ है कि यह आज़माइश नुबूवत से पहले थी या बाद में, और थी तो किस मामले में थी। कभी भी हो और किसी भी मामले में भी हो, वह इस मामले में पूरे निकले और, ख़ुदा ने ख़ुश हो कर उनको लोगों का पेशवा बनाया, मगर यह भी फ़रमा दिया कि तुम्हारी औलाद में ज़ालिम भी होंगे और जो ऐसे होंगे उन को पेशवाई का दर्जा नहीं मिलेगा। जो नेक होंगे, वही पेशवा बनाये जाएंगे।

२. यानी नमाज़ पढ़ने वालों के वास्ते पाक करें काबे के घर को कि उसे अल्लाह तआला ने अपना घर कहा है।

३. जिन पैग़म्बर के लिए हज़रत इब्राहीम ने दुआ की थी, वह मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम थे। एक हदीस में आप ने फ़रमाया कि मैं अपने बाप इब्राहीम की दुआ हूं, ईसा अलै० की बशारत हूं, अपनी मां का ख़्वाब हूं।

※ न. मंज़िल ★रु. १४/१४ आ ६ ★रु. १५/१५ आ ८

व वस़्सा बिहा इब्राहीमु बनीहि व यअ़्क़ूबु ط या बनि-य्य इन्नल्लाहस्तफ़ा लकुमुद्दी-न फ़-ला तमूतुन-न इल्ला व अन्तुम् मुस्लिमून ط (१३२) अम् कुन्तुम् शु-हदा-अ इज़् ह़-ज़-र यअ़्क़ूबल्मौतु ط इज़् क़ा-ल लिबनीहि मा तअ़्बुदू-न मिम्बअ़्दी ط क़ालू नअ़्बुदु इला-ह-क व इला-ह आबा-इ-क इब्राही-म व इस्माई-ल व इस्हा-क़ इलाहंव-वाहिदंव-व नह़्नु लहू मुस्लिमून (१३३) तिल्-क उम्मतुन् क़द् ख़-लत् ج लहा मा क-स-बत् व लकुम् मा क-सब्तुम् ج व ला तुस्अलू-न अ़म्मा कानू यअ़्-मलून (१३४) व क़ालू कूनू हूदन् औ नस़ारा तह्तदू ط क़ुल् बल् मिल्ल-त इब्राही-म ह़नीफ़न् ط व मा का-न मिनल्-मुश्रिकीन् (१३५) क़ूलू आमन्ना बिल्लाहि व मा उन्ज़ि-ल इलैना व मा उन्ज़ि-ल इला इब्राही-म व इस्माई-ल व इस्हा-क़ व यअ़्क़ू-ब वल् अस्बाति व मा ऊति-य मूसा व ईसा व मा ऊति-यन्नबिय्यू-न मिर्रब्बिहिम् ج ला नुफ़र्रिक़ु बै-न अ-ह़दिम् मिन्हुम् صلے व नह़्नु लहू मुस्लिमून (१३६) फ़ इन् आमनू बिमिस्लि मा आमन्तुम् बिही फ़-क़दिह्तदौ ج व इन् तवल्लौ फ़-इन्नमा हुम् फ़ी शिक़ाक़िन् ج फ़-स-यक्फ़ी-क-हुमुल्लाहु ج व हुवस्समीउ़ल्-अ़लीम ط (१३७) सिब्ग़तल्लाहि ج व मन् अह़्सनु मिनल्लाहि सिब्ग़तंव-व नह़्नु लहू आ़बिदून (१३८) क़ुल् अतुहा-ज्जूनना फ़िल्लाहि व हु-व रब्बुना व रब्बुकुम् ج व लना अअ़्-मालुना व लकुम् अअ़्-मालुकुम् ج व नह़्नु लहू मुख़्लिसून (१३९) अम् तक़ूलू-न इन्-न इब्राही-म व इस्माई-ल व इस्हा-क़ व यअ़्क़ू-ब वल्अस्बा-त कानू हूदन् औ नस़ारा ط क़ुल् अ अन्तुम् अअ़्लमु अमिल्लाहु ط व मन् अज़्लमु मिम्मन् क-त-म शहा-द-तन् अ़िन्दहू मिनल्लाहि ط व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अ़म्मा तअ़्-मलून (१४०) तिल्-क उम्मतुन् क़द् ख़-लत् ج लहा मा क-स-बत् व लकुम् मा क-सब्तुम् ج व ला तुस्अलू-न अ़म्मा कानू यअ़्-मलून ★ (१४१)

البقرة ١٢ الم

بها ابرهم بنيه ويعقوب يبني ان الله اصطفى لكم الدين فلا تموتن الا
وانتم مسلمون ۝ ام كنتم شهداء اذ حضر يعقوب الموت اذ قال لبنيه
ما تعبدون من بعدي قالوا نعبد الهك واله ابائك ابرهم واسمعيل
واسحق الها واحدا ونحن له مسلمون ۝ تلك امة قد خلت لها ما
كسبت ولكم ما كسبتم ولا تسئلون عما كانوا يعملون ۝ وقالوا كونوا هودا
او نصرى تهتدوا قل بل ملة ابرهم حنيفا وما كان من المشركين ۝
قولوا امنا بالله وما انزل الينا وما انزل الى ابرهم واسمعيل واسحق
ويعقوب والاسباط وما اوتي موسى وعيسى وما اوتي النبيون من
ربهم لا نفرق بين احد منهم ونحن له مسلمون ۝ فان امنوا
بمثل ما امنتم به فقد اهتدوا وان تولوا فانما هم في شقاق
فسيكفيكهم الله وهو السميع العليم ۝ صبغة الله ومن
احسن من الله صبغة ونحن له عبدون ۝ قل اتحاجوننا في الله
وهو ربنا وربكم ولنا اعمالنا ولكم اعمالكم ونحن له مخلصون ۝ ام
تقولون ان ابرهم واسمعيل واسحق ويعقوب والاسباط كانوا
هودا او نصرى قل ءانتم اعلم ام الله ومن اظلم ممن كتم شهدة
عنده من الله وما الله بغافل عما تعملون ۝ تلك امة قد خلت
لها ما كسبت ولكم ما كسبتم ولا تسئلون عما كانوا يعملون ۝

منزل

★रु. १६/१६ आ १२

इताअत के लिए सर झुकाता हूं। (१३१) और इब्राहीम ने अपने बेटों को इसी बात की वसीयत की और याक़ूब ने भी (अपने बेटों से यही कहा) कि बेटा! खुदा ने तुम्हारे लिए यही दीन पसन्द फ़रमाया है, तो मरना तो मुसलमान ही मरना। (१३२) भला जिस वक़्त याक़ूब वफ़ात पाने लगे, तो तुम उस वक़्त मौजूद थे, जब उन्होंने अपने बेटों से पूछा कि मेरे बाद तुम किसकी इबादत करोगे? तो उन्होंने कहा कि आपके माबूद और आपके बाप-दादा इब्राहीम और इस्माईल और इस्हाक़ के माबूद की इबादत करेंगे, जो अकेला माबूद है। और हम उसी के हुक्मबरदार हैं। (१३३) यह जमाअत गुज़र चुकी, उन को उनके आमाल (का बदला मिलेगा)और तुमको तुम्हारे आमाल (का) और जो अमल वे करते थे, उनकी पूछ-गछ तुमसे नहीं होगी। (१३४) और (यहूदी और ईसाई) कहते हैं कि यहूदी या ईसाई हो जाओ तो सीधे रास्ते पर लग जाओ। (ऐ पैग़म्बर! उनसे) कह दो, (नहीं), बल्कि (हम) दीने इब्राहीम (अख़्तियार किये हुए हैं), जो एक ख़ुदा के हो रहे थे और मुश्रिकों में से न थे। (१३५) (मुसलमानो!) कहो कि हम ख़ुदा पर ईमान लाए और जो (किताब) हम पर उतरी, उस पर और जो (सहीफ़े) इब्राहीम और इस्माईल और इस्हाक़ और याक़ूब और उनकी औलाद पर नाज़िल हुए, उन पर और जो (किताबें) मूसा और ईसा को अता हुईं उन पर और जो और पैग़म्बरों को उनके परवरदिगार की तरफ़ से मिलीं, उन पर (सब पर ईमान लाये)। हम उन पैग़म्बरों में से किसी में कुछ फ़र्क़ नहीं करते और हम उसी (ख़ुदा-ए-वाहिद) के फ़रमांबरदार हैं। (१३६) तो अगर ये लोग भी उसी तरह ईमान लायें, जिस तरह तुम ईमान ले आये हो, तो वे हिदायत पा जाएं और अगर मुंह फेर लें (और न मानें) तो वे (तुम्हारे) मुख़ालिफ़ हैं और उनके मुक़ाबले में तुम्हें ख़ुदा काफ़ी है और वह सुनने वाला (और) जानने वाला है। (१३७) (कह दो कि हमने) ख़ुदा का रंग (अख़्तियार कर लिया है) और ख़ुदा से बेहतर रंग किसका हो सकता है और हम उसी की इबादत करने वाले हैं।[1] (१३८) (उन से कहो, क्या तुम ख़ुदा के बारे में हमसे झगड़ते हो, हालांकि वही हमारा और तुम्हारा परवरदिगार है और हमको हमारे आमाल (का बदला मिलेगा) और तुम को तुम्हारे आमाल (का) और हम ख़ास उसी की इबादत करने वाले हैं। (१३९) (ऐ यहूद व नसारा!) क्या तुम इस बात के क़ायल हो कि इब्राहीम और इस्माईल और इस्हाक़ और याक़ूब और उनकी औलाद यहूदी और ईसाई थे। (ऐ मुहम्मद! उनसे) कहो कि भला तुम ज़्यादा जानते हो या ख़ुदा?[2] और उससे बढ़ कर ज़ालिम कौन, जो ख़ुदा की गवाही को जो उस के पास (किताब में मौजूद) है, छिपाये और जो कुछ तुम लोग कर रहे हो, ख़ुदा उससे ग़ाफ़िल नहीं।[3] (१४०) यह जमाअत गुज़र चुकी। उन को (वह) मिलेगा, जो उन्होंने किया और तुमको वह जो तुमने किया और जो अमल वे करते थे, उन की पूछ तुम से नहीं

---

१. ख़ुदा के रंग से मुराद उस का दीन इस्लाम है जो ख़ुदा की तौहीदे ख़ालिस सिखाता है और उसी को इबादत का मुस्तहिक़ बनाता है।

२. यहूद व नसारा हज़रत इब्राहीम और पैग़म्बरों को अपने मज़हब की तरफ़ मंसूब करते थे यानी उन्हें यहूदी या ईसाई कहते थे। ख़ुदा ने उन के इस क़ौल को रद्द कर दिया और फ़रमाया कि उन के हाल को तुम ज़्यादा जानते हो या ख़ुदा। ख़ुदा के इल्म में तो न वे यहूदी थे, न ईसाई, बल्कि अकेले ख़ुदा के फ़रमांबरदार और उन का मज़हब इस्लाम (यानी ख़ुदा की हुक्मबरदारी) था।

३. गवाही से मुराद इस बात की जानकारी है कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल हैं, जिन का हाल उन की किताबों में लिखा हुआ था, लेकिन वे जान-बूझ कर उस को छिपाते थे और अल्लाह ने गवाही छिपाने वाले को निहायत ज़ालिम क़रार दिया।

दूसरा पारः स-यक़ूलु

सूरतुल्-बक़रति आयत १४२ से २५२

سَيَقُولُ السُّفَهَاءُ مِنَ النَّاسِ مَا وَلَّاهُمْ عَنْ قِبْلَتِهِمُ الَّتِي
كَانُوا عَلَيْهَا ۚ قُلْ لِلَّهِ الْمَشْرِقُ وَالْمَغْرِبُ ۚ يَهْدِي مَنْ يَشَاءُ إِلَىٰ
صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ ۞ وَكَذَٰلِكَ جَعَلْنَاكُمْ أُمَّةً وَسَطًا لِتَكُونُوا شُهَدَاءَ
عَلَى النَّاسِ وَيَكُونَ الرَّسُولُ عَلَيْكُمْ شَهِيدًا ۗ وَمَا جَعَلْنَا الْقِبْلَةَ
الَّتِي كُنْتَ عَلَيْهَا إِلَّا لِنَعْلَمَ مَنْ يَتَّبِعُ الرَّسُولَ مِمَّنْ يَنْقَلِبُ عَلَىٰ
عَقِبَيْهِ ۚ وَإِنْ كَانَتْ لَكَبِيرَةً إِلَّا عَلَى الَّذِينَ هَدَى اللَّهُ ۗ وَمَا كَانَ اللَّهُ
لِيُضِيعَ إِيمَانَكُمْ ۚ إِنَّ اللَّهَ بِالنَّاسِ لَرَءُوفٌ رَحِيمٌ ۞ قَدْ نَرَىٰ
تَقَلُّبَ وَجْهِكَ فِي السَّمَاءِ ۖ فَلَنُوَلِّيَنَّكَ قِبْلَةً تَرْضَاهَا ۚ فَوَلِّ وَجْهَكَ
شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَحَيْثُ مَا كُنْتُمْ فَوَلُّوا وُجُوهَكُمْ شَطْرَهُ ۗ وَ
إِنَّ الَّذِينَ أُوتُوا الْكِتَابَ لَيَعْلَمُونَ أَنَّهُ الْحَقُّ مِنْ رَبِّهِمْ ۗ وَمَا اللَّهُ بِغَافِلٍ
عَمَّا يَعْمَلُونَ ۞ وَلَئِنْ أَتَيْتَ الَّذِينَ أُوتُوا الْكِتَابَ بِكُلِّ آيَةٍ مَا تَبِعُوا
قِبْلَتَكَ ۚ وَمَا أَنْتَ بِتَابِعٍ قِبْلَتَهُمْ ۚ وَمَا بَعْضُهُمْ بِتَابِعٍ قِبْلَةَ بَعْضٍ ۚ
وَلَئِنِ اتَّبَعْتَ أَهْوَاءَهُمْ مِنْ بَعْدِ مَا جَاءَكَ مِنَ الْعِلْمِ ۙ إِنَّكَ إِذًا لَمِنَ
الظَّالِمِينَ ۞ الَّذِينَ آتَيْنَاهُمُ الْكِتَابَ يَعْرِفُونَهُ كَمَا يَعْرِفُونَ أَبْنَاءَهُمْ ۖ وَ
إِنَّ فَرِيقًا مِنْهُمْ لَيَكْتُمُونَ الْحَقَّ وَهُمْ يَعْلَمُونَ ۞ الْحَقُّ مِنْ رَبِّكَ ۖ فَلَا
تَكُونَنَّ مِنَ الْمُمْتَرِينَ ۞ وَلِكُلٍّ وِجْهَةٌ هُوَ مُوَلِّيهَا ۖ فَاسْتَبِقُوا الْخَيْرَاتِ ۚ
أَيْنَ مَا تَكُونُوا يَأْتِ بِكُمُ اللَّهُ جَمِيعًا ۚ إِنَّ اللَّهَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ۞

स-यक़ूलुस्सुफ़हा-उ मिनन्नासि मा वल्लाहुम् अन् क़िब्लतिहिमुल्लती कानू अलैहा ط क़ुल् लिल्लाहिल् - मश्रिक़ु वल्मग़्रिबु ط यह्दी मंय्यशा-उ इला सिरातिम् - मुस्तक़ीम (१४२) व कज़ालि-क ज-अल्नाकुम् उम्मतंव-व-स-तल्लितकूनू शुहदा-अ अलन्नासि व यकूनर्रसूलु अलैकुम् शहीदन् ط व मा जअल्नल्-क़िब्-ल-तल्लती कुन्-त अलैहा इल्ला लिनअ्-ल-म मंय्यत्तबिअुर्रसू-ल मिम्मंय्यन्क़लिबु अला अक़िबैहि ط व इन् कानत् ल-कबीरतन् इल्ला अलल्लज़ी-न हदल्लाहु ط व मा कानल्लाहु लियुज़ी-अ ईमानकुम् ط इन्नल्ला-ह बिन्नासि ल रऊफ़ुर्रहीम (१४३) क़द् नरा तक़ल्लु-ब वज्हि-क फ़िस्समा-इ ج फ़-ल-नुवल्लियन्न-क क़िब्लतन् तर्ज़ाहा ص फ़-वल्लि वज्ह-क शत्रल्-मस्जिदिल्-हरामि ط व हैसु मा कुन्तुम् फ़ वल्लू वुजूहकुम् शत्रहू ط व इन्नल्लज़ी-न ऊतुल्किता-ब ल-यअ्-लमू-न अन्नहुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् ط व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा यअ्-मलून (१४४) व लइन् अतैतल्लज़ी-न ऊतुल्किता-ब बिकुल्लि आयतिम्मा तबि-अू क़िब्ल-तक ج व मा अन्-त बि ताबिअिन् क़िब्लतहुम् ج व मा बअ्ज़ुहुम् बि ताबिअिन् क़िब्ल-त बअ्ज़िन् ط व लइनित्तबअ्-त अह्वा-अ हुम् मिम्बअ्दि मा जा-अ-क मिनल्अिल्मि ل इन्न-क इज़ल्-ल मिनज़्-ज़ालिमीन (१४५) अल्लज़ी-न आतैना - हुमुल्किता-ब यअ्-रिफ़ूनहू कमा यअ्-रिफ़ू-न अब्ना-अ हुम् ط व इन्-न फ़रीक़म्-मिन्हुम् ल-यक्तुमूनल्-हक़्-क़ व हुम् यअ्-लमून (१४६) अल्हक़्क़ु मिर्रब्बि-क फ़ ला तकूनन्-न मिनल्मुम्तरीन ★ (१४७)

ब. ला. व. मं. ★ रु. १७/१ आ ६

होगी(१४१) ★ मूर्ख लोग कहेंगे कि मुसलमान जिस क़िब्ले पर (पहले से चले आते) थे (अब) उससे क्यों मुंह फेर बैठे ? तुम कह दो कि पूरब और पच्छिम सब ख़ुदा ही का है। वह जिसको चाहता है, सीधे रास्ते पर चलाता है। (१४२) और इसी तरह हमने तुम को उम्मते मोतदिल बनाया है,[1] ताकि तुम लोगों पर गवाह बनो और (आख़िरी) पैग़म्बर तुम पर गवाह बनें और जिस क़िब्ले पर तुम (पहले) थे, उसको हमने इसलिए मुक़र्रर किया था कि मालूम करें कि कौन (हमारे) पैग़म्बर का ताबेअ रहता है और कौन उल्टे पांव फिर जाता है और यह बात (यानी क़िब्ले की तब्दीली, लोगों को) बोझ मालूम हुई, मगर जिन को ख़ुदा ने हिदायत बख़्शी है, (वे इसे बोझ नहीं समझते) और ख़ुदा ऐसा नहीं कि तुम्हारे ईमान को यों ही खो दे। ख़ुदा तो लोगों पर बड़ा मेहरबान (और) रहमत वाला है। (१४३) (ऐ मुहम्मद !) हम तुम्हारा आसमान की तरफ़ मुंह फेर-फेर कर देखना देख रहे हैं।[2] सो हम तुमको उसी क़िब्ले की तरफ़, जिसको तुम पसन्द करते हो, मुंह करने का हुक्म देंगे। तो अपना मुंह मस्जिदे हराम (यानी ख़ाना-ए-काबा) की तरफ़ फेर लो। और तुम लोग जहां हुआ करो (नमाज़ पढ़ने के वक़्त) उसी मस्जिद की तरफ़ मुंह कर लिया करो। और जिन लोगों को किताब दी गयी है वे ख़ूब जानते हैं कि (नया क़िब्ला) उनके परवरदिगार की तरफ़ से हक़ है और जो काम ये लोग करते हैं, ख़ुदा उन से बे-ख़बर नहीं।[3] (१४४) और अगर तुम इन अह्ले किताब के पास तमाम निशानियां भी लेकर आओ तो भी ये तुम्हारे क़िब्ले की पैरवी न करें और तुम भी उनके क़िब्ले की पैरवी करने वाले नहीं और उनमें से भी कुछ-कुछ के क़िब्ले के पैरो नहीं और अगर तुम बावजूद इसके कि तुम्हारे पास दानिश (यानी वह्ये ख़ुदा) आ चुकी है, उनकी ख़्वाहिशों के पीछे चलोगे तो ज़ालिमों में (दाख़िल) हो जाओगे ▩ (१४५) जिन लोगों को हमने किताब दी है, वे इन (आख़िरी पैग़म्बर) को इस तरह पहचानते हैं, जिस तरह अपने बेटों को पहचाना करते हैं, मगर एक फ़रीक़ इन में से सच्ची बात को जान-बूझ कर छिपा रहा है ▩ (१४६) (ऐ पैग़म्बर ! यह नया क़िब्ला) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ है तुम हरगिज़ शक करने

---

१. उम्मते मोतदिल, जिस में न इफ़रात है, न तफ़रीत। ईसाइयों ने इफ़रात अपनाया कि हज़रत ईसा को ख़ुदा का बेटा बना दिया और यहूदियों ने तफ़रीत किया किया कि उन की पैग़म्बरी को भी न माना। उम्मते मोतदिल (दर्मियानी राह वाले) ने न उन को हद से ज़्यादा बढ़ाया, न घटाया बल्कि उन के दर्जे पर रखा।

२. यानी इस ग़रज़ से मुंह फेर-फेर देखना कि कब काबे की तरफ़ मुंह कर के नमाज़ पढ़ने का हुक्म होता है, क्योंकि आप दिल से चाहते थे कि अपने दादा इब्राहीम अलैहिस्सलाम के क़िब्ले की तरफ़ मुंह कर के नमाज़ पढ़ा करें।

३. हज़रत पैग़म्बर सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने ज़ुहर की नमाज़ की दो रक्अतें पढ़ी थीं कि यह आयत उतरी और हुक्म हुआ कि काबे की तरफ़ मुंह कर के नमाज़ पढ़ो। हज़रत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम उसी वक़्त नमाज़ के अन्दर काबे की तरफ़ फिर गये और दो रक्अतें बाक़ी काबे की तरफ़ पढ़ीं। इस मस्जिद को ज़ू क़िब्लतैन कहते हैं यानी दो क़िब्ले वाली।

★रु. १६/१६ आ १२ ▩ व. ला. ▩ व. म

व लि कुल्लिव्विज्हतुन् हु-व मुवल्लीहा फ़स्तबिक़ुल्-ख़ैराति ※ अै-न मा तकूनू यअ्ति बिकुमुल्लाहु जमीअ़न् ॰ इन्नल्ला-ह अ़ला कुल्लि शैइन् क़दीर (१४८) व मिन् हैसु ख़-रज्-त फ़ वल्लि वज्ह-क शत्रल्-मस्जिदिल्-ह़रामि ॰ व इन्नहू लल्ह़क़्क़ु मिर्रब्बिक ॰ व मल्लाहु बि ग़ाफ़िलिन् अ़म्मा तअ़्-मलून (१४९) व मिन् हैसु ख़-रज्-त फ़ वल्लि वज्-ह-क शत्रल्-मस्जिदिल् - ह़रामि ॰ व हैसु मा कुन्तुम् फ़ वल्लू वुजूहकुम् शत्-रहू लि-अल्ला यकू-न लिन्नासि अ़लैकुम् हुज्जतुन् इल्लल्लज़ी-न ज़-लमू मिन्हुम् ∴ फ़ ला तख़्शौहुम् वख़्शौनी ∴ व लि उतिम्-म निअ़-मती अ़लैकुम् व ल-अ़ल्लकुम् तह्तदून (१५०) कमा असैल्ना फ़ीकुम् रसूलम्-मिन्कुम् यत्लू अ़लैकुम् आयातिना व युज़क्कीकुम् व युअ़ल्लिमु-कुमुल्-किता-ब वल्ह़िक्म-त व युअ़ल्लिमुकुम् मा लम् तकूनू तअ़-लमून ॰ (१५१) फ़ज़्कुरूनी अज़्कुर्-कुम् वश्कुरूली व ला तक्फ़ुरून ★(१५२) या अय्युहल्लज़ी-न आमनुस्तअ़ीनू बिस्सब्रि वस्सलाति ॰ इन्नल्ला - ह म-अ़स्साबिरीन (१५३) व ला तक़ूलू लिमंय्युक़्तलु फ़ी सबीलिल्लाहि अम्वातुन् ॰ बल् अह़्याउंव-व लाकिल्ला तश्अ़ुरून (१५४) व ल-नब्लुवन्नकुम् बि शैइम्-मिनल्ख़ौफ़ि वल्जूअ़ि व नक़्सिम्मिनल्-अम्वालि वल-अन्फ़ुसि वस्सम-राति व बश्शिरिस्साबिरीन ॰(१५५) अल्लज़ी-न इज़ा असाबत्-हुम् मुसीबतुन् क़ालू इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिअ़ून ॰ (१५६) उलाइ-क अ़लैहिम् स-लवातुम्-मिर्रब्बिहिम् व रह़्मतुन् क़फ़्ल व उला-इ-क हुमुल्मुह्तदून (१५७) इन्नस्सफ़ा वलमर्व-त मिन् शआ़-इरिल्लाहि ॰ फ़ मन् ह़ज्जल्बै-त अविअ़्-त-म-र फ़ ला जुना-ह अ़लैहि अंय्यत्तव-व-फ़ बिहिमा ॰ व मन् त-तव्-व-अ़ ख़ैरन् ॰ फ़-इन्नल्ला-ह शाकिरुन् अ़लीम (१५८)

البقرة ٢ ١٨ سيقول ٢

وَمِنْ حَيْثُ خَرَجْتَ فَوَلِّ وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۖ وَإِنَّهُ لَلْحَقُّ
مِن رَّبِّكَ ۗ وَمَا اللَّهُ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُونَ ۝ وَمِنْ حَيْثُ خَرَجْتَ فَوَلِّ
وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَحَيْثُ مَا كُنتُمْ فَوَلُّوا وُجُوهَكُمْ
شَطْرَهُ لِئَلَّا يَكُونَ لِلنَّاسِ عَلَيْكُمْ حُجَّةٌ إِلَّا الَّذِينَ ظَلَمُوا مِنْهُمْ
فَلَا تَخْشَوْهُمْ وَاخْشَوْنِي وَلِأُتِمَّ نِعْمَتِي عَلَيْكُمْ وَلَعَلَّكُمْ تَهْتَدُونَ ۝
كَمَا أَرْسَلْنَا فِيكُمْ رَسُولًا مِّنكُمْ يَتْلُو عَلَيْكُمْ آيَاتِنَا وَيُزَكِّيكُمْ وَ
يُعَلِّمُكُمُ الْكِتَابَ وَالْحِكْمَةَ وَيُعَلِّمُكُم مَّا لَمْ تَكُونُوا تَعْلَمُونَ ۝
فَاذْكُرُونِي أَذْكُرْكُمْ وَاشْكُرُوا لِي وَلَا تَكْفُرُونِ ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ
آمَنُوا اسْتَعِينُوا بِالصَّبْرِ وَالصَّلَاةِ ۚ إِنَّ اللَّهَ مَعَ الصَّابِرِينَ ۝ وَلَا
تَقُولُوا لِمَن يُقْتَلُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتٌ ۚ بَلْ أَحْيَاءٌ وَلَٰكِن لَّا
تَشْعُرُونَ ۝ وَلَنَبْلُوَنَّكُم بِشَيْءٍ مِّنَ الْخَوْفِ وَالْجُوعِ وَنَقْصٍ مِّنَ
الْأَمْوَالِ وَالْأَنفُسِ وَالثَّمَرَاتِ ۗ وَبَشِّرِ الصَّابِرِينَ ۝ الَّذِينَ إِذَا
أَصَابَتْهُم مُّصِيبَةٌ قَالُوا إِنَّا لِلَّهِ وَإِنَّا إِلَيْهِ رَاجِعُونَ ۝ أُولَٰئِكَ
عَلَيْهِمْ صَلَوَاتٌ مِّن رَّبِّهِمْ وَرَحْمَةٌ ۖ وَأُولَٰئِكَ هُمُ الْمُهْتَدُونَ ۝
إِنَّ الصَّفَا وَالْمَرْوَةَ مِن شَعَائِرِ اللَّهِ ۖ فَمَنْ حَجَّ الْبَيْتَ أَوِ
اعْتَمَرَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْهِ أَن يَطَّوَّفَ بِهِمَا ۚ وَمَن تَطَوَّعَ خَيْرًا فَإِنَّ
اللَّهَ شَاكِرٌ عَلِيمٌ ۝ إِنَّ الَّذِينَ يَكْتُمُونَ مَا أَنزَلْنَا مِنَ الْبَيِّنَاتِ

منزل ١

※ व. न बी स. ∴ मु. अ़ि मु ता ख़. ३ ★रु. १८/२ आ ५

वालों में न होना(१४७)★ और हर एक (फ़िर्क़े) के लिए एक दिशा (मुक़र्रर) है, जिधर वह (इबादत के वक़्त) मुंह किया करते हैं, तो तुम नेकियों में बाज़ी ले जाओ ※ तुम जहां होगे, ख़ुदा तुम सब को जमा कर लेगा। बेशक ख़ुदा हर चीज़ पर क़ादिर है। (१४८) और तुम जहां से निकलो[1] (नमाज़ में) अपना मुंह मस्जिदे मोहतरम की तरफ़ कर लिया करो। बे-शुब्हा वह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ है।[2] और तुम लोग जो कुछ करते हो, ख़ुदा उससे बे-ख़बर नहीं। (१४९) और तुम जहां से निकलो मस्जिदे मोहतरम की तरफ़ मुंह (कर के नमाज़ पढ़ा) करो और मुसलमानो! तुम जहां हुआ करो उसी (मस्जिद की तरफ़ रुख़ किया करो (यह ताकीद) इस लिए (की गयी है) कि लोग तुमको किसी तरह का इल्ज़ाम न दे सकें, मगर इनमें से जो ज़ालिम हैं (वे इल्ज़ाम दें तो दें)[3] सो उनसे मत डरना और मुझी से डरते रहना और यह भी मक़सूद है कि मैं तुमको अपनी तमाम नेमतें बख़्शूं और यह भी कि तुम सीधे रास्ते पर चलो।∴(१५०) जिस तरह (और नेमतों के साथ) हमने तुम में तुम्हीं में से एक रसूल भेजे हैं जो तुमको हमारी आयतें पढ़-पढ़ कर सुनाते और तुम्हें पाक बनाते और किताब (यानी क़ुरआन) और दानाई सिखाते हैं और ऐसी बातें बताते हैं जो तुम पहले नहीं जानते थे।∴(१५१) सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा एहसान मानते रहना और ना-शुक्री न करना। (१५२) ★

ऐ ईमान वालो! सब्र और नमाज़ से मदद लिया करो। बेशक ख़ुदा सब्र करने वालों के साथ है।[4] (१५३) और जो लोग ख़ुदा की राह में मारे जाएं, उनके बारे में यह न कहना कि वे मरे हुए हैं (वे मुर्दा नहीं) बल्कि ज़िंदा हैं, लेकिन तुम नहीं जानते। (१५४) और हम किसी क़दर ख़ौफ़ और भूख और माल और जानों और मेवों के नुक़्सान से तुम्हारी आज़माइश करेंगे, तो सब्र करने वालों को (ख़ुदा की ख़ुश्नूदी की) ख़ुशख़बरी सुना दो। (१५५) इन लोगों पर जब कोई मुसीबत आती है, तो कहते हैं कि हम ख़ुदा ही का माल हैं और उसी की तरफ़ लौट कर जाने वाले हैं। (१५६) यही लोग हैं जिन पर उनके परवरदिगार की मेहरबानी और रहमत है और यही सीधे रास्ते पर हैं। (१५७) बेशक सफ़ा और मर्व: (पहाड़) (ख़ुदा की) निशानियों में से हैं, तो जो शख़्स ख़ाना-काबा का हज या उमर:[5] करे उस पर कुछ गुनाह नहीं कि दोनों का तवाफ़ करे। (बल्कि तवाफ़ एक क़िस्म का नेक काम है) और जो कोई नेक काम करे तो ख़ुदा क़द्र शनास (क़द्र समझने

१. मुसाफ़िरों के वास्ते।

२. यानी काबे की तरफ़ नमाज़ पढ़ना सही है।

३. यहूद तो मुसलमानों को यह इल्ज़ाम देते थे कि हमारे दीन को तो नहीं मानते, मगर नमाज़ हमारे क़िब्ले की तरफ़ पढ़ते हैं और मुश्रिक यह इल्ज़ाम देते थे कि दावा तो इब्राहीम के दीन पर चलने का है, लेकिन उन के क़िब्ले की तरफ़ नमाज़ नहीं पढ़ते, ख़ाना-ए-काबा के क़िब्ला मुक़र्रर कर देने से ये एतराज़ दूर हो गये।

४. यहां से इशारा इस तरफ़ है कि जिहाद में मेहनत उठाओ और मज़बूती अख़्तियार करो।

५. उमर: भी एक क़िस्म का हज है और इस में और हज में यह फ़र्क़ है कि हज ख़ास ज़िलहिज्जा के महीने में होता है और उमर: और महीनों में भी हो सकता है। दूसरे हज में एहराम बांधना, फिर अर्फ़े के दिन अरफ़ात में हाज़िर होना, फिर वहां से चल कर मश्अरुल हराम में रात रहना, फिर सुबह ईद को मिना में पहुंच कर कंकर फेंकना और हजामत बनवा कर एहराम उतारना और मक्के में जा कर काबे का तवाफ़ करना, फिर सफ़ा व मर्व: के दर्मियान (जो मक्के में दो पहाड़ियां हैं) दौड़ना वग़ैरह होता है और उमर: में सिर्फ़ एहराम बांधना, ख़ाना-काबा का तवाफ़ करना, सफ़ा और मर्व: के दर्मियान दौड़ना होता है।

इन्नल्लज़ी-न यक्तुमू-न मा अन्ज़ल्ना मिनल्बय्यिनाति वल्हुदा मिम्बअ़्दि मा बय्यन्नाहु लिन्नासि फ़िल्किताबि ॥ उलाइ-क यल्अनुहुमुल्लाहु व यल्अनुहुमुल्लाअिनून (१५९) इल्लल्लज़ी-न ताबू व अस्लहू व बय्यनू फ़ उलाइ-क अतूबु अलैहिम् ० व अनत्तव्वाबुर्रहीम (१६०) इन्नल्लज़ी-न क-फ़रू व मातू व हुम् कुफ़्फ़ारुन् उलाइ-क अलैहिम् लअ़्-नतुल्लाहि वल्मलाइकति वन्नासि अज्मअ़ीन ॥ (१६१) ख़ालिदी-न फ़ीहा ० ला युख़फ़्फ़फ़ु अन्हुमुल्-अ़ज़ाबु व ला हुम् युन्ज़रून (१६२) व इलाहुकुम् इलाहुंव्वाहिदुन् ० ला इला - ह इल्ला हुवर्रह़्मानुर्रहीम ★(१६३) इन - न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि वल्फ़ुल्किल्लती तज्री फ़िल्बह़्रि बिमा यन्फ़अ़ुन्ना-स व मा अन्ज़लल्लाहु मिनस्समा-इ मिम्मा-इन् फ़-अह़्या बिहिल्अर-ज़ बअ़्-द मौतिहा व बस्-स फ़ीहा मिन् कुल्लि दाब्बतिंव ० - व तस्रीफ़िर्रियाहि वस्सहाबिल्-मुसख़्ख़रि बैनस्समाइ वल्अर्ज़ि ल-आयातिल्-लिक़ौमिंय्यअ़्क़िलून (१६४) व

وَالْهُدٰى مِنْ بَعْدِ مَا بَيَّنّٰهُ لِلنَّاسِ فِي الْكِتٰبِ ۙ اُولٰٓئِكَ يَلْعَنُهُمُ
اللّٰهُ وَيَلْعَنُهُمُ اللّٰعِنُوْنَ ۙ اِلَّا الَّذِيْنَ تَابُوْا وَاَصْلَحُوْا وَبَيَّنُوْا فَاُولٰٓئِكَ
اَتُوْبُ عَلَيْهِمْ ۚ وَاَنَا التَّوَّابُ الرَّحِيْمُ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَمَاتُوْا
وَهُمْ كُفَّارٌ اُولٰٓئِكَ عَلَيْهِمْ لَعْنَةُ اللّٰهِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالنَّاسِ
اَجْمَعِيْنَ ۝ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۚ لَا يُخَفَّفُ عَنْهُمُ الْعَذَابُ وَلَا هُمْ
يُنْظَرُوْنَ ۝ وَاِلٰهُكُمْ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ ۚ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ
اِنَّ فِيْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَ
الْفُلْكِ الَّتِيْ تَجْرِيْ فِي الْبَحْرِ بِمَا يَنْفَعُ النَّاسَ وَمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ مِنَ
السَّمَآءِ مِنْ مَّآءٍ فَاَحْيَا بِهِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا وَبَثَّ فِيْهَا مِنْ كُلِّ
دَآبَّةٍ ۪ وَّتَصْرِيْفِ الرِّيٰحِ وَالسَّحَابِ الْمُسَخَّرِ بَيْنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ
لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ۝ وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَّتَّخِذُ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ
اَنْدَادًا يُّحِبُّوْنَهُمْ كَحُبِّ اللّٰهِ ۭ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَشَدُّ حُبًّا لِّلّٰهِ ۭ وَلَوْ
يَرَى الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اِذْ يَرَوْنَ الْعَذَابَ ۙ اَنَّ الْقُوَّةَ لِلّٰهِ جَمِيْعًا ۙ وَّ
اَنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعَذَابِ ۝ اِذْ تَبَرَّاَ الَّذِيْنَ اتُّبِعُوْا مِنَ الَّذِيْنَ
اتَّبَعُوْا وَرَاَوُا الْعَذَابَ وَتَقَطَّعَتْ بِهِمُ الْاَسْبَابُ ۝ وَقَالَ الَّذِيْنَ
اتَّبَعُوْا لَوْ اَنَّ لَنَا كَرَّةً فَنَتَبَرَّاَ مِنْهُمْ كَمَا تَبَرَّءُوْا مِنَّا ۭ كَذٰلِكَ
يُرِيْهِمُ اللّٰهُ اَعْمَالَهُمْ حَسَرٰتٍ عَلَيْهِمْ ۭ وَمَا هُمْ بِخٰرِجِيْنَ مِنَ

मिनन्नासि मंय्यत्तख़िज़ु मिन् दूनिल्लाहि अन्दादंय्युहिब्बूनहुम् क-हुब्बिल्लाहि वल्लज़ी-न आमनू अशद्दु हुब्बल्लिल्लाहि व लौ य-रल्लज़ी-न ज़-लमू इज़ यरौनल्-अ़ज़ा-ब ॥ अन्नल्क़ुव्-व-त लिल्लाहि जमीअ़ंव्-व अन्नल्ला-ह शदीदुल्-अ़ज़ाब (१६५) इज़् तबर्र-अल्लज़ीनत्तुबिअ़ू मिनल्लज़ीनत्त-बअ़ू व र-अवुल्-अ़ज़ा-ब व तक़त्तअ़त् बिहिमुल्अस्बाब (१६६) व क़ालल्लज़ीनत्तबअ़ू लौ अन्-न लना कर्रतन् फ़ न-त-बर्र-अ मिन्हुम् कमा तबर्रअ़ू मिन्ना ॥ कज़ालि-क युरीहिमुल्लाहु अअ़्-मालहुम् ह़-सरातिन् अलैहिम् ॥ व मा हुम् बिख़ारिजी-न मिनन्नार ★(१६७)

★रु. १९/३ आ ११ ★रु. २०/४ आ ४

वाला) और जानने वाला है। (१५८) जो लोग हमारे हुक्मों और हिदायतों को, जो हमने नाज़िल की हैं, (किसी फ़सादी ग़रज से) छिपाते हैं, बावजूद कि हमने उनको लोगों के (समझाने के लिए) अपनी किताब में खोल-खोल कर बयान कर दिया है। ऐसों पर ख़ुदा और तमाम लानत करने वाले लानत करते हैं।[1] (१५९) हां, जो तौबा करते हैं और अपनी हालत दुरुस्त कर लेते और (इलाही हुक्मों को) साफ़-साफ़ बयान कर देते हैं, तो मैं उनके क़ुसूर माफ़ कर देता हूं और मैं बड़ा माफ़ करने वाला (और) रहम वाला हूं। (१६०) जो लोग काफ़िर हुए और काफ़िर ही मरे, ऐसों पर ख़ुदा की और फ़रिश्तों की और लोगों की, सब की लानत। (१६१) वे हमेशा इसी (लानत) में (गिरफ़्तार) रहेंगे। उन से न तो अज़ाब ही हल्का किया जाएगा और न उन्हें कुछ मोहलत मिलेगी। (१६२) और (लोगो)! तुम्हारा माबूद ख़ुदा-ए-वाहिद है। उस बड़े मेहरबान (और) रहम वाले के सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं। (१६३) ★

बेशक आसमानों और ज़मीन के पैदा करने में और रात और दिन के एक दूसरे के पीछे आने-जाने में और कश्तियों (और जहाज़ों) में, जो दरिया में, लोगों के फ़ायदे की चीज़ें लेकर रवां हैं और मेंह में जिसको ख़ुदा आसमान से बरसाता और उससे ज़मीन को मरने के बाद ज़िंदा (यानी ख़ुश्क हुए पीछे सर-सब्ज़) कर देता है और ज़मीन पर हर क़िस्म के जानवर फैलाने में और हवाओं के चलाने में और बादलों में जो आसमान और ज़मीन के दर्मियान फिरे रहते हैं अक़्लमंदों के लिए (ख़ुदा की क़ुदरत की) निशानियां हैं।[2] (१६४) और कुछ लोग ऐसे हैं जो ग़ैर ख़ुदा को (ख़ुदा का) शरीक बनाते[3] और उनसे ख़ुदा की-सी मुहब्बत करते हैं, लेकिन जो ईमान वाले हैं, वे तो ख़ुदा ही के सबसे ज़्यादा दोस्तदार हैं। और ऐ काश! ज़ालिम लोग जो बात अज़ाब के वक़्त देखेंगे, अब देख लेते कि सब तरह की ताक़त ख़ुदा ही को है और यह कि ख़ुदा सख़्त अज़ाब करने वाला है। (१६५) उस दिन (कुफ़्र के) पेशवा अपने पैरवों से बे-ज़ारी ज़ाहिर करेंगे और (दोनों) अज़ाबे (इलाही) देख लेंगे और उनके आपस के ताल्लुक़ात ख़त्म हो जाएंगे। (१६६) (यह हाल देख कर) पैरवी करने वाले (हसरत से) कहेंगे कि ऐ काश! हमें दुनिया में जाना नसीब होता कि जिस तरह ये तुमसे बेज़ार हो रहे हैं, इसी तरह हम भी इनसे बेज़ार हों। इस तरह ख़ुदा उनके अमल उन्हें हसरत बना कर दिखायेगा और वे दोज़ख़ से नहीं निकल सकेंगे। (१६७) ★

---

१. यह उन के हक़ में है जिन को इल्म ख़ुदा का पहुंचा और दुनिया की ग़रज़ के वास्ते छिपा रखा।

२. मक्के के काफ़िर कहते थे कि हम तीन सौ साठ ख़ुदा रखते हैं, उन से एक शहर का बन्दोबस्त ख़ूब नहीं हो सकता और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) कहते हैं कि मेरा एक ख़ुदा है, जो सारी दुनिया का काम बनाता है, सो कोई दलील लाए अपनी बात पर, तब हम सच जानें, सो अल्लाह तआला ने इस आयत में अपनी क़ुदरत की निशानियां बयान कीं।

३. यानी वे कहते हैं कि ख़ुदा-ए-तआला के बराबर ये भी हैं।

या अय्युहन्नासु कुलू मिम्मा फ़िल्अर्ज़ि हलालन् तय्यिबंव्-व ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि इन्नहू लकुम् अदुव्वुम्मुबीन (१६८) इन्नमा यअ्मुरुकुम् बिस्सू-इ वल्फ़ह्शा-इ व अन् तक़ूलू अलल्लाहि मा ला तअ्-लमून (१६९) व इज़ा क़ी-ल लहुमुत्तबिअू मा अन्ज़लल्लाहु क़ालू बल् नत्तबिअु मा अल्फ़ैना अलैहि आबा-अना अ-व-लौ का-न आबा-उहुम् ला यअ्क़िलू-न शैअंव-व ला यह्तदून (१७०) व म-सलुल्लज़ी-न क-फ़रू क-म-सलिल्लज़ी यन्अिक़ु बिमा ला यस्मअु इल्ला दुआ-अंव-व निदा-अन् सुम्मुम्-बुक्मुन् अुम्युन् फ़हुम् ला यअ्क़िलून (१७१) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू कुलू मिन् तय्यिबाति मा र-ज़क़्नाकुम् वश्कुरू लिल्लाहि इन् कुन्तुम् इय्याहु तअ्-बुदून (१७२) इन्नमा हर्र-म अलैकुमुल्मै-त-त वद्-द-म व लह्मल्ख़िन्ज़ीरि व मा उहिल-ल बिही लि ग़ैरिल्लाहि फ़ मनिज़्तुर् - र ग़ै-र बाग़िव्-व ला आदिन् फ़-ला इस्-म अलैहि इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (१७३)

النَّارِ ۝ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ كُلُوْا مِمَّا فِي الْاَرْضِ حَلٰلًا طَيِّبًا ۖ وَّلَا تَتَّبِعُوْا
خُطُوٰتِ الشَّيْطٰنِ ۭ اِنَّهٗ لَكُمْ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ۝ اِنَّمَا يَاْمُرُكُمْ
بِالسُّوْۗءِ وَالْفَحْشَاۗءِ وَاَنْ تَقُوْلُوْا عَلَي اللّٰهِ مَا لَا تَعْلَمُوْنَ ۝ وَاِذَا قِيْلَ
لَهُمُ اتَّبِعُوْا مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ قَالُوْا بَلْ نَتَّبِعُ مَآ اَلْفَيْنَا عَلَيْهِ اٰبَاۗءَنَا ۭ
اَوَلَوْ كَانَ اٰبَاۗؤُھُمْ لَا يَعْقِلُوْنَ شَـيْــــًٔا وَّلَا يَهْتَدُوْنَ ۝ وَمَثَلُ الَّذِيْنَ
كَفَرُوْا كَمَثَلِ الَّذِيْ يَنْعِقُ بِمَا لَا يَسْمَعُ اِلَّا دُعَاۗءً وَّنِدَاۗءً ۭ صُمٌّ
بُكْمٌ عُمْيٌ فَهُمْ لَا يَعْقِلُوْنَ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُلُوْا مِنْ
طَيِّبٰتِ مَا رَزَقْنٰكُمْ وَاشْكُرُوْا لِلّٰهِ اِنْ كُنْتُمْ اِيَّاهُ تَعْبُدُوْنَ ۝
اِنَّمَا حَرَّمَ عَلَيْكُمُ الْمَيْتَةَ وَالدَّمَ وَلَحْمَ الْخِنْزِيْرِ وَمَآ اُهِلَّ بِهٖ
لِغَيْرِ اللّٰهِ ۚ فَمَنِ اضْطُرَّ غَيْرَ بَاغٍ وَّلَا عَادٍ فَلَآ اِثْمَ عَلَيْهِ ۭ اِنَّ اللّٰهَ
غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ يَكْتُمُوْنَ مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ مِنَ الْكِتٰبِ
وَيَشْتَرُوْنَ بِهٖ ثَـمَنًا قَلِيْلًا ۙ اُولٰۗىِٕكَ مَا يَاْكُلُوْنَ فِيْ بُطُوْنِهِمْ اِلَّا
النَّارَ وَلَا يُكَلِّمُهُمُ اللّٰهُ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ وَلَا يُزَكِّيْهِمْ ښ وَلَهُمْ عَذَابٌ
اَلِيْمٌ ۝ اُولٰۗىِٕكَ الَّذِيْنَ اشْتَرَوُا الضَّلٰلَةَ بِالْهُدٰى وَالْعَذَابَ
بِالْمَغْفِرَةِ ۚ فَمَآ اَصْبَرَھُمْ عَلَي النَّارِ ۝ ذٰلِكَ بِاَنَّ اللّٰهَ نَزَّلَ
الْكِتٰبَ بِالْحَقِّ ۭ وَاِنَّ الَّذِيْنَ اخْتَلَفُوْا فِي الْكِتٰبِ لَفِيْ شِقَاقٍۢ
بَعِيْدٍ ۝ لَيْسَ الْبِرَّ اَنْ تُوَلُّوْا وُجُوْھَكُمْ قِبَلَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ

इन्नल्लज़ी-न यक्तुमू - न मा अन्ज़लल्लाहु मिनल् - किताबि व यश्तरू - न बिही स-म-नन् क़लीलन् उला-इ-क मा यअ्कुलू-न फ़ी बुतूनिहिम् इल्लन्ना-र व ला युकल्लिमुहुमुल्लाहु यौमल् - क़ियामति व ला युज़क्कीहिम् व लहुम् अज़ाबुन् अलीम (१७४) उला-इकल्लज़ीनश्त-र-वुज़्ज़लाल-त बिल्हुदा वल्अज़ा-ब बिल्मग़्फ़िरति फ़ मा अस्ब - र हुम् अलन्नार (१७५) ज़ालि-क बिअन्नल्ला-ह नज़्ज़लल्किता-ब बिल्-हक़्क़ि व इन्नल्लज़ीनख़्तलफ़ू फ़िल्किताबि ल-फ़ी शिक़ाक़िम्-बअीद ★ ● (१७६)

लोगो ! जो चीजें ज़मीन में हलाल-तैयब हैं, वे खाओ और शैतान के क़दमों पर न चलो। वह तुम्हारा खुला दुश्मन है। (१६८) वह तो तुमको बुराई और बेहयाई ही के काम करने को कहता है और यह भी कि ख़ुदा के बारे में ऐसी बातें कहो, जिनका तुम्हें (कुछ भी) इल्म नहीं। (१६९) और जब उन लोगों से कहा जाता है कि जो (किताब) ख़ुदा ने नाज़िल फ़रमायी है, उसकी पैरवी करो, तो कहते हैं (नहीं), बल्कि हम तो उसी चीज़ की पैरवी करेंगे, जिस पर हमने अपने बाप-दादा को पाया। भला अगरचे उनके बाप-दादा न कुछ समझते हों और न सीधे रास्ते पर हों (तब भी वे उन्हीं की पैरवी किए जाएंगे।) (१७०) जो लोग काफ़िर हैं, उनकी मिसाल उस शख़्स की-सी है जो किसी ऐसी चीज़ को आवाज़ दे जो पुकार और आवाज़ के सिवा कुछ सुन न सके। (ये) बहरे हैं, गूंगे हैं, अंधे हैं, कि (कुछ) समझ ही नहीं सकते। (१७१) ऐ ईमान वालो ! जो पाकीज़ा चीज़ें हमने तुमको अता फ़रमायी हैं, उनको खाओ और अगर ख़ुदा ही के बन्दे हो, तो (उस की नेमतों) का शुक्र भी अदा करो। (१७२) उसने तुम पर मरा हुआ जानवर और लहू[1] और सुअर का गोश्त और जिस चीज़ पर ख़ुदा के सिवा किसी और का नाम पुकारा जाए, हराम कर दिया है।[2] हां, जो ना-चार हो जाए (बशर्ते कि) ख़ुदा की नाफ़रमानी न करे और (ज़रूरत की) हद से बाहर न निकल जाए, उस पर कुछ गुनाह नहीं। बेशक ख़ुदा बख़्शने वाला (और) रहम करने वाला है। (१७३) जो लोग (ख़ुदा की) किताब से उन (आयतों और हिदायतों) को जो उसने नाज़िल फ़रमायी हैं, छिपाते और उनके बदले थोड़ी-सी क़ीमत (यानी दुनिया का फ़ायदा) हासिल करते हैं, वे अपने पेटों में सिर्फ़ आग भरते हैं। ऐसे लोगों से ख़ुदा क़ियामत के दिन न कलाम करेगा और न उन को (गुनाहों से) पाक करेगा। और उन के लिए दुख देने वाला अज़ाब है। (१७४) ये वह लोग हैं, जिन्हों ने हिदायत छोड़कर गुमराही और बख़्शिश छोड़कर अज़ाब ख़रीदा। यह जहन्नम (की आग) को कैसा बर्दाश्त करने वाले हैं। (१७५) यह इसलिए कि ख़ुदा ने किताब सच्चाई के साथ नाज़िल फ़रमायी और जिन लोगों ने इस किताब में इख़्तिलाफ़ किया, वे ज़िद में

---

१. मरे हुए जानवरों में से मछली और टिड्डी नबी सल्ल० की हदीस के मुताबिक़ हलाल और लहू में से जिगर और तिल्ली हलाल हैं।

२. यह तर्जुमा डिक्शनरी के मानी के लिहाज़ से किया गया है। डिक्शनरी में 'इह्लाल' (उहिल-ल) के मानी आवाज़ बुलंद करने के हैं। तफ़्सीर लिखने वाले, जो इस लफ़्ज़ के मानी में ज़िब्ह का लफ़्ज़ शामिल करते हैं, वे शाने-नुज़ूल के लिहाज़ से करते हैं, क्योंकि जाहिलियत में जो जानवर ग़ैर-ख़ुदा के लिए मुक़र्रर किया जाता था ज़िब्ह करने के वक़्त भी उस पर उसी ग़ैर का नाम लिया जाता था, वरना हक़ीक़त में जो चीज़ ग़ैर-ख़ुदा के लिए मुक़र्रर की जाए, चाहे वह जानवर हो या और कुछ, हराम है, इस लिए कि आयत में हर्फ़ 'मा', इस्तेमाल फ़रमाया गया है, जिस के मानी हैं 'जो चीज़' और वह आम है। ज़िब्ह, हैवान और चीज़ों को, चाहे वे खाने की हों या पहनने की, या और हर तरह इस्तेमाल करने की, सब को शामिल है। चूंकि लुग़त मुक़द्दम है इस लिए हम ने उसी मानी को लिया है। हराम व हलाल चीज़ों में नीयत को बड़ा दख़ल है, मसलन जो जानवर ग़ैर-ख़ुदा के लिए मुक़र्रर किया गया हो, उस पर ज़िब्ह के वक़्त ख़ुदा का नाम लिया जाए या ग़ैर-ख़ुदा का, हराम होने के लिहाज़ से बराबर है। ख़ुदा का नाम लेने से वह हलाल न होगा। उलमा ने लिखा है कि अगर किसी मुसलमान ने कोई जानवर ग़ैर-ख़ुदा का क़रीबी बनने के लिए ज़िब्ह किया, तो वह इस्लाम से ख़ारिज हो गया और वह जानवर ऐसा होगा जैसे मुर्तद (इस्लाम से विमुख) का ज़िब्ह किया हुआ। बहरहाल नज़्र की नीयत ख़ुदा ही के लिए करनी चाहिए और ज़िब्ह करने के वक़्त उस पर 'वह्दहू ला शरी-क लहू' का नाम लेना चाहिए क्योंकि वह अपने साथ किसी को शरीक नहीं करना चाहता।

लैसल्बिर्-र अन् तुवल्लू वुजूहकुम् क़ि-ब-लल्-मश्रिक़ि वल्मग़्रिबि व लाकिन्नल्बिर्-र मन् आम-न बिल्लाहि वल्-यौमिल्आख़िरि वल्मलाइकति वल्किताबि वन्नबिय्यी-न ج व आतल्मा-ल अला हुब्बिही ज़विल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकी-न वब्नस्सबीलि لا वस्साइली-न व फ़िर्रिक़ाबि ج व अक़ामस्सला-त व आतज़्ज़का-त ج वल्मूफ़ू-न बि अह्दिहिम् इज़ा आहदू ج वस्साबिरी-न फ़िल् बअ्सा-इ वज़्ज़र्रा-इ व हीनल्बअ्सि ط उला-इकल्लज़ी-न स-दक़ू ط व उला-इक हुमुल्मुत्तक़ून (१७७) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू कुति-ब अलैकुमुल्-क़िसासु फ़िल्क़त्ला ط अल्हुर्रु बिल्हुर्रि वल्अब्दु बिल्अब्दि वल्उन्सा बिल्उन्सा ط फ़ मन् अुफ़ि-य लहू मिन् अख़ीहि शैउन् फ़त्तिबाअुम्-बिलमअ्-रूफ़ि व अदा-उन् इलैहि बि इह्सानिन् ط ज़ालि-क तख़्फ़ीफ़ुम् - मिर्रब्बिकुम् व रह्मतुन् ط फ़ मनिअ्-तदा बअ्-द ज़ालि-क फ़-लहू अज़ाबुन् ع अलीम (१७८) व लकुम् फ़िल्क़िसासि हयातुंय्या उलिल्-अल्बाबि ल-अल्लकुम् तत्तक़ून (१७९) कुति-ब अलैकुम् इज़ा ह-ज़-र अ-ह-दकुमुल्मौतु इन् त-र-क ख़ै-रनिल्-वसिय्यतु लिल्वालिदैनि वल्अक़्रबी-न बिलमअ्-रूफ़ि ج हक़्क़न् अलल्मुत्तक़ीन ط (१८०) फ़ मम्-बद्दलहू बअ्-द मा समि-अहू फ़ इन्नमा इस्मुहू अलल्लज़ी-न युबद्दिलूनहू ط इन्नल्ला-ह समीअुन् अलीम ط (१८१) फ़-मन् ख़ा-फ़ मिम्मूसिन् ज-न-फ़न् औ इस्मन् फ़ अस्-ल-ह बैनहुम् फ़ ला इस्-म अलैहि इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम ★ (१८२) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू कुति-ब अलैकुमुस्सियामु कमा कुति-ब अलल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् ल-अल्लकुम् तत्तक़ून لا (१८३)

وَلٰكِنَّ الْبِرَّ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالْكِتٰبِ
وَالنَّبِيّٖنَ ۚ وَاٰتَى الْمَالَ عَلٰى حُبِّهٖ ذَوِى الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَ
الْمَسٰكِيْنَ وَابْنَ السَّبِيْلِ ۙ وَالسَّآئِلِيْنَ وَفِى الرِّقَابِ ۚ وَاَقَامَ
الصَّلٰوةَ وَاٰتَى الزَّكٰوةَ ۚ وَالْمُوْفُوْنَ بِعَهْدِهِمْ اِذَا عٰهَدُوْا ۚ وَ
الصّٰبِرِيْنَ فِى الْبَاْسَآءِ وَالضَّرَّآءِ وَحِيْنَ الْبَاْسِ ؕ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ
صَدَقُوْا ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُتَّقُوْنَ ۞ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُتِبَ
عَلَيْكُمُ الْقِصَاصُ فِى الْقَتْلٰى ؕ اَلْحُرُّ بِالْحُرِّ وَالْعَبْدُ بِالْعَبْدِ وَ
الْاُنْثٰى بِالْاُنْثٰى ؕ فَمَنْ عُفِىَ لَهٗ مِنْ اَخِيْهِ شَىْءٌ فَاتِّبَاعٌ ۢ
بِالْمَعْرُوْفِ وَاَدَآءٌ اِلَيْهِ بِاِحْسَانٍ ؕ ذٰلِكَ تَخْفِيْفٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ
وَرَحْمَةٌ ؕ فَمَنِ اعْتَدٰى بَعْدَ ذٰلِكَ فَلَهٗ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۞ وَلَكُمْ
فِى الْقِصَاصِ حَيٰوةٌ يّٰٓاُولِى الْاَلْبَابِ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ۞ كُتِبَ
عَلَيْكُمْ اِذَا حَضَرَ اَحَدَكُمُ الْمَوْتُ اِنْ تَرَكَ خَيْرَا ۖۚ اۨلْوَصِيَّةُ
لِلْوَالِدَيْنِ وَالْاَقْرَبِيْنَ بِالْمَعْرُوْفِ ۚ حَقًّا عَلَى الْمُتَّقِيْنَ ۞
فَمَنْ ۢ بَدَّلَهٗ بَعْدَ مَا سَمِعَهٗ فَاِنَّمَآ اِثْمُهٗ عَلَى الَّذِيْنَ يُبَدِّلُوْنَهٗ ؕ
اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۞ فَمَنْ خَافَ مِنْ مُّوْصٍ جَنَفًا اَوْ اِثْمًا
فَاَصْلَحَ بَيْنَهُمْ فَلَآ اِثْمَ عَلَيْهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۞ يٰٓاَيُّهَا
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِيْنَ

★रु० २२/६ आ ६

(आकर नेकी से) दूर (हो गए) हैं (१७६) ★ ● नेकी यही नहीं कि तुम पूरब या पच्छिम (को क़िब्ला समझकर उन) की तरफ़ मुंह कर लो, बल्कि नेकी यह है कि लोग ख़ुदा पर और फ़रिश्तों पर और ख़ुदा की किताब पर और पैग़म्बरों पर ईमान लायें और माल बावजूद अज़ीज़ रखने के रिश्तेदारों और यतीमों और मुहताजों और मुसाफ़िरों और मांगने वालों को दें और गरदनों (को छुड़ाने) में[1] ख़र्च करें और नमाज़ पढ़ें और ज़कात दें और जब अह्द कर लें तो उसको पूरा करें और सख़्ती और तक्लीफ़ में और (लड़ाई के) मैदान में साबित क़दम रहें। यही लोग हैं जो (ईमान में) सच्चे हैं और यही हैं जो (ख़ुदा से) डरने वाले हैं। (१७७) मोमिनो! तुम को मक़्तूलों के बारे में क़िसास (यानी ख़ून के बदले ख़ून) का हुक्म दिया जाता है (इस तरह पर कि) आज़ाद के बदले आज़ाद (मारा जाए) और ग़ुलाम के बदले ग़ुलाम और औरत के बदले औरत[2] और अगर क़ातिल को उसके (मक़्तूल) भाई (के क़िसास में) से कुछ माफ़ कर दिया जाए,[3] तो (वारिस मक़्तूल को) पसंदीदा तरीक़े से (क़रारदाद की) पैरवी (यानी ख़ून बहा का मुतालबा) करना और (क़ातिल को) भले तरीक़े से अदा करना चाहिए। यह परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारे लिए आसानी और मेहरबानी है, जो इसके बाद ज़्यादती करे, उसके लिए दुख का अज़ाब है। (१७८) और ऐ अक़्ल वालो! क़सास (के हुक्म) में (तुम्हारी) ज़िंदगानी है कि तुम (क़त्ल व ख़ूंरेज़ी से) बचो। (१७९) तुम पर फ़र्ज़ किया जाता है कि जब तुम में से किसी को मौत का वक़्त आ जाए तो अगर वह कुछ माल छोड़ जाने वाला हो तो मां-बाप और रिश्तेदारों के लिए दस्तूर के मुवाफ़िक़ वसीयत कर जाए, (ख़ुदा से) डरने वालों पर यह एक हक़ है। (१८०) जो शख़्स वसीयत को सुनने के बाद बदल डाले, तो उस (के बदलने) का गुनाह उन्हीं लोगों पर है, जो उस को बदलें और बेशक ख़ुदा सुनता जानता है।[4] (१८१) अगर किसी को वसीयत करने वाले की तरफ़ से (किसी वारिस की) तरफ़दारी या हक़तलफ़ी का डर हो तो अगर वह (वसीयत को बदलकर) वारिसों में सुलह करा दे, तो उस पर कुछ गुनाह नहीं। बेशक ख़ुदा बख़्शने वाला (और) रहम वाला है। (१८२) ★

मोमिनो! तुम पर रोज़े फ़र्ज़ किए गए हैं, जिस तरह तुमसे पहले लोगों पर फ़र्ज़ किए गये थे,

---

१. गरदनों के छुड़ाने से मुराद ग़ुलामी वग़ैरह की क़ैद से आज़ाद कराना है।

२. यानी मक़्तूल के बदले क़ातिल ही क़त्ल किया जाए।

३. यानी ख़ून से दरगुज़र किया जाए और ख़ून के बदले ख़ून बहा क़रार पाए।

४. यानी अगर मुर्दा कह मरा था, पर देने वालों ने न दिया, तो मुर्दे पर गुनाह नहीं, वही गुनाहगार है।

अय्यामम्-मअ्-दूदातिन्॰ फ़ मन् का-न मिन्कुम् मरीज़न् औ अला स-फ़रिन् फ़ अिद्दतुम्मिन् अय्यामिन् उख़र॰ व अ-लल्लज़ी-न युतीक़ूनहू फ़िद्यतुन् तआमु मिस्कीनिन्॰ फ़ मन् त-तव्व-अ खैरन् फ़ हु-व खैरुल्लहू॰ व अन् तसूमू खैरुल्लकुम् इन् कुन्तुम् तअ्-लमून (१८४) शह्रु र-म-ज़ानल्लज़ी उन्ज़ि-ल फ़ीहिल्क़ुरआनु हुदल्लिन्नासि व बय्यिनातिम्-मिनल-हुदा वल्फ़ुर्क़ानि॰ फ़-मन् शहि-द मिन्कुमुश्शह्-र फ़ल्यसुम्हु॰ व मन् का-न मरीज़न् औ अला स-फ़रिन् फ़अिद्दतुम्मिन् अय्यामिन् उख़र॰ युरीदुल्लाहु बिकुमुल् युस्-र व ला युरीदु बिकुमुल्-अुस्-र॰ व लि तुक्मिलुल्-अिद्द-त व लि तुकब्बिरुल्ला-ह अला मा हदाकुम् व ल-अल्लकुम् तश्कुरून (१८५) व इज़ा स-अ-ल-क अिबादी अन्नी फ़ इन्नी क़रीबुन्॰ उजीबु दअ्-व-तद्दाअि इज़ा दआनि॰ फ़ल्यस्तजीबूली वल्युअ्मिनू बी लअल्लहुम् यर्शुदून (१८६) उहि़ल-ल लकुम् लैल-तस्सियामिर्र-फ़सु इला निसा-इकुम्॰ हुन्-न लिबासुल्लकुम् व अन्तुम् लिबासुल्लहुन-न॰ अलिमल्लाहु अन्नकुम् कुन्तुम् तख़्तानू-न अन्फ़ुसकुम् फ़-ता-ब अलैकुम् व अफ़ा अन्कुम्॰ फ़ल्आ-न बाशिरू हुन-न वब्तग़ू मा क-त-बल्लाहु लकुम्॰ व कुलू वश्रबू हत्ता य-त-बय्य-न लकुमुल्ख़ैतुल् - अब्यज़ु मिनल्ख़ैतिल् - अस्वदि मिनल्फ़ज्रि॰ सुम् - म अतिम्मुस्सिया-म इलल्लैलि॰ व ला तुबाशिरू - हुन - न व अन्तुम् आकिफ़ू-न॰ फ़िल्मसाजिदि॰ तिल् - क हुदूदुल्लाहि फ़ - ला तक़्रबूहा॰ कज़ालि - क युबय्यिनुल्लाहु आयातिही लिन्नासि ल-अल्लहुम् यत्तक़ून॰ (१८७)

مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُونَ ۝ أَيَّامًا مَّعْدُودَاتٍ ۚ فَمَن كَانَ
مِنكُم مَّرِيضًا أَوْ عَلَىٰ سَفَرٍ فَعِدَّةٌ مِّنْ أَيَّامٍ أُخَرَ ۚ وَعَلَى الَّذِينَ
يُطِيقُونَهُ فِدْيَةٌ طَعَامُ مِسْكِينٍ ۖ فَمَن تَطَوَّعَ خَيْرًا فَهُوَ خَيْرٌ
لَّهُ ۚ وَأَن تَصُومُوا خَيْرٌ لَّكُمْ ۖ إِن كُنتُمْ تَعْلَمُونَ ۝ شَهْرُ
رَمَضَانَ الَّذِي أُنزِلَ فِيهِ الْقُرْآنُ هُدًى لِّلنَّاسِ وَبَيِّنَاتٍ
مِّنَ الْهُدَىٰ وَالْفُرْقَانِ ۚ فَمَن شَهِدَ مِنكُمُ الشَّهْرَ فَلْيَصُمْهُ ۖ
وَمَن كَانَ مَرِيضًا أَوْ عَلَىٰ سَفَرٍ فَعِدَّةٌ مِّنْ أَيَّامٍ أُخَرَ ۗ
يُرِيدُ اللَّهُ بِكُمُ الْيُسْرَ وَلَا يُرِيدُ بِكُمُ الْعُسْرَ وَلِتُكْمِلُوا
الْعِدَّةَ وَلِتُكَبِّرُوا اللَّهَ عَلَىٰ مَا هَدَاكُمْ وَلَعَلَّكُمْ تَشْكُرُونَ ۝
وَإِذَا سَأَلَكَ عِبَادِي عَنِّي فَإِنِّي قَرِيبٌ ۖ أُجِيبُ دَعْوَةَ الدَّاعِ
إِذَا دَعَانِ ۖ فَلْيَسْتَجِيبُوا لِي وَلْيُؤْمِنُوا بِي لَعَلَّهُمْ يَرْشُدُونَ ۝
أُحِلَّ لَكُمْ لَيْلَةَ الصِّيَامِ الرَّفَثُ إِلَىٰ نِسَائِكُمْ ۚ هُنَّ لِبَاسٌ
لَّكُمْ وَأَنتُمْ لِبَاسٌ لَّهُنَّ ۗ عَلِمَ اللَّهُ أَنَّكُمْ كُنتُمْ تَخْتَانُونَ
أَنفُسَكُمْ فَتَابَ عَلَيْكُمْ وَعَفَا عَنكُمْ ۖ فَالْآنَ بَاشِرُوهُنَّ وَابْتَغُوا
مَا كَتَبَ اللَّهُ لَكُمْ ۚ وَكُلُوا وَاشْرَبُوا حَتَّىٰ يَتَبَيَّنَ لَكُمُ الْخَيْطُ
الْأَبْيَضُ مِنَ الْخَيْطِ الْأَسْوَدِ مِنَ الْفَجْرِ ۖ ثُمَّ أَتِمُّوا الصِّيَامَ
إِلَى اللَّيْلِ ۚ وَلَا تُبَاشِرُوهُنَّ وَأَنتُمْ عَاكِفُونَ فِي الْمَسَاجِدِ ۗ تِلْكَ

ताकि तुम परहेज़गार बनो।' (१८३) (रोज़ों के दिन) गिनती के कुछ दिन हैं, तो जो आदमी तुम में से बीमार हो, या सफ़र में हो, तो दूसरे दिनों में रोज़ों की गिनती पूरी कर ले।' और जो लोग रोज़ा रखने की ताक़त रखें (लेकिन रखें नहीं), वे रोज़े के बदले मुहताज को खाना खिला दें।' और जो कोई शौक़ से नेकी करे तो उसके हक़ में ज़्यादा अच्छा है और अगर समझो तो रोज़ा रखना ही तुम्हारे हक़ में बेहतर है। (१८४) (रोज़ों का महीना) रमज़ान का महीना (है) जिसमें क़ुरआन (अव्वल-अव्वल) नाज़िल हुआ, जो लोगों का रहनुमा है और जिस में हिदायत की खुली निशानियां हैं और (जो हक़ व बातिल को) अलग-अलग करने वाला है। तो जो कोई तुममें से इस महीने में मौजूद हो, चाहिए कि पूरे महीने के रोज़े रखे और जो बीमार हो या सफ़र में हो तो दूसरे दिनों में (रखकर) उनकी गिनती पूरी कर ले, ख़ुदा तुम्हारे हक़ में आसानी चाहता है और सख़्ती नहीं चाहता और (यह आसानी का हुक्म) इसलिए (दिया गया है) कि तुम रोज़ों का शुमार पूरा कर लो और इस एहसान के बदले कि ख़ुदा ने तुमको हिदायत बख़्शी है, तुम उसको बुज़ुर्गी से याद करो और उसका शुक्र करो। (१८५) और (ऐ पैग़म्बर!) जब तुम से मेरे बन्दे मेरे बारे में मालूम करें, तो (कह दो कि) मैं तो (तुम्हारे) पास हूं। जब कोई पुकारने वाला मुझे पुकारता है, तो मैं उसकी दुआ क़ुबूल करता हूं, तो उनको चाहिए कि मेरे हुक्मों को मानें और मुझ पर ईमान लाएं, ताकि नेक रास्ता पाएं। (१८६) रोज़ों की रातों में तुम्हारे लिए अपनी औरतों के पास जाना जायज़ कर दिया गया है, वह तुम्हारी पोशाक हैं और तुम उनकी पोशाक हो।' ख़ुदा को मालूम है कि तुम (उनके पास जाने से) अपने हक़ में ख़ियानत करते थे, सो उसने तुम पर मेहरबानी की और तुम्हारी हरकतों से दरगुज़र फ़रमाया। अब (तुमको अख़्तियार है कि) उनसे मुबाशरत करो और ख़ुदा ने जो चीज़ तुम्हारे लिए लिख रखी है (यानी औलाद) उसको (ख़ुदा से) तलब करो और खाओ और पियो, यहां तक कि सुबह की सफ़ेद धारी (रात की) स्याह धारी से अलग नज़र आने लगे। फिर रोज़ा (रखकर) रात तक पूरा करो और जब तुम मस्जिदों में एतिकाफ़ बैठे हो, तो उनसे मुबाशरत न करो। ये ख़ुदा की हदें हैं। उनके पास न जाना। इसी तरह ख़ुदा अपनी आयतें लोगों के (समझाने के लिए) खोल-खोलकर के बयान फ़रमाता है, ताकि वह परहेज़गार

---

१. यानी रोज़े से सलीक़ा आ जाए जी रोकने का, तो हर जगह रोक सको।

२. यानी जितने रोज़े न रखे हों, बीमारी और सफ़र के बाद उतने क़ज़ा रख ले।

३. इस आयत में तंदुरुस्त और ताक़तवर शख़्स पर रोज़ा रखना ज़रूरी नहीं किया गया था, बल्कि रखने न रखने का अख़्तियार दिया गया, मगर इस के बाद की आयत से यह अख़्तियार ख़त्म कर दिया और रोज़ा ज़रूरी क़रार दे दिया गया।

४. यानी जिस तरह पोशाक का ताल्लुक़ जिस्म से होता है, उसी तरह मर्द का ताल्लुक़ औरत से और औरत का मर्द से होता है।

व ला तअ्कुलू अम्वालकुम् बैनकुम् बिल्बातिलि व तुद्लू बिहा इलल्हुक्कामि लि तअ्कुलू फ़रीक़म्मिन् अम्वालिन्नासि बिल्-इस्मि व अन्तुम् तअ्-लमून ★ (१८८) यस्अलून-क अनिल्-अहिल्लति ط कुल् हि-य मवाक़ीतु लिन्नासि वल्हज्जि ط व लैसल्बिर्रु बि अन्तअ्तुल्-बुयू-त मिन् ज़ुहूरिहा व ला किन्नल्बिर्-र मनित्तक़ा ج वअ्तुल्-बुयू-त मिन् अब्वाबिहा ص वत्तक़ुल्ला-ह ल-अल्लकुम् तुफ़्लिहून (१८९) व क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहिल्लज़ी-न युक़ातिलूनकुम् व ला तअ्-तदू ط इन्नल्ला-ह ला युहिब्बुल्-मुअ्-तदीन (१९०) वक़्तुलू-हुम् हैसु सक़िफ़्तुमू हुम् व अख़्रिजू हुम् मिन् हैसु अख़्रजूकुम् वल्फ़ित्नतु अशद्दु मिनल्क़त्लि ج व ला तुक़ातिलू हुम् अिन्दल्-मस्जिदिल्-हरामि हत्ता युक़ातिलूकुम् फ़ीहि ج फ़ इन् क़ातलूकुम् फ़क़्तुलू-हुम् ط कज़ालि-क जज़ा-उल्-काफ़िरीन (१९१) फ़इनिन्तहौ फ़ इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (१९२) व क़ातिलू-हुम् हत्ता ला तकू-न फ़ित्नतुं व-व यकूनद्दीनु लिल्लाहि ط फ़ इनिन्तहौ फ़-ला अुद्वा-न इल्ला अलज़्ज़ालिमीन (१९३) अश्शह्रुल्-हरामु बिश्शह्रिल्-हरामि वल्हुरुमातु क़िसासुन् ط फ़-मनिअ्-तदा अलैकुम् फ़अ्-तदू अलैहि बिमिस्लि मअ्-तदा अलैकुम् ص वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह म-अल्मुत्तक़ीन (१९४) व अन्फ़िक़ू फ़ी सबीलिल्लाहि व ला तुल्क़ू बि ऐदीकुम् इलत्तह्लुकति ج व अह्सिनू ج इन्नल्ला-ह युहिब्बुल्-मुह्सिनीन (१९५)

حُدُوْدُ اللّٰهِ فَلَا تَقْرَبُوْهَا ۗ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ اٰيٰتِهٖ لِلنَّاسِ
لَعَلَّهُمْ يَتَّقُوْنَ ۝ وَلَا تَاْكُلُوْٓا اَمْوَالَكُمْ بَيْنَكُمْ بِالْبَاطِلِ وَتُدْلُوْا
بِهَآ اِلَى الْحُكَّامِ لِتَاْكُلُوْا فَرِيْقًا مِّنْ اَمْوَالِ النَّاسِ بِالْاِثْمِ وَاَنْتُمْ
تَعْلَمُوْنَ ۝ يَسْـَٔلُوْنَكَ عَنِ الْاَهِلَّةِ ۗ قُلْ هِيَ مَوَاقِيْتُ لِلنَّاسِ
وَالْحَجِّ ۗ وَلَيْسَ الْبِرُّ بِاَنْ تَاْتُوا الْبُيُوْتَ مِنْ ظُهُوْرِهَا وَلٰكِنَّ
الْبِرَّ مَنِ اتَّقٰى ۚ وَاْتُوا الْبُيُوْتَ مِنْ اَبْوَابِهَا ۖ وَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ
تُفْلِحُوْنَ ۝ وَقَاتِلُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ الَّذِيْنَ يُقَاتِلُوْنَكُمْ وَلَا
تَعْتَدُوْا ۗ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ۝ وَاقْتُلُوْهُمْ حَيْثُ
ثَقِفْتُمُوْهُمْ وَاَخْرِجُوْهُمْ مِّنْ حَيْثُ اَخْرَجُوْكُمْ وَالْفِتْنَةُ اَشَدُّ
مِنَ الْقَتْلِ ۚ وَلَا تُقٰتِلُوْهُمْ عِنْدَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ حَتّٰى يُقٰتِلُوْكُمْ
فِيْهِ ۚ فَاِنْ قٰتَلُوْكُمْ فَاقْتُلُوْهُمْ ۗ كَذٰلِكَ جَزَاۤءُ الْكٰفِرِيْنَ ۝
فَاِنِ انْتَهَوْا فَاِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ وَقٰتِلُوْهُمْ حَتّٰى لَا تَكُوْنَ
فِتْنَةٌ وَّيَكُوْنَ الدِّيْنُ لِلّٰهِ ۗ فَاِنِ انْتَهَوْا فَلَا عُدْوَانَ اِلَّا عَلَى
الظّٰلِمِيْنَ ۝ اَلشَّهْرُ الْحَرَامُ بِالشَّهْرِ الْحَرَامِ وَالْحُرُمٰتُ قِصَاصٌ ۗ
فَمَنِ اعْتَدٰى عَلَيْكُمْ فَاعْتَدُوْا عَلَيْهِ بِمِثْلِ مَا اعْتَدٰى عَلَيْكُمْ ۖ
وَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ مَعَ الْمُتَّقِيْنَ ۝ وَاَنْفِقُوْا فِيْ سَبِيْلِ
اللّٰهِ وَلَا تُلْقُوْا بِاَيْدِيْكُمْ اِلَى التَّهْلُكَةِ ۛ وَاَحْسِنُوْا ۛ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ

★रु. २३/७ आ ६ ∴मु. ज़ि मु त क़. १

बनें। (१८७) और एक दूसरे का माल ना-हक़ न खाओ और न उसको (रिश्वत के तौर पर) हाकिमों के पास पहुंचाओ ताकि लोगों के माल का कुछ हिस्सा नाजायज़ तौर पर न खा जाओ और (इसे) तुम जानते भी हो। (१८८) ★

(ऐ मुहम्मद !) लोग तुमसे नये चांद के बारे में पूछते हैं (कि घटता-बढ़ता क्यों है) ? कह दो कि वह लोगों के (कामों की मीयादें) और हज के वक़्त मालूम होने का ज़रिया हैं।[1] और नेकी इस बात में नहीं कि (एहराम की हालत में) घरों में उनके पिछवाड़े की तरफ़ से आओ, बल्कि नेक वह है जो परहेज़गार हो और घरों में उनके दरवाज़ों से आया करो[2] और ख़ुदा से डरते रहो ताकि निजात पाओ। (१८९) और जो लोग तुमसे लड़ते हैं, तुम भी ख़ुदा की राह में उनसे लड़ो, मगर ज़्यादती न करना कि ख़ुदा ज़्यादती करने वालों को दोस्त नहीं रखता। (१९०) और उनको जहां पाओ, क़त्ल कर दो और जहां से उन्होंने तुमको निकाला है (यानी मक्के से) वहां से तुम भी उनको निकाल दो और (दीन से गुमराह करने का) फ़साद क़त्ल व खूंरेज़ी से कहीं बढ़कर है और जब तक वे तुम से मस्जिदे मोहतरम (यानी ख़ाना काबा) के पास न लड़ें, तुम भी वहां उनसे न लड़ना। हां, अगर वे तुम से लड़ें, तो तुम उनको क़त्ल कर डालो। क़ाफ़िरों की यही सज़ा है। (१९१) और अगर वे रुक जायें तो ख़ुदा बख़्शने वाला (और) रहम करने वाला है। (१९२) और उनसे उस वक़्त तक लड़ते रहना कि फ़साद ख़त्म हो जाए और (मुल्क में) ख़ुदा ही का दीन हो जाए और अगर वे (फ़साद से) बाज़ आ जायें, तो ज़ालिमों के सिवा किसी पर ज़्यादती नहीं (करनी चाहिए)। (१९३) अदब का महीना अदब के महीने के मुक़ाबले का है और अदब की चीज़ें एक दूसरे का बदला हैं। पस अगर कोई तुम पर ज़्यादती करे, तो जैसी ज़्यादती वह तुम पर करे, वैसी ही तुम उस पर करो। और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा डरने वालों के साथ है।[3] (१९४) और ख़ुदा की राह में (माल) ख़र्च करो और अपने आप को हलाकत में न डालो∴ और नेकी करो∴ बेशक ख़ुदा नेकी करने वालों को दोस्त रखता है।[4] (१९५) और ख़ुदा (की ख़ुश्नूदी)

---

१. 'अहिल्ला' 'हिलाल' की जमा है और हिलाल पहली तीन रातों के चांद को कहते हैं। चांद हक़ीक़त में एक है, मगर चूंकि वह घटता-बढ़ता रहता है, इस लिए गोया कई चांद हुए। इसी लिए उन को 'अहिल्ला' कहा गया है। इस के घटने-बढ़ने का फ़ायदा यह है कि जो लोग अन-पढ़ हैं उन को इस से महीना और तारीख़ और हज के वक़्त मालूम होते हैं। अगर एक हालत पर रहता तो इन लोगों को बड़ी मुश्किल पेश आती कि न महीना मालूम होता, न तारीख़। हिलाल को देख कर हर शख़्स महीना और तारीख़ और हज के वक़्त और कामों की मीयादें आसानी से मालूम कर सकता है।

२. अरब में दस्तूर था कि जब घर से निकल कर एहराम बांध लेते, और घर में आने की ज़रूरत वाक़े होती तो घर में दरवाज़े से न दाख़िल होते, बल्कि पिछवाड़े से कूद कर आते। ख़ुदा ने इस फ़ेल को दाख़िले नेकी न क़रार दिया और घर में दरवाज़े से आने का हुक्म फ़रमाया।

३. इज़्ज़त के महीने चार थे —ज़ीक़ादा, ज़िलहिज्जा, मुहर्रम, रजब। और उन में लड़ाई नहीं की जाती थी। काफ़िर इन महीनों में लड़ाई करने लगते तो मुसलमान इन महीनों के अदब की वजह से लड़ाई से रुकते और हैरान होते कि क्या करें। ख़ुदा ने फ़रमाया कि अगर काफ़िर इन महीनों के अदब का ख़्याल रखें, तो तुम भी रखो और वे अदब को छोड़ दें और तुम पर ज़ुल्म करने लगें तो तुम भी उन से लड़ो और बदला लेने में कोताही न करो।

४. यानी जिहाद छोड़ कर न बैठो, इस में तुम्हारी हलाकत है।

★रु. २३/७ आ ६,∴ मु. अ़ि मु त क़. १

व अतिम्मुल्हज्-ज वल्अुम्-र-त लिल्लाहि फ़ इन् उह्सिर्तुम् फ़ मस्तै-स-र मिनल्हद्यि व ला तह्लिक़ू रुऊसकुम् हत्ता यब्लुग़ल् - हद्यु महिल्लहू फ़ मन् का-न मिन्कुम् मरीज़न् औ बिही अज़म्-मिर्रअ्सिही फ़ फ़िद्यतुम्-मिन् सियामिन् औ स-द-क़तिन् औ नुसुकिन् फ़ इज़ा अमिन्तुम् फ़ मन् तमत्त-अ् बिल्उम्रति इलल्हज्जि फ़ - मस्तै-स-र मिनल्हद्यि फ़ मल्लम् यजिद् फ़ सियामु सलासति अय्यामिन् फ़िल्हज्जि व सब्अतिन् इज़ा र-जअ्-तुम् तिल्-क अ-श-रतुन् कामिलतुन् ज़ालि - क लिमल्लम् यकुन् अह्लुहू हाज़िरिल् - मस्जिदिल् - हरामि वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह शदीदुल्-अिक़ाब ★(१९६) अल्हज्जु अश्हुरुम् - मअ्-लूमातुन् फ़ मन् फ़-र-ज़ फ़ीहिन्नल्-हज्-ज फ़ला र-फ़-स व ला फ़ु - सू - क़ व ला जिदा - ल फ़िल्हज्जि व मा तफ़्अलू मिन् ख़ैरिंय्यअ् - लम्हुल्लाहु ▒ व तज़व्वदू फ़ इन्-न ख़ैरज़्ज़ादित्तक़्वा वत्तक़ूनि या उलिल्-अल्बाब (१९७) लै-स अलैकुम् जुनाहुन् अन् तब्तग़ू फ़ज़्लम्-मिर्रब्बिकुम् फ़ इज़ा अफ़ज़्तुम् मिन् अ-रफ़ातिन् फ़ज़्कुरुल्ला-ह अिन्दल्-मश्अरिल्-हरामि वज़्कुरूहु कमा हदाकुम् व इन् कुन्तुम् मिन् क़ब्लिही ल - मिनज़्ज़ाल्लीन (१९८) सुम्-म अफ़ीज़ू मिन् हैसु अफ़ाज़न्नासु वस्तग़्फ़िरुल्लाह इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (१९९) फ़ इज़ा क़ज़ैतुम् मनासिककुम् फ़ज़्कुरुल्ला-ह क-ज़िक्रिकुम् आबा-अकुम् औ अशद्-द ज़िक्रन् फ़ मिनन्नासि मंय्यक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्या व मा लहू फ़िल्-आख़िरति मिन् ख़लाक़ (२००) व मिन्हुम् मंय्यक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्या ह-स-न-तंव-व फ़िल्-आख़िरति ह-स-न-तंव्-व क़िना अज़ाबन्नार (२०१) ●

المحسنين ۝ وأتموا الحج والعمرة لله فإن أحصرتم فما استيسر
من الهدي ولا تحلقوا رءوسكم حتى يبلغ الهدي محله
فمن كان منكم مريضا أو به أذى من رأسه ففدية من صيام
أو صدقة أو نسك فإذا أمنتم فمن تمتع بالعمرة إلى الحج فما
استيسر من الهدي فمن لم يجد فصيام ثلاثة أيام في الحج و
سبعة إذا رجعتم تلك عشرة كاملة ذلك لمن لم يكن أهله
حاضري المسجد الحرام واتقوا الله واعلموا أن الله شديد
العقاب ۝ الحج أشهر معلومات فمن فرض فيهن الحج فلا رفث
ولا فسوق ولا جدال في الحج وما تفعلوا من خير يعلمه الله و
تزودوا فإن خير الزاد التقوى واتقون يا أولي الألباب ۝ ليس
عليكم جناح أن تبتغوا فضلا من ربكم فإذا أفضتم من عرفت
فاذكروا الله عند المشعر الحرام واذكروه كما هدىكم وإن كنتم
من قبله لمن الضالين ۝ ثم أفيضوا من حيث أفاض الناس
واستغفروا الله إن الله غفور رحيم ۝ فإذا قضيتم مناسككم
فاذكروا الله كذكركم آباءكم أو أشد ذكرا فمن الناس من يقول
ربنا آتنا في الدنيا وما له في الآخرة من خلاق ۝ ومنهم من
يقول ربنا آتنا في الدنيا حسنة وفي الآخرة حسنة وقنا عذاب

★रु. २४/८ आ ८ ▒ब. न बीं स ● नि. १/२

के लिए हज और उमरे को पूरा करो और अगर (रास्ते में) रोक लिए जाओ तो जैसी क़ुर्बानी मुयस्सर हो (कर दो) और जब तक क़ुर्बानी अपनी जगह पर न पहुंच जाए, सर न मुंडाओ और अगर कोई तुम में बीमार हो या उसके सर में किसी तरह की तक्लीफ़ हो तो (अगर वह सर मुंडा ले तो) उसके बदले रोज़े रखे या सदक़ा दे या क़ुर्बानी करे। फिर जब (तक्लीफ़ दूर होकर) तुम मुतमइन हो जाओ तो जो (तुममें) हज के वक़्त तक उमरे में फ़ायदा उठाना चाहे, वह जैसी क़ुर्बानी मयस्सर हो करे और जिसको (क़ुर्बानी) न मिले, वह तीन रोज़े हज के दिनों में रखे और सात जब वापस हो। ये पूरे दस दिन हुए। यह हुक्म उस शख़्स के लिए है, जिसके बाल-बच्चे मक्के में न रहते हों और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा सख़्त अज़ाब देने वाला है। (१९६) ★

हज के महीने (तै हैं जो) मालूम हैं।[1] तो जो शख़्स इन महीनों में हज की नीयत कर ले तो हज (के दिनों) में न औरतों से मिले, न कोई बुरा काम करे, न किसी से झगड़े और जो नेक काम तुम करोगे, वह ख़ुदा को मालूम हो जाएगा और ज़ादेराह (यानी रास्ते का ख़र्च) साथ ले जाओ क्योंकि बेहतर (फ़ायदा) ज़ादेराह (का) परहेज़गारी है और ऐ अक़्ल वालो! मुझसे डरते रहो। (१९७) इसका तुम्हें कुछ गुनाह नहीं कि (हज के दिनों में तिजारत के ज़रिए से) अपने परवरदिगार से रोज़ी तलब करो। और जब अरफ़ात से वापस होने लगो तो मशअरे हराम (यानी मुज़दलफ़े) में ख़ुदा का ज़िक्र करो। और इस तरह ज़िक्र करो जिस तरह उसने तुमको सिखाया और इससे पहले तुम लोग (इन तरीक़ों को) बिल्कुल नहीं जानते थे। (१९८) फिर जहां से और लोग वापस हों, वहीं से तुम भी वापस हो और ख़ुदा से बख़्शिश मांगो। बेशक ख़ुदा बख़्शने वाला और रहमत करने वाला है। (१९९) फिर जब हज के तमाम अर्कान पूरे कर चुको तो (मिना में) ख़ुदा को याद करो, जिस तरह अपने बाप-दादा को याद किया करते थे, बल्कि उससे भी ज़्यादा। और कुछ लोग ऐसे हैं जो (ख़ुदा से) इल्तिजा करते हैं कि ऐ परवरदिगार! हम को (जो देना है) दुनिया ही में इनायत कर। ऐसे लोगों का आख़िरत में कुछ हिस्सा नहीं। (२००) और कुछ ऐसे हैं कि दुआ करते हैं कि परवरगिदार! हम को दुनिया में भी नेमत अता फ़रमा और आख़िरत में भी नेमत बख़्शना और दोज़ख़ के अज़ाब से बचाए रखना।(२०१)● यही लोग हैं जिनके लिए उन के कामों का

१. यानी शव्वाल, ज़ीक़ादा और ज़िलहिज्जा के दस दिन।

★रु. २४/८ आ ८ ▒व. न बीं स ● नि. १/२

उलाॅ-इ-क लहुम् नसीबुम्मिम्मा क-सबू ᐟ वल्लाहु सरीअुल् - हिसाब (२०२) वज़्कुरुल्ला-ह फ़ी अय्यामिम्-मअ्-दूदातिन् ᐟ फ़ मन् त-अज्ज-ल फ़ी यौमैनि फ़ ला इस-म अ़लैहि ᐟ व मन् त-अख़्ख़-र फ़ ला इस्-म अ़लैहि लि मनित्तक़ा ᐟ वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नकुम् इलैहि तुह्शरून (२०३) व मिनन्नासि मंय्युअ्-जिबु-क क़ौलुहू फ़िल्-ह़यातिद्दुन्या व युश्हिदुल्ला-ह अ़ला मा फ़ी क़ल्बिही ᐟ व हु-व अलद्दुल्-ख़िसाम (२०४) व इज़ा त-वल्ला सआ फ़िल्अर्ज़ि लि युफ़्सि-द फ़ीहा व युह्लिकल्ह़र्-स वन्नस्-ल ᐟ वल्लाहु ला युहिब्बुल्फ़साद (२०५) व इज़ा क़ी-ल लहुत्तक़िल्ला-ह अ-ख़-ज़त्हुल्-अिज़्ज़तु बिल्-इस्मि फ़ ह़स्बुहू जहन्नमु ᐟ व ल बिअ्सल्मिहाद (२०६) व मिनन्नासि मंय्यश्री नफ़्सहुब्तिग़ा - अ मर्ज़ातिल्लाहि ᐟ वल्लाहु रऊफ़ुम्-बिल्अिबाद (२०७) या अय्युहल्लज़ी-न आमनुद्ख़ुलू फ़िस्सिल्मि काफ़्फ़तंव् ص व ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि ᐟ इन्नहू लकुम् अ़दुव्वुम् - मुबीन (२०८) फ़ इन् ज़लल्तुम् मिम्बअ्-दि मा जा-अत्कुमुल् - बय्यिनातु फ़अ्-लमू अन्नल्ला-ह अ़ज़ीज़ुन् ह़कीम (२०९) हल् यन्ज़ुरू-न इल्ला अंय्यअ्ति - य-हुमुल्लाहु फ़ी ज़ुललिम्-मिनल्-ग़मामि वल्मला-इकतु व क़ुज़ियल्-अम्रु ᐟ व इलल्लाहि तुर्जअुल्-उमूर ★ (२१०) सल् बनी इस्रा-ई-ल कम् आतैनाहुम् मिन् आयतिम्-बय्यिनतिन् ᐟ व मंय्युबद्दिल् निअ्-मतल्लाहि मिम्बअ्-दि मा जा-अत्हु फ़ इन्नल्ला-ह शदीदुल् अिक़ाब (२११) ज़ुय्यि-न लिल्लज़ी-न क-फ़रुल्-ह़यातुद्दुन्या व यस्ख़रू - न मिनल्लज़ी - न आमनू ※ वल्लज़ीनत्तक़ौ फ़ौक़हुम् यौमल्-क़ियामति ᐟ वल्लाहु यर्ज़ुक़ु मंय्यशा-उ बिग़ैरि ह़िसाब (२१२)

سيقول ٢ ٢٥ البقرة ٢

النَّارِ ۝ أُولَٰئِكَ لَهُمْ نَصِيبٌ مِمَّا كَسَبُوا ۚ وَاللَّهُ سَرِيعُ الْحِسَابِ ۝
وَاذْكُرُوا اللَّهَ فِي أَيَّامٍ مَعْدُودَاتٍ ۚ فَمَنْ تَعَجَّلَ فِي يَوْمَيْنِ فَلَا إِثْمَ
عَلَيْهِ وَمَنْ تَأَخَّرَ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ ۚ لِمَنِ اتَّقَىٰ ۗ وَاتَّقُوا اللَّهَ وَاعْلَمُوا
أَنَّكُمْ إِلَيْهِ تُحْشَرُونَ ۝ وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يُعْجِبُكَ قَوْلُهُ فِي الْحَيَاةِ
الدُّنْيَا وَيُشْهِدُ اللَّهَ عَلَىٰ مَا فِي قَلْبِهِ وَهُوَ أَلَدُّ الْخِصَامِ ۝ وَإِذَا
تَوَلَّىٰ سَعَىٰ فِي الْأَرْضِ لِيُفْسِدَ فِيهَا وَيُهْلِكَ الْحَرْثَ وَالنَّسْلَ ۗ
وَاللَّهُ لَا يُحِبُّ الْفَسَادَ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُ اتَّقِ اللَّهَ أَخَذَتْهُ الْعِزَّةُ
بِالْإِثْمِ ۚ فَحَسْبُهُ جَهَنَّمُ ۚ وَلَبِئْسَ الْمِهَادُ ۝ وَمِنَ النَّاسِ مَنْ
يَشْرِي نَفْسَهُ ابْتِغَاءَ مَرْضَاتِ اللَّهِ ۗ وَاللَّهُ رَءُوفٌ بِالْعِبَادِ ۝ يَا أَيُّهَا
الَّذِينَ آمَنُوا ادْخُلُوا فِي السِّلْمِ كَافَّةً وَلَا تَتَّبِعُوا خُطُوَاتِ
الشَّيْطَانِ ۚ إِنَّهُ لَكُمْ عَدُوٌّ مُبِينٌ ۝ فَإِنْ زَلَلْتُمْ مِنْ بَعْدِ مَا جَاءَتْكُمُ
الْبَيِّنَاتُ فَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ عَزِيزٌ حَكِيمٌ ۝ هَلْ يَنْظُرُونَ إِلَّا أَنْ
يَأْتِيَهُمُ اللَّهُ فِي ظُلَلٍ مِنَ الْغَمَامِ وَالْمَلَائِكَةُ وَقُضِيَ الْأَمْرُ ۚ
وَإِلَى اللَّهِ تُرْجَعُ الْأُمُورُ ۝ سَلْ بَنِي إِسْرَائِيلَ كَمْ آتَيْنَاهُمْ مِنْ
آيَةٍ بَيِّنَةٍ ۗ وَمَنْ يُبَدِّلْ نِعْمَةَ اللَّهِ مِنْ بَعْدِ مَا جَاءَتْهُ فَإِنَّ
اللَّهَ شَدِيدُ الْعِقَابِ ۝ زُيِّنَ لِلَّذِينَ كَفَرُوا الْحَيَاةُ الدُّنْيَا وَ
يَسْخَرُونَ مِنَ الَّذِينَ آمَنُوا ۘ وَالَّذِينَ اتَّقَوْا فَوْقَهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ ۗ

★रु. २५/६ आ १४ ※ व. लाज़िम

हिस्सा (यानी नेक बदला तैयार) है और ख़ुदा जल्द हिसाब लेने वाला (और जल्द बदला देने वाला) है। (२०२) और (मिना के ठहरने के) दिनों में (जो) गिनती के (दिन) हैं, ख़ुदा को याद करो। अगर कोई जल्दी करे (और) दो ही दिन में (चल दे) तो उस पर भी कुछ गुनाह नहीं और जो बाद तक ठहरा रहे, उस पर भी कुछ गुनाह नहीं।[1] ये बातें उस शख़्स के लिए हैं जो (ख़ुदा से) डरे और तुम लोग ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि तुम सब उस के पास जमा किये जाओगे। (२०३) और कोई शख़्स तो ऐसा है जिसकी बातचीत दुनिया की ज़िन्दगी में तुमको भली मालूम होती है और वह अपने माफ़िज़्ज़मीर (जो कुछ ज़मीर यानी अन्तरात्मा में है) पर ख़ुदा को गवाह बनाता है, हालांकि वह सख़्त झगड़ालू है। (२०४) और जब पीठ फेरकर चला जाता है तो ज़मीन में दौड़ता फिरता है, ताकि उसमें फ़साद फैलाए और खेती को (बर्बाद) और (इन्सानों और हैवानों की) नस्ल को हलाक करे और ख़ुदा फ़साद को पसन्द नहीं करता। (२०५) और जब उससे कहा जाता है कि ख़ुदा से ख़ौफ़ करो तो घमण्ड उस को गुनाह में फंसा देता है, तो ऐसे को जहन्नम सज़ावार है और वह बहुत बुरा ठिकाना है।[2] (२०६) और कोई शख़्स ऐसा है कि ख़ुदा की ख़ुशी हासिल करने के लिए अपनी जान बेच डालता है और ख़ुदा बन्दों पर बहुत मेहरबान है।[3] (२०७) मोमिनो! इस्लाम में पूरे-पूरे दाख़िल हो जाओ और शैतान के पीछे न चलो।[4] वह तो तुम्हारा खुला दुश्मन है। (२०८) फिर अगर तुम रोशन हुक्मों के पहुंच जाने के बाद लड़खड़ा जाओ तो जान रखो कि ख़ुदा ग़ालिब और हिक्मत वाला है। (२०९) क्या ये लोग इसी बात के इंतिज़ार में हैं कि उन पर ख़ुदा (का अज़ाब) बादल के सायेबानों में आ नाज़िल हो और फ़रिश्ते भी (उतर आयें) और काम तमाम कर दिया जाए।[5] और सब कामों का रुजूअ ख़ुदा ही की तरफ़ है। (२१०) ★

(ऐ मुहम्मद!) बनी इस्राईल से पूछो कि हमने उनको कितनी खुली निशानियां दीं और जो शख़्स ख़ुदा की नेमत को अपने पास आने के बाद बदल दे तो ख़ुदा सख़्त अज़ाब करने वाला है। (२११) और जो काफ़िर हैं, उनके लिए दुनिया की ज़िंदगी ख़ुशनुमा कर दी गयी है और वे मोमिनों से मज़ाक़ करते हैं ▒ लेकिन जो परहेज़गार हैं, वे क़ियामत के दिन उन पर ग़ालिब होंगे और ख़ुदा जिस को चाहता है, अनगिनत रोज़ी देता है। (२१२) (पहले तो सब) लोगों का एक ही

---

१. गिनती के दिनों से ईद के बाद के तीन दिन मुराद हैं, जिन को अय्यामे तशरीक़ कहते हैं। इन तीन दिनों यानी ११-१२ और १३ तारीख़ में ख़ुदा को याद करना चाहिए और अगर कोई सिर्फ़ दो दिन रह कर चला जाए, तो उसे अख़्तियार है।

२. यह हाल है मुनाफ़िक़ का कि ज़ाहिर में ख़ुशामद करे और अल्लाह को गवाह करे कि मेरे दिल में तुम्हारी मुहब्बत है और झगड़े के वक़्त कुछ कमी न करे और क़ाबू पाए तो लूट-मार मचा दे और मना करने से और ज़िद बढ़े और ज़्यादा गुनाह करे।

३. यह हाल है ईमान वाले का कि अल्लाह की ख़ुशी पर अपनी जान दे।

४. यानी बहकाने पर न चलो।

५. यानी हर एक को सज़ा मिले, उस के कामों के मुताबिक़।

★रु. २५/६ आ १४ ▒ व. लाज़िम

कानन्नासु उम्मतंव्वाहि़द-तन् قف फ़ ब-अ-सल्लाहुन्नबिय्यी-न मुबश्शिरी-न व मुन्जिरी-न व अन्ज़-ल म-अ़हुमुल्-किता-ब बिल्ह़क़्क़ि लियह़्कु-म बैनन्नासि फ़ी मख़्-त-लफ़ू फ़ीहि व मख़्-त-ल-फ़ फ़ीहि इल्लल्लज़ी-न ऊतूहु मिम्बअ़्दि मा जा-अत्हुमुल्-बय्यिनातु बग़्यम्-बैनहुम् फ़ ह-दल्लाहुल्लज़ी-न आमनू लिमख़्-त-लफ़ू फ़ीहि मिनल्ह़क़्क़ि बि इज़्निही वल्लाहु यह्दी मंय्यशा-उ इला सिरातिम्-मुस्तक़ीम (२१३) अम् ह़सिब्तुम् अन् तद्ख़ुलुल्-जन्न-त व लम्मा यअ्तिकुम् म-सलुल्लज़ी-न ख़लौ मिन क़ब्लिकुम् मस्सत्-हुमुल्बअ्सा-उ वज़्ज़र्रा-उ व ज़ुल्ज़िलू ह़त्ता यक़ूलर्-रसूलु वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू मता नस्रुल्लाहि अला इन्-न नस्रल्लाहि क़रीब (२१४) यस्अलून-क माज़ा युन्फ़िक़ून क़ुल् मा अन्फ़क़्तुम् मिन् ख़ैरिन् फ़ लिल्-वालिदैनि वल्-अक़्रबी-न वल्-यतामा वल्मसाकीनि वब्निस्सबीलि व मा तफ़्अ़लू मिन् ख़ैरिन् फ़ इन्नल्ला-ह बिही अ़लीम (२१५) कुति-ब अ़लैकुमुल्-क़ितालु व हु-व कुर्हुल्लकुम् व अ़सा अन् तक्रहू शैअंव-व हु-व ख़ैरुल्लकुम् व अ़सा अन् तुह़िब्बू शैअंव-व हु-व शर्रुल्लकुम् वल्लाहु यअ्-लमु व अन्तुम् ला तअ्-लमून ★ (२१६)

وَاللَّهُ يَرْزُقُ مَن يَشَاءُ بِغَيْرِ حِسَابٍ ۞ كَانَ النَّاسُ أُمَّةً
وَاحِدَةً فَبَعَثَ اللَّهُ النَّبِيِّينَ مُبَشِّرِينَ وَمُنذِرِينَ وَأَنزَلَ
مَعَهُمُ الْكِتَابَ بِالْحَقِّ لِيَحْكُمَ بَيْنَ النَّاسِ فِيمَا اخْتَلَفُوا فِيهِ
وَمَا اخْتَلَفَ فِيهِ إِلَّا الَّذِينَ أُوتُوهُ مِن بَعْدِ مَا جَاءَتْهُمُ الْبَيِّنَاتُ
بَغْيًا بَيْنَهُمْ فَهَدَى اللَّهُ الَّذِينَ آمَنُوا لِمَا اخْتَلَفُوا فِيهِ مِنَ
الْحَقِّ بِإِذْنِهِ وَاللَّهُ يَهْدِي مَن يَشَاءُ إِلَىٰ صِرَاطٍ مُّسْتَقِيمٍ ۞
أَمْ حَسِبْتُمْ أَن تَدْخُلُوا الْجَنَّةَ وَلَمَّا يَأْتِكُم مَّثَلُ الَّذِينَ خَلَوْا
مِن قَبْلِكُم مَّسَّتْهُمُ الْبَأْسَاءُ وَالضَّرَّاءُ وَزُلْزِلُوا حَتَّىٰ يَقُولَ
الرَّسُولُ وَالَّذِينَ آمَنُوا مَعَهُ مَتَىٰ نَصْرُ اللَّهِ أَلَا إِنَّ نَصْرَ اللَّهِ
قَرِيبٌ ۞ يَسْأَلُونَكَ مَاذَا يُنفِقُونَ قُلْ مَا أَنفَقْتُم مِّنْ خَيْرٍ
فَلِلْوَالِدَيْنِ وَالْأَقْرَبِينَ وَالْيَتَامَىٰ وَالْمَسَاكِينِ وَابْنِ السَّبِيلِ وَ
مَا تَفْعَلُوا مِنْ خَيْرٍ فَإِنَّ اللَّهَ بِهِ عَلِيمٌ ۞ كُتِبَ عَلَيْكُمُ الْقِتَالُ
وَهُوَ كُرْهٌ لَّكُمْ وَعَسَىٰ أَن تَكْرَهُوا شَيْئًا وَهُوَ خَيْرٌ لَّكُمْ وَ
عَسَىٰ أَن تُحِبُّوا شَيْئًا وَهُوَ شَرٌّ لَّكُمْ وَاللَّهُ يَعْلَمُ وَأَنتُمْ لَا
تَعْلَمُونَ ۞ يَسْأَلُونَكَ عَنِ الشَّهْرِ الْحَرَامِ قِتَالٍ فِيهِ قُلْ قِتَالٌ
فِيهِ كَبِيرٌ وَصَدٌّ عَن سَبِيلِ اللَّهِ وَكُفْرٌ بِهِ وَالْمَسْجِدِ الْحَرَامِ
وَإِخْرَاجُ أَهْلِهِ مِنْهُ أَكْبَرُ عِندَ اللَّهِ وَالْفِتْنَةُ أَكْبَرُ مِنَ الْقَتْلِ

★ रु. २६/१० आ ६

मज़हब था। (लेकिन वे आपस में इख़्तिलाफ़ करने लगे) तो ख़ुदा ने (उनकी तरफ़) बशारत देने वाले और डर सुनाने वाले पैग़म्बर भेजे और उन पर सच्चाई के साथ किताबें नाज़िल कीं, ताकि जिन मामलों में लोग इख़्तिलाफ़ करते थे, उनका उनमें फ़ैसला कर दे। और इसमें इख़्तिलाफ़ भी उन्हीं लोगों ने किया जिनको किताब दी गयी थी, बावजूदे कि उन के पास खुले हुए हुक्म आ चुके थे। (और यह इख़्तिलाफ़ उन्होंने सिर्फ़) आपस की ज़िद से (किया) तो जिस हक़ बात में इख़्तिलाफ़ करते थे, ख़ुदा ने अपनी मेहरबानी से मोमिनों को उस की राह दिखा दी और ख़ुदा जिसको चाहता है, सीधा रास्ता दिखा देता है। (२१३) क्या तुम यह ख़्याल करते हो कि (यों ही) बहिश्त में दाख़िल हो जाओगे और अभी तुमको पहले लोगों की-सी (मुश्किलें) तो पेश आयी ही नहीं। उनको (बड़ी-बड़ी) सख़्तियां और तक्लीफ़ें पहुंचीं और वे (परेशानियों में) हिला-हिला दिये गये, यहां तक कि पैग़म्बर और मोमिन लोग, जो उनके साथ थे, सब पुकार उठे कि कब ख़ुदा की मदद आएगी। देखो, ख़ुदा की मदद (बहुत) जल्द (आया चाहती) है। (२१४) (ऐ मुहम्मद !) लोग तुमसे पूछते हैं कि (ख़ुदा की राह में) किस तरह का माल ख़र्च करें। कह दो कि (जो चाहो ख़र्च करो, लेकिन) जो माल ख़र्च करना चाहो, वह (दर्जा-ब-दर्जा हक़ वालों, यानी) मां-बाप को और क़रीब के रिश्तेदारों को और यतीमों को और मुहताजों को और मुसाफ़िरों को (सबको दो) और जो भलाई तुम करोगे, ख़ुदा उसको जानता है। (२१५) (मुसलमानो !) तुम पर (ख़ुदा के रास्ते में) लड़ना फ़र्ज़ कर दिया गया है, वह तुम्हें ना-गवार तो होगा। मगर अजब नहीं कि एक चीज़ तुमको बुरी लगे और वह तुम्हारे हक़ में भली हो और अजब नहीं कि एक चीज़ तुमको भली लगे और वह तुम्हारे लिए नुक़सानदेह हो। और (इन बातों को) ख़ुदा ही बेहतर जानता है और तुम नहीं जानते। (२१६) ★

★रु. २६/ १० आ ६

यस्अलून-क अनिश्शह्रिल्-हरामि क़ितालिन् फ़ीहि क़ुल् क़ितालुन् फ़ीहि कबीरुन् व सद्दुन् अन् सबीलिल्लाहि व कुफ़्रुम् बिही वल्मस्जिदिल्-हरामि व इख़्राजु अह्लिही मिन्हु अक्बरु अिन्दल्लाहि वल्फ़ित्नतु अक्बरु मिनल्-क़त्लि व ला यज़ालू-न युक़ातिलूनकुम् हत्ता यरुद्दूकुम् अन् दीनिकुम् इनिस्तताअू व मंय्यर्-तदिद् मिन्कुम् अन् दीनिही फ़ यमुत् व हु-व काफ़िरुन् फ़ उला-इ-क हबितत् अअ्-मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति व उला-इ-क अस्-हाबुन्नारि हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२१७) इन्नल्लज़ी-न आमनू वल्लज़ी-न हाजरू व जाहदू फ़ी सबीलिल्लाहि उला-इ-क यर्जू-न रह्मतल्लाहि वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीम (२१८) यस्अलून-क अनिल्ख़म्रि वल्मैसिरि क़ुल् फ़ीहिमा इस्मुन् कबीरुंव-व मनाफ़िअु लिन्नासि व इस्मुहुमा अक्बरु मिन्नफ़्अिहिमा व यस्अलून-क मा ज़ा युन्फ़िक़ू-न क़ुलिल्अ़फ़्-व कज़ालि-क युबय्यिनुल्लाहु लकुमुल्-आयाति ल-अल्लकुम् त-त-फ़क्करून (२१९) फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति व यस्अलून-क अनिल्-यतामा क़ुल् इस्लाहुल्लहुम् ख़ैरुन् व इन् तुख़ालितूहुम् फ़ इख़्वानुकुम् वल्लाहु यअ्-लमुल्-मुफ़्सि-द मिनल्मुस्लिहि व लौ शा-अल्लाहु ल-अअ्-न-तकुम् इन्नल्ला-ह अज़ीज़ुन् हकीम (२२०) व ला तन्किहुल् मुश्रिकाति हत्ता युअ्मिन-न व ल अ-म-तुम्-मुअ्मिन-तुन् ख़ैरुम्मिम्-मुश्रिकतिंव-व लौ अअ्-ज-बत्कुम् व ला तुन्किहुल्-मुश्रिकी-न हत्ता युअ्मिनू व ल अब्दुम्-मुअ्मिनुन् ख़ैरुम्मिम्-मुश्रिकिंव-व लौ अअ्-ज-बकुम् उला-इ-क यद्अू-न इलन्नारि वल्लाहु यद्अू इलल्जन्नति वल्मग़्फ़िरति बि इज़्निही व युबय्यिनु आयातिही लिन्नासि ल-अल्लहुम् य-त-ज़क्करून (२२१) ✶

وَلَا يَزَالُونَ يُقَاتِلُونَكُمْ حَتَّىٰ يَرُدُّوكُمْ عَنْ دِينِكُمْ إِنِ اسْتَطَاعُوا
وَمَنْ يَرْتَدِدْ مِنْكُمْ عَنْ دِينِهِ فَيَمُتْ وَهُوَ كَافِرٌ فَأُولَٰئِكَ حَبِطَتْ
أَعْمَالُهُمْ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ ۖ وَأُولَٰئِكَ أَصْحَابُ النَّارِ ۖ هُمْ فِيهَا
خَالِدُونَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ آمَنُوا وَالَّذِينَ هَاجَرُوا وَجَاهَدُوا فِي
سَبِيلِ اللَّهِ أُولَٰئِكَ يَرْجُونَ رَحْمَتَ اللَّهِ ۚ وَاللَّهُ غَفُورٌ رَحِيمٌ ۝
يَسْأَلُونَكَ عَنِ الْخَمْرِ وَالْمَيْسِرِ ۖ قُلْ فِيهِمَا إِثْمٌ كَبِيرٌ وَمَنَافِعُ
لِلنَّاسِ وَإِثْمُهُمَا أَكْبَرُ مِنْ نَفْعِهِمَا ۗ وَيَسْأَلُونَكَ مَاذَا يُنْفِقُونَ
قُلِ الْعَفْوَ ۗ كَذَٰلِكَ يُبَيِّنُ اللَّهُ لَكُمُ الْآيَاتِ لَعَلَّكُمْ تَتَفَكَّرُونَ ۝
فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ ۗ وَيَسْأَلُونَكَ عَنِ الْيَتَامَىٰ ۖ قُلْ إِصْلَاحٌ لَهُمْ
خَيْرٌ ۖ وَإِنْ تُخَالِطُوهُمْ فَإِخْوَانُكُمْ ۚ وَاللَّهُ يَعْلَمُ الْمُفْسِدَ مِنَ
الْمُصْلِحِ ۚ وَلَوْ شَاءَ اللَّهُ لَأَعْنَتَكُمْ ۚ إِنَّ اللَّهَ عَزِيزٌ حَكِيمٌ ۝
وَلَا تَنْكِحُوا الْمُشْرِكَاتِ حَتَّىٰ يُؤْمِنَّ ۚ وَلَأَمَةٌ مُؤْمِنَةٌ خَيْرٌ
مِنْ مُشْرِكَةٍ وَلَوْ أَعْجَبَتْكُمْ ۗ وَلَا تُنْكِحُوا الْمُشْرِكِينَ حَتَّىٰ
يُؤْمِنُوا ۚ وَلَعَبْدٌ مُؤْمِنٌ خَيْرٌ مِنْ مُشْرِكٍ وَلَوْ أَعْجَبَكُمْ ۗ
أُولَٰئِكَ يَدْعُونَ إِلَى النَّارِ ۖ وَاللَّهُ يَدْعُو إِلَى الْجَنَّةِ وَالْمَغْفِرَةِ
بِإِذْنِهِ ۖ وَيُبَيِّنُ آيَاتِهِ لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَذَكَّرُونَ ۝ وَيَسْأَلُونَكَ
عَنِ الْمَحِيضِ ۖ قُلْ هُوَ أَذًى فَاعْتَزِلُوا النِّسَاءَ فِي الْمَحِيضِ ۖ

✶रु. २७/११ आ ५

(ऐ मुहम्मद !) लोग तुम से इज़्ज़त वाले महीनों में लड़ाई करने के बारे में पूछते हैं। कह दो कि इनमें लड़ना बड़ा (गुनाह) है और ख़ुदा की राह से रोकना और उस से कुफ़्र करना और मस्जिदे हराम (यानी ख़ाना-ए-काबा) में जाने से (बन्द करना) और मस्जिद वालों को उसमें से निकाल देना (जो ये काफ़िर करते हैं) ख़ुदा के नज़दीक उस से भी ज़्यादा (गुनाह) है और फ़ित्ना फैलाना ख़ून बहाने से भी बढ़कर है और ये लोग हमेशा तुम से लड़ते रहेंगे, यहां तक कि अगर ताक़त रखें तो तुमको तुम्हारे दीन से फेर दें और जो कोई तुम में से अपने दीन से फिर (कर काफ़िर हो) जाएगा और काफ़िर ही मरेगा, तो ऐसे लोगों के आमाल दुनिया और आख़िरत, दोनों में बर्बाद हो जायेंगे और यही लोग दोज़ख़ (में जाने) वाले हैं, जिस में हमेशा रहेंगे। (२१७) जो लोग ईमान लाए और ख़ुदा के लिए वतन छोड़ गये और (काफ़िरों से) जंग करते रहे, वही ख़ुदा की रहमत के उम्मीदवार हैं और ख़ुदा बख़्शने वाला (और) रहमत करने वाला है। (२१८) (ऐ पैग़म्बर !) लोग तुम से शराब और जुए का हुक्म मालूम करते हैं। कह दो कि इन में नुक़सान बड़े हैं और लोगों के लिए कुछ फ़ायदे भी हैं, मगर उनके नुक़सान फ़ायदों से कहीं ज़्यादा हैं।[1] और यह भी तुम से पूछते हैं कि (ख़ुदा की राह में) कौन सा माल ख़र्च करें? कह दो कि जो ज़रूरत से ज़्यादा हो। इस तरह ख़ुदा तुम्हारे लिए अपने हुक्मों को खोल-खोलकर बयान फ़रमाता है, ताकि तुम सोचो। (२१९) (यानी) दुनिया और आख़िरत (की बातों) में (ग़ौर करो) और तुम से यतीमों के बारे में पूछते हैं, कह दो कि उन के (हालात का) सुधार बहुत अच्छाकाम है और अगर तुम उनसे मिल-जुल कर रहना (यानी ख़र्च इकट्ठा रखना) चाहो तो वे तुम्हारे भाई हैं और ख़ुदा ख़ूब जानता है कि ख़राबी करने वाला कौन है और सुधार करने वाला कौन और अगर ख़ुदा चाहता तो तुमको तक्लीफ़ में डाल देता। बेशक ख़ुदा ग़ालिब और हिक्मत वाला है। (२२०) और (मोमिनो !) मुश्रिक औरतों से जब तक कि ईमान न लाएं निकाह न करना, क्योंकि मुश्रिक औरत, चाहे तुमको कैसी ही भली लगे उससे मोमिन लौंडी बेहतर है और (इसी तरह) मुश्रिक मर्द, जब तक ईमान न लाएं, मोमिन औरतों को उनकी बीवी न बनाना, क्योंकि मुश्रिक (मर्द) से, चाहे वह तुमको कैसा ही भला लगे, मोमिन ग़ुलाम बेहतर है। ये (मुश्रिक, लोगों को) दोज़ख़ की तरफ़ बुलाते हैं और ख़ुदा अपनी मेहरबानी से बहिश्त और बख़्शिश की तरफ़ बुलाता है और अपने हुक्म लोगों से खोल-खोलकर बयान करता है, ताकि नसीहत हासिल करें (२२१) ✱

---

१. शुरू इस्लाम में शराब हराम न थी। मुसलमान उसे बिला झिझक पीते थे। जब यह आयत नाज़िल हुई तो जिन लोगों ने ख़्याल किया कि इस में नुक़सान है, उन्होंने इस को छोड़ दिया और जिन लोगों ने समझा कि इस में फ़ायदे हैं, वे पीते रहे, फिर यह आयत उतरी कि, 'जब तुम मतवाले हुआ करो तो नमाज़ न पढ़ा करो।' तो जो शराब पिया करते थे, उन्होंने नमाज़ के वक़्त उस का पीना छोड़ दिया। इन आयतों से शराब की बुराई तो ज़ाहिर थी, लेकिन खुले तौर पर हराम न थी, फिर यह आयत उतरी कि ऐ ईमान वालो ! शराब और जुआ और बुतों के थान और पांसे, ये सब नापाक काम, शैतानों के कामों में से हैं, सो इन से बचो ताकि निजात पाओ। इस से शराब साफ़ तौर पर हराम हो गयी। हज़रत उमर रज़ि० जो शराब के बारे में साफ़-साफ़ हुक्म के आ जाने की ख़्वाहिश रखते थे, जब उन्होंने यह आयत सुनी कि 'शैतान तो यह चाहता है कि शराब और जुए की वजह से तुम्हारे आपस में दुश्मनी और रंजिश डलवा दे और तुम्हें ख़ुदा की याद और नमाज़ से रोक दे, सो तुम को (उन से) बाज़ रहना चाहिए', तो फ़ौरन बोल उठे कि हम बाज़ रहे, हम बाज़ रहे।

★रु. २७/११ आ ५

व यस्अलून-क अनिल्महीज़ि ⁄ क़ुल् हु-व अ-ज़न् ⁄ फ़अ्-तज़िलुन्निसा-अ फ़िलमहीज़ि ⁄ व ला तक़्रबू-हुन्-न हत्ता यत्-हुर्-न ⁄ फ़ इज़ा त-तह-हर्-न फ़अ्तू-हुन-न मिन् हैसु अ-म-रकुमुल्लाहु ⁄ इन्नल्ला-ह युहिब्बुत्तव्वाबी-न व युहिब्बुल्-मु-त-तह्हिरीन (२२२) निसा-उकुम् हर्सुल्लकुम् ⁄ फ़अ्तू हर्सकुम् अन्ना शिअ्तुम् ⁄ व क़द्दिमू लि अन्फ़ुसिकुम् ⁄ वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नकुम्मुलाक़ूहु ⁄ व बश्शिरिल्-मुअ्मिनीन (२२३) व ला तज्अलुल्ला-ह अुर्ज़तल्लि-ऐमानिकुम् अन् तबर्रू व तत्तक़ू व तुस्लिहू बैनन्नासि ⁄ वल्लाहु समीअुन् अलीम (२२४) ला युआख़िज़ुकुमुल्लाहु बिल्लग़्वि फ़ी ऐमानिकुम् व लाकिंय्युआख़िज़ुकुम् बिमा क-स-बत् क़ुलूबुकुम् ⁄ वल्लाहु ग़फ़ूरुन् हलीम (२२५) लिल्लज़ी-न युअ्लू-न मिन्निसा-इ-हिम् तरब्बुसु अर्ब-अति अश्हुरिन् ⁄ फ़ इन् फ़ा-ऊ फ़ इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (२२६) व इन् अ-ज़-मुत्तला-क़ फ़-इन्नल्ला-ह समीअुन् अलीम (२२७) वल्मुतल्लक़ातु य-त-रब्बस्-न बि अन्फ़ुसिहिन्-न सला-स-त क़ुरू-इन् ⁄ व ला यहिल्लु लहुन्-न अंय्यक्तुम-न मा ख़-ल-क़ल्लाहु फ़ी अर्हामिहिन-न इन् कुन्-न युअ्मिन्-न बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि ⁄ व बुअ़ूलतुहुन्-न अहक़्क़ु बिरद्दिहिन-न फ़ी ज़ालि-क इन् अरादू इस्लाहन् ⁄ व लहुन्-न मिस्लुल्लज़ी अलैहिन-न बिलमअ्-रूफ़ि व लिर्रिजालि अलैहिन्-न द-र-जतुन् ⁄ वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीम ★ (२२८)

البقرة ٢٨ سيقول

ولا تقربوهن حتى يطهرن فإذا تطهرن فأتوهن من
حيث أمركم الله إن الله يحب التوابين ويحب المتطهرين ۝
نساؤكم حرث لكم فأتوا حرثكم أنى شئتم وقدموا
لأنفسكم واتقوا الله واعلموا أنكم ملاقوه وبشر المؤمنين ۝
ولا تجعلوا الله عرضة لأيمانكم أن تبروا وتتقوا وتصلحوا
بين الناس والله سميع عليم ۝ لا يؤاخذكم الله باللغو
في أيمانكم ولكن يؤاخذكم بما كسبت قلوبكم والله غفور
حليم ۝ للذين يؤلون من نسائهم تربص أربعة أشهر
فإن فاءو فإن الله غفور رحيم ۝ وإن عزموا الطلاق فإن
الله سميع عليم ۝ والمطلقت يتربصن بأنفسهن ثلثة قروء
ولا يحل لهن أن يكتمن ما خلق الله في أرحامهن إن
كن يؤمن بالله واليوم الآخر وبعولتهن أحق بردهن في
ذلك إن أرادوا إصلاحا ولهن مثل الذي عليهن بالمعروف
وللرجال عليهن درجة والله عزيز حكيم ۝ الطلاق مرتن
فإمساك بمعروف أو تسريح بإحسن ولا يحل لكم أن
تأخذوا مما آتيتموهن شيئا إلا أن يخافا ألا يقيما حدود
الله فإن خفتم ألا يقيما حدود الله فلا جناح عليهما فيما

منزل

★रु० २८/१२ आ ७

और तुमसे हैज़ के बारे में पूछते हैं। कह दो कि वह तो नजासत है, सो हैज़ के दिनों में औरतों से अलग रहो और जब तक पाक न हो जायें, उनसे क़रीब न होओ। हां, जब पाक हो जाएं तो जिस तरीक़े से ख़ुदा ने तुम्हें इर्शाद फ़रमाया है, उनके पास जाओ। कोई शक नहीं कि ख़ुदा तौबा करने वालों और पाक-साफ़ रहने वालों को दोस्त रखता है। (२२२) तुम्हारी औरतें तुम्हारी खेती है, तो अपनी खेती में जिस तरह चाहो जाओ और अपने लिए (नेक अमल) आगे भेजो और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि (एक दिन) तुम्हें उसके सामने हाज़िर होना है।[1] और (ऐ पैग़म्बर!) ईमान वालों को ख़ुशख़बरी सुना दो। (२२३) और ख़ुदा (के नाम) को इस बात का हीला न बनाना कि (उसकी) क़समें खा-खाकर सुलूक करने और परहेज़गारी करने और लोगों में सुलह-सफ़ाई कराने से रुक जाओ और ख़ुदा सब कुछ सुनता और जानता है।[2] (२२४) ख़ुदा तुम्हारी बेकार क़स्मों पर तुम्हारी पकड़ नहीं करेगा, लेकिन जो क़स्में तुम दिल के इरादे से खाओगे, उन पर पकड़ करेगा और ख़ुदा बख़्शने वाला, बुर्दबार है।[3] (२२५) जो लोग अपनी औरतों के पास जाने से क़सम खा लें, उनको चार महीने तक इन्तिज़ार करना चाहिए। अगर (इस अर्से में क़सम से) रुजूअ कर लें, तो ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (२२६) और अगर तलाक़ का इरादा कर लें, तो भी ख़ुदा सुनता और जानता है। (२२७) और तलाक़ वाली औरतें तीन हैज़[4] तक अपने आपको रोके रहें। और अगर वे ख़ुदा और क़ियामत के दिन पर ईमान रखती हैं तो उन को जायज़ नहीं कि ख़ुदा ने जो कुछ उन के पेट में पैदा किया है, उसको छिपायें और उन के ख़ाविंद अगर फिर मुवाफ़क़त चाहें तो इस (मुद्दत) में वे उन को अपनी ज़ौजियत (बीबी बनाने) में ले लेने के ज़्यादा हक़दार हैं। और औरतों का हक़ (मर्दों पर) वैसा ही है जैसे दस्तूर के मुताबिक़ (मर्दों का) हक़ औरतों पर है। हां, मर्दों को औरतों पर फ़ज़ीलत है और ख़ुदा ग़ालिब (और) हिक्मत वाला है। (२२८) ★

---

१. लफ़्ज़ों का लिहाज़ किया जाता तो तर्जुमा यों होना चाहिए था कि 'तुम्हें ख़ुदा से मिलना है, मगर जो तर्जुमा यहां किया गया है, वह मुहावरे के लिहाज़ से बहुत लतीफ़ है।

२. यानी इस बात की क़सम न खाओ कि मैं फ़्लां शख़्स से सुलूक नहीं करूंगा या फ़्लां नेक काम नहीं करूंगा। अगर ऐसी क़सम खा ली हो तो उस को तोड़ देना चाहिए और उस का कफ़्फ़ारा दे देना चाहिए।

३. 'बेकार क़सम' वह है जिस की नीयत न हो और बे-क़स्द व इरादा खायी जाए, जैसे कुछ लोग तकिया-ए-कलाम के तौर पर बात-बात में 'वल्लाह' 'बिल्लाह' कहा करते हैं। कुछ ने कहा, बेकार क़सम वह है जो ग़ुस्से की हालत में खायी जाए या हलाल को हराम कर लिया जाए। ऐसी क़सम में कफ़्फ़ारा नहीं है। कुछ ने कहा, जो गुनाह की बात पर खायी जाए। कुछ ने कहा, जो मामले के वक़्त खायी जाए। बेचने वाला कहे, वल्लाह! यह चीज़ मैं इतने को नहीं बेचूंगा, ख़रीदने वाला कहे, वल्लाह! मैं इतने को नहीं ख़रीदूंगा। बहरहाल बेकार क़स्मों पर पकड़ नहीं है।

४. जिस लफ़्ज़ का तर्जुमा हम ने हैज़ किया है, वह 'क़ुरू' है, जिस के मानी हैज़ और तुह्र (पाकी) दोनों हैं। इस बारे में इख़्तिलाफ़ रहा है कि यहां हैज़ मुराद है या तुह्र। सहाबा रज़ि० की एक जमाअत इस बात की क़ायल है कि क़ुरू के मानी तुह्र हैं। इमाम मालिक रह० और शाफ़ई का भी मज़हब यही है, मगर चारों ख़लीफ़ा और ताबईन का यह क़ौल है कि 'क़ुरू' से मुराद हैज़ है। इमाम अबू हनीफ़ा रह० का भी यही मज़हब है। इमाम

(शेष ५५ पर)

★रु० २८/१२ आ ७

अत्तलाक़ु मर्रतानि फ़ इम्साकुम्-बिमअ्-रूफ़ित् औ तस्रीहुम्-बि इह्सानिन् व ला यहिल्लु लकुम् अन् तअ्ख़ुज़ू मिम्मा आतैतुमूहुन्-न शैअन् इल्ला अंय्यख़ाफ़ा अल्ला युक़ीमा हुदूदल्लाहि फ़ इन् ख़िफ़्तुम् अल्ला युक़ीमा हुदूदल्लाहि फ़ ला जुना-ह अलैहिमा फ़ीमफ़्तदत् बिही तिल्-क हुदुदल्लाहि फ़-ला तअ्-तदूहा व मंय्य-त-अद्-द हुदूदल्लाहि फ़ उला-इ-क हुमुज़्ज़ालिमून (२२९) फ़ इन् तल्ल-क़हा फ़ ला तहिल्लु लहू मिम्बअ्-दु हत्ता तन्कि-ह ज़ौजन् ग़ैरहू फ़ इन् तल्ल-क़हा फ़-ला जुना-ह अलैहिमा अंय्य-त-राजआ इन् ज़न्ना अंय्युक़ीमा हुदूदल्लाहि व तिल-क हुदूदुल्लाहि युबय्यिनुहा लि क़ौमिंय्यअ्-लमून (२३०) व इज़ा तल्लक़्तुमुन्निसा-अ फ़-ब-लग़्-न अ-ज-लहुन्-न फ़ अम्सिकूहुन्-न बिमअ्-रूफ़िन् औ सर्रिहूहुन्-न बिमअ्-रूफ़िंव् व ला तुम्सिकू हुन्-न ज़िरारल्लितअ्-तदू व मंय्यफ़्अल् ज़ालि-क फ़-क़द् ज़-ल-म नफ़्सहू व ला तत्तख़िज़ू आयातिल्लाहि हुज़ुवंव्-वज़्कुरू निअ्-म-तल्लाहि अलैकुम् व मा अन्-ज़-ल अलैकुम् मिनल्-किताबि वल्हिक्मति यअिज़ुकुम् बिही वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह बि कुल्लि शै-इन् अलीम ★● (२३१) व इज़ा तल्लक़्तुमुन्निसा-अ फ़-ब-लग़्-न अ-ज-लहुन-न फ़ ला तअ्ज़ुलूहुन्-न अंय्यन्किह्-न अज़्वाजहुन्-न इज़ा तराज़ौ बैनहुम् बिलमअ्रूफ़ि ज़ालि-क यूअज़ु बिही मन् का-न मिन्कुम् युअ्मिनु बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि ज़ालिकुम् अज़्का लकुम् व अत्हरु वल्लाहु यअ्-लमु व अन्तुम् ला तअ्-लमून (२३२)

سيقول ٢ — البقرة ٢

افتدت به تلك حدود الله فلا تعتدوها ومن يتعد حدود
الله فأولئك هم الظلمون ۝ فإن طلقها فلا تحل له من بعد
حتى تنكح زوجا غيره فإن طلقها فلا جناح عليهما أن يتراجعا
إن ظنا أن يقيما حدود الله وتلك حدود الله يبينها لقوم
يعلمون ۝ وإذا طلقتم النساء فبلغن أجلهن فأمسكوهن
بمعروف أو سرحوهن بمعروف ولا تمسكوهن ضرارا لتعتدوا
ومن يفعل ذلك فقد ظلم نفسه ولا تتخذوا ءايت الله هزوا
واذكروا نعمت الله عليكم وما أنزل عليكم من الكتب والحكمة
يعظكم به واتقوا الله واعلموا أن الله بكل شيء عليم ۝ و
إذا طلقتم النساء فبلغن أجلهن فلا تعضلوهن أن ينكحن
أزوجهن إذا تراضوا بينهم بالمعروف ذلك يوعظ به من
كان منكم يؤمن بالله واليوم الآخر ذلكم أزكى لكم وأطهر و
الله يعلم وأنتم لا تعلمون ۝ والولدت يرضعن أولادهن
حولين كاملين لمن أراد أن يتم الرضاعة وعلى المولود له
رزقهن وكسوتهن بالمعروف لا تكلف نفس إلا وسعها
لا تضار ولدة بولدها ولا مولود له بولده وعلى الوارث
مثل ذلك فإن أرادا فصالا عن تراض منهما وتشاور فلا

منزل

★रु. २९/१३ आ ३ ●सु. ३/४

तलाक़ (सिर्फ़) दो बार है। (यानी जब दो बार तलाक़ दे दी जाए तो) फिर (औरतों को) या तो शाइस्ता तरीक़े से (निकाह में) रहने देना है या भलाई के साथ छोड़ देना और यह जायज़ नहीं कि जो मह्र तुम उन को दे चुके हो, उस में से कुछ वापस ले लो। हां, अगर बीवी व शौहर को ख़ौफ़ हो कि वे ख़ुदा की हदों को क़ायम नहीं रख सकेंगे, तो अगर औरत (ख़ाविंद के हाथ से) रिहाई पाने के बदले में कुछ दे डाले तो दोनों पर कुछ गुनाह नहीं। ये ख़ुदा की (मुक़र्रर की हुई) हदें हैं, उन से बाहर न निकलना और जो लोग ख़ुदा की हदों से बाहर निकल जायेंगे, वे गुनाहगार होंगे। (२२९) फिर अगर शौहर (दो तलाक़ों के बाद तीसरी) तलाक़ औरत को दे दे तो उस के बाद जब तक औरत किसी दूसरे शख़्स से निकाह न कर ले, (पहले शौहर) पर हलाल न होगी। हां, अगर दूसरा ख़ाविंद भी तलाक़ दे दे और औरत और पहला ख़ाविंद फिर एक दूसरे की तरफ़ रुजूअ कर लें तो उन पर कुछ गुनाह नहीं, बशर्ते कि दोनों यक़ीन करें कि ख़ुदा की हदों को क़ायम रख सकेंगे और ये ख़ुदा की हदें हैं, इन को वह उन लोगों के लिए बयान फ़रमाता है, जो दानिश (सूझ-बूझ) रखते हैं। (२३०) और जब तुम औरतों को (दो बार) तलाक़ दे चुको और उन की इद्दत पूरी हो जाए तो उन्हें या तो अच्छे सुलूक से निकाह में रहने दो या शाइस्ता तरीक़े से रुख़्सत कर दो और इस नीयत से उन को निकाह में न रहने देना चाहिए कि उन्हें तक्लीफ़ दो और उन पर ज़्यादती करो। और जो ऐसा करेगा वह अपना ही नुक़्सान करेगा। और ख़ुदा के हुक्मों को हंसी (और खेल) न बनाओ। और ख़ुदा ने तुमको जो नेमतें बख़्शी हैं और तुम पर जो किताब और दानाई की बातें नाज़िल की हैं, जिन से वह तुम्हें नसीहत फ़रमाता है, उन को याद करो और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा हर चीज़ जानता है। (२३१)★●

और जब तुम औरतों को तलाक़ दे चुको और उन की इद्दत पूरी हो जाए तो उन को दूसरे शौहरों के साथ, जब वे आपस में जायज़ तौर पर राज़ी हो जायें, निकाह करने से मत रोको। इस (हुक्म) से उस शख़्स को नसीहत की जाती है जो तुम में ख़ुदा और आख़िरत के दिन पर यक़ीन रखता है, यह तुम्हारे लिए निहायत ख़ूब और बहुत पाकीज़गी की बात है और ख़ुदा जानता है और

(५३ का शेष)

अहमद रह० कहते हैं कि बड़े सहाबा इस के क़ायल हैं कि क़ुरू के मानी हैज़ हैं। जो लोग इस के क़ायल हैं कि क़ुरआन की आयत में क़ुरू से मुराद हैज़ है, उन की एक दलील यह भी है कि प्यारे नबी सल्ल० ने फ़ातिमा बिन्त जैश से फ़रमाया था कि 'दअिस्सला-त अय्या-म अक़राइकि' यानी हैज़ के दिनों में नमाज़ छोड़ दिया करो। हम ने इसी रिवायत की बुनियाद पर क़ुरू का तर्जुमा हैज़ किया है।

★रु. २९/१३ आ ३ ●सु. ३/४

वल्वालिदातु युर्ज़िअ्-न औलादहुन्-न हौलैनि कामिलैनि लि मन् अरा-द अंय्युतिम्-मर्‌रज़ाअ-त ط व अ-लल्-मौलूदि लहू रिज़्क़ुहुन्-न व किस्वतुहुन्-न बिलमअ्-रूफ़ि ط ला तुकल्लफ़ु नफ़्सुन् इल्ला वुस्अहा ج ला तुज़ार्-र-वालिदतुम्-बि व-लदिहा व ला मौलूदुल्लहू बि व-लदिही ق व अ-लल्-वारिसि मिस्लु ज़ालि-क ج फ़ इन् अरादा फ़िसालन् अन्तराज़िम्मिन्हुमा व तशावुरिन् फ़ ला जुना-ह अलैहिमा ط व इन् अरत्तुम् अन् तस्तर्ज़िअू औलादकुम् फ़ ला जुना-ह अलैकुम् इज़ा सल्लम्तुम् मा आतैतुम् बिलमअ्-रूफ़ि ط वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह बिमा तअ्-मलू-न बसीर (२३३) वल्लज़ी-न यु-त-वफ़्फ़ौ-न मिन्कुम् व य-ज़रू-न अज़्वाजंय्य-त-रब्बस्-न बिअन्फ़ुसिहिन्-न अर्ब-अ-त अश्हुरिंव-व अश्रन् ج फ़ इज़ा ब-लग़्-न अ-ज-लहुन्-न फ़-ला जुना-ह अलैकुम् फ़ीमा फ़-अल-न फ़ी अन्फ़ुसिहिन्-न बिलमअ्रूफ़ि ط वल्लाहु बिमा तअ्-मलू-न ख़बीर (२३४) वला जुना-ह अलैकुम् फ़ीमा अर्रज़्तुम् बिही मिन् ख़ित्बतिन्निसा-इ औ अक्नन्तुम् फ़ी अन्फ़ुसिकुम् ط अलि-मल्लाहु अन्नकुम् स-तज़्कुरूनहुन्-न व लाकिल्ला तुवाअिदूहुन्-न सिर्रन् इल्ला अन् तक़ूलू क़ौलम् मअ्-रूफ़न् ط व ला तअ्-ज़िमू अुक़्दतन्निकाहि हत्ता यब्लुग़ल्-किताबु अ-ज-लहू ط वअ्-लमू अन्नल्ला-ह यअ्-लमु मा फ़ी अन्फ़ुसिकुम् फ़ह्ज़रूहु ج वअ्-लमू अन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुन् हलीम ع ★ (२३५) ला जुना-ह अलैकुम् इन् तल्लक़्तुमुन्निसा-अ मा लम् तमस्सूहुन् - न औ तफ़्रिज़ू लहुन् - न फ़रीज़-तंव्-व मत्तिअू-हुन-न ج अ-लल्मूसिअि क़-द-रुहू व अलल्मुक़्तिरि क़-द-रुहू ج मताअम्-बिलमअ्-रूफ़ि ج हक़्क़न् अलल्-मुह्सिनीन (२३६) व इन् तल्लक़्तुमूहुन्-न मिन् क़ब्लि अन् तमस्सूहुन्-न व क़द् फ़-रज़्तुम् लहुन्-न फ़रीज़-तन् फ़ निस्फ़ु मा फ़-रज़्तुम् इल्ला अंय्यअ्-फ़ू-न औ यअ्-फ़ुवल्लज़ी बियदिही अुक़्दतुन्निकाहि ط व अन् तअ्-फ़ू अक़्रबु लित्तक़्वा ط व ला तन्सवुल्फ़ज़्-ल बैनकुम् ط इन्नल्ला-ह बिमा तअ्-मलू-न बसीर (२३७)

جناح عليهما وإن أردتم أن تسترضعوا أولادكم فلا جناح
عليكم إذا سلمتم ما آتيتم بالمعروف واتقوا الله واعلموا أن
الله بما تعملون بصير ۝ والذين يتوفون منكم ويذرون
أزواجا يتربصن بأنفسهن أربعة أشهر وعشرا فإذا بلغن
أجلهن فلا جناح عليكم فيما فعلن في أنفسهن بالمعروف
والله بما تعملون خبير ۝ ولا جناح عليكم فيما عرضتم به
من خطبة النساء أو أكننتم في أنفسكم علم الله أنكم
ستذكرونهن ولكن لا تواعدوهن سرا إلا أن تقولوا قولا
معروفا ولا تعزموا عقدة النكاح حتى يبلغ الكتاب أجله
واعلموا أن الله يعلم ما في أنفسكم فاحذروه واعلموا أن
الله غفور حليم ۝ لا جناح عليكم إن طلقتم النساء ما
لم تمسوهن أو تفرضوا لهن فريضة ومتعوهن على الموسع
قدره وعلى المقتر قدره متاعا بالمعروف حقا على المحسنين ۝
وإن طلقتموهن من قبل أن تمسوهن وقد فرضتم لهن
فريضة فنصف ما فرضتم إلا أن يعفون أو يعفو الذي بيده
عقدة النكاح وأن تعفوا أقرب للتقوى ولا تنسوا الفضل
بينكم إن الله بما تعملون بصير ۝ حافظوا على الصلوات و

★रु० ३०/१४ आ ४

तुम नहीं जानते। (२३२) और माएं अपने बच्चों को पूरे दो साल दूध पिलाएं, यह (हुक्म) उस शख़्स के लिए है जो पूरी मुद्दत तक दूध पिलवाना चाहे और दूध पिलाने वाली माओं का खाना और कपड़ा दस्तूर के मुताबिक़ बाप के ज़िम्मे होगा। किसी शख़्स को उस की ताक़त से ज़्यादा तक्लीफ़ नहीं दी जाती, (तो याद रखो कि) न तो मां को उस के बच्चे की वजह से नुक़सान पहुंचाया जाए और न बाप को उस की औलाद की वजह से नुक़सान पहुंचाया जाए[1] और इसी तरह (नान-नफ़क़ा) बच्चे के वारिस के ज़िम्मे है और अगर दोनों (यानी मां-बाप) आपस की रज़ामंदी और सलाह से बच्चों का दूध छुड़ाना चाहें, तो उनपर कुछ गुनाह नहीं और अगर तुम अपनी औलाद को दूध पिलवाना चाहो, तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं, बशर्ते कि तुम दूध पिलाने वालियों को दस्तूर के मुताबिक़ उन का हक़ जो तुम ने देना तै किया था, दे दो और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि जो कुछ तुम करते हो, ख़ुदा उस को देख रहा है। (२३३) और जो लोग तुम में से मर जायें और औरतें छोड़ जायें तो औरतें चार महीने दस दिन अपने आप को रोके रहें और जब (ये) इद्दत पूरी कर चुकें और अपने हक़ में पसंदीदा काम (यानी निकाह) कर लें तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं और ख़ुदा तुम्हारे सब कामों की ख़बर रखता है।[2] (२३४) अगर तुम इशारे की बातों में औरतों को निकाह का पैग़ाम भेजो या (निकाह की ख़्वाहिश को) अपने दिलों में छिपाए रखो तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं। ख़ुदा को मालूम है कि तुम उन से (निकाह का) ज़िक्र करोगे, मगर (इद्दत के दिनों में) इस के सिवा कि दस्तूर के मुताबिक़ कोई बात कह दो छिपे तौर पर, उन से क़ौल व क़रार न करना। और जब तक इद्दत पूरी न हो ले, निकाह का पक्का इरादा न करना और जान रखो कि जो कुछ तुम्हारे दिलों में है, ख़ुदा को सब मालूम है, तो उस से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा बख़्शने वाला और इल्म वाला है। (२३५) ★

और अगर तुम औरतों को उन के पास जाने या उन का मह्र मुक़र्रर करने से पहले तलाक़ दे दो, तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं, हां, उनको दस्तूर के मुताबिक़ कुछ ख़र्च ज़रूर दो (यानी) मक़दूर वाला अपनी ताक़त के मुताबिक़ दे और तंगदस्त अपनी हैसियत के मुताबिक़। नेक लोगों पर यह एक तरह का हक़ है। (२३६) और अगर तुम औरतों को उन के पास जाने से पहले तलाक़ दे दो, लेकिन मह्र मुक़र्रर कर चुके हो, तो आधा मह्र देना होगा। हां, अगर औरतें मह्र बख़्श दें या मर्द, जिन के हाथ में निकाह का अक़्द है (अपना हक़) छोड़ दें (और पूरा मह्र दे दें तो उनको अख़्तियार है) और अगर तुम मर्द लोग ही अपना हक़ छोड़ दो तो यह परहेज़गारी की बात है और आपस में भलाई करने को भूलना नहीं, कुछ शक नहीं कि ख़ुदा तुम्हारे सब कामों को देख रहा है। (२३७)

---

१. यानी मां अगर दूध पिलाने पर राज़ी न हो, तो उस से ज़बरदस्ती न की जाए और बाप से उस की ताक़त से ज़्यादा नफ़क़ा (ख़र्चा) न मांगा जाए।

२. तलाक़ की इद्दत तीन हैज़ और सोग की इद्दत चार महीने दस दिन इस सूरत में है, जब हमल मालूम न हो और अगर हमल मालूम हो तो बच्चा होने के वक़्त तक है।

★रु.३०/१४ आ ४

हाफ़िज़ू अलस्स-ल-वाति वस्स़लातिल्-वुस्ता ۚ व क़ूमू लिल्लाहि क़ानितीन (२३८) फ़-इन् ख़िफ़्तुम् फ़ रिजालन् औ रुक्बानन् ۚ फ़ इज़ा अमिन्तुम् फ़ज़्कुरुल्ला-ह कमा अल्ल-म-कुम् मालम् तकूनू तअ़्-लमून (२३९) वल्लज़ी-न यु-त-वफ़्फ़ौ-न मिन्कुम् व य-ज़रू-न अज़्वाजंव्-व सिय्यतल्-लि अज़्वाजिहिम् मताअ़न् इलल्हौलि ग़ै-र इख़्राजिन् ۚ फ़ इन् ख़-रज्-न फ़ ला जुना-ह अलैकुम् फ़ी मा फ़-अल्-न फ़ी अन्फ़ुसिहिन्-न मिम्मअ़्-रूफ़िन् ۗ वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीम (२४०) व लिल्मुतल्लक़ाति मताअ़ुम् - बिल्मअ़्रूफ़ि ۗ हक़्क़न् अलल्मुत्तक़ीन (२४१) कज़ालि - क युबय्यिनुल्लाहु लकुम् आयातिही ल-अ़ल्लकुम् तअ़्-क़िलून ★ (२४२) अ - लम् त - र इलल्लज़ी-न ख़-रजू मिन् दियारि-हिम् व हुम् उलूफ़ुन् ह-ज़-रल्मौति ۖ फ़ क़ा-ल लहुमुल्लाहु मूतू ۫ सुम्-म अह़्याहुम् ۗ इन्नल्ला-ह लज़ू फ़ज़्लिन् अलन्नासि व

البقرة ٢ سيقول

الصَّلٰوةِ الْوُسْطٰى ۗ وَقُوْمُوْا لِلّٰهِ قٰنِتِيْنَ ۝ فَاِنْ خِفْتُمْ فَرِجَالًا
اَوْ رُكْبَانًا ۚ فَاِذَآ اَمِنْتُمْ فَاذْكُرُوا اللّٰهَ كَمَا عَلَّمَكُمْ مَّا لَمْ تَكُوْنُوْا تَعْلَمُوْنَ ۝
وَالَّذِيْنَ يُتَوَفَّوْنَ مِنْكُمْ وَيَذَرُوْنَ اَزْوَاجًا ۚ وَّصِيَّةً لِّاَزْوَاجِهِمْ مَّتَاعًا
اِلَى الْحَوْلِ غَيْرَ اِخْرَاجٍ ۚ فَاِنْ خَرَجْنَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيْ مَا فَعَلْنَ
فِيْۤ اَنْفُسِهِنَّ مِنْ مَّعْرُوْفٍ ۗ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ۝ وَلِلْمُطَلَّقٰتِ مَتَاعٌ ۢ
بِالْمَعْرُوْفِ ۗ حَقًّا عَلَى الْمُتَّقِيْنَ ۝ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمْ اٰيٰتِهٖ
لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ خَرَجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ وَهُمْ اُلُوْفٌ
حَذَرَ الْمَوْتِ ۠ فَقَالَ لَهُمُ اللّٰهُ مُوْتُوْا ۫ ثُمَّ اَحْيَاهُمْ ۗ اِنَّ اللّٰهَ لَذُوْ فَضْلٍ
عَلَى النَّاسِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَشْكُرُوْنَ ۝ وَقَاتِلُوْا فِيْ سَبِيْلِ
اللّٰهِ وَاعْلَمُوْۤا اَنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۝ مَنْ ذَا الَّذِيْ يُقْرِضُ اللّٰهَ
قَرْضًا حَسَنًا فَيُضٰعِفَهٗ لَهٗۤ اَضْعَافًا كَثِيْرَةً ۗ وَاللّٰهُ يَقْبِضُ وَيَبْصُۜطُ
وَاِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الْمَلَاِ مِنْ ۢ بَنِيْۤ اِسْرَآءِيْلَ مِنْ ۢ بَعْدِ
مُوْسٰى ۘ اِذْ قَالُوْا لِنَبِيٍّ لَّهُمُ ابْعَثْ لَنَا مَلِكًا نُّقَاتِلْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ
قَالَ هَلْ عَسَيْتُمْ اِنْ كُتِبَ عَلَيْكُمُ الْقِتَالُ اَلَّا تُقَاتِلُوْا ۗ قَالُوْا وَمَا
لَنَآ اَلَّا نُقَاتِلَ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَقَدْ اُخْرِجْنَا مِنْ دِيَارِنَا وَاَبْنَآىِٕنَا
فَلَمَّا كُتِبَ عَلَيْهِمُ الْقِتَالُ تَوَلَّوْا اِلَّا قَلِيْلًا مِّنْهُمْ ۗ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ
بِالظّٰلِمِيْنَ ۝ وَقَالَ لَهُمْ نَبِيُّهُمْ اِنَّ اللّٰهَ قَدْ بَعَثَ لَكُمْ طَالُوْتَ

लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (२४३) व क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहि वअ़्-लमू अन्नल्ला-ह समीअ़ुन् अलीम (२४४) मन् ज़ल्लज़ी युक़्रिज़ुल्ला-ह क़र्ज़न् ह-स-नन् फ़-युज़ाअ़िफ़हू लहू अज़्आफ़न् कसीर-तन् ۗ वल्लाहु यक़्बिज़ु व यब्सुतु व इलैहि तुर्जअ़ून (२४५) अ-लम् त-र इलल्मल-इ मिम्बनी इस्राई-ल मिम्बअ़्-दि मूसा ▒ इज़् क़ालू लि नबिय्यिल्-लहुमुब्अ़स् लना मलिकन्नुक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि ۗ क़ा-ल हल् असैतुम् इन् कुति-ब अलैकुमुल्-क़ितालु अल्ला तुक़ातिलू ۗ क़ालू व मा लना अल्ला नुक़ाति-ल फ़ी सबीलिल्लाहि व क़द् उख़्रिज्ना मिन् दियारिना व अब्ना - इना ۗ फ़ - लम्मा कुति - ब अलैहिमुल् - क़ितालु तवल्लौ इल्ला क़लीलम्मिन्हुम् ۗ वल्लाहु अलीमुम् - बिज़्ज़ालिमीन (२४६)

★रु. ३१/१५ आ ७ ▒ व. लाज़िम

(मुसलमानो !) सब नमाजें ख़ास तौर से बीच की नमाज (यानी अस्र की नमाज) पूरे एहतिमाम के साथ अदा करते रहो।[1] और ख़ुदा के आगे अदब से खड़े रहा करो। (२३८) अगर तुम ख़ौफ़ की हालत में हो तो प्यादे या सवार (जिस हाल में हो, नमाज पढ़ लो) फिर जब अम्न (व इत्मीनान) हो जाए तो जिस तरीक़े से ख़ुदा ने तुम को सिखाया है, जो तुम पहले नहीं जानते थे, ख़ुदा को याद करो। (२३९) और जो लोग तुम में से मर जायें, और औरतें छोड़ जायें, वे अपनी औरतों के हक़ में वसीयत कर जायें कि उन को एक साल तक ख़र्च दिया जाए और घर से न निकाली जाएं। हां, अगर वे ख़ुद घर से निकल जाएं और अपने हक़ में पसन्दीदा काम (यानी निकाह) कर लें तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं और ख़ुदा ज़बरदस्त हिक्मत वाला है। (२४०) और तलाक़ वाली औरतों को भी दस्तूर के मुताबिक़ नान व नफ़्क़ा देना चाहिए। परहेज़गारों पर (यह भी) हक़ है। (२४१) इसी तरह ख़ुदा अपने हुक्मों को तुम्हारे लिए बयान फ़रमाता है ताकि तुम समझो।(२४२)★

भला तुम ने उन लोगों को नहीं देखा जो (गिनती में) हज़ारों ही थे और मौत के डर से अपने घरों से निकल भागे थे, तो ख़ुदा ने उन को हुक्म दिया कि मर जाओ, फिर उन को ज़िन्दा भी कर दिया। कुछ शक नहीं कि ख़ुदा लोगों पर मेहरबानी रखता है, लेकिन ज़्यादा लोग शुक्र नहीं करते। (२४३) और (मुसलमानो !) ख़ुदा की राह में जिहाद करो और जान रखो कि ख़ुदा (सब कुछ) सुनता (और सब कुछ) जानता है। (२४४) कोई है कि ख़ुदा को क़र्ज़े हस्ना (भला क़र्ज़) दे कि वह उस के बदले उस को कई हिस्से ज़्यादा देगा और ख़ुदा ही रोज़ी को तंग करता और (वही उसे) फैलाता है और तुम उसी की तरफ़ लौट कर जाओगे। (२४५) भला तुम ने बनी इस्राईल की एक जमाअत को नहीं देखा, ※ जिस ने मूसा के बाद अपने पैग़म्बर से कहा कि आप हमारे लिए एक बादशाह मुक़र्रर कर दें ताकि हम ख़ुदा की राह में जिहाद करें। पैग़म्बर ने कहा कि अगर तुम को जिहाद का हुक्म दिया जाए तो अजब नहीं कि लड़ने से पहलू बचाओ। वे कहने लगे कि हम ख़ुदा की राह में क्यों न लड़ेंगे जब कि हम वतन से (निकाले) और बाल-बच्चों से जुदा कर दिए गए, लेकिन जब उनको जिहाद का हुक्म दिया गया तो कुछ लोगों के अलावा सब फिर गये और ख़ुदा ज़ालिमों को ख़ूब जानता है। (२४६) और पैग़म्बर ने उन से (यह भी) कहा कि ख़ुदा ने तुम पर तालूत को बादशाह मुक़र्रर फ़रमाया है। वे बोले कि उसे हम पर बादशाही का हक़ कैसे हो सकता है, बादशाही के हक़दार तो हम हैं और उस के पास तो बहुत सी दौलत भी नहीं। पैग़म्बर ने कहा कि ख़ुदा ने उस को तुम पर (फ़ज़ीलत दी है और बादशाही के लिए) चुन रखा है। उसने उसे इल्म भी बहुत सा बख़्शा है और जिस्म भी (बड़ा अता किया है) और ख़ुदा (को अख़्तियार है), जिसे चाहे बादशाही बख़्शे। वह बड़ी वुसअत वाला और जानने वाला है। (२४७) और पैग़म्बर ने उन

---

१. पूरे एहतिमाम के साथ अदा करने से मुराद यह है कि नमाज को उस के वक़्तों में पढ़ते रहो। बीच की नमाज के बारे में मुख़्तलिफ़ क़ौल हैं। किसी ने कहा, ज़ुहर की नमाज़ मुराद है। किसी ने कहा इशा की, किसी ने कहा अस्र की, किसी ने कहा फ़ज्र की, मगर ज़्यादा सही यह है कि इस से अस्र की नमाज़ मुराद है, जैसा कि सही हदीसों में आया है।

★रु० ३१/१५ आ ७ ※ व० लाज़िम

व क़ा-ल लहुम् नबिय्युहुम् इन्नल्ला-ह क़द् ब-अ-स लकुम् तालू-त मलिकन् क़ालू अन्ना यकूनु लहुलमुल्कु अलैना व नह्नु अहक़्क़ु बिलमुल्कि मिन्हु व लम् युअ्-त स-अ-तम्-मिनल्मालि क़ा-ल इन्नल्लाहस्तफ़ाहु अलैकुम् व ज़ादहू बस्त-तन् फ़िल्इल्मि वल्जिस्मि वल्लाहु युअ्ती मुल्कहू मंय्यशा-उ वल्लाहु वासिअुन् अलीम (२४७) व क़ा-ल लहुम् नबिय्युहुम् इन-न आय-त मुल्किही अंय्यअ्तियकुमुत्ताबूतु फ़ीहि सकीनतुम्-मिर्रब्बिकुम् व बक़िय्यतुम्-मिम्मा त-र-क आलु मूसा व आलु हारू-न तह्मिलुहुल्-मला-इकतु इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आयतल्लकुम् इन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ★ (२४८) फ़ लम्मा फ़-स-ल तालूतु बिल्जुनूदि क़ा-ल इन्नल्ला-ह मुब्तलीकुम् बि-न-हरिन् फ़ मन् शरि-ब मिन्हु फ़ लै-स मिन्नी व मल्लम् यत्-अम्हु फ़ इन्नहू मिन्नी इल्ला मनिग़्त-र-फ़ ग़ुर्फ़तम्-बि यदिही फ़ शरिबू मिन्हु इल्ला

ملكا قالوا انى يكون له الملك علينا ونحن احق بالملك منه ولم
يؤت سعة من المال قال ان الله اصطفاه عليكم وزاده بسطة
في العلم والجسم والله يؤتي ملكه من يشاء والله واسع عليم ۝
وقال لهم نبيهم ان اية ملكه ان يأتيكم التابوت فيه سكينة
من ربكم وبقية مما ترك ال موسى وال هرون تحمله الملئكة
ان في ذلك لاية لكم ان كنتم مؤمنين ۝ فلما فصل طالوت
بالجنود قال ان الله مبتليكم بنهر فمن شرب منه فليس مني
ومن لم يطعمه فانه مني الا من اغترف غرفة بيده فشربوا
منه الا قليلا منهم فلما جاوزه هو والذين امنوا معه قالوا
لا طاقة لنا اليوم بجالوت وجنوده قال الذين يظنون انهم ملقوا
الله كم من فئة قليلة غلبت فئة كثيرة باذن الله والله مع
الصبرين ۝ ولما برزوا لجالوت وجنوده قالوا ربنا افرغ علينا
صبرا وثبت اقدامنا وانصرنا على القوم الكفرين ۝ فهزموهم
باذن الله وقتل داود جالوت واته الله الملك والحكمة و
علمه مما يشاء ولولا دفع الله الناس بعضهم ببعض
لفسدت الارض ولكن الله ذو فضل على العلمين ۝
تلك ايت الله نتلوها عليك بالحق وانك لمن المرسلين ۝

क़लीलम्-मिन्हुम् फ़ लम्मा जा-व-ज़हू हु-व वल्लज़ी-न आमनू म-अहू क़ालू ला ताक़-त लनल्यौ-म बिजालू-त व जुनूदिही क़ालल्लज़ी-न यज़ुन्नू-न अन्नहुम् मुलाक़ुल्लाहि कम्मिन् फ़िअतिन् क़लीलतिन् ग़-ल-बत् फ़ि-अतन् कसीरतम् बि इज़्निल्लाहि वल्लाहु म-अ-स्साबिरीन (२४९) व लम्मा ब-र-ज़ू लि जालू-त व जुनूदिही क़ालू रब्बना अफ़्रिग़् अलैना सब्रंव-व सब्बित् अक़्दामना वन्सुर्ना अ-लल्-क़ौमिल्-काफ़िरीन (२५०) फ़-ह-ज़मूहुम् बि इज़्निल्लाहि व क़-त-ल दावूदु जालू-त व आताहुल्लाहुल्मुल-क वल्हिक्म-त व अल्लमहू मिम्मा यशाउ व लौ ला दफ़्अुल्लाहिन्ना-स बअ्-ज़हुम् बिबअ्-ज़िल्-ल-फ़-स-दतिल अर्ज़ु व लाकिन्नल्ला-ह ज़ू फ़ज़्लिन् अलल्-आलमीन (२५१) तिल्-क आयातुल्लाहि नत्लू हा अलै-क बिल्हक़्क़ि व इन्न-क लमिनल्-मुर्सलीन (२५२)

★ रु. ३२/१६ आ ६

से कहा कि उनकी बादशाही की निशानी यह है कि तुम्हारे पास एक सन्दूक़ आएगा जिस को फ़रिश्ते उठाए हुए होंगे। उस में तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तसल्ली (बख़्शने वाली चीज़) होगी और कुछ और चीज़ें भी होंगी जो मूसा और हारून छोड़ गये थे। अगर तुम ईमान रखते हो तो यह तुम्हारे लिए एक बड़ी निशानी है। (२४८) ★

ग़रज़ जब तालूत फ़ौजें ले कर रवाना हुआ तो उस ने (उन से) कहा कि ख़ुदा एक नहर से तुम्हारी आज़माइश करने वाला है। जो शख़्स उस में से पानी पी लेगा (उस के बारे में समझा जाएगा कि) वह मेरा नहीं और जो न पिएगा, वह (समझा जाएगा कि) मेरा है। हां, अगर कोई हाथ से चुल्लू भर पानी ले ले (तो ख़ैर, ज़ब वे लोग नहर पर पहुंचे) तो कुछ लोगों के सिवा सब ने पानी पी लिया। फिर जब तालूत और मोमिन लोग, जो उस के साथ, नहर के पार हो गये, तो कहने लगे कि आज हम में जालूत और उस के लश्कर से मुक़ाबला करने की ताक़त नहीं। जो लोग यक़ीन रखते थे कि उन को ख़ुदा के सामने हाज़िर होना है, वे कहने लगे कि कभी-कभी थोड़ी-सी जमाअत ने ख़ुदा के हुक्म से बड़ी जमाअत पर फ़त्ह हासिल की है और ख़ुदा सब्र करने वालों (जमाव वालों) के साथ है। (२४९) और जब वे लोग जालूत और उस की फ़ौज के मुक़ाबले में आए तो (ख़ुदा से) दुआ की, ऐ परवरदिगार! हम पर सब्र के दहाने खोल दे और हमें (लड़ाई में) क़दमों से जमाये रख, और काफ़िरों की (फ़ौज) पर जीत दे। (२५०) तो तालूत की फ़ौज ने ख़ुदा के हुक्म से उन को हरा दिया और दाऊद ने जालूत को क़त्ल कर डाला। और ख़ुदा ने उस को बादशाही और दानाई बख़्शी और जो कुछ चाहा, सिखाया और ख़ुदा लोगों को एक दूसरे (पर चढ़ाई और हमला करने) से हटाता न रहता, तो मुल्क तबाह हो जाता, लेकिन ख़ुदा दुनिया वालों पर बड़ा मेहरबान है। (२५१) ये ख़ुदा की आयतें हैं जो हम तुम को सच्चाई के साथ पढ़ कर सुनाते हैं। (और ऐ मुहम्मद!) तुम बिला शुब्हा पैग़म्बरों में से हो। (२५२) ये पैग़म्बर (जो

★रु० ३२/१६ आ ६

तीसरा पारः तिल्-कर्रुसुलु

सूरतुल्-ब-क़-रति आयत २५३ से २८६

الفاحشة من نسائكم فاستشهدوا عليهن اربعة منكم فان
شهدوا فامسكوهن في البيوت حتى يتوفهن الموت او يجعل
الله لهن سبيلا ۝ والذان ياتينها منكم فاذوهما فان تابا و
اصلحا فاعرضوا عنهما ان الله كان توابا رحيما ۝ انما التوبة
على الله للذين يعملون السوء بجهالة ثم يتوبون من قريب

★रु. २/१३ आ ४

उन के औलाद न हो, तो उस में आधा हिस्सा तुम्हारा और अगर औलाद हो तो तर्के में तुम्हारा हिस्सा चौथाई। (लेकिन यह बांट) वसीयत (के पूरा करने) के बाद, जो उन्होंने की हो या क़र्ज़ के (अदा होने के बाद, जो उन के ज़िम्मे हो) की जाएगी और जो माल तुम (मर्द) छोड़ मरो, अगर तुम्हारे औलाद न हो तो तुम्हारी औरतों का उसमें चौथा हिस्सा। और अगर औलाद हो तो उन का आठवां हिस्सा। (ये हिस्से) तुम्हारी वसीयत (के पूरा करने के) बाद जो तुम ने की हो और क़र्ज़ के (अदा होने के बाद) बांटे जाएंगे। और अगर ऐसे मर्द या औरत की मीरास हो, जिसके न बाप हो, न बेटा, मगर उसके भाई या बहन हो तो उनमें से हर एक का छठा हिस्सा और अगर एक से ज्यादा हों तो सब एक तिहाई में शरीक होंगे। (ये हिस्से भी) वसीयत व क़र्ज़ के अदा होने के बाद, बशर्तेकि उनसे मय्यत ने किसी का नुक़्सान न किया हो (तक़्सीम किये जाएंगे।) यह ख़ुदा का फ़रमान है और ख़ुदा निहायत इल्म वाला (और) निहायत हिल्म वाला है। (१२) ये (तमाम हुक्म) ख़ुदा की हदें हैं और जो आदमी ख़ुदा और उसके पैग़म्बर की फ़रमांबरदारी करेगा, ख़ुदा उसको जन्नतों में दाख़िल करेगा, जिन में नहरें बह रही हैं, वे उनमें हमेशा रहेंगे और यह बड़ी कामियाबी है। (१३) और जो ख़ुदा और उसके रसूल की ना-फ़रमानी करेगा, और उस की हदों से निकल जाएगा, उस को ख़ुदा दोज़ख़ में डालेगा, जहां वह हमेशा रहेगा और उस को ज़िल्लत का अज़ाब होगा। (१४)★

मुसलमानो! तुम्हारी औरतों में जो बद-कारी कर बैठें, उन पर अपने लोगों में चार आदमियों की गवाही लो। अगर वे (उन की बद-कारी की) गवाही दें, तो इन औरतों को घरों में बंद रखो, यहां तक कि मौत उन का काम तमाम कर दे या ख़ुदा उन के लिए कोई और रास्ता (पैदा) करे। (१५) और जो मर्द तुम में से बदकारी करें, तो उनको ईज़ा (तक्लीफ़) दो, फिर अगर वे तौबा कर लें और भले बन जाएं तो उनका पीछा छोड़ दो। बेशक ख़ुदा तौबा क़ुबूल करने वाला (और) मेहरबान है। (१६) ख़ुदा उन्हीं लोगों की तौबा क़ुबूल करता है, जो नादानी से बुरी हरकत कर बैठते हैं, फिर जल्द तौबा कर लेते हैं, पस ऐसे लोगों पर ख़ुदा मेहरबानी करता है और वह सब कुछ जानता (और) हिक्मत वाला है। (१७) और ऐसे लोगों की तौबा क़ुबूल नहीं होती

★रु. २/१३ आ ४

व लैसतित्तौबतु लिल्लज़ी-न यअ्-मलूनस्-सय्यिआति ج हत्ता इज़ा ह-ज़-र अ-ह-द-हुमुलमौतु क़ा-ल इन्नी तुब्तुल्आ-न व लल्लज़ी-न यमूतू-न व हुम् कुफ़्फ़ारुन् ط उला-इ-क अअ्-तद्ना लहुम् अज़ाबन् अलीमा (१८) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला यहिल्लु लकुम् अन् तरिसुन्निसा-अ करहन् ط व ला तअ्-ज़ुलूहुन्-न लि तज़्हबू बि बअ्-ज़ि मा आतैतुमूहुन्-न इल्ला अंय्यअ्ती-न बि फ़ाहिशतिम्-मुबय्यिनतिन् ج व आशिरूहुन्-न बिलमअ्-रूफ़ि ج फ़ इन् करिह्तुमूहुन्-न फ़ असा अन् तक्रहू शैअंव्-व यज्-अ-लल्लाहु फ़ीहि ख़ैरन् कसीरा (१९) व इन् अरत्तुमुस्तिब्दा-ल ज़ौजिम्मका-न ज़ौजिंव्-व आतैतुम् इह्दा-हुन्-न क़िन्तारन् फ़ ला तअ्ख़ुज़ू मिन्हु शैअन् ط अ-तअ्ख़ुज़ूनहू बुह्तानंव्-व इस्मम्-मुबीना (२०) व कै-फ़ तअ्ख़ुज़ूनहू व क़द् अफ़्ज़ा बअ्-ज़ुकुम् इला बअ्-ज़िंव्-व अ-ख़ज़्-न मिन्कुम् मीसाक़न् ग़लीज़ा (२१) व ला तन्किहू मा न-क-ह आबा-उकुम् मिनन्निसा-इ इल्ला मा क़द् स-लफ़ ط इन्नहू का-न फ़ाहिशतंव्-व मक़्तन् ط व सा-अ सबीला★ (२२) हुर्रिमत् अलैकुम् उम्महातुकुम् व बनातुकुम् व अ-ख़-वातुकुम् व अम्मातुकुम् व ख़ालातुकुम् व बनातुलअख़ि व बनातुल्-उख़्ति व उम्महातु-कुमुल्लाती अर्ज़अ्-नकुम् व अ-ख़-वातुकुम् मिनर्रज़ाअति व उम्महातु निसा-इकुम् व रबा-इबु-कुमुल्लाती फ़ी हुजूरिकुम् मिन्-निसा-इकुमुल्लाती द-ख़ल्तुम् बिहिन्-न ز फ़ इल्लम् तकूनू दख़ल्तुम् बिहिन्-न फ़ ला जुना-ह अलैकुम् ز व हला-इलु अब्ना-इ-कुमुल्लज़ी-न मिन् अस्लाबिकुम् ل व अन् तज्मअू बैनल्-उख़्तैनि इल्ला मा क़द् स-लफ़ ط इन्नल्ला-ह का-न ग़फ़ूरर्रहीमा ل (२३)

فَأُولَٰئِكَ يَتُوبُ اللَّهُ عَلَيْهِمْ ۗ وَكَانَ اللَّهُ عَلِيمًا حَكِيمًا ﴿١٧﴾ وَلَيْسَتِ التَّوْبَةُ
لِلَّذِينَ يَعْمَلُونَ السَّيِّئَاتِ حَتَّىٰ إِذَا حَضَرَ أَحَدَهُمُ الْمَوْتُ قَالَ إِنِّي
تُبْتُ الْآنَ وَلَا الَّذِينَ يَمُوتُونَ وَهُمْ كُفَّارٌ ۚ أُولَٰئِكَ أَعْتَدْنَا لَهُمْ
عَذَابًا أَلِيمًا ﴿١٨﴾ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا يَحِلُّ لَكُمْ أَنْ تَرِثُوا النِّسَاءَ
كَرْهًا ۖ وَلَا تَعْضُلُوهُنَّ لِتَذْهَبُوا بِبَعْضِ مَا آتَيْتُمُوهُنَّ إِلَّا أَنْ
يَأْتِينَ بِفَاحِشَةٍ مُبَيِّنَةٍ ۚ وَعَاشِرُوهُنَّ بِالْمَعْرُوفِ ۚ فَإِنْ كَرِهْتُمُوهُنَّ
فَعَسَىٰ أَنْ تَكْرَهُوا شَيْئًا وَيَجْعَلَ اللَّهُ فِيهِ خَيْرًا كَثِيرًا ﴿١٩﴾ وَإِنْ أَرَدْتُمُ
اسْتِبْدَالَ زَوْجٍ مَكَانَ زَوْجٍ وَآتَيْتُمْ إِحْدَاهُنَّ قِنْطَارًا فَلَا تَأْخُذُوا
مِنْهُ شَيْئًا ۚ أَتَأْخُذُونَهُ بُهْتَانًا وَإِثْمًا مُبِينًا ﴿٢٠﴾ وَكَيْفَ تَأْخُذُونَهُ وَ
قَدْ أَفْضَىٰ بَعْضُكُمْ إِلَىٰ بَعْضٍ وَأَخَذْنَ مِنْكُمْ مِيثَاقًا غَلِيظًا ﴿٢١﴾ وَ
لَا تَنْكِحُوا مَا نَكَحَ آبَاؤُكُمْ مِنَ النِّسَاءِ إِلَّا مَا قَدْ سَلَفَ ۚ إِنَّهُ كَانَ فَاحِشَةً
وَمَقْتًا وَسَاءَ سَبِيلًا ﴿٢٢﴾ حُرِّمَتْ عَلَيْكُمْ أُمَّهَاتُكُمْ وَبَنَاتُكُمْ وَأَخَوَاتُكُمْ وَ
عَمَّاتُكُمْ وَخَالَاتُكُمْ وَبَنَاتُ الْأَخِ وَبَنَاتُ الْأُخْتِ وَأُمَّهَاتُكُمُ اللَّاتِي أَرْضَعْنَكُمْ
وَأَخَوَاتُكُمْ مِنَ الرَّضَاعَةِ وَأُمَّهَاتُ نِسَائِكُمْ وَرَبَائِبُكُمُ اللَّاتِي فِي حُجُورِكُمْ
مِنْ نِسَائِكُمُ اللَّاتِي دَخَلْتُمْ بِهِنَّ فَإِنْ لَمْ تَكُونُوا دَخَلْتُمْ بِهِنَّ فَلَا
جُنَاحَ عَلَيْكُمْ وَحَلَائِلُ أَبْنَائِكُمُ الَّذِينَ مِنْ أَصْلَابِكُمْ وَأَنْ
تَجْمَعُوا بَيْنَ الْأُخْتَيْنِ إِلَّا مَا قَدْ سَلَفَ ۗ إِنَّ اللَّهَ كَانَ غَفُورًا رَحِيمًا ﴿٢٣﴾

★रु. ३/१४ आ ८

जो (सारी उम्र) बुरे काम करते रहे, यहां तक कि जब उन में से किसी की मौत आ मौजूद हो, तो उस वक़्त कहने लगे कि अब मैं तौबा करता हूं और न उनकी (तौबा क़ुबूल होती है) जो कुफ़्र की हालत में मरें। ऐसे लोगों के लिए हमने दर्दनाक अज़ाब तैयार कर रखा है। (१८) मोमिनो! तुमको जायज़ नहीं कि ज़बरदस्ती औरतों के वारिस बन जाओ और (देखना) इस नीयत से कि जो कुछ तुमने उन को दिया है उसमें से कुछ ले लो, उन्हें (घरों में) मत रोक रखना। हां अगर वे खुले तौर पर बद-कारी करें, (तो रोकना मुनासिब नहीं) और उनके साथ अच्छी तरह से रहो-सहो। अगर वह तुम को ना-पसन्द हों तो अजब नहीं कि तुम किसी चीज़ को ना-पसन्द करो और ख़ुदा उसमें बहुत-सी भलाई पैदा कर दे। (१९) और अगर तुम एक औरत को छोड़ कर दूसरी औरत करनी चाहो और पहली औरत को बहुत-सा माल दे चुके हो, तो उसमें से कुछ मत लेना। भला तुम ना-जायज़ तौर पर और खुले ज़ुल्म से अपना माल उससे वापस लोगे? (२०) और तुम दिया हुआ माल किस तरह वापस ले सकते हो, जबकि तुम एक दूसरे के साथ सोहबत कर चुके हो और वे तुम से पक्का अह्द भी ले चुकी हैं। (२१) और जिन औरतों से तुम्हारे बाप ने निकाह किया हो, उन से निकाह मत करना, मगर (जाहिलियत में) जो हो चुका, (सो हो चुका), यह निहायत बे-हयाई और (ख़ुदा की) ना-ख़ुशी की बात थी और बहुत बुरा दस्तूर था। (२२) ★

तुम पर तुम्हारी माएं और बेटियां, बहनें और फूफियां और खालाएं और भतीजियां और भांजियां और वे माएं, जिन्होंने तुम को दूध पिलाया हो,[1] और रज़ाई बहनें और सासें हराम कर दी गयी हैं और जिन औरतों से तुम सोहबत कर चुके हो, उन की लड़कियां, जिन्हें तुम पाला करते हो, (वे भी तुम पर हराम हैं,) हां अगर उनके साथ तुम ने सोहबत न की हो, तो (उनकी लड़कियों के साथ निकाह कर लेने में) तुम पर कुछ गुनाह नहीं और तुम्हारे सगे बेटों की औरतें भी और दो बहनों का इकट्ठा करना भी (हराम है), मगर जो हो चुका, (सो हो चुका)[2] बेशक ख़ुदा बख़्शने

---

१. यानी दाइयां कि दूध पिलाने के एतबार से वे भी तुम्हारी माएं हैं।

२. हदीस शरीफ़ में फूफी और भतीजी और ख़ाला और भांजी का जमा करना भी हराम है।

★रु. ३/१४ आ ८

पांचवां पारः वल्मुह्-सनातु

सूरतुन्निसा-इ आयत २४ से १४७

वल्मुह्सनातु मिनन्निसा-इ इल्ला मा म-ल-कत् ऐमानुकुम् ۚ किताबल्लाहि अलैकुम् ۚ व उहिल-ल लकुम् मा वरा-अ जालिकुम् अन् तब्तग़ू बि अम्वालिकुम् मुह्सिनी-न ग़ै-र मुसाफ़िही-न ۗ फ़-मस्तम्तअ्-तुम् बिही मिनहुन्-न फ़-आतूहुन्-न उजूरहुन्-न फ़री-ज़-तुन् ۗ व ला जुना-ह अलैकुम् फ़ी मा तराज़ैतुम् बिही मिम्बअ्-दिल्-फ़रीज़ति ۗ इन्नल्ला-ह का-न अलीमन् हकीमा (२४) व मल्लम् यस्ततिअ् मिन्कुम् तौलन् अंय्यन्किहल्-मुह्सनातिल्-मुअ्मिनाति फ़-मिम्मा म-ल-कत् ऐमानुकुम् मिन् फ़-त-यातिकुमुल्-मुअ्मिनाति ۗ वल्लाहु अअ्-लमु बि ईमानिकुम् ۗ बअ्-ज़ुकुम् मिम्बअ्-ज़िन् ۚ फ़न्किहूहुन्-न बि इज़्नि अह्लिहिन्-न व आतूहुन्-न उजूरहुन्-न बिलमअ्-रूफ़ि मुह्सनातिन् ग़ै-र मुसाफ़िहातिंव्वला मुत्तख़िज़ाति अख़्दानिन् ۚ फ़ इज़ा उह्सिन्-न फ़ इन् अतै-न बि फ़ाहिशतिन् फ़ अलैहिन्-न निस्फ़ु मा अ-लल्-मुह्सनाति मिनल्अज़ाबि ۗ ज़ालि-क लि मन् ख़शियल्-अ-न-त मिन्कुम् ۗ व अन् तस्बिरू ख़ैरुल्लकुम् ۗ वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीम ★ (२५) युरीदुल्लाहु लि युबय्यि-न लकुम् व यह्दियकुम् सुन-नल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् व यतू-ब अलैकुम् ۗ वल्लाहु अलीमुन् हकीम (२६) वल्लाहु युरीदु अंय्यतू-ब अलैकुम् व युरीदुल्लज़ी-न यत्तबिअूनश्-श-हवाति अन् तमीलू मैलन् अज़ीमा (२७) युरीदुल्लाहु अंय्युख़फ़्फ़ि-फ़ अन्कुम् ۚ व ख़ुलिक़ल्-इन्सानु ज़ईफ़ा (२८)

وَّالْمُحْصَنٰتُ مِنَ النِّسَآءِ اِلَّا مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ۚ كِتٰبَ اللّٰهِ
عَلَيْكُمْ ۚ وَاُحِلَّ لَكُمْ مَّا وَرَآءَ ذٰلِكُمْ اَنْ تَبْتَغُوْا بِاَمْوَالِكُمْ مُّحْصِنِيْنَ
غَيْرَ مُسٰفِحِيْنَ ۗ فَمَا اسْتَمْتَعْتُمْ بِهٖ مِنْهُنَّ فَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ
فَرِيْضَةً ۗ وَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيْمَا تَرٰضَيْتُمْ بِهٖ مِنْۢ بَعْدِ الْفَرِيْضَةِ ۗ
اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ۝ وَمَنْ لَّمْ يَسْتَطِعْ مِنْكُمْ طَوْلًا اَنْ
يَّنْكِحَ الْمُحْصَنٰتِ الْمُؤْمِنٰتِ فَمِنْ مَّا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ مِّنْ فَتَيٰتِكُمُ
الْمُؤْمِنٰتِ ۗ وَاللّٰهُ اَعْلَمُ بِاِيْمَانِكُمْ ۗ بَعْضُكُمْ مِّنْۢ بَعْضٍ ۚ
فَانْكِحُوْهُنَّ بِاِذْنِ اَهْلِهِنَّ وَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ بِالْمَعْرُوْفِ
مُحْصَنٰتٍ غَيْرَ مُسٰفِحٰتٍ وَّلَا مُتَّخِذٰتِ اَخْدَانٍ ۚ فَاِذَآ اُحْصِنَّ
فَاِنْ اَتَيْنَ بِفَاحِشَةٍ فَعَلَيْهِنَّ نِصْفُ مَا عَلَى الْمُحْصَنٰتِ مِنَ
الْعَذَابِ ۗ ذٰلِكَ لِمَنْ خَشِيَ الْعَنَتَ مِنْكُمْ ۗ وَاَنْ تَصْبِرُوْا خَيْرٌ
لَّكُمْ ۗ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُبَيِّنَ لَكُمْ وَيَهْدِيَكُمْ
سُنَنَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَيَتُوْبَ عَلَيْكُمْ ۗ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝
وَاللّٰهُ يُرِيْدُ اَنْ يَّتُوْبَ عَلَيْكُمْ ۗ وَيُرِيْدُ الَّذِيْنَ يَتَّبِعُوْنَ الشَّهَوٰتِ
اَنْ تَمِيْلُوْا مَيْلًا عَظِيْمًا ۝ يُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ يُّخَفِّفَ عَنْكُمْ ۚ وَخُلِقَ
الْاِنْسَانُ ضَعِيْفًا ۝ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوْۤا اَمْوَالَكُمْ
بَيْنَكُمْ بِالْبَاطِلِ اِلَّاۤ اَنْ تَكُوْنَ تِجَارَةً عَنْ تَرَاضٍ مِّنْكُمْ ۗ وَ

★रु० ४/१ आ ३

वाला (और) रहम वाला है। (२३) और शौहर वाली औरतें भी (तुम पर हराम हैं), मगर वे जो (क़ैद होकर लौंडियों की शक्ल में) तुम्हारे क़ब्ज़े में आ जाएं।[1] यह हुक्म ख़ुदा ने तुमको लिख दिया है और इन महरमात (यानी जो हराम कर दी गयीं) के अलावा और औरतें तुम को हलाल हैं, इस तरह से कि माल ख़र्च करके उनसे निकाह कर लो, बशर्ते कि (निकाह से) मक़्सूद पाक-दामनी क़ायम रखनी हो, न कि शहूवत पूरी करनी हो। तो जिन औरतों से तुम फ़ायदा हासिल करो, उनका मह्र जो मुक़र्रर किया हो, अदा कर दो और अगर मुक़र्रर करने के बाद आपस की रज़ामंदी से मह्र में कमी-बेशी कर लो, तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं। बेशक ख़ुदा सब कुछ जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (२४) और जो शख़्स तुम में से मोमिन आज़ाद औरतों (यानी बीवियों) से निकाह करने की क़ुद्रत न रखे, तो मोमिन लौंडियों में ही, जो तुम्हारे क़ब्ज़े में आ गयी हों (निकाह कर ले) और ख़ुदा तुम्हारे ईमान को अच्छी तरह जानता है। तुम आपस में एक दूसरे के हम-जिंस हो, तो उन लौंडियों के साथ उनके मालिकों से इजाज़त हासिल करके निकाह कर लो और दस्तूर के मुताबिक़ उन का मह्र भी अदा कर दो, बशर्ते कि पाकदामन हों, न ऐसी कि खुल्लम-खुल्ला बद-कारी करें और न पर्दे की आड़ में दोस्ती करना चाहें। फिर अगर निकाह में आकर बद-कारी कर बैठें, तो जो सज़ा आज़ाद औरतों (यानी बीवियों) के लिए है, उनकी आधी उस को (दी जाए), यह (लौंडी के साथ निकाह करने की) इजाज़त उस शख़्स को है जिसे गुनाह कर बैठने का डर हो और अगर सब्र करो तो यह तुम्हारे लिए बहुत अच्छा है और ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (२५) ★

ख़ुदा चाहता है कि (अपनी आयतें) तुम से खोल-खोल कर बयान फ़रमाए और तुम को अगले लोगों के तरीक़े बताए और तुम पर मेहरबानी करे और ख़ुदा जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (२६) और ख़ुदा तो चाहता है कि तुम पर मेहरबानी करे और जो लोग अपनी ख़्वाहिशों के पीछे चलते हैं, वे चाहते हैं कि तुम सीधे रास्ते से भटक कर दूर जा पड़ो। (२७) ख़ुदा चाहता है कि तुम पर से बोझ हल्का करे और इंसान (क़ुद्रती तौर पर) कमज़ोर पैदा हुआ है। (२८)

---

१. यानी 'दारुल हर्ब' की औरतें अगर ख़ाविंद वाली हों, तो भी हराम नहीं, जबकि दारुल हर्ब से निकलें और उन के साथ ख़ाविंद न आएं, तब मुबाह (जायज़) हैं, अगर उन के ख़ाविंद भी मुसलमान हो जाएं, तो अपनी जोरू ले लें।

या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तअ्कुलू अम्वालकुम् बैनकुम् बिल्बातिलि इल्ला
अन् तकू-न तिजा-र-तन् अन् तराज़िम्-मिन्कुम् व ला तक़्तुलू अन्फ़ुसकुम्
इन्नल्ला-ह का-न बिकुम् रहीमा (२९) व मंय्यफ़्अल् ज़ालि-क अुद्वानंव्-व ज़ुल्मन्
फ़ सौ-फ़ नुस्लीहि नारन् व का-न ज़ालि-क अ़-लल्लाहि यसीरा (३०) इन् तज्तनिबू
कबा-इ-र मा तुन्हौ-न अन्हु नुकफ़्फ़िर् अन्कुम्
सय्यिआतिकुम् व नुद्ख़िल्कुम् मुद्-ख़-लन् करीमा
(३१) व ला त-तमन्नौ मा फ़ज़्ज़लल्लाहु
बिही बअ्-ज़कुम् अ़ला बअ्-ज़िन् लिर्रिजालि
नसीबुम् - मिम्मक्तसबू व लिन्निसा - इ
नसीबुम्-मिम्मक्तसब्-न वस्अलुल्ला - ह मिन्
फ़ज़्लिही इन्नल्ला-ह का-न बि कुल्लि शैइन्
अ़लीमा (३२) व लि कुल्लिन् ज-अ़ल्ना
मवालि-य मिम्मा त-र-कल्-वालिदानि वल्-
अक़्रबू-न वल्लज़ी-न अ़-क़-दत् ऐमानुकुम् फ़ आतू-
हुम् नसीबहुम् इन्नल्ला-ह का-न अ़ला कुल्लि
शैइन् शहीदा★ (३३) अर्रिजालु क़व्वामू-न
अ़लन्निसा-इ बिमा फ़ज़्ज़लल्लाहु बअ्-ज़हुम् अ़ला
बअ्-ज़िंव्-व बिमा अन्फ़क़ू मिन् अम्वालिहिम्

لا تقتلوا أنفسكم إن الله كان بكم رحيما ۝ ومن يفعل ذلك
عدوانا وظلما فسوف نصليه نارا وكان ذلك على الله
يسيرا ۝ إن تجتنبوا كبائر ما تنهون عنه نكفر عنكم سيئاتكم
وندخلكم مدخلا كريما ۝ ولا تتمنوا ما فضل الله به
بعضكم على بعض للرجال نصيب مما اكتسبوا وللنساء
نصيب مما اكتسبن واسألوا الله من فضله إن الله كان بكل
شيء عليما ۝ ولكل جعلنا موالي مما ترك الوالدان و
الأقربون والذين عقدت أيمانكم فآتوهم نصيبهم إن
الله كان على كل شيء شهيدا ۝ الرجال قوامون على النساء
بما فضل الله بعضهم على بعض وبما أنفقوا من أموالهم
فالصالحات قانتات حافظات للغيب بما حفظ الله واللاتي
تخافون نشوزهن فعظوهن واهجروهن في المضاجع
واضربوهن فإن أطعنكم فلا تبغوا عليهن سبيلا إن الله
كان عليا كبيرا ۝ وإن خفتم شقاق بينهما فابعثوا حكما
من أهله وحكما من أهلها إن يريدا إصلاحا يوفق الله
بينهما إن الله كان عليما خبيرا ۝ واعبدوا الله ولا تشركوا
به شيئا وبالوالدين إحسانا وبذي القربى واليتامى والمساكين

फ़स्सालिहातु क़ानितातुन् हाफ़िज़ातुल् - लिल्ग़ैबि बिमा हफ़िज़ल्लाहु वल्लाती
तख़ाफ़ू-न नुशूज़हुन्-न फ़ अिज़ूहुन्-न वह्जुरूहुन्-न फ़िल्मज़ाजिअि वज़्रिबूहुन्-न फ़ इन्
अ-तअ्-नकुम् फ़ला तब्ग़ू अ़लैहिन्-न सबीला इन्नल्ला-ह का-न अ़लिय्यन् कबीरा (३४)
व इन् ख़िफ़्तुम् शिक़ा-क़ बैनिहिमा फ़ब्अ़सू ह-क-मम्-मिन् अह्लिही व ह-क-मम्-
मिन् अह्लिहा इंय्युरीदा इस्लाहंय्युवफ़्फ़िक़िल्लाहु बैनहुमा इन्नल्ला - ह
का-न अ़लीमन् ख़बीरा (३५) वअ्-बुदुल्ला-ह व ला तुश्रिकू बिही शैअंव्-व बिल्-
वालिदैनि इह्सानंव्-व बि ज़िल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनि वल्जारि ज़िल्क़ुर्बा

मोमिनो ! एक दूसरे का माल नाहक़ न खाओ। हां, अगर आपस की रजामंदी से तिजारत का लेन-देन हो (और उनसे माली फ़ायदा हासिल हो जाए, तो वह जायज़ है) और अपने आप को हलाक न करो। कुछ शक नहीं कि ख़ुदा तुम पर मेहरबान है। (२६) और जो सरकशी और ज़ुल्म से ऐसा करेगा, हम उस को बहुत जल्द जहन्नम में दाख़िल करेंगे और यह ख़ुदा को आसान है। (३०) अगर तुम बड़े-बड़े गुनाहों से, जिनसे तुम को मना किया जाता है, बचोगे, तो हम तुम्हारे (छोटे-छोटे) गुनाह माफ़ कर देंगे और तुम्हें इज्जत के मकानों में दाख़िल करेंगे। (३१) और जिस चीज़ में ख़ुदा ने तुम में से कुछ को कुछ पर फ़ज़ीलत दी है, उसका लालच मत करो। मर्दों को उन कामों का सवाब है, जो उन्होंने किये, औरतों को उन कामों का सवाब है जो उन्होंने किये और ख़ुदा से उस का फ़ज़्ल (व करम) मांगते रहो। कुछ शक नहीं कि अल्लाह हर चीज़ को जानता है। (३२) और जो माल मां-बाप और रिश्तेदार छोड़ मरें, तो (हक़दारों में बांट दो कि) हम ने हर एक के हक़दार मुक़र्रर कर दिए हैं और जिन लोगों से तुम अह्द कर चुके हो, उन को भी उनका हिस्सा दो।[1] बेशक ख़ुदा हर चीज़ के सामने है। (३३)★

मर्द औरतों पर हाकिम व मुसल्लत हैं, इसलिए कि ख़ुदा ने कुछ को कुछ से अफ़्ज़ल बनाया है। और इसलिए भी कि मर्द अपना माल ख़र्च करते हैं, तो जो नेक बीवियां हैं, वे मर्दों के हुक्म पर चलती हैं और उन के पीठ पीछे ख़ुदा की हिफ़ाज़त में (माल व आबरू की) ख़बरदारी करती हैं और जिन औरतों के बारे में तुम्हें मालूम हो कि सरकशी (और बद चलनी) करने लगी हैं, तो (पहले) उनको (ज़ुबानी) समझाओ, (अगर न समझें, तो) फिर उनके साथ सोना छोड़ दो। अगर इस पर भी न मानें तो मारो-पीटो और अगर फ़रमांबरदार हो जाएं तो फिर उनको तक्लीफ़ देने का कोई बहाना मत ढूंढो। बेशक ख़ुदा सबसे ऊंचा और जलीलुल क़द्र (ऊंची इज़्ज़त वाला) है। (३४) और अगर तुम को मालूम हो की मियां-बीवी में अन-बन है, तो एक मुंसिफ़, मर्द के ख़ानदान में से और एक मुंसिफ़ औरत के ख़ानदान में से मुक़र्रर करो। वे अगर सुलह करा देनी चाहेंगे, तो ख़ुदा उनमें मुवाफ़क़त पैदा कर देगा। कुछ शक नहीं कि ख़ुदा सब कुछ जानता और सब बातों से ख़बरदार है। (३५) और ख़ुदा ही की इबादत करो और उसके साथ किसी चीज़ को शरीक न बनाओ और मां-बाप क़राबत वालों और यतीमों और मुहताजों और रिश्तेदार पड़ोसियों और अजनबी पड़ोसियों और पहलू के साथियों (यानी पास बैठने वालों) और मुसाफ़िरों और जो लोग तुम्हारे कब्ज़े में हों, सब के साथ एहसान करो कि ख़ुदा (एहसान, करने वालों को दोस्त रखता है और) घमंड करने वाले, बड़ाई मारने वाले को दोस्त नहीं रखता। (३६) जो ख़ुद भी बुख़्ल

---

१. अह्द करने से मुराद है दीनी भाई बनाना, ऐसे लोगों के लिए तर्का नहीं है। तर्का सिर्फ़ क़राबतदारों का हक़ है। दीनी भाइयों का हिस्सा यह है कि उन से मुहब्बत और दोस्ती रखी जाए और ज़रूरत के वक़्त उन की मदद की जाए। कुछ लोगों ने आयत का मतलब यह लिखा हैं कि अगर दीनी भाइयों को कुछ दिलाना मंज़ूर हो, तो उन के लिए वसीयत कर जाओ। पहले जो लोग गोद लिए जाते थे, वे वारिस ठहराये जाते थे, मगर अल्लाह तआला ने मीरास में उन का हिस्सा मुक़र्रर फ़रमाया, बल्कि उन का हिस्सा वसीयत में ठहराया है।

★रु. ५/२ आ ८

वल्जारिल्-जुनुबि वस्साहिबि बिल् जम्बि वब्निस्सबीलि لا व मा म-ल-कत्
ऐमानुकुम् ط इन्नल्ला-ह ला युहिब्बु मन् का-न मुख़्तालन् फ़ख़ूरा لا(३६)
अल्लज़ी-न यब्ख़लू-न व यअ्मुरूनन्ना-स बिल्बुख़्लि व यक्तुमू-न मा
आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही ط व अअ्-तद्ना लिल्काफ़िरी-न अज़ाबम्मुहीना ج
(३७) वल्लज़ी-न युन्फ़िक़ू-न अम्वालहुम् रिआ-अन्नासि व ला युअ्मिनू-न
बिल्लाहि व ला बिल्-यौमिल्-आख़िरि ط व मंय्यकुनिश्-शैतानु लहू
क़रीनन् फ़ सा-अ क़रीना (३८) व
माज़ा अलैहिम् लौ आमनू बिल्लाहि वल्-
यौमिल्-आख़िरि व अन्फ़क़ू मिम्मा
र-ज़-क़हुमुल्लाहु ط व कानल्लाहु बिहिम्
अलीमा (३९) इन्नल्ला-ह ला यज़्लिमु
मिस्क़ा-ल ज़र्रतिन् ج व इन्तकु ह-स-नतंय्युज़ा-
इफ़्हा व युअ्ति मिल्लदुन्हु अज्रन्
अज़ीमा (४०) फ़ कै-फ़ इज़ा जिअ्ना
मिन् कुल्लि उम्मतिम्-बि शहीदिंव्-व जिअ्ना
बि-क अला हा-उला-इ शहीदा ※ ط(४१)
यौमइज़िंय्यवद्दुल्-लज़ी-न क-फ़रू व अ-स-वुर्रसू-ल
लौ तुसव्वा बिहिमुल्अर्ज़ु ط व ला
यक्तुमूनल्ला-ह हदीसा ★ (४२) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तक़रबुस्-
सला-त व अन्तुम् सुकारा हत्ता तअ्-लमू मा तक़ूलू-न व ला जुनुबन्
इल्ला आबिरी सबीलिन् हत्ता तग़्तसिलू ط व इन् कुन्तुम् मर्ज़ा
औ अला स-फ़रिन् औ जा-अ अ-हदुम्-मिन्कुम् मिनल्ग़ा-इति औ
लामस्तुमुन्निसा-अ फ़ लम् तजिदू मा-अन् फ़-त-यम्ममू सअीदन् तय्यिबन् फ़म्सहू
बि वुजूहिकुम् व ऐदीकुम् ط इन्नल्ला-ह का-न अफ़ुव्वन् ग़फ़ूरा (४३)

والمحصنت ٥ — النساء ٤

وَالْجَارِ ذِي الْقُرْبَىٰ وَالْجَارِ الْجُنُبِ وَالصَّاحِبِ بِالْجَنْبِ وَابْنِ
السَّبِيلِ وَمَا مَلَكَتْ أَيْمَانُكُمْ ۗ إِنَّ اللَّهَ لَا يُحِبُّ مَنْ كَانَ مُخْتَالًا
فَخُورًا ۝ الَّذِينَ يَبْخَلُونَ وَيَأْمُرُونَ النَّاسَ بِالْبُخْلِ وَيَكْتُمُونَ
مَا آتَاهُمُ اللَّهُ مِنْ فَضْلِهِ ۗ وَأَعْتَدْنَا لِلْكَافِرِينَ عَذَابًا مُهِينًا ۝
وَالَّذِينَ يُنْفِقُونَ أَمْوَالَهُمْ رِئَاءَ النَّاسِ وَلَا يُؤْمِنُونَ بِاللَّهِ
وَلَا بِالْيَوْمِ الْآخِرِ ۗ وَمَنْ يَكُنِ الشَّيْطَانُ لَهُ قَرِينًا فَسَاءَ قَرِينًا ۝
وَمَاذَا عَلَيْهِمْ لَوْ آمَنُوا بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ وَأَنْفَقُوا مِمَّا رَزَقَهُمُ
اللَّهُ ۚ وَكَانَ اللَّهُ بِهِمْ عَلِيمًا ۝ إِنَّ اللَّهَ لَا يَظْلِمُ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ ۖ
وَإِنْ تَكُ حَسَنَةً يُضَاعِفْهَا وَيُؤْتِ مِنْ لَدُنْهُ أَجْرًا عَظِيمًا ۝
فَكَيْفَ إِذَا جِئْنَا مِنْ كُلِّ أُمَّةٍ بِشَهِيدٍ وَجِئْنَا بِكَ عَلَىٰ هَٰؤُلَاءِ
شَهِيدًا ۝ يَوْمَئِذٍ يَوَدُّ الَّذِينَ كَفَرُوا وَعَصَوُا الرَّسُولَ لَوْ تُسَوَّىٰ
بِهِمُ الْأَرْضُ وَلَا يَكْتُمُونَ اللَّهَ حَدِيثًا ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا
لَا تَقْرَبُوا الصَّلَاةَ وَأَنْتُمْ سُكَارَىٰ حَتَّىٰ تَعْلَمُوا مَا تَقُولُونَ وَ
لَا جُنُبًا إِلَّا عَابِرِي سَبِيلٍ حَتَّىٰ تَغْتَسِلُوا ۚ وَإِنْ كُنْتُمْ مَرْضَىٰ
أَوْ عَلَىٰ سَفَرٍ أَوْ جَاءَ أَحَدٌ مِنْكُمْ مِنَ الْغَائِطِ أَوْ لَامَسْتُمُ النِّسَاءَ
فَلَمْ تَجِدُوا مَاءً فَتَيَمَّمُوا صَعِيدًا طَيِّبًا فَامْسَحُوا بِوُجُوهِكُمْ وَ
أَيْدِيكُمْ ۗ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَفُوًّا غَفُورًا ۝ أَلَمْ تَرَ إِلَى الَّذِينَ أُوتُوا

※ व. न बं. स. ★ रु. ६/३ आ ६

(कंजूसी) करें और लोगों को भी बुख्ल सिखाएं और जो (माल) ख़ुदा ने उन को अपने फ़ज़्ल से अता फ़रमाया है, उसे छिपा-छिपा के रखें और हमने ना-शुक्रों के लिए ज़िल्लत का अज़ाब तैयार कर रखा है। (३७) और ख़र्च भी करें तो (ख़ुदा के लिए नहीं, बल्कि) लोगों के दिखाने को और ईमान न ख़ुदा पर लाएं, न आख़िरत के दिन पर, (ऐसे लोगों का साथी शैतान है) और जिस का साथी शैतान हो, तो (कुछ शक नहीं कि) वह बुरा साथी है। (३८) और अगर ये लोग ख़ुदा पर और क़ियामत के दिन पर ईमान लाते और जो कुछ ख़ुदा ने उनको दिया था, उसमें से ख़र्च करते तो उनका क्या नुक़्सान होता और ख़ुदा उन को ख़ूब जानता है। (३९) ख़ुदा किसी की ज़रा भी हक़तलफ़ी नहीं करता और अगर नेकी (की) होगी तो उसको दो गुना कर देगा और अपने यहां से बड़ा बदला बख़्शेगा। (४०) भला उस दिन क्या हाल होगा, जब हम हर उम्मत में से अह्वाल बताने वाले को बुलाएंगे और तुमको उन लोगों का (हाल बताने को) गवाह तलब करेंगे ▒ (४१) उस दिन काफ़िर और पैग़म्बर के ना-फ़रमान आरज़ू करेंगे कि काश उन को ज़मीन में दफ़्न करके मिट्टी बराबर कर दी जाती और ख़ुदा से कोई बात छिपा नहीं सकेंगे। (४२) ★

मोमिनो! जब तुम नशे की हालत में हो तो जब तक (उन लफ़्ज़ों को) जो मुंह से कहो, समझने (न) लगो, नमाज़ के पास न जाओ।[1] और जनाबत (ना-पाकी) की हालत में भी (नमाज़ के पास न जाओ), जब तक कि ग़ुस्ल (न) कर लो। हां, अगर सफ़र की हालत में रास्ता चले जा रहे हो (और पानी न मिलने की वजह से ग़ुस्ल न कर सको, तो तयम्मुम कर के नमाज़ पढ़ लो) और अगर तुम बीमार हो या सफ़र में हो या कोई तुम में से बैतुल ख़ला (टट्टी) से होकर आया हो, या तुम औरतों से हम-बिस्तर हुए हो और तुम्हें पानी न मिले, तो पाक मिट्टी लो और मुंह और हाथों का मसह (कर के तयम्मुम) कर लो। बेशक ख़ुदा माफ़ करने वाला और बख़्शने वाला है। (४३)

१. यह उस वक़्त का हुक्म है कि शराब के बारे में इस के हराम होने का हुक्म नाज़िल हुआ था।

अ-लम् त-र इलल्लज़ी-न ऊतू नसीबम्मिनल्-किताबि यश्तरूनज़्ज़ला-ल-त व युरीदू-न अन् तज़िल्लुस्सबील ط (४४) वल्लाहु अअ्-लमु बि अअ्-दा-इकुम् ط व कफ़ा बिल्लाहि वलिय्यं ق व्-व कफ़ा बिल्लाहि नसीरा (४५) मिनल्लज़ी-न हादू युहर्रिफ़ूनल्-कलि-म अम्मवाज़िअिही व यक़ूलू-न समिअ्-ना व अ़सैना वस्मअ्-ग़ै-र मुस्मअिव्-व राअिना लय्यम्-बि-अल्सिनति-हिम् व तअ्-नन् फ़िद्दीनि ط व लौ अन्नहुम् क़ालू समिअ्-ना व अतअ्-ना वस्मअ् वन्ज़ुर्ना ल का-न ख़ैरल्लहुम् व अक़्वम ط व लाकिल्ल-अ-न-हुमुल्लाहु बि कुफ़्रिहिम् फ़ ला युअ्मिनू-न इल्ला क़लीला (४६) या अय्युहल्लज़ी-न ऊतुल्किता-ब आमिनू बिमा नज़्ज़ल्ना मुसद्दिक़ल्लिमा म-अकुम् मिन् क़ब्लि अन्नत्मि-स वुजूहन् फ़ नरुद्दहा अ़ला अद्बारिहा औ नल्-अ-नहुम् कमा ल-अन्ना अस्हाबस्सब्ति ط व का-न अम्रुल्लाहि मफ़्अूला (४७) इन्नल्ला-ह ला यग़्फ़िरु अंय्युश्र-क बिही व यग़्फ़िरु मा दू-न ज़ालि-क लि मंय्यशाउ ج व मंय्युश्रिक् बिल्लाहि फ़ क़दिफ़्तरा इस्मन् अ़ज़ीमा (४८) अ-लम् त-र इलल्लज़ी-न युज़क्कू-न अन्फ़ुसहुम् ط बलिल्लाहु युज़क्की मंय्यशाउ व लायुज़्लमू-न फ़तीला (४९) उन्ज़ुर् कै-फ़ यफ़्तरू-न अ़-लल्लाहिल्-कज़ि-ब ط व कफ़ा बिही इस्मम्-मुबीना ★ (५०) अ-लम् त-र इलल्लज़ी-न ऊ-तू नसीबम्मिनल् किताबि युअ्मिनू-न बिल्जिब्ति वत्ताग़ूति व यक़ूलू-न लिल्लज़ी-न क-फ़रू हा-उला-इ अह्दा मिनल्लज़ी-न आमनू सबीला (५१) उला-इकल्लज़ी-न ल-अ-नहुमुल्लाहु ط व मंय्यल्अ़निल्लाहु फ़ लन् तजि-द लहू नसीरा ط (५२)

نَصِيبًا مِّنَ الْكِتٰبِ يَشْتَرُوْنَ الضَّلٰلَةَ وَيُرِيْدُوْنَ اَنْ تَضِلُّوا
السَّبِيْلَ ۝ وَاللّٰهُ اَعْلَمُ بِاَعْدَآئِكُمْ ۚ وَكَفٰى بِاللّٰهِ وَلِيًّا ۙ وَّكَفٰى
بِاللّٰهِ نَصِيْرًا ۝ مِنَ الَّذِيْنَ هَادُوْا يُحَرِّفُوْنَ الْكَلِمَ عَنْ مَّوَاضِعِهٖ
وَيَقُوْلُوْنَ سَمِعْنَا وَعَصَيْنَا وَاسْمَعْ غَيْرَ مُسْمَعٍ وَّرَاعِنَا لَيًّا
بِاَلْسِنَتِهِمْ وَطَعْنًا فِى الدِّيْنِ ۚ وَلَوْ اَنَّهُمْ قَالُوْا سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا وَ
اسْمَعْ وَانْظُرْنَا لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ وَاَقْوَمَ ۙ وَلٰكِنْ لَّعَنَهُمُ اللّٰهُ
بِكُفْرِهِمْ فَلَا يُؤْمِنُوْنَ اِلَّا قَلِيْلًا ۝ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ
اٰمِنُوْا بِمَا نَزَّلْنَا مُصَدِّقًا لِّمَا مَعَكُمْ مِّنْ قَبْلِ اَنْ نَّطْمِسَ وُجُوْهًا
فَنَرُدَّهَا عَلٰۤى اَدْبَارِهَاۤ اَوْ نَلْعَنَهُمْ كَمَا لَعَنَّاۤ اَصْحٰبَ السَّبْتِ ۗ وَكَانَ
اَمْرُ اللّٰهِ مَفْعُوْلًا ۝ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَغْفِرُ اَنْ يُّشْرَكَ بِهٖ وَيَغْفِرُ مَا
دُوْنَ ذٰلِكَ لِمَنْ يَّشَآءُ ۚ وَمَنْ يُّشْرِكْ بِاللّٰهِ فَقَدِ افْتَرٰۤى اِثْمًا
عَظِيْمًا ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ يُزَكُّوْنَ اَنْفُسَهُمْ ۗ بَلِ اللّٰهُ يُزَكِّيْ مَنْ
يَّشَآءُ وَلَا يُظْلَمُوْنَ فَتِيْلًا ۝ اُنْظُرْ كَيْفَ يَفْتَرُوْنَ عَلَى اللّٰهِ
الْكَذِبَ ۗ وَكَفٰى بِهٖۤ اِثْمًا مُّبِيْنًا ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ اُوْتُوْا نَصِيْبًا
مِّنَ الْكِتٰبِ يُؤْمِنُوْنَ بِالْجِبْتِ وَالطَّاغُوْتِ وَيَقُوْلُوْنَ لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا
هٰۤؤُلَآءِ اَهْدٰى مِنَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا سَبِيْلًا ۝ اُولٰۤئِكَ الَّذِيْنَ لَعَنَهُمُ
اللّٰهُ ۚ وَمَنْ يَّلْعَنِ اللّٰهُ فَلَنْ تَجِدَ لَهٗ نَصِيْرًا ۝ اَمْ لَهُمْ نَصِيْبٌ

★रु. ७/४ आ ८

भला तुमने उन लोगों को नहीं देखा, जिन को किताब से हिस्सा दिया गया था कि वे गुमराही को खरीदते हैं और चाहते हैं कि तुम भी रास्ते से भटक जाओ। (४४) और खुदा तुम्हारे दुश्मनों को खूब जानता है और खुदा ही काफ़ी कारसाज और काफ़ी मददगार है। (४५) और ये जो यहूदी हैं, उनमें कुछ लोग ऐसे भी हैं कि कलिमात (बातों) को उनकी जगहों से बदल देते हैं और कहते हैं कि हमने सुन लिया और नहीं माना और सुनिए, न सुनवाए जाओ और ज़ुबान को मरोड़ कर और दीन में तान की राह से (तुम से बात-चीत करते वक़्त) राअिना कहते हैं और अगर (यों) कहते कि हमने सुन लिया और मान लिया और (सिर्फ़) इस्मअ, और (राअिना की जगह) "उन्ज़ुर्ना" (कहते) तो उन के हक़ में बेहतर होता और बात भी बहुत दुरुस्त होती। लेकिन खुदा ने उनके कुफ़्र की वजह से उन पर लानत कर रखी है, तो ये कुछ थोड़े ही ईमान लाते हैं। (४६) ऐ किताब वालो ! इसके पहले कि हम लोगों के मुंहों को बिगाड़ कर उन की पीठ की तरफ़ फेर दें या उन पर इस तरह लानत न करें, जिस तरह हफ़्ते वालों पर की थी। हमारी नाज़िल की हुई किताब पर, जो तुम्हारी किताब की भी तस्दीक़ करती है, ईमान ले आओ और खुदा ने जो हुक्म फ़रमाया, सो (समझ लो कि) हो चुका।[२] (४७) खुदा उस गुनाह को नहीं बख़्शेगा कि किसी को उस का शरीक बनाया जाए और उसके सिवा और गुनाह जिसको चाहे माफ़ कर दे और जिसने खुदा का शरीक मुक़र्रर किया, उसने बड़ा बुहतान बांधा। (४८) क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा जो अपने को पाकीज़ा कहते हैं। (नहीं,) बल्कि खुदा ही जिस को चाहता है, पाकीज़ा करता है और उन पर धागे बराबर भी ज़ुल्म नहीं होगा। (४९) देखो, ये खुदा पर कैसा झूठ (तूफ़ान) बांधते हैं और यही खुला गुनाह काफ़ी है। (५०) ★

भला तुम ने उन लोगों को नहीं देखा, जिन को किताब से हिस्सा दिया गया है कि बुतों और शैतान को मानते हैं और काफ़िरों के बारे में कहते हैं कि ये लोग मोमिनों के मुक़ाबले में सीधे रास्ते पर हैं। (५१) यही लोग हैं, जिन पर खुदा ने लानत की है और जिस पर खुदा लानत करे, तो तुम

---

१. यहूदी जनाब रसूले खुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से जब कोई ऐसी बात पूछनी चाहते जो सुन न सके हों, तो 'राअिना' कहते। इस का तफ़्सीली बयान सूरः बक़रः में हुआ है और जब आप (सल्ल०) बात फ़रमाते तो वे लोग जवाब में कहते, हम ने सुन लिया यानी हम ने क़ुबूल किया, लेकिन धीरे से कहते कि नहीं माना और हज़रत से ख़िताब के वक़्त यह भी कहते कि सुनिए, न सुनवाए जाओ। ज़ाहिर में यह दुआ नेक है कि तुम ऐसे ग़ालिब रहो कि कोई तुम को बुरी बात न सुना सके, मगर दिल में यह मुराद रखते कि खुदा करे तुम बहरे हो जाओ और कुछ न सुन सको। खुदा ने फ़रमाया कि अगर ये लोग बजाए समिअना व असैना के समिअना व अतअना और इस्मअ ग़ैर मुस्मअिन की जगह सिर्फ़ 'इस्मअ' और 'राअिना' की जगह 'उन्ज़ुर्ना' कहते तो उन के हक़ में बेहतर होता।

२. यानी ईमान लाओ पहले अज़ाब के आने से, जो शक्ल इन्सान की बदल कर हैवान की शक्ल हो जाए, जैसे यहूदियों में 'सनीचर वालों' की शक्लें बन्दर और सुअर की बन गयी थीं। 'सनीचर वालों' का क़िस्सा सूरः आराफ़ में आएगा।

★रु. ७/४ आ ८

अम् लहुम् नसीबुम्-मिनल्मुल्कि फ़ इज़ल्ला युअ्तूनन्ना-स नक़ीरा ॥ (५३) अम् यह्सुदूनन्ना-स अला मा आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही ج फ़-क़द् आतैना आ-ल इब्राहीमल्-किता-ब वल् - हिक्म - त व आतैनाहुम् मुल्कन् अज़ीमा (५४) फ़ मिन्हुम् मन् आम-न बिही व मिन्हुम् मन् सद्-द अन्हु ط व कफ़ा बि जहन्न-म सअीरा (५५) इन्नल्लज़ी-न क-फ़रू बि आयातिना सौ-फ़ नुस्लीहिम् नारन् ط कुल्लमा नज़िजत् जुलूदुहुम् बद्दल्ना हुम् जुलूदन् ग़ैरहा लि यज़ूक़ुल्-अज़ा-ब ط इन्नल्ला-ह का-न अज़ीज़न् हकीमा ● (५६) वल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्-सालिहाति सनुद्-ख़िलुहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी - न फ़ीहा अ-ब-दन् ط लहुम् फ़ीहा अज़्वाजुम्-मुतह्ह-रतुंव् व नुद्ख़िलुहुम् ज़िल्लन् ज़लीला (५७) इन्नल्ला - ह यअ्मुरुकुम् अन् तुअद्दुल् - अमानाति इला अह्लिहा ॥ व इज़ा ह-कम्तुम् बैनन्नासि अन् तह्कुमू बिल्-अद्लि ط इन्नल्ला - ह निअिम्मा यअिज़ुकुम् बिही ط इन्नल्ला - ह का - न समीअम् - बसीरा (५८) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू अतीउल्ला-ह व अतीउर्रसू-ल व उलिल्-अम्रि मिन्कुम् ج फ़ इन् तनाज़अ्-तुम् फ़ी शैइन् फ़ रुद्दूहु इलल्लाहि वर्रसूलि इन् कुन्तुम् तुअ्मिनू-न बिल्लाहि वल्-यौमिल्-आख़िरि ط ज़ालि-क ख़ैरुंव्-व अह्सनु तअ्वीला ★ (५९) अ-लम् त - र इलल्लज़ी-न यज़्अुमू-न अन्नहुम् आमनू बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मा उन्ज़ि-ल मिन् क़ब्लि-क युरीदू-न अंय्यतहाकमू इलत्ताग़ूति व क़द् उमिरू अंय्यक्फ़ुरू बिही ط व युरीदुश्शैतानु अंय्युज़िल्लहुम् ज़लालम्-बअीदा (६०)

مِنَ الْمُلْكِ فَإِذًا لَّا يُؤْتُونَ النَّاسَ نَقِيرًا ۝ أَمْ يَحْسُدُونَ النَّاسَ
عَلَىٰ مَا آتَاهُمُ اللَّهُ مِن فَضْلِهِ ۖ فَقَدْ آتَيْنَا آلَ إِبْرَاهِيمَ الْكِتَابَ
وَالْحِكْمَةَ وَآتَيْنَاهُم مُّلْكًا عَظِيمًا ۝ فَمِنْهُم مَّنْ آمَنَ بِهِ وَمِنْهُم
مَّن صَدَّ عَنْهُ ۚ وَكَفَىٰ بِجَهَنَّمَ سَعِيرًا ۝ إِنَّ الَّذِينَ كَفَرُوا
بِآيَاتِنَا سَوْفَ نُصْلِيهِمْ نَارًا كُلَّمَا نَضِجَتْ جُلُودُهُم بَدَّلْنَاهُمْ
جُلُودًا غَيْرَهَا لِيَذُوقُوا الْعَذَابَ ۗ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَزِيزًا حَكِيمًا ۝
وَالَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ سَنُدْخِلُهُمْ جَنَّاتٍ تَجْرِي مِن
تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا أَبَدًا ۖ لَّهُمْ فِيهَا أَزْوَاجٌ مُّطَهَّرَةٌ ۖ
وَنُدْخِلُهُمْ ظِلًّا ظَلِيلًا ۝ إِنَّ اللَّهَ يَأْمُرُكُمْ أَن تُؤَدُّوا الْأَمَانَاتِ
إِلَىٰ أَهْلِهَا وَإِذَا حَكَمْتُم بَيْنَ النَّاسِ أَن تَحْكُمُوا بِالْعَدْلِ ۚ إِنَّ
اللَّهَ نِعِمَّا يَعِظُكُم بِهِ ۗ إِنَّ اللَّهَ كَانَ سَمِيعًا بَصِيرًا ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ
آمَنُوا أَطِيعُوا اللَّهَ وَأَطِيعُوا الرَّسُولَ وَأُولِي الْأَمْرِ مِنكُمْ ۖ فَإِن
تَنَازَعْتُمْ فِي شَيْءٍ فَرُدُّوهُ إِلَى اللَّهِ وَالرَّسُولِ إِن كُنتُمْ تُؤْمِنُونَ
بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ ۚ ذَٰلِكَ خَيْرٌ وَأَحْسَنُ تَأْوِيلًا ۝ أَلَمْ تَرَ إِلَى
الَّذِينَ يَزْعُمُونَ أَنَّهُمْ آمَنُوا بِمَا أُنزِلَ إِلَيْكَ وَمَا أُنزِلَ مِن
قَبْلِكَ يُرِيدُونَ أَن يَتَحَاكَمُوا إِلَى الطَّاغُوتِ وَقَدْ أُمِرُوا أَن
يَكْفُرُوا بِهِ وَيُرِيدُ الشَّيْطَانُ أَن يُضِلَّهُمْ ضَلَالًا بَعِيدًا ۝ وَ

●रुकूअ १/४ ★रु० ८/५ आ ६

उस का किसी को मददगार न पाओगे। (५२) क्या उनके पास बादशाही का कुछ हिस्सा है कि तो लोगों को तिल बराबर भी न देंगे। (५३) या जो ख़ुदा ने लोगों को अपने फ़ज़्ल से दे रखा है, उस पर जलते हैं, तो हमने इब्राहीम के ख़ानदान को किताब और दानाई अता फ़रमायी थी और बड़ी सल्तनत (हुकूमत) भी बख़्शी थी। (५४) फिर लोगों में से किसी ने तो उस किताब को माना और कोई उससे रुका (और हटा) रहा, तो उन न मानने वालों (के जलाने) को दोज़ख़ की जलती हुई आग काफ़ी है। (५५) जिन लोगों ने हमारी आयतों से कुफ़्र किया, उनको हम जल्द आग में दाख़िल करेंगे, जब उनकी खालें गल (और जल) जाएंगी, तो हम और खालें बदल देंगे, ताकि (हमेशा) अज़ाब का (मज़ा) चखते रहें। बेशक ख़ुदा ग़ालिब हिक्मत वाला है ●(५६) और जो लोग ईमान लाये और नेक अमल करते रहे, उन को हम बहिश्तों में दाख़िल करेंगे, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, वे उन में हमेशा-हमेशा रहेंगे। वहां उन के लिए पाक बीवियां हैं और उन को हम घने साए में दाख़िल करेंगे। (५७) ख़ुदा तुम को हुक्म देता है कि अमानत वालों की अमानतें उन के हवाले कर दिया करो और जब लोगों में फ़ैसला करने लगो, तो इंसाफ़ से फ़ैसला किया करो। ख़ुदा तुम्हें बहुत ख़ूब नसीहत करता है। बेशक ख़ुदा सुनता और देखता है। (५८) मोमिनो! ख़ुदा और उस के रसूल की फ़रमांबरदारी करो और जो तुम में से हुकूमत वाले हैं, उनकी भी और किसी बात में तुम में इख़्तिलाफ़ पैदा हो तो अगर ख़ुदा और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हो, तो उसमें ख़ुदा और उसके रसूल (के हुक्म) की तरफ़ रुजूअ करो। यह बहुत अच्छी बात है और इस का अंजाम भी अच्छा है। (५९) ★

क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा जो दावा तो यह करते हैं कि जो (किताब) तुम पर नाज़िल हुई और जो (किताबें) तुम से पहले नाज़िल हुईं, उन सब पर ईमान रखते हैं और चाहते यह हैं कि अपना मुक़दमा एक सरकश के पास ले जा कर फ़ैसला कराएं, हालांकि उन को हुक्म दिया गया था कि उस से एतक़ाद न रखें और शैतान (तो यह) चाहता है कि उन को बहका कर रास्ते से

●रुबुअ १/४ ★रु० ८/५ आ ६

व इज़ा क़ी-ल लहुम् तआलौ इला मा अन्ज़लल्लाहु व इलर्रसूलि
रऐ-तल्-मुनाफ़िक़ी-न यसुद्दू-न अन्-क सुदूदा ج (६१) फ़ कै-फ़ इज़ा असाबत्हुम्
मुसीबतुम्-बिमा क़द्द-मत् ऐदीहिम् सुम्-म जा-ऊ-क यह्लिफ़ू-न ق बिल्लाहि
इन् अ-रद्ना इल्ला इह्सानंव्-व तौफ़ीक़ा (६२) उला-इ-कल्लज़ी-न
यअ्-लमुल्लाहु मा फ़ी क़ुलूबिहिम् ق फ़ अअ्-रिज़्
अन्हुम् व अिज़्हुम् व क़ुल्लहुम् फ़ी
अन्फ़ुसिहिम् क़ौलम्-बलीग़ा (६३) व मा
अर्सल्ना मिर्रसूलिन् इल्ला लि युता - अ
बि इज़्निल्लाहि ط व लौ अन्नहुम् इज़्ज़-लमू
अन्फ़ुसहुम् जा-ऊ-क फ़स्तग़्फ़रुल्ला-ह वस्तग़्फ़-र
लहुमुर्रसूलु ल-व-जदुल्ला-ह तव्वाबर्रहीमा (६४)
फ़ ला व रब्बि-क ला युअ्मिनू-न हत्ता
युहक्किमू-क फ़ीमा श-ज-र बैनहुम् सुम्-म ला
यजिदू फ़ी अन्फ़ुसिहिम् ह-र-जम्मिम्मा क़ज़ै-त
व युसल्लिमू तस्लीमा (६५) व लौ अन्ना
क-तब्ना अलैहिम् अनिक़्तुलू अन्फ़ुसकुम्
अविख़्रुजू मिन् दियारिकुम् मा फ़-अलूहु इल्ला क़लीलुम् - मिन्हुम् ط व लौ
अन्नहुम् फ़-अलू मा यू-अज़ू-न बिही लका-न ख़ैरल्लहुम् व अशद्-द तस्बीतंव्-
(६६) व इज़ल-ल-आतैनाहुम् मिल्लदुन्ना अज्रन् अज़ीमा لا (६७)
व ल-हदैनाहुम् सिरातम्-मुस्तक़ीमा (६८) व मंय्युतिअिल्ला-ह वर्रसू-ल
फ़ उला-इ-क म-अल्लज़ी-न अन्-अ-मल्लाहु अलैहिम् मिनन्नबिय्यीन वस्सिद्दीक़ी-न
वश्शुहदा-इ वस्सालिही-न ج व हसु - न उला-इ-क रफ़ीक़ा ط (६९)
ज़ालिकल्-फ़ज़्लु मिनल्लाहि ط व कफ़ा बिल्लाहि अलीमा ★ (७०) या
अय्युहल्लज़ी-न आमनू ख़ुज़ू हिज़्रकुम् फ़न्फ़िरू सुबातिन् अविन्फ़िरू जमीआ (७१)

إِذَا قِيلَ لَهُمْ تَعَالَوْا إِلَىٰ مَا أَنزَلَ اللَّهُ وَإِلَى الرَّسُولِ رَأَيْتَ الْمُنَافِقِينَ
يَصُدُّونَ عَنكَ صُدُودًا ۝ فَكَيْفَ إِذَا أَصَابَتْهُم مُّصِيبَةٌ بِمَا
قَدَّمَتْ أَيْدِيهِمْ ثُمَّ جَاءُوكَ يَحْلِفُونَ بِاللَّهِ إِنْ أَرَدْنَا إِلَّا إِحْسَانًا
وَتَوْفِيقًا ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ يَعْلَمُ اللَّهُ مَا فِي قُلُوبِهِمْ فَأَعْرِضْ
عَنْهُمْ وَعِظْهُمْ وَقُل لَّهُمْ فِي أَنفُسِهِمْ قَوْلًا بَلِيغًا ۝ وَمَا
أَرْسَلْنَا مِن رَّسُولٍ إِلَّا لِيُطَاعَ بِإِذْنِ اللَّهِ وَلَوْ أَنَّهُمْ إِذ ظَّلَمُوا
أَنفُسَهُمْ جَاءُوكَ فَاسْتَغْفَرُوا اللَّهَ وَاسْتَغْفَرَ لَهُمُ الرَّسُولُ لَوَجَدُوا
اللَّهَ تَوَّابًا رَّحِيمًا ۝ فَلَا وَرَبِّكَ لَا يُؤْمِنُونَ حَتَّىٰ يُحَكِّمُوكَ فِيمَا
شَجَرَ بَيْنَهُمْ ثُمَّ لَا يَجِدُوا فِي أَنفُسِهِمْ حَرَجًا مِّمَّا قَضَيْتَ وَيُسَلِّمُوا
تَسْلِيمًا ۝ وَلَوْ أَنَّا كَتَبْنَا عَلَيْهِمْ أَنِ اقْتُلُوا أَنفُسَكُمْ أَوِ اخْرُجُوا
مِن دِيَارِكُم مَّا فَعَلُوهُ إِلَّا قَلِيلٌ مِّنْهُمْ وَلَوْ أَنَّهُمْ فَعَلُوا مَا
يُوعَظُونَ بِهِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ وَأَشَدَّ تَثْبِيتًا ۝ وَإِذًا لَّآتَيْنَاهُم
مِّن لَّدُنَّا أَجْرًا عَظِيمًا ۝ وَلَهَدَيْنَاهُمْ صِرَاطًا مُّسْتَقِيمًا ۝ وَمَن
يُطِعِ اللَّهَ وَالرَّسُولَ فَأُولَٰئِكَ مَعَ الَّذِينَ أَنْعَمَ اللَّهُ عَلَيْهِم مِّنَ
النَّبِيِّينَ وَالصِّدِّيقِينَ وَالشُّهَدَاءِ وَالصَّالِحِينَ ۚ وَحَسُنَ أُولَٰئِكَ
رَفِيقًا ۝ ذَٰلِكَ الْفَضْلُ مِنَ اللَّهِ ۚ وَكَفَىٰ بِاللَّهِ عَلِيمًا ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ
آمَنُوا خُذُوا حِذْرَكُمْ فَانفِرُوا ثُبَاتٍ أَوِ انفِرُوا جَمِيعًا ۝ وَإِنَّ

★रु. ९/६ आ ११

दूर डाल दे। (६०) और जब उन से कहा जाता है कि जो हुक्म ख़ुदा ने नाज़िल फ़रमाया है, उसी की तरफ़ (रुजूअ) करो और पैग़म्बर की तरफ़ आओ, तो तुम मुनाफ़िक़ों को देखते हो कि तुम से एराज़ करते और रुके जाते हैं। (६१) तो कैसी (शर्म की) बात है कि जब उनके आमाल (की शामत) से उन पर कोई मुसीबत वाक़ेअ होती है, तो तुम्हारे पास भागे आते हैं और क़स्में खाते हैं कि वल्लाह! हमारा मक्सूद तो भलाई और मुवाफ़क़त था।[1] (६२) उन लोगों के दिलों में जो-जो कुछ है, ख़ुदा उसको ख़ूब जानता है। तुम उन (की बातों) का कुछ ख्याल न करो और उन्हें नसीहत करो और उनसे ऐसी बातें कहो, जो उन के दिलों पर असर कर जाएं। (६३) और हमने जो पैग़म्बर भेजा है, इसलिए भेजा है कि ख़ुदा के फ़रमान के मुताबिक़ उस का हुक्म माना जाए और ये लोग जब अपने हक़ में ज़ुल्म कर बैठे थे, अगर तुम्हारे पास आते और ख़ुदा से बख्शिश मांगते और (ख़ुदा के) रसूल भी उन के लिए बख्शिश तलब करते तो ख़ुदा को माफ़ करने वाला (और) मेहरबान पाते। (६४) तुम्हारे परवरदिगार की क़सम! ये लोग जब तक अपने झगड़ों में तुम्हें मुन्सिफ़ न बनायें और जो फ़ैसला तुम कर दो उस से अपने दिल में तंग न हों, बल्कि उस को ख़ुशी से मान लें, तब तक मोमिन नहीं होंगे। (६५) और अगर हम उन्हें हुक्म देते कि अपने आप को क़त्ल कर डालो या अपने घर छोड़ कर निकल जाओ, तो उनमें से थोड़े ही ऐसा करते और अगर ये इस नसीहत पर कारबंद होते जो उनको की जाती है, तो उनके हक़ में बेहतर और (दीन) में ज़्यादा साबित क़दमी की वजह बनता। (६६) और हम उनको अपने यहां से बड़ा बदला भी देते। (६७) और सीधा रास्ता भी दिखाते। (६८) और जो लोग ख़ुदा और उस के रसूल की इताअत करते हैं, वे (क़ियामत के दिन) उन लोगों के साथ होंगे, जिन पर ख़ुदा ने बड़ा फ़ज़्ल किया यानी नबी और सिद्दीक़ और शहीद और नेक लोग।[2] और इन लोगों का साथ बहुत ही ख़ूब है। (६९) यह ख़ुदा का फ़ज़्ल है और ख़ुदा जानने वाला काफ़ी है। (७०) ★

मोमिनो! (जिहाद के लिए) हथियार ले लिया करो, फिर या तो जमाअत-जमाअत हो कर

---

१. मदीने में एक यहूदी और एक मुनाफ़िक़ में झगड़ा हुआ। यहूदी ने कहा कि चलो मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से फ़ैसला कराएं। मुनाफ़िक़ ने कहा कि काब बिन अशरफ़ के पास चलो। यह शख़्स यहूद का सरदार था। इस इख़्तिलाफ़ की वजह यह थी कि यहूदी हक़ पर था और जानता था कि हज़रत इस मुक़दमे का फ़ैसला उस के हक़ में करेंगे, तो वह हज़रत ही के पास जाने पर ज़ोर देता था। मुनाफ़िक़ों में जो ज़ाहिर में मुसलमान और बातिन में काफ़िर था, आप के पास जाना नहीं चाहता था। आख़िर दोनों हज़रत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के पास आए और हज़रत ने मुक़दमा यहूदी के हक़ में फ़ैसला किया। जब बाहर निकले तो मुनाफ़िक़ ने कहा कि हज़रत उमर के पास चलो जो वह फ़ैसला कर दें वह मुझे मंज़ूर हो। हज़रत उमर रज़ि० उन दिनों जनाब सरवरे कायनात के हुक्म से मदीने में क़ज़ा (जजी) करते थे। मुनाफ़िक़ ने ख्याल किया कि हज़रत उमर रज़ि० ज़ाहिरी इस्लाम के धोखे में आ कर मेरा ख्याल करेंगे। जब वहां गये तो यहूदी ने पहले माजरा बयान कर दिया और कह दिया कि हम हज़रत सल्ल० की ख़िदमत में हो आए हैं और उन्होंने मेरा हक़ साबित कर दिया है। यह सुन कर हज़रत उमर रज़ि० ने मुनाफ़िक़ को क़त्ल कर दिया। उस के वारिस हज़रत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के पास गये और ख़ून का दावा किया और क़स्में खाने लगे कि हम हज़रत उमर रज़ि० के पास सिर्फ़ इस लिए गये थे कि शायद वह सुलह करा दें, तब ये आयतें नाज़िल हुयीं।

(शेष पृष्ठ १३९ पर)

★रु. ९/६ आ ११

व इन्-न मिन्कुम् ल-मल्-लयुबत्तिअन्-न ፘ फ़ इन् असाबत्कुम् मुसीबतुन् क़ा-ल क़द् अन्-अ-मल्लाहु अलय्-य इज़् लम् अकुम्-म-अहुम् शहीदा (७२) व लइन् असाबकुम् फ़ज़्लुम्-मिनल्लाहि ल-यक़ूलन्-न क-अल्लम् तकुम्बैनकुम् , व बैनहू मवद्दतुंय्यालैतनी कुन्तु म-अहुम् फ़ अफ़ू-ज़ फ़ौज़न् अज़ीमा (७३) फ़ल्युक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहिल्लज़ी-न यश्रूनल्-हयातद्दुन्या बिल्आख़िरति ط व मंय्युक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि फ़ युक़्तल् औ यग़्लिब् फ़ सौ-फ़ नुअ्तीहि अज्रन् अज़ीमा (७४) व मा लकुम् ला तुक़ातिलू-न फ़ी सबीलिल्लाहि वल्-मुस्तज़्अफ़ी-न मिनर्रिजालि वन्निसा-इ वल्-विल्दानिल्लज़ी-न यक़ूलू-न रब्बना अख़्रिज्ना मिन् हाज़िहिल्-क़र्यतिज़्ज़ालिमि अह्लुहा ፘ वज्अल्लना मिल्लदुन-क वलिय्यंव्-ۚ वज्अल्लना मिल्लदुन्-क नसीरा ط (७५) अल्लज़ी-न आमनू युक़ातिलू-न फ़ी सबीलिल्लाहि ፘ वल्लज़ी-न क-फ़रू युक़ातिलू-न फ़ी सबीलित्ताग़ूति फ़ क़ातिलू औलिया-अश्शैतानि ፘ इन्-न कैदश्शैतानि का-न ज़ईफ़ा ★ (७६) अ-लम् त-र इलल्लज़ी-न क़ी-ल लहुम् कुफ़्फ़ू ऐदि-यकुम् व अक़ीमुस्सला-त व आतुज़्ज़का-त ፘ फ़-लम्मा कुति-ब अलैहिमुल्-क़ितालु इज़ा फ़रीक़ुम्मिन्हुम् यख़्शौनन्ना-स क-ख़श्यतिल्लाहि औ अशद्-द ख़श्य-तन् ፘ व क़ालू रब्बना लि-म क-तब्-त अलैनल्क़िता-ल ፘ लौला अख़्ख़र्तना इला अ-जलिन् क़रीबिन् ط क़ुल् मताअुद्दुन्या क़लीलुन् ፘ वल्-आख़िरतु ख़ैरुल्लिमनित्तक़ा قف व ला तुज़्लमू-न फ़तीला (७७)

مِنْكُمْ لَمَنْ لَيُبَطِّئَنَّ فَإِنْ أَصَابَتْكُمْ مُصِيبَةٌ قَالَ قَدْ أَنْعَمَ
اللَّهُ عَلَيَّ إِذْ لَمْ أَكُنْ مَعَهُمْ شَهِيدًا ﴿٧٢﴾ وَلَئِنْ أَصَابَكُمْ فَضْلٌ
مِنَ اللَّهِ لَيَقُولَنَّ كَأَنْ لَمْ تَكُنْ بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهُ مَوَدَّةٌ يَا لَيْتَنِي كُنْتُ
مَعَهُمْ فَأَفُوزَ فَوْزًا عَظِيمًا ﴿٧٣﴾ فَلْيُقَاتِلْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ الَّذِينَ
يَشْرُونَ الْحَيَاةَ الدُّنْيَا بِالْآخِرَةِ وَمَنْ يُقَاتِلْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ
فَيُقْتَلْ أَوْ يَغْلِبْ فَسَوْفَ نُؤْتِيهِ أَجْرًا عَظِيمًا ﴿٧٤﴾ وَمَا لَكُمْ لَا
تُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالْمُسْتَضْعَفِينَ مِنَ الرِّجَالِ وَالنِّسَاءِ
وَالْوِلْدَانِ الَّذِينَ يَقُولُونَ رَبَّنَا أَخْرِجْنَا مِنْ هَٰذِهِ الْقَرْيَةِ الظَّالِمِ
أَهْلُهَا وَاجْعَلْ لَنَا مِنْ لَدُنْكَ وَلِيًّا وَاجْعَلْ لَنَا مِنْ لَدُنْكَ
نَصِيرًا ﴿٧٥﴾ الَّذِينَ آمَنُوا يُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالَّذِينَ كَفَرُوا
يُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ الطَّاغُوتِ فَقَاتِلُوا أَوْلِيَاءَ الشَّيْطَانِ إِنَّ
كَيْدَ الشَّيْطَانِ كَانَ ضَعِيفًا ﴿٧٦﴾ أَلَمْ تَرَ إِلَى الَّذِينَ قِيلَ لَهُمْ كُفُّوا
أَيْدِيَكُمْ وَأَقِيمُوا الصَّلَاةَ وَآتُوا الزَّكَاةَ فَلَمَّا كُتِبَ عَلَيْهِمُ الْقِتَالُ
إِذَا فَرِيقٌ مِنْهُمْ يَخْشَوْنَ النَّاسَ كَخَشْيَةِ اللَّهِ أَوْ أَشَدَّ خَشْيَةً
وَقَالُوا رَبَّنَا لِمَ كَتَبْتَ عَلَيْنَا الْقِتَالَ لَوْلَا أَخَّرْتَنَا إِلَىٰ أَجَلٍ
قَرِيبٍ قُلْ مَتَاعُ الدُّنْيَا قَلِيلٌ وَالْآخِرَةُ خَيْرٌ لِمَنِ اتَّقَىٰ وَ
لَا تُظْلَمُونَ فَتِيلًا ﴿٧٧﴾ أَيْنَمَا تَكُونُوا يُدْرِكْكُمُ الْمَوْتُ وَلَوْ كُنْتُمْ

★रु. १०/७ आ ६

निकला करो या इकट्ठे कूच किया करो। (७१) और तुम में कोई ऐसा भी है कि (जान-बूझ कर) देर लगाता है, फिर अगर तुम पर कोई मुसीबत पड़ जाए, तो कहता है कि ख़ुदा ने मुझ पर बड़ी मेहरबानी की कि मैं उन में मौजूद न था। (७२) और अगर ख़ुदा तुम पर फ़ज़्ल करे तो इस तरह से कि गोया तुम में उस में दोस्ती थी ही नहीं, (अफ़सोस करता और) कहता है कि काश ! मैं भी उनके साथ होता तो बड़ा मक़्सूद हासिल करता। (७३) तो जो लोग आख़िरत (को ख़रीदते और उस) के बदले दुनिया की ज़िंदगी को बेचना चाहते हैं, उन को चाहिए कि ख़ुदा की राह में जंग करें और जो शख़्स ख़ुदा की राह में जंग करे, फिर शहीद हो जाए या ग़लबा पाए, हम बहुत जल्द उसको बड़ा सवाब देंगे।[1] (७४) और तुम को क्या हुआ है कि ख़ुदा की राह में और उन बे-बस मर्दों और औरतों और बच्चों के लिए नहीं लड़ते, जो दुआएं किया करते हैं कि ऐ परवरदिगार ! हम को इस शहर से, जिस के रहने वाले ज़ालिम हैं, निकाल कर कहीं और ले जा और अपनी तरफ़ से किसी को हमारा हामी बना और अपनी ही तरफ़ से किसी को हमारा मददगार मुक़र्रर फ़रमा। (७५) जो मोमिन हैं, वे तो ख़ुदा के लिए लड़ते हैं और जो काफ़िर हैं, वे बुतों के लिए लड़ते हैं, सो तुम शैतान के मददगारों से लड़ो (और डरो मत) क्योंकि शैतान का दांव बोदा होता है। (७६)★

भला तुम ने उन लोगों को नहीं देखा, जिनको (पहले यह) हुक्म दिया गया था कि अपने हाथों को (लड़ाई से) रोके रहो और नमाज़ पढ़ते और ज़कात देते रहो। फिर जब उन पर जिहाद फ़र्ज़ कर दिया गया, तो कुछ लोग उन में से लोगों से यों डरने लगे जैसे ख़ुदा से डरा करते हैं, बल्कि उस से भी ज़्यादा और बड़-बड़ाने लगे कि ऐ ख़ुदा ! तू ने हम पर जिहाद (जल्द) क्यों फ़र्ज़ कर दिया। थोड़ी मुद्दत और हमें क्यों मुहलत न दी ? (ऐ पैग़म्बर ! उनसे) कह दो, दुनिया का फ़ायदा बहुत थोड़ा है और बहुत अच्छी चीज़ तो परहेज़गार के लिए आख़िरत (की निजात) है और तुम पर धागे बराबर भी ज़ुल्म नहीं किया जाएगा। (७७) (ऐ जिहाद से डरने वालो !) तुम कहीं

(पृष्ठ १३७ का शेष)

२. सिद्दीक़ मुबालग़े का लफ़्ज़ है यानी बड़ा सच्चा, तो सिद्दीक़ बड़े सच्चे हुए। या सिद्दीक़ से वे लोग मुराद हैं जो नबियों की पैरवी में सब से बड़ा रुत्बा रखते हैं। हज़रत अबूबक्र रज़ि० को जो सिद्दीक़ कहते हैं, तो उन पर ये दोनों मानी सही उतरते हैं। शहीद वे जो ख़ुदा की राह में मारे जाएं। हज़रत उमर रज़ि० और उस्मान रज़ि० और अली रज़ि० सब शहीद हैं। नेक लोग यानी आम नेकी वाले भले लोग। सब से ऊंचा दर्जा नबियों का है, फिर सिद्दीक़ों का, फिर शहीदों का, फिर नेक और भले लोगों का।

१. यानी मुसलमानों को चाहिए कि दुनिया की ज़िंदगी पर नज़र न रखें, आख़िरत चाहें और समझें कि अल्लाह के हुक्म में हर तरह नफ़ा है।

★रु. १०/५ आ ६

ऐ-न मा तकूनू युद्‌रिक्कुमुल्-मौतु व लौ कुन्तुम् फ़ी बुरूजिम्-मुशय्यदतिन् ط व इन् तुसिब्हुम् ह़-स-नतुंय्यक़ूलू हाज़िही मिन् अिन्दिल्लाहि ج व इन् तुसिब्हुम् सय्यिअतुंय्यक़ूलू हाज़िही मिन् अिन्दि-क ط क़ुल् कुल्लुम्-मिन् अिन्दिल्लाहि ط फ़ मा लि हा-उला-इल्-क़ौमि ला यकादू-न यफ़्क़हू-न ह़दीसा (७८) मा असा-ब-क मिन् ह़-स-नतिन् फ़ मिनल्लाहि ز व मा असा-ब-क मिन् सय्यिअतिन् फ़ मिन्नफ़्सि-क ط व अर्सल्ना-क लिन्नासि रसूलन् ط व कफ़ा बिल्लाहि शहीदा (७९) मंय्युतिअिर्रसू-ल फ़-क़द् अताअल्ला-ह ج व मन् तवल्ला फ़ मा अर्सल्ना-क अलैहिम् ह़फ़ीज़ा ط (८०) व यक़ूलू-न ताअतुन् ز फ़ इज़ा ब-रज़ू मिन् अिन्दि-क बय्य-त ता-इफ़तुम्-मिन्हुम् ग़ैरल्लज़ी तक़ूलु ط वल्लाहु यक्तुबु मा युबय्यितू-न ج फ़ अअ्-रिज़् अन्हुम् व त-वक्कल् अ-लल्लाहि ط व कफ़ा बिल्लाहि वकीला (८१) अ-फ़ला य-त-दब्बरूनल्-क़ुर्आन ط व लौ का-न मिन् अिन्दि ग़ैरिल्लाहि ल-व-जदू फ़ीहिख़्तिलाफ़न् कसीरा (८२) व इज़ा जा-अहुम् अम्रुम्मिनल्-अम्नि अविल्ख़ौफ़ि अज़ाअू बिही ط व लौ रद्‌दूहु इलर्रसूलि व इला उलिल्-अम्रि मिन्हुम् ल अलिमहुल्लज़ी-न यस्तम्बितूनहू मिन्हुम् ط व लौ ला फ़ज़्लुल्लाहि अलैकुम् व रह़्मतुहू लत्तबअ्-तुमुश्शैता-न इल्ला क़लीला (८३) फ़ क़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि ج ला तुकल्लफ़ु इल्ला नफ़्स-क व ह़र्रिज़िल्-मुअ्मिनीन ج अ-सल्लाहु अंय्यकुफ़्-फ़ बअ्सल्लज़ी-न क-फ़रू ط वल्लाहु अशद्‌दु बअ्संव्-व अशद्‌दु तन्कीला (८४) मंय्यश्फ़अ्-शफ़ाअतन् ह़-स-न-तंय्यकुल्लहू नसीबुम्मिन्हा ج व मंय्यश्फ़अ् शफ़ा-अ-तन् सय्यिअतंय्यकुल्लहू किफ़्लुम्मिन्हा ط व कानल्लाहु अला कुल्लि शैइम्मुक़ीता (८५)

فِىْ بُرُوْجٍ مُّشَيَّدَةٍ ۗ وَاِنْ تُصِبْهُمْ حَسَنَةٌ يَّقُوْلُوْا هٰذِهٖ مِنْ
عِنْدِ اللّٰهِ ۚ وَاِنْ تُصِبْهُمْ سَيِّئَةٌ يَّقُوْلُوْا هٰذِهٖ مِنْ عِنْدِكَ ۗ قُلْ
كُلٌّ مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ ۗ فَمَالِ هٰٓؤُلَآءِ الْقَوْمِ لَا يَكَادُوْنَ يَفْقَهُوْنَ
حَدِيْثًا ۞ مَآ اَصَابَكَ مِنْ حَسَنَةٍ فَمِنَ اللّٰهِ ۫ وَمَآ اَصَابَكَ مِنْ
سَيِّئَةٍ فَمِنْ نَّفْسِكَ ۗ وَاَرْسَلْنٰكَ لِلنَّاسِ رَسُوْلًا ۗ وَكَفٰى بِاللّٰهِ
شَهِيْدًا ۞ مَنْ يُّطِعِ الرَّسُوْلَ فَقَدْ اَطَاعَ اللّٰهَ ۚ وَمَنْ تَوَلّٰى فَمَآ اَرْسَلْنٰكَ
عَلَيْهِمْ حَفِيْظًا ۞ وَيَقُوْلُوْنَ طَاعَةٌ ۫ فَاِذَا بَرَزُوْا مِنْ عِنْدِكَ بَيَّتَ
طَآئِفَةٌ مِّنْهُمْ غَيْرَ الَّذِىْ تَقُوْلُ ۗ وَاللّٰهُ يَكْتُبُ مَا يُبَيِّتُوْنَ ۚ فَاَعْرِضْ
عَنْهُمْ وَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ۗ وَكَفٰى بِاللّٰهِ وَكِيْلًا ۞ اَفَلَا يَتَدَبَّرُوْنَ الْقُرْاٰنَ ۗ
وَلَوْ كَانَ مِنْ عِنْدِ غَيْرِ اللّٰهِ لَوَجَدُوْا فِيْهِ اخْتِلَافًا كَثِيْرًا ۞ وَاِذَا
جَآءَهُمْ اَمْرٌ مِّنَ الْاَمْنِ اَوِ الْخَوْفِ اَذَاعُوْا بِهٖ ۗ وَلَوْ رَدُّوْهُ اِلَى الرَّسُوْلِ
وَاِلٰٓى اُولِى الْاَمْرِ مِنْهُمْ لَعَلِمَهُ الَّذِيْنَ يَسْتَنْۢبِطُوْنَهٗ مِنْهُمْ ۗ وَلَوْ
لَا فَضْلُ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَتُهٗ لَاتَّبَعْتُمُ الشَّيْطٰنَ اِلَّا قَلِيْلًا ۞
فَقَاتِلْ فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۚ لَا تُكَلَّفُ اِلَّا نَفْسَكَ وَحَرِّضِ الْمُؤْمِنِيْنَ ۚ
عَسَى اللّٰهُ اَنْ يَّكُفَّ بَاْسَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ۗ وَاللّٰهُ اَشَدُّ بَاْسًا وَّاَشَدُّ
تَنْكِيْلًا ۞ مَنْ يَّشْفَعْ شَفَاعَةً حَسَنَةً يَّكُنْ لَّهٗ نَصِيْبٌ مِّنْهَا ۚ وَ
مَنْ يَّشْفَعْ شَفَاعَةً سَيِّئَةً يَّكُنْ لَّهٗ كِفْلٌ مِّنْهَا ۗ وَكَانَ اللّٰهُ عَلٰى كُلِّ

रहो, मौत तो तुम्हें आकर रहेगी, चाहे बड़े-बड़े महलों में रहो और उन लोगों को अगर कोई फ़ायदा पहुंचता है, तो कहते हैं कि यह ख़ुदा की तरफ़ से है और कोई तक्लीफ़ पहुंचती है तो (ऐ मुहम्मद ! तुम से) कहते हैं कि यह (तक्लीफ़) आप की वजह से (हमें पहुंची) है। कह दो कि (रंज व राहत) सब अल्लाह ही की तरफ़ से है। इन लोगों को क्या हो गया है कि बात भी नहीं समझ सकते। (७८) (ऐ आदम की औलाद !) तुझ को जो फ़ायदा पहुंचे, वह ख़ुदा की तरफ़ से है और जो नुक़्सान पहुंचे, वह तेरे ही (आमाल की शामत की) वजह से है और (ऐ मुहम्मद !) हम ने तुमको लोगों (की हिदायत) के लिए पैग़म्बर बना कर भेजा है और (इस बात का) ख़ुदा ही गवाह काफ़ी है। (७९) जो शख़्स रसूल की फ़रमांबरदारी करेगा, तो बेशक उसने ख़ुदा की फ़रमांबरदारी की और जो ना-फ़रमां बरदारी करे तो ऐ पैग़म्बर ! तुम्हें हमने उनका निगहबान बना कर नहीं भेजा। (८०) और ये लोग मुंह से तो कहते हैं कि (आप की) फ़रमांबरदारी (दिल से मंज़ूर) है, लेकिन जब तुम्हारे पास से चले जाते हैं, तो उनमें से कुछ लोग रात को तुम्हारी बातों के ख़िलाफ़ मश्विरे करते हैं और जो मश्विरे ये करते हैं ख़ुदा उन को लिख लेता है, तो उनका कुछ ख़्याल न करो और ख़ुदा पर भरोसा रखो और ख़ुदा ही काफ़ी कारसाज़ है। (८१) भला ये क़ुरआन में ग़ौर क्यों नहीं करते ? अगर यह ख़ुदा के सिवा किसी और का (कलाम) होता, तो उसमें (बहुत-सा) इख़्तिलाफ़ पाते। (८२) और जब उन के पास अमन या ख़ौफ़ की कोई ख़बर पहुंचती है, तो उसे मशहूर कर देते हैं और अगर उसको पैग़म्बर और अपने सरदारों के पास पहुंचाते, तो खोज लगाने वाले उसकी खोज लगा लेते। और अगर तुम पर ख़ुदा का फ़ज़्ल और उस की मेहरबानी न होती, तो कुछ लोगों के अलावा सब शैतान की पैरवी करने वाले होते। (८३) तो (ऐ मुहम्मद !) तुम ख़ुदा की राह में लड़ो, तुम अपने सिवा किसी के ज़िम्मेदार नहीं हो।[1] और मोमिनों को भी उभारो। क़रीब है कि ख़ुदा काफ़िरों की लड़ाई को बन्द कर दे और ख़ुदा लड़ाई के एतबार से बहुत सख़्त है और सज़ा के लिहाज़ से भी बहुत सख़्त है। (८४) जो शख़्स नेक बात की सिफ़ारिश करे, तो उस (के सवाब) में से हिस्सा मिलेगा और जो बुरी बात की सिफ़ारिश करे, उसको उस (के अज़ाब) में से हिस्सा मिलेगा और ख़ुदा हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। (८५)

---

१. यानी तुम से औरों के बारे में नहीं पूछा जाएगा, क्योंकि हर आदमी अपने काम का ज़िम्मेदार है।

व इज़ा हुय्यीतुम् बितहि्य्यतिन् फ़हय्यू बिअह्स-न मिन्हा औरुद्दूहा इन्नल्ला-ह का-न अला कुल्लि शैइन् हसीबा ●(८६) अल्लाहु ला इला-ह इल्ला हु-व ⸗ ल-यज्मअन्नकुम् इला यौमिल्क़ियामति ला रै-ब फ़ीहि व मन् अस्दक़ु मिनल्लाहि हदीसा ★ (८७) फ़ मा लकुम् फ़िल्मुनाफ़िक़ी-न फ़िअतैनि वल्लाहु अर्कसहुम् बिमा क-सबू ⸗ अतुरीदू-न अन् तह्दू मन् अ-ज़ल्लल्लाहु ⸗ व मंय्युज़्लिलिल्लाहु फ़ लन् तजि-द लहू सबीला (८८) वद्दू लौ तक्फ़ुरू-न कमा क-फ़रू फ़ तकूनू-न सवा-अन् फ़ ला तत्तख़िज़ू मिन्हुम् औलिया-अ हत्ता युहाजिरू फ़ी सबीलिल्लाहि ⸗ फ़ इन् तवल्लौ फ़ ख़ुज़ूहुम् वक़्तुलूहुम् हैसु वजत्तुमूहुम् ⸗ व ला तत्तख़िज़ू मिन्हुम् वलिय्यंव्-व ला नसीरा ⸗ (८९) इल्लल्लज़ी-न यसिलू-न इला क़ौमिम् बैनकुम् व बैनहुम् मीसाक़ुन् औ जा-ऊकुम् हसिरत् सुदूरुहुम् अंय्युक़ातिलूकुम् औ युक़ातिलू क़ौमहुम् ⸗ व लौ शा-अल्लाहु ल सल्ल-त-हुम् अलैकुम् फ़-ल-क़ातलूकुम् ⸗ फ़ इनिअ्-त-ज़लूकुम् फ़ लम् युक़ातिलूकुम् व अल्क़ौ इलैकुमुस्स-लम ⸗ फ़ मा ज-अ-लल्लाहु लकुम् अलैहिम् सबीला (९०) स-तजिदू-न आख़री-न युरीदू-न अंय्यअ्मनूकुम् व यअ्मनू क़ौमहुम् ⸗ कुल्लमा रुद्दू इलल्फ़ित्नति उर्किसू फ़ीहा ⸗ फ़ इल्लम् यअ्-तज़िलूकुम् व युल्क़ू इलैकुमुस्स-ल-म व यकुफ़्फ़ू ऐदियहुम् फ़ ख़ुज़ूहुम् वक़्तुलूहुम् हैसु सक़िफ़्तुमूहुम् ⸗ व उलाइकुम् ज-अल्ना लकुम् अलैहिम् सुल्तानम्-मुबीना ★ (९१)

شىء مقيتا ۝ وإذا حييتم بتحية فحيوا بأحسن منها أو ردوها
إن الله كان على كل شىء حسيبا ۝ الله لا إله إلا هو ليجمعنكم
إلى يوم القيمة لا ريب فيه ومن أصدق من الله حديثا ۝
فما لكم في المنفقين فئتين والله أركسهم بما كسبوا أتريدون
أن تهدوا من أضل الله ومن يضلل الله فلن تجد له سبيلا ۝
ودوا لو تكفرون كما كفروا فتكونون سواء فلا تتخذوا منهم
أولياء حتى يهاجروا في سبيل الله فإن تولوا فخذوهم و
اقتلوهم حيث وجدتموهم ولا تتخذوا منهم وليا ولا
نصيرا ۝ إلا الذين يصلون إلى قوم بينكم وبينهم ميثاق
أو جاءوكم حصرت صدورهم أن يقاتلوكم أو يقاتلوا قومهم
ولو شاء الله لسلطهم عليكم فلقاتلوكم فإن اعتزلوكم فلم
يقاتلوكم وألقوا إليكم السلم فما جعل الله لكم عليهم سبيلا ۝
ستجدون آخرين يريدون أن يأمنوكم ويأمنوا قومهم كلما
ردوا إلى الفتنة أركسوا فيها فإن لم يعتزلوكم ويلقوا إليكم السلم و
يكفوا أيديهم فخذوهم واقتلوهم حيث ثقفتموهم وأولئكم جعلنا
لكم عليهم سلطنا مبينا ۝ وما كان لمؤمن أن يقتل مؤمنا إلا
خطأ ومن قتل مؤمنا خطأ فتحرير رقبة مؤمنة ودية مسلمة

● नि. १/२ ★रु. ११/८ आ ११ ★रु. १२/९ आ ४

और जब तुम को कोई दुआ दे तो (जवाब में) तुम उस से बेहतर (कलमे) से (उसे) दुआ दो या उन्हीं लफ़्ज़ों से दुआ दो। बेशक ख़ुदा हर चीज का हिसाब लेने वाला है●(८६) ख़ुदा वह सच्चा माबूद है कि उस के सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं। वह क़ियामत के दिन तुम सब को जरूर जमा करेगा और ख़ुदा से बढ़ कर बात का सच्चा कौन है? (८७)★

वस्तग़्फ़िरू रब्बकुम् सुम्-म तूबू इलैहि इन्-न रब्बी रहीमुंव्वदूद (९०) क़ालू या शुअ़ैबु मा नफ़्क़हु कसीरम्-मिम्मा तक़ूलु व इन्ना ल-नरा-क फ़ीना ज़ईफ़न् व लौला रह्तु-क ल-र-जम्ना-क व मा अन्-त अलैना बि-अ़ज़ीज़ (९१) क़ा-ल या क़ौमि अ-रह्ती अ-अ़ज़्ज़ु अलैकुम् मिनल्लाहि वत्तख़ज़्तुमूहु वरा-अकुम् ज़िह्रिय्यन् इन्-न रब्बी बिमा तअ्-मलू-न मुहीत (९२) व या क़ौमिअ्-मलू अला मकानतिकुम् इन्नी आमिलुन् सौ-फ़ तअ्-लमून मंय्यअ्तीहि अ़ज़ाबुंय्युख़्ज़ीहि व मन् हु-व काज़िबुन् वर्तक़िबू इन्नी म-अकुम् रक़ीब (९३) व लम्मा जा-अ अम्रुना नज्जैना शुअ़ैबंव्वल्-लज़ी-न आमनू म-अहू बिरह्मतिम्-मिन्ना व अ-ख़-ज़तिल्लज़ी-न ज़-ल-मुस्सैहतु फ़-अस्बहू फ़ी दियारिहिम् जासिमीन (९४) क-अल्लम् यग़्नौ फ़ीहा अला बुअ्-दल्-लि मद्-य-न कमा बअिदत् समूद ★(९५) व ल-क़द् अर्सल्ना मूसा बिआयातिना व सुल्तानिम् - मुबीन (९६) इला फ़िर्-औ-न व म-लइही फ़त्तबअू अम्-र फ़िर्-औ-न व मा अम्रु फ़िर्-औ - न बिरशीद (९७) यक़्दुमु क़ौमहू यौमल्-क़ियामति फ़-औ-र-द हुमुन्ना - र व बिअ्सल् - विर्दुल् - मौरूद (९८) व उत्बिअू फ़ी हाज़िही लअ्-नतंव्-व यौमल् - क़ियामति बिअ्सर्रिफ़्दुल् - मरफ़ूद (९९) ज़ालि-क मिन् अम्बाइल्क़ुरा नक़ुस्सुहू अलै - क मिन्हा क़ाइमुंव्-व हसीद (१००) व मा ज़-लम्नाहुम् व लाकिन् ज़-लमू अन्फ़ुसहुम् फ़मा अग़्-नत् अन् - हुम् आलिहतुहुमुल्लती यद्अू - न मिन् दूनिल्लाहि मिन् शैइल्लम्मा जा - अ अम्रु रब्बि - क व मा ज़ादूहुम् ग़ै-र तत्बीब (१०१)

أو قوم هود أو قوم صلح وما قوم لوط منكم ببعيد ۝ واستغفروا
ربكم ثم توبوا إليه إن ربي رحيم ودود ۝ قالوا يشعيب ما
نفقه كثيرا مما تقول وإنا لنرىك فينا ضعيفا ولولا رهطك
لرجمنك وما أنت علينا بعزيز ۝ قال يقوم أرهطي أعز عليكم
من الله واتخذتموه وراءكم ظهريا إن ربي بما تعملون محيط ۝
ويقوم اعملوا على مكانتكم إني عامل سوف تعلمون من يأتيه
عذاب يخزيه ومن هو كاذب وارتقبوا إني معكم رقيب ۝ ولما
جاء أمرنا نجينا شعيبا والذين آمنوا معه برحمة منا وأخذت
الذين ظلموا الصيحة فأصبحوا في ديرهم جثمين ۝ كأن لم
يغنوا فيها ألا بعدا لمدين كما بعدت ثمود ۝ ولقد أرسلنا
موسى بآيتنا وسلطن مبين ۝ إلى فرعون وملائه فاتبعوا
أمر فرعون وما أمر فرعون برشيد ۝ يقدم قومه يوم
القيمة فأوردهم النار وبئس الورد المورود ۝ وأتبعوا في
هذه لعنة ويوم القيمة بئس الرفد المرفود ۝ ذلك من
أنباء القرى نقصه عليك منها قائم وحصيد ۝ وما ظلمنهم
ولكن ظلموا أنفسهم فما أغنت عنهم آلهتهم التي يدعون
من دون الله من شيء لما جاء أمر ربك وما زادوهم غير تتبيب ۝

★रु. ८/९ आ १२

और अपने परवरदिगार से बख्शिश मांगो और उसके आगे तौबा करो। बेशक मेरा परवरदिगार रहम वाला और मुहब्बत वाला है।[1] (९०) उन्होंने कहा कि शुऐब! तुम्हारी बहुत सी बातें हमारी समझ में नहीं आतीं और हम देखते हैं कि तुम हम में कमजोर भी हो और अगर तुम्हारे भाई-बंद न होते, तो हम तुमको संगसार कर देते और तुम हम पर (किसी तरह भी) ग़ालिब नहीं हो। (९१) उन्होंने कहा कि क़ौम! क्या मेरे भाई-बंदों का दबाव तुम पर ख़ुदा से ज़्यादा है और उसको तुम ने पीठ पीछे डाल रखा है। मेरा परवरदिगार तो तुम्हारे सब अमाल पर एहाता किये हुए है। (९२) और मेरी क़ौम! तुम अपनी जगह काम किये जाओ, मैं (अपनी जगह) काम किये जाता हूं। तुमको बहुत जल्द मालूम हो जाएगा कि रुसवा करने वाला अज़ाब किस पर आता है और झूठा कौन है और तुम भी इंतिज़ार करो, मैं भी तुम्हारे साथ इंतिज़ार करता हूं। (९३) और जब हमारा हुक्म आ पहुंचा तो हमने शुऐब को और जो लोग उन के साथ ईमान लाए थे, उन को तो अपनी रहमत से बचा लिया और जो ज़ालिम थे, उनको चिंघाड़ ने आ दबोचा, तो वह अपने घरों में औंधे पड़े रह गये। (९४) गोया उनमें कभी बसे ही न थे। सुन रखो कि मदयन पर (वैसी ही) फिटकार है, जैसी समूद पर फिटकार थी। (९५) ✱

और हमने मूसा को अपनी निशानियां और रोशन दलील देकर भेजा। (९६) (यानी) फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़, तो वह फ़िरऔन ही के हुक्म पर चले और फ़िरऔन का हुक्म दुरुस्त नहीं था। (९७) वह क़ियामत के दिन अपनी क़ौम के आगे-आगे चलेगा और उनको दोज़ख़ में जा उतारेगा और जिस मक़ाम पर वे उतारे जाएंगे, वह बुरा है। (९८) और इस दुनिया में भी लानत उनके पीछे लगा दी गयी और क़ियामत के दिन भी (पीछे लगी रहेगी), जो इनाम उन को मिला है, बुरा है। (९९) ये (पुरानी) बस्तियों के थोड़े से हालात हैं, जो हम तुम से बयान करते हैं। इन में से कुछ तो बाक़ी हैं और कुछ का तहस-नहस हो गया। (१००) और हमने उन लोगों पर ज़ुल्म नहीं किया, बल्कि उन्होंने ख़ुद अपने ऊपर ज़ुल्म किया, ग़रज़ जब तुम्हारे परवरदिगार का हुक्म आ पहुंचा, तो जिन माबूदों को, वे ख़ुदा के सिवा पुकारा करते थे, वह उनके कुछ भी काम न आए और तबाह करने के सिवा उनके हक़ में और कुछ न कर सके। (१०१) और

(पृष्ठ ३६५ का शेष)

है। शायद वे ईमान ले आएं और बद-फ़ेलियों से रुक जाएं। फ़रिश्तों ने इब्राहीम से कहा, यह ख़्याल छोड़ दीजिए, उन के लिए अज़ाब का हुक्म हो चुका है और अज़ाब हो कर रहेगा।

१. मदयन हज़रत इब्राहीम के बेटे का नाम था, फिर उन की औलाद में से एक क़बीले का यह नाम हो गया। इस जगह यही क़बीला मुराद है।

१. 'वदूद' (मुहब्बत वाला) यानी बंदों को दोस्त रखे या बंदे उस को दोस्त रखें। क़ुत्बुल अब्रार मौलाना याक़ूब चर्ख़ी क़द्द-स सिर्रहू 'शरहे' 'अस्माउल्लाह' में वदूद के मानी इस तरह बयान किये हैं कि तमाम ख़ल्क़ के साथ नेकी का दोस्त रखने वाला और उन दिलों का दोस्त कि जो हक़ की तरफ़ झुके हुए हैं, यानी वह नेकी को दोस्त रखता है और नेक लोग उस को दोस्त रखते हैं।

★रु. ८/८ आ १२

व कज़ालि-क अख़्ज़ु रब्बि-क इज़ा अ-ख़-ज़ल्क़ुरा व हि-य ज़ालिमतुन् इन्-न अख़्-ज़हू अलीमुन् शदीद (१०२) इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आयतल्-लिमन् ख़ा-फ़ अज़ाबल्-आख़िरति ज़ालि-क यौमुम् - मज्मूअुल् - लहुन्नासु व ज़ालि - क यौमुम्मश्हूद (१०३) व मा नु-अख़्ख़िरुहू इल्ला लिअ - जलिम्-मअ-दूद (१०४) यौ-म यअ्ति ला त-कल्लमु नफ़्सुन् इल्ला बिइज़्निही फ़मिन्हुम् शक़िय्युंव-व सअीद (१०५) फ़-अम्मल्लज़ी-न शक़ू फ़फ़िन्नारि लहुम् फ़ीहा ज़फ़ीरुंव-व शहीक़ (१०६) ख़ालिदी-न फ़ीहा मा दामतिस्-समावातु वल्अर्ज़ु इल्ला मा शा - अ रब्बु-क इन्-न रब्ब-क फ़अ् - आलुलिलमा युरीद (१०७) व अम्मल्लज़ी-न सुअिदू फ़फ़िल्जन्नति ख़ालिदी-न फ़ीहा मा दामतिस्-समावातु वल्अर्ज़ु इल्ला मा शा - अ रब्बु-क अता-अन् ग़ै-र मज्ज़ूज़ (१०८) फ़ला तकु फ़ी मिर्यतिम्मिम्मा यअ्-बुदु हा-उलाइ मा यअ्-बुदू - न इल्ला कमा यअ्-बुदु आबाउहुम् मिन् क़ब्लु व इन्ना लमुवफ़्फ़ूहुम् नसीबहुम् ग़ै - र मन्क़ूस ★(१०९) व-ल-क़द् आतैना मूसल्किता - ब फ़ख़्तुलि - फ़ फ़ीहि व लौला कलिमतुन् स-ब-क़त् मिर्रब्बि-क लक़ुज़ि-य बैनहुम् व इन्नहुम् लफ़ी शक्किम्-मिन्हु मुरीब (११०) व इन् - न कुल्लल्लम्मा लयुवफ़्फ़ियन्नहुम् रब्बु-क अअ्-मालहुम् इन्नहू बिमा यअ्-मलू-न ख़बीर (१११) फ़स्तक़िम् कमा उमिर-त व मन् ता-ब म-अ़क व ला तत्ग़ौ इन्नहू बिमा तअ्-मलू-न बसीर (११२) व ला तर्कनू इलल्लज़ी-न ज़-लमू फ़-त-मस्सकुमुन्नारु व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिन् औलिया-अ सुम्-म ला तुन्सरून (११३) व अक़िमिस्सला-त त़-र - फ़यिन्नहारि व ज़ु-ल्-फ़म् - मिनल्लैलि इन्नल् - ह़-स-नाति युज़्हिब्नस्-सय्यिआति ज़ालि-क ज़िक्रा लिज़्ज़ाकिरीन (११४)

وَكَذٰلِكَ أَخْذُ رَبِّكَ إِذَا أَخَذَ الْقُرٰى وَهِيَ ظَالِمَةٌ ۚ إِنَّ أَخْذَهٗ
أَلِيمٌ شَدِيدٌ ۝ إِنَّ فِي ذٰلِكَ لَآيَةً لِّمَنْ خَافَ عَذَابَ الْآخِرَةِ ۚ ذٰلِكَ
يَوْمٌ مَّجْمُوعٌ لَّهُ النَّاسُ وَذٰلِكَ يَوْمٌ مَّشْهُودٌ ۝ وَمَا نُؤَخِّرُهٗ إِلَّا
لِأَجَلٍ مَّعْدُودٍ ۝ يَوْمَ يَأْتِ لَا تَكَلَّمُ نَفْسٌ إِلَّا بِإِذْنِهٖ ۚ فَمِنْهُمْ
شَقِيٌّ وَسَعِيدٌ ۝ فَأَمَّا الَّذِينَ شَقُوا فَفِي النَّارِ لَهُمْ فِيهَا زَفِيرٌ وَ
شَهِيقٌ ۝ خَالِدِينَ فِيهَا مَا دَامَتِ السَّمٰوٰتُ وَالْأَرْضُ إِلَّا مَا شَاءَ
رَبُّكَ ۚ إِنَّ رَبَّكَ فَعَّالٌ لِّمَا يُرِيدُ ۝ وَأَمَّا الَّذِينَ سُعِدُوا فَفِي الْجَنَّةِ
خَالِدِينَ فِيهَا مَا دَامَتِ السَّمٰوٰتُ وَالْأَرْضُ إِلَّا مَا شَاءَ رَبُّكَ ۚ عَطَاءً
غَيْرَ مَجْذُوذٍ ۝ فَلَا تَكُ فِي مِرْيَةٍ مِّمَّا يَعْبُدُ هٰٓؤُلَاءِ ۚ مَا يَعْبُدُونَ
إِلَّا كَمَا يَعْبُدُ آبَاؤُهُمْ مِّنْ قَبْلُ ۚ وَإِنَّا لَمُوَفُّوهُمْ نَصِيبَهُمْ غَيْرَ
مَنْقُوصٍ ۝ وَلَقَدْ آتَيْنَا مُوسَى الْكِتٰبَ فَاخْتُلِفَ فِيهِ ۚ وَلَوْلَا كَلِمَةٌ
سَبَقَتْ مِنْ رَّبِّكَ لَقُضِيَ بَيْنَهُمْ ۚ وَإِنَّهُمْ لَفِي شَكٍّ مِّنْهُ مُرِيبٍ ۝
وَإِنَّ كُلًّا لَّمَّا لَيُوَفِّيَنَّهُمْ رَبُّكَ أَعْمَالَهُمْ ۚ إِنَّهٗ بِمَا يَعْمَلُونَ خَبِيرٌ ۝
فَاسْتَقِمْ كَمَا أُمِرْتَ وَمَنْ تَابَ مَعَكَ وَلَا تَطْغَوْا ۚ إِنَّهٗ بِمَا تَعْمَلُونَ
بَصِيرٌ ۝ وَلَا تَرْكَنُوا إِلَى الَّذِينَ ظَلَمُوا فَتَمَسَّكُمُ النَّارُ ۙ وَمَا لَكُمْ
مِّنْ دُونِ اللّٰهِ مِنْ أَوْلِيَاءَ ثُمَّ لَا تُنْصَرُونَ ۝ وَأَقِمِ الصَّلٰوةَ
طَرَفَيِ النَّهَارِ وَزُلَفًا مِّنَ اللَّيْلِ ۚ إِنَّ الْحَسَنٰتِ يُذْهِبْنَ السَّيِّئٰتِ

★रु. ६/६ आ १४

तुम्हारा परवरदिगार जब ना-फ़रमान बस्तियों को पकड़ा करता है, तो उस की पकड़ इसी तरह की होती है। बेशक उसकी पकड़ दुख देने वाली (और) सख्त है। (१०२) इन (क़िस्सों) में उस शख्स के लिए, जो आख़िरत के अज़ाब से डरे, इब्रत है। यह वह दिन होगा, जिसमें सब लोग इकट्ठे किए जाएंगे और यही वह दिन होगा, जिसमें सब (ख़ुदा के सामने) हाज़िर किए जाएंगे। (१०३) और हम उसके लाने में एक तै वक़्त तक ताख़ीर कर रहे हैं। (१०४) जिस दिन वह आ जाएगा, तो कोई शख्स ख़ुदा के हुक्म के बग़ैर बोल भी नहीं सकेगा। फिर उनमें से कुछ बद-बख्त होंगे और कुछ नेक-बख्त। (१०५) तो जो बद-बख्त होंगे वे दोजख़ में (डाल दिए जाएंगे), उस में उनको चिल्लाना और धाड़ना होगा। (१०६) (और) जब तक आसमान व ज़मीन हैं, हमेशा उसी में रहेंगे, मगर जितना तुम्हारा परवरदिगार चाहे। बेशक तुम्हारा परवरदिगार जो चाहता है, कर देता है। (१०७) और जो नेक-बख्त होंगे, वे बहिश्त में (दाख़िल किए जाएंगे और) जब तक आसमान और ज़मीन हैं, हमेशा इसी में रहेंगे, मगर जितना तुम्हारा परवरदिगार चाहे, यह (ख़ुदा की) बख्शिश है, जो कभी ख़त्म नहीं होगी। (१०८) तो ये लोग, जो (ग़ैर-ख़ुदा की) पूजा करते हैं, उस से तुम शक में न पड़ना, ये इसी तरह पूजा करते हैं, जिस तरह पहले से इन के बाप-दादा पूजा करते आये हैं और हम उन को उन का हिस्सा पूरा-पूरा बग़ैर कुछ घटाए-बढ़ाए देने वाले हैं। (१०९) ★

और हमने मूसा को किताब दी, तो उसमें इख़्तिलाफ़ किया गया और अगर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से एक बात पहले न हो चुकी होती, तो उन में फ़ैसला कर दिया जाता और वे तो इस से भारी शुब्हे में (पड़े हुए) हैं। (११०) और तुम्हारा परवरदिगार इन सब को (क़ियामत के दिन) उन के आमाल का पूरा-पूरा बदला देगा। बेशक जो अमल ये करते हैं, वह उसे जानता है। (१११) सो (ऐ पैग़म्बर!) जैसा तुम को हुक्म होता है (उस पर) तुम और जो लोग तुम्हारे साथ तौबा कर चुके हैं, क़ायम रहो और हद से आगे न जाना। वह तुम्हारे सब अमल देख रहा है। (११२) और जो लोग ज़ालिम हैं, उन की तरफ़ मायल न होना, नहीं तो तुम्हें (दोजख़ की) आग आ लिपटेगी और ख़ुदा के सिवा तुम्हारे और दोस्त नहीं हैं। अगर तुम ज़ालिमों की तरफ़ मायल हो गये, तो फिर तुम को (कहीं से) मदद न मिल सकेगी। (११३) और दिन के दोनों सिरों (यानी सुबह और शाम के वक़्तों में और रात की चंद पहली) साअतों में नमाज़ पढ़ा करो। कुछ शक नहीं कि नेकियां गुनाहों को दूर कर देती हैं, यह उनके लिए नसीहत है, जो नसीहत

★रु. ९/९ आ १४

वस्बिर् फ़-इन्नल्ला-ह ला युज़ीअु अज्-रल्-मुह्सिनीन (११५) फ़लौला का-न मिनल्क़ुरूनि मिन् क़ब्लिकुम् उलू बक़िय्यतिंय्यन्हौ-न अनिल्फ़सादि फ़िल्अर्ज़ि इल्ला क़लीलम्-मिम्मन् अन्जैना मिन्हुम् ज वत्त - ब - अल्लज़ी-न ज़लमू मा उत्रिफ़ू फ़ीहि व कानू मुज्रिमीन (११६) व मा का - न रब्बु-क लियुह्लिकल्-क़ुरा बिज़ुल्मिंव् - व अह्लुहा मुस्लिहून (११७) व लौ शा-अ रब्बु-क ल-ज-अ-लन्ना-स उम्मतंव्वाहि-दतंव् - व ला यज़ालू-न मुख़्तलिफ़ीन (११८) इल्ला मर्रहि-म रब्बुक ط व लिज़ालि-क ख़-ल-क़हुम् ط व तम्मत् कलिमतु रब्बि - क ल अम्-ल-अन्-न जहन्न-म मिनल्-जिन्नति वन्नासि अज्-मअीन (११९) व कुल्लन् नक़ुस्सु अलै-क मिन् अम्बाइर्रुसुलि मा नुसब्बितु बिही फ़ुआ-द - क ज व जा - अ-क फ़ी हाज़िहिल्-हक़्क़ु व मौअि-ज़तुंव्-व ज़िक्रा लिल्मुअ्मिनीन (१२०) व क़ुल् लिल्लज़ी-न ला युअ्मिनूनअ्-मलू अला मकानतिकुम् ط इन्ना आमिलून (१२१) वन्तज़िरू ج इन्ना मुन्तज़िरून (१२२) व लिल्लाहि ग़ैबुस्समावाति वल्अर्ज़ि व इलैहि युर्जअुल्-अम्रु कुल्लुहू फ़अ्-बुद्हु व त-वक्कल् अलैहि ط व मा रब्बु-क बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ्-मलून ★ (१२३)

ذٰلِكَ ذِكْرٰى لِلذّٰكِرِيْنَ ۝ وَاصْبِرْ فَاِنَّ اللّٰهَ لَا يُضِيْعُ اَجْرَ
الْمُحْسِنِيْنَ ۝ فَلَوْلَا كَانَ مِنَ الْقُرُوْنِ مِنْ قَبْلِكُمْ اُولُوْا بَقِيَّةٍ
يَّنْهَوْنَ عَنِ الْفَسَادِ فِي الْاَرْضِ اِلَّا قَلِيْلًا مِّمَّنْ اَنْجَيْنَا مِنْهُمْ
وَاتَّبَعَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا مَآ اُتْرِفُوْا فِيْهِ وَكَانُوْا مُجْرِمِيْنَ ۝ وَمَا كَانَ
رَبُّكَ لِيُهْلِكَ الْقُرٰى بِظُلْمٍ وَّاَهْلُهَا مُصْلِحُوْنَ ۝ وَلَوْ شَآءَ رَبُّكَ
لَجَعَلَ النَّاسَ اُمَّةً وَّاحِدَةً وَّلَا يَزَالُوْنَ مُخْتَلِفِيْنَ ۝ اِلَّا مَنْ رَّحِمَ
رَبُّكَ وَلِذٰلِكَ خَلَقَهُمْ وَتَمَّتْ كَلِمَةُ رَبِّكَ لَاَمْلَئَنَّ جَهَنَّمَ مِنَ
الْجِنَّةِ وَالنَّاسِ اَجْمَعِيْنَ ۝ وَكُلًّا نَّقُصُّ عَلَيْكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الرُّسُلِ
مَا نُثَبِّتُ بِهٖ فُؤَادَكَ وَجَآءَكَ فِيْ هٰذِهِ الْحَقُّ وَمَوْعِظَةٌ وَّذِكْرٰى
لِلْمُؤْمِنِيْنَ ۝ وَقُلْ لِّلَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ اعْمَلُوْا عَلٰى مَكَانَتِكُمْ
اِنَّا عٰمِلُوْنَ ۝ وَانْتَظِرُوْا اِنَّا مُنْتَظِرُوْنَ ۝ وَلِلّٰهِ غَيْبُ السَّمٰوٰتِ
وَالْاَرْضِ وَاِلَيْهِ يُرْجَعُ الْاَمْرُ كُلُّهٗ فَاعْبُدْهُ وَتَوَكَّلْ عَلَيْهِ
وَمَا رَبُّكَ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ۝
سُوْرَةُ يُوْسُفَ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ مِائَةٌ وَّاِحْدٰى عَشْرَةَ اٰيَةً وَّاثْنَا عَشَرَ رُكُوْعًا
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
الٓرٰ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ۝ اِنَّآ اَنْزَلْنٰهُ قُرْءٰنًا عَرَبِيًّا لَّعَلَّكُمْ
تَعْقِلُوْنَ ۝ نَحْنُ نَقُصُّ عَلَيْكَ اَحْسَنَ الْقَصَصِ بِمَآ اَوْحَيْنَآ

१२ सूरतु यूसु-फ़ ५३

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७४११ अक्षर, १८०८ शब्द, १११ आयत और १२ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अलिफ़् - लाम् - रा تلك तिल - क आयातुल् - किताबिल् - मुबीन (१) इन्ना अन्ज़ल्नाहु क़ुर-आनन् अ-रबिय्यल्-ल-अल्लकुम् तअ्-क़िलून (२)

★रु० १०/१० आ १४

क़ुबूल करने वाले हैं। (११४) और सब्र किये रहो कि ख़ुदा नेक लोगों का बदला बर्बाद नहीं करता। (११५) तो जो उम्मतें तुम से पहले गुज़र चुकी हैं, उनमें ऐसे होशमंद क्यों न हुए, जो मुल्क में ख़राबी करने से रोकते, हां (ऐसे) थोड़े से (थे), जिन को हम ने उन में से मुख्लिसी बख़्शी और जो ज़ालिम थे, उन्हीं बातों के पीछे लगे रहे, जिन में ऐश व आराम था और वे गुनाहों में डूबे हुए थे। (११६) और तुम्हारा परवरदिगार ऐसा नहीं है कि बस्तियों में, जबकि वहां के रहने वाले नेक हों ज़ुल्म के तौर पर तबाह कर दे। (११७) और अगर तुम्हारा परवरदिगार चाहता तो तमाम लोगों को एक ही जमाअत कर देता, लेकिन वे हमेशा इख़्तिलाफ़ करते रहेंगे। (११८) मगर जिन पर तुम्हारा परवरिगार रहम करे और इसी लिए उस ने उनको पैदा किया है और तुम्हारे परवरदिगार का क़ौल पूरा हो गया कि मैं दोज़ख़ को जिन्नों और इंसानों, सब से भर दूंगा। (१२०) ऐ (मुहम्मद !) और पैग़म्बरों के वे सब हालात जो हम तुम से बयान करते हैं, उन से हम तुम्हारे दिल को क़ायम रखते हैं और इन (क़िस्सों) में तुम्हारे पास हक़ पहुंच गया और (यह) मोमिनों के लिए नसीहत और इब्रत है। (१२०) और जो लोग ईमान नहीं लाए उन से कह दो कि तुम अपनी जगह अमल किये जाओ, हम (अपनी जगह) अमल किये जाते हैं। (१२१) और (आमाल के नतीजे का) तुम भी इन्तिज़ार करो, हम भी इन्तिज़ार करते हैं। (१२२) और आसमानों और ज़मीन की छिपी चीज़ों का इल्म ख़ुदा ही को है और तमाम मामलों का पलटना उसी की तरफ़ है, तो उसी की इबादत करो और उसी पर भरोसा रखो और जो कुछ तुम कर रहे हो, तुम्हारा परवरदिगार उस से बे-ख़बर नहीं। (१२३) ★

१२ सूरः यूसुफ़ ५३

सूरः यूसुफ़ मक्की है और इसमें एक सौ ग्यारह आयतें और बारह रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलिफ़-लाम-रा, यह रोशन किताब की आयतें हैं। (१) हमने इस क़ुरआन को अरबी में नाज़िल किया है, ताकि तुम समझ सको। (२) (ऐ पैग़म्बर !) हम इस क़ुरआन के ज़रिए से, जो

★रु. १०/१० आ १४

नह्नु नक़ुस्सु अलै - क अह्-स-नल्-क़-स़सि बिमा औहैना इलै-क हाज़ल्-क़ुर्आ-न व इन् कुन्-त मिन् क़ब्लिही लमिनल्ग़ाफ़िलीन (३) इज् क़ा-ल यूसुफ़ु लि-अबीहि या अ-बति इन्नी र-ऐतु अ-ह-द अ-श-र कौकबव्वश्शम-स वल्क़-म-र रऐतुहुम् ली साजिदीन (४) क़ा-ल या बुनय्-य ला तक़्सुस् रुअ्-या-क अला इख़्वति-क फ़-यकीदू ल-क कैदन् ط इन्नश्शैता-न लिल्इन्सानि अदुव्वुम्-मुबीन (५) व कज़ालि-क यज्तबी-क रब्बु-क व युअ़ल्लिमु-क मिन् तअ्वीलिल्-अहादीसि व युतिम्मु निअ्-म-तहू अलै-क व अला आलि यअ्-क़ू-ब कमा अतम्महा अला अ-बवै-क मिन् क़ब्लु इब्राही - म व इस्हा-क़ ط इन्-न रब्ब-क अलीमुन् हकीम ★(६) ल - क़द् का-न फ़ी यूसु-फ़ व इख़्वतिही आयातुल्लिस् - सा-इलीन (७) इज् क़ालू ल - यूसुफ़ु व अख़ूहु अहब्बु इला अबीना मिन्ना व नह्नु उस्बतुन् ط इन - न अबाना लफ़ी ज़लालिम् - मुबीन (८) उक़्तुलू यूसु - फ़ अविऽ्रहूहु अर-ज़ंय्यख़्लु लकुम् वज्हु अबीकुम् व तकूनू मिम्बअ्-दिही क़ौमन् सालिहीन (९) क़ा-ल क़ाइलुम्-मिन्हुम् ला तक़्तुलू यूसु-फ़ व अल्क़ूहु फ़ी ग़यावतिल्-जुब्बि यल्तक़ित्हु बअ्-ज़ुस्-सय्यारति इन् कुन्तुम् फ़ाअ़िलीन (१०) क़ालू या अबाना माल-क ला तअ्मन्ना अला यूसु-फ़ व इन्ना लहू लनासिहून (११) अर्सिल्हु म-अना ग़दंय्यर्तअ् व यल-अब् व इन्ना लहू लहाफ़िज़ून (१२) क़ा-ल इन्नी ल-यह्ज़ुनुनी अन् तज़्हबू बिही व अख़ाफ़ु अंय्यअ्कुलहुज़्ज़िअ्बु व अन्तुम् अन्हु ग़ाफ़िलून (१३) क़ालू लइन् अ-क-लहुज़्ज़िअ्बु व नह्नु उस्बतुन् इन्ना इज़ल्लख़ासिरून (१४)

إِلَيْكَ هٰذَا الْقُرْاٰنَ ۖ وَإِنْ كُنْتَ مِنْ قَبْلِهٖ لَمِنَ الْغٰفِلِيْنَ ۝ إِذْ قَالَ
يُوْسُفُ لِأَبِيْهِ يٰٓأَبَتِ إِنِّيْ رَأَيْتُ أَحَدَ عَشَرَ كَوْكَبًا وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ
رَأَيْتُهُمْ لِيْ سٰجِدِيْنَ ۝ قَالَ يٰبُنَيَّ لَا تَقْصُصْ رُءْيَاكَ عَلٰٓى إِخْوَتِكَ
فَيَكِيْدُوْا لَكَ كَيْدًا ۖ إِنَّ الشَّيْطٰنَ لِلْإِنْسَانِ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ۝ وَكَذٰلِكَ
يَجْتَبِيْكَ رَبُّكَ وَيُعَلِّمُكَ مِنْ تَأْوِيْلِ الْأَحَادِيْثِ وَيُتِمُّ نِعْمَتَهٗ
عَلَيْكَ وَعَلٰٓى اٰلِ يَعْقُوْبَ كَمَآ أَتَمَّهَا عَلٰٓى أَبَوَيْكَ مِنْ قَبْلُ إِبْرٰهِيْمَ وَ
إِسْحٰقَ ۖ إِنَّ رَبَّكَ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝ لَقَدْ كَانَ فِيْ يُوْسُفَ وَإِخْوَتِهٖٓ
اٰيٰتٌ لِّلسَّآئِلِيْنَ ۝ إِذْ قَالُوْا لَيُوْسُفُ وَأَخُوْهُ أَحَبُّ إِلٰٓى أَبِيْنَا مِنَّا وَ
نَحْنُ عُصْبَةٌ ۖ إِنَّ أَبَانَا لَفِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ۝ اقْتُلُوْا يُوْسُفَ
أَوِ اطْرَحُوْهُ أَرْضًا يَّخْلُ لَكُمْ وَجْهُ أَبِيْكُمْ وَتَكُوْنُوْا مِنْ بَعْدِهٖ قَوْمًا
صٰلِحِيْنَ ۝ قَالَ قَآئِلٌ مِّنْهُمْ لَا تَقْتُلُوْا يُوْسُفَ وَأَلْقُوْهُ فِيْ غَيٰبَتِ
الْجُبِّ يَلْتَقِطْهُ بَعْضُ السَّيَّارَةِ إِنْ كُنْتُمْ فٰعِلِيْنَ ۝ قَالُوْا يٰٓأَبَانَا
مَا لَكَ لَا تَأْمَنَّا عَلٰى يُوْسُفَ وَإِنَّا لَهٗ لَنٰصِحُوْنَ ۝ أَرْسِلْهُ مَعَنَا غَدًا
يَّرْتَعْ وَيَلْعَبْ وَإِنَّا لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ ۝ قَالَ إِنِّيْ لَيَحْزُنُنِيْٓ أَنْ تَذْهَبُوْا
بِهٖ وَأَخَافُ أَنْ يَّأْكُلَهُ الذِّئْبُ وَأَنْتُمْ عَنْهُ غٰفِلُوْنَ ۝ قَالُوْا لَئِنْ
أَكَلَهُ الذِّئْبُ وَنَحْنُ عُصْبَةٌ إِنَّآ إِذًا لَّخٰسِرُوْنَ ۝ فَلَمَّا ذَهَبُوْا بِهٖ
وَأَجْمَعُوْٓا أَنْ يَّجْعَلُوْهُ فِيْ غَيٰبَتِ الْجُبِّ ۚ وَأَوْحَيْنَآ إِلَيْهِ لَتُنَبِّئَنَّهُمْ

★रु. १/११ आ ६

हमने तुम्हारी तरफ़ भेजा है, तुम्हें एक बहुत अच्छा क़िस्सा सुनाते हैं और तुम इस से पहले बे-ख़बर थे। (३) जब यूसुफ़ ने अपने वालिद से कहा कि अब्बा ! मैं ने (ख़्वाब में) ग्यारह सितारों और सूरज और चांद को देखा है। देखता (क्या) हूं कि वे मुझे सज्दा कर रहे हैं। (४) उन्होंने कहा कि बेटा ! अपने ख़्वाब का ज़िक्र अपने भाइयों से न करना, नहीं तो वे तुम्हारे हक़ में फ़रेब की की चाल चलेंगे। कुछ शक नहीं कि शैतान इंसान का खुला दुश्मन है। (५)और इसी तरह ख़ुदा तुम्हें बर्गुज़ीदा (चुना हुआ ख़ास) करेगा और (ख़्वाब की) बातों की ताबीर का इल्म सिखाएगा और जिस तरह उस ने अपनी नेमत पहले तुम्हारे दादा, परदादा इब्राहीम और इस्हाक़ पर पूरी की थी, उसी तरह तुम पर और याक़ूब की औलाद पर पूरी करेगा । बेशक तुम्हारा परवरदिगार (सब कुछ) जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (६) ★

हां, यूसुफ़ और उन के भाइयों (के क़िस्से) में पूछने वालों के लिए (बहुत सी) निशानियां हैं।[१] (७) जब उन्होंने (आपस में) तज़्किरा किया कि यूसुफ़ और उसका भाई अब्बा को हम से ज़्यादा प्यारे हैं, हालांकि हम जमाअत (की जमाअत) हैं। कुछ शक नहीं कि अब्बा खुली ग़लती पर हैं।[२] (८) तो यूसुफ़ को (या तो जान से) मार डालो या किसी मुल्क में फेंक आओ, फिर अब्बा की तवज्जोह सिर्फ़ तुम्हारी तरफ़ हो जाएगी और इसके बाद तुम अच्छी हालत में हो जाओगे। (९) उन में से एक कहने वाले ने कहा कि यूसुफ़ को जान से न मारो, किसी गहरे कुएं में डाल दो कि कोई राह चलता आदमी निकाल (कर और मुल्क में) ले जाएगा। अगर तुम को करना है (तो यों करो)। (१०) (यह मश्विरे कर के वे याक़ूब से) कहने लगे कि अब्बा जान ! क्या वजह है कि आप यूसुफ़ के बारे में हमारा एतबार नहीं करते, हालांकि हम उस के ख़ैरख़्वाह हैं। (११) कल उसे हमारे साथ भेज दीजिए कि ख़ूब मेवे खाये और खेले-कूदे। हम उस के निगहबान हैं। (१२) उन्होंने कहा कि यह बात मुझे ग़मनाक किये देती है कि तुम उसे ले जाओ (यानी वह मुझ से जुदा हो जाए) और मुझे यह ख़ौफ़ है कि तुम (खेल में) उस से ग़ाफ़िल हो जाओ और उसे भेड़िया खा जाए। (१३) वे कहने लगे कि अगर हमारी मौजूदगी में, कि हम एक ताक़तवर जमाअत हैं, भेड़िया

१. यहूदियों ने जनाब रिसालत मआब से कहा कि हमें उन पैग़म्बर का हाल बताइए, जो शाम में रहते थे और उन का बेटा मिस्र की तरफ़ निकाल दिया गया था। वह बेटे के ग़म में इतना रोते रहे कि आंख की रोशनी जाती रही। कहते हैं कि उस वक़्त मक्का में कोई शख़्स अह्ले किताब में से न था और न कोई ऐसा आदमी था जो पिछले नबियों के हालात का इल्म रखता हो। इस लिए यहूदियों ने एक शख़्स को मदीने से यह सवाल करने को हज़रत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के पास मक्का में भेजा, तब ख़ुदा ने यह सूरः नाज़िल फ़रमायी।

२. हज़रत यूसुफ़ अलैहिस्सलाम के ग्यारह भाई थे, जिन में से दस तो सौतेले थे और एक सगे। उन का नाम बिन यामीन था और वह सब में छोटे थे। यहां 'इस के भाई' से मुराद यही बिन यामीन हैं।

★रु. १/११ आ ६

फ़-लम्मा ज-हबू बिही व अज-मअू अंय्यज-अलूहु फ़ी गयाबतिल्-जुब्बि व औहैना इलैहि ल-तुनब्बि-अन्न-हुम् बिअम्रिहिम् हाजा व हुम् ला यश-अुरून (१५) व जाऊ अबाहुम् अिशाअंय्यब-कून (१६) क़ालू या अबाना इन्ना ज-हब्ना नस्तबिक़ु व त-रक्ना यूसु-फ़ अिन्-द मताअिना फ़-अ-क-लहुज़्-

जिअ्बु व मा अन्-त बिमुअ्मिनिल्लना व लौ कुन्ना सादिक़ीन ● (१७) व जाऊ अला क़मीसिही बिदमिन् कज़िबिन् क़ा-ल बल् सव्व-लत् लकुम् अन्फ़ुसुकुम् अम-रन् फ़ - सब्रुन् जमीलुन् वल्लाहुल् - मुस्तआनु अला मा तसिफ़ून (१८) व जा-अत् सय्यारतुन् फ़-अर्सलू वारि - दहुम् फ़-अद्ला दल्-वह क़ा-ल या बुश्रा हाज़ा गुलामुन् व अ - सर्रूहु बिज़ा - अ-तन् वल्लाहु अलीमुम् - बिमा यअ्-मलून (१९) व शरौहु बि-स-मनिम् - बख़्सिन् दराहि-म मअ् - दूदतिन् व कानू फ़ीहि मिनज़् -

بِأَمْرِهِمْ هَٰذَا وَهُمْ لَا يَشْعُرُونَ ﴿١٥﴾ وَجَاءُوا أَبَاهُمْ عِشَاءً يَبْكُونَ ﴿١٦﴾
قَالُوا يَا أَبَانَا إِنَّا ذَهَبْنَا نَسْتَبِقُ وَتَرَكْنَا يُوسُفَ عِنْدَ مَتَاعِنَا فَأَكَلَهُ
الذِّئْبُ ۖ وَمَا أَنْتَ بِمُؤْمِنٍ لَنَا وَلَوْ كُنَّا صَادِقِينَ ﴿١٧﴾ وَجَاءُوا عَلَىٰ
قَمِيصِهِ بِدَمٍ كَذِبٍ ۚ قَالَ بَلْ سَوَّلَتْ لَكُمْ أَنْفُسُكُمْ أَمْرًا ۖ فَصَبْرٌ
جَمِيلٌ ۖ وَاللَّهُ الْمُسْتَعَانُ عَلَىٰ مَا تَصِفُونَ ﴿١٨﴾ وَجَاءَتْ سَيَّارَةٌ فَأَرْسَلُوا
وَارِدَهُمْ فَأَدْلَىٰ دَلْوَهُ ۖ قَالَ يَا بُشْرَىٰ هَٰذَا غُلَامٌ ۚ وَأَسَرُّوهُ بِضَاعَةً ۚ وَ
اللَّهُ عَلِيمٌ بِمَا يَعْمَلُونَ ﴿١٩﴾ وَشَرَوْهُ بِثَمَنٍ بَخْسٍ دَرَاهِمَ مَعْدُودَةٍ
وَكَانُوا فِيهِ مِنَ الزَّاهِدِينَ ﴿٢٠﴾ وَقَالَ الَّذِي اشْتَرَاهُ مِنْ مِصْرَ
لِامْرَأَتِهِ أَكْرِمِي مَثْوَاهُ عَسَىٰ أَنْ يَنْفَعَنَا أَوْ نَتَّخِذَهُ وَلَدًا ۚ وَكَذَٰلِكَ
مَكَّنَّا لِيُوسُفَ فِي الْأَرْضِ وَلِنُعَلِّمَهُ مِنْ تَأْوِيلِ الْأَحَادِيثِ ۚ
وَاللَّهُ غَالِبٌ عَلَىٰ أَمْرِهِ وَلَٰكِنَّ أَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُونَ ﴿٢١﴾ وَلَمَّا
بَلَغَ أَشُدَّهُ آتَيْنَاهُ حُكْمًا وَعِلْمًا ۚ وَكَذَٰلِكَ نَجْزِي الْمُحْسِنِينَ ﴿٢٢﴾
وَرَاوَدَتْهُ الَّتِي هُوَ فِي بَيْتِهَا عَنْ نَفْسِهِ وَغَلَّقَتِ الْأَبْوَابَ وَقَالَتْ
هَيْتَ لَكَ ۚ قَالَ مَعَاذَ اللَّهِ ۖ إِنَّهُ رَبِّي أَحْسَنَ مَثْوَايَ ۖ إِنَّهُ لَا يُفْلِحُ
الظَّالِمُونَ ﴿٢٣﴾ وَلَقَدْ هَمَّتْ بِهِ ۖ وَهَمَّ بِهَا لَوْلَا أَنْ رَأَىٰ بُرْهَانَ رَبِّهِ ۚ
كَذَٰلِكَ لِنَصْرِفَ عَنْهُ السُّوءَ وَالْفَحْشَاءَ ۚ إِنَّهُ مِنْ عِبَادِنَا الْمُخْلَصِينَ ﴿٢٤﴾
وَاسْتَبَقَا الْبَابَ وَقَدَّتْ قَمِيصَهُ مِنْ دُبُرٍ وَأَلْفَيَا سَيِّدَهَا لَدَى الْبَابِ ۚ

ज़ाहिदीन ★ (२०) व क़ालल्लज़िश्तराहु मिम्मिस्-र लिम-र-अतिही अक्रिमी मस्-वाहु असा अंय्यन्फ़-अना औ नत्तख़ि-ज़हू व-ल-दन् व कज़ालि-क मक्कन्ना लियूसु-फ़ फ़िल्अर्ज़ि व लिनु-अल्लिमहू मिन् तअ्वीलिल्-अहादीसि वल्लाहु ग़ालिबुन् अला अम्रिही व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्-लमून (२१) व लम्मा ब-ल-ग़ अशुद्दहू आतैनाहु हुक्मंव्-व अिल-मन् व कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्सिनीन (२२) व रा-व-दत्-हुल्लती हु-व फ़ी बैतिहा अन् नफ़्सिही व ग़ल्ल-क़तिल्-अब-वा-ब व क़ालत् है-त लक क़ा-ल मआज़ल्लाहि इन्नहू रब्बी अह्-स-न मस्वा-य इन्नहू ला युफ़्लिहुज़्ज़ालिमून (२३) व ल-क़द् हम्मत् बिही व हम्-म बिहा लौला अर्रआ बुर्हा-न रब्बिही कज़ालि-क लिनस्रि-फ़ अन्हुस्सू - अ वल् - फ़ह्शा-अ इन्नहू मिन् अिबादिनल्-मुख़्लसीन (२४)

● सु. ३/४ ★रु. २/१२ आर १४

खा गया, तो हम बड़े नुक़सान में पड़ गये। (१४) ग़रज़ जब वे उस को ले गये और इस पर एक राय हो गये कि उसको गहरे कुएं में डाल दें, तो हमने यूसुफ़ की तरफ़ वह्य भेजी कि (एक वक़्त ऐसा आएगा कि) तुम उन को इस व्यवहार से आगाह करोगे और उनको (इस वह्य की) कुछ ख़बर न होगी। (१५) (यह हरकत करके) वे रात के वक़्त बाप के पास रोते हुए आये, (१६) (और) कहने लगे कि अब्बाजान! हम तो दौड़ने और एक दूसरे से आगे निकलने में लग गये और यूसुफ़ को अपने सामान के पास छोड़ गये तो भेड़िया खा गया और आप हमारी बात को, गो हम सच ही कहते हों, मान कर न देंगे ●(१७) और उनके कुरते पर झूठ-मूठ का लहू भी लगा लाये। याक़ूब ने कहा (कि हक़ीक़त यों नहीं है), बल्कि तुम अपने मन से (यह) बात बना लाये हो।[1] अच्छा सब्र (कि वही) ख़ूब (है) और जो तुम बयान करते हो, उसके बारे में ख़ुदा ही से मदद चाहिये। (१८) (अब ख़ुदा की शान देखो कि उस कुएं के क़रीब) एक क़ाफ़िला आया और उन्होंने (पानी के लिये) अपना सक़्क़ा भेजा। उस ने कुएं में डोल लटकाया (तो यूसुफ़ उससे लटक गये)। वह बोला, ज़हे क़िस्मत! यह तो (निहायत हसीन) लड़का है और उसको क़ीमती सरमाया समझ कर छिपा लिया और जो कुछ वे करते थे, ख़ुदा को सब मालूम था। (१९) और उसको थोड़ी-सी क़ीमत (यानी) गिनती के कुछ दिरहमों पर बेच डाला और उन्हें उन (के बारे) में कुछ लालच भी न था। (२०) ★

और मिस्र में जिस शख़्स[2] ने उस को ख़रीदा, उसने अपनी बीवी से, (जिस का नाम ज़ुलेख़ा था) कहा कि इस को इज़्ज़त व इकराम से रखो। अजब नहीं कि यह हमें फ़ायदा दे या हम इसे अपना बेटा बना लें। इस तरह हमने यूसुफ़ को (मिस्र की) धरती पर जगह दी और ग़रज़ यह थी कि हम उन को (ख़्वाब की) बातों की ताबीर सिखाएं और ख़ुदा अपने काम पर ग़ालिब है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (२१) और जब वह अपनी जवानी को पहुंचे तो हमने उनको हिक्मत और इल्म दिया और भले लोगों को हम इसी तरह बदला दिया करते हैं। (२२) तो जिस औरत के घर में वह रहते थे उसने उन को अपनी तरफ़ मायल करना चाहा और दरवाज़े बन्द करके कहने लगी, (यूसुफ़!) जल्दी आओ। उन्होंने कहा कि ख़ुदा पनाह में रखे, वह (यानी तुम्हारे मियां) तो मेरे आक़ा हैं, उन्होंने मुझे अच्छी तरह से रखा है, (मैं ऐसा ज़ुल्म नहीं कर सकता,) बेशक ज़ालिम लोग फ़लाह नहीं पाएंगे। (२३) और उस औरत ने उनका क़स्द किया और उन्होंने उसका क़स्द किया।[3] अगर वह अपने परवरदिगार की निशानी न देखते (तो जो होता, होता,) यों इसलिए (किया गया) कि हम उनसे बुराई और बे-हयाई को रोक दें। बेशक वह हमारे ख़ालिस बन्दों में से थे। (२४)

---

१. कुरते पर झूठ-मूठ का लहू लगा लाये, ताकि यह समझा जाए कि भेड़िया सचमुच खा गया है, लेकिन यह ख़्याल न किया कि भेड़िया सचमुच खा जाता, तो भेड़िए के दांतों से कुरता भी फट जाता, हालांकि वह बिल्कुल सालिम था। जब इन मक्कारों ने हज़रत याक़ूब से आ कर कहा कि यूसुफ़ को भेड़िया खा गया, तो उन्हों ने कुरता ही देख कर समझ लिया कि ये झूठ कहते हैं और कहा, भेड़िया तो बड़ा अक़्लमंद था कि यूसुफ़ को तो खा गया और कुरता न फटने दिया।

२. उस शख़्स का नाम क़ुत्फ़ीर था। कुछ लोगों ने लुत्फ़ीर कहा है। यह मिस्र के बादशाह का, जिस का नाम रय्यान बिन वलीद था, वज़ीर था और उस का लक़ब 'अज़ीज़' था।

३. ज़ुलेख़ा का क़स्द जैसा होगा, ज़ाहिर है, क्योंकि वह यूसुफ़ अलैहिस्सलाम के हुस्न व जमाल पर फ़रेफ़्ता हो

(शेष पृष्ठ ३७७ पर)

वस्त-ब-क़ल्बा-ब व क़द्-दत् क़मी-सहू मिन् दुबुरिव्-व अल्फ़या सय्यि-दहा ल-दल्बाबि ♭ क़ालत् मा जज़ा-उ मन् अरा-द बि-अह्लि-क सूअन् इल्ला अंय्युस्ज-न औ अज़ाबुन् अलीम (२५) क़ा-ल हि-य रा-व-दत्नी अन् नफ़्सी व शहि-द शाहिदुम्-मिन् अह्लिहा ट इन् का-न क़मीसुहू क़ुद्-द मिन् क़ुबुलिन् फ़-स-द-क़त् व हु-व मिनल्काज़िबी-न (२६) व इन् का-न क़मीसुहू क़ुद्-द मिन् दुबुरिन् फ़-क-ज़-बत् व हु-व मिनस्-सादिक़ीन (२७) फ़-लम्मा रआ क़मी-सहू क़ुद्-द मिन् दुबुरिन् क़ा-ल इन्नहू मिन् कैदि-कुन्-न ♭ इन्-न कै-द-कुन्-न अज़ीम (२८) यूसुफ़ु अअ्-रिज़् अन् हाज़ा वस्तग़्फ़िरी लिज़म्बिकि इन्नकि कुन्ति मिनल्-ख़ातिईन ★ (२९) व क़ा-ल निस्-वतुन् फ़िल्-मदीनतिम्-र-अतुल्-अज़ीज़ि तुराविदु फ़ताहा अन् नफ़्सिही ट क़द् श-ग़-फ़हा हुब्बन् ♭ इन्ना ल-न-राहा फ़ी ज़लालिम्-मुबीन (३०)

قَالَتْ مَا جَزَآءُ مَنْ اَرَادَ بِاَهْلِكَ سُوْٓءًا اِلَّآ اَنْ يُّسْجَنَ اَوْ عَذَابٌ
اَلِيْمٌ ۝ قَالَ هِيَ رَاوَدَتْنِيْ عَنْ نَّفْسِيْ وَشَهِدَ شَاهِدٌ مِّنْ اَهْلِهَا ۚ
اِنْ كَانَ قَمِيْصُهٗ قُدَّ مِنْ قُبُلٍ فَصَدَقَتْ وَهُوَ مِنَ الْكٰذِبِيْنَ ۝
وَاِنْ كَانَ قَمِيْصُهٗ قُدَّ مِنْ دُبُرٍ فَكَذَبَتْ وَهُوَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ۝
فَلَمَّا رَاٰ قَمِيْصَهٗ قُدَّ مِنْ دُبُرٍ قَالَ اِنَّهٗ مِنْ كَيْدِكُنَّ ۚ اِنَّ كَيْدَكُنَّ
عَظِيْمٌ ۝ يُوْسُفُ اَعْرِضْ عَنْ هٰذَا ٚ وَاسْتَغْفِرِيْ لِذَنْۢبِكِ ۚ
اِنَّكِ كُنْتِ مِنَ الْخٰطِـِٕيْنَ ۝ وَقَالَ نِسْوَةٌ فِي الْمَدِيْنَةِ امْرَاَتُ الْعَزِيْزِ
تُرَاوِدُ فَتٰىهَا عَنْ نَّفْسِهٖ ۚ قَدْ شَغَفَهَا حُبًّا ۚ اِنَّا لَنَرٰىهَا فِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ۝
فَلَمَّا سَمِعَتْ بِمَكْرِهِنَّ اَرْسَلَتْ اِلَيْهِنَّ وَاَعْتَدَتْ لَهُنَّ مُتَّكَاً وَّاٰتَتْ
كُلَّ وَاحِدَةٍ مِّنْهُنَّ سِكِّيْنًا وَّقَالَتِ اخْرُجْ عَلَيْهِنَّ ۚ فَلَمَّا رَاَيْنَهٗٓ اَكْبَرْنَهٗ
وَقَطَّعْنَ اَيْدِيَهُنَّ وَقُلْنَ حَاشَ لِلّٰهِ مَا هٰذَا بَشَرًا ۭ اِنْ هٰذَآ اِلَّا مَلَكٌ
كَرِيْمٌ ۝ قَالَتْ فَذٰلِكُنَّ الَّذِيْ لُمْتُنَّنِيْ فِيْهِ ۭ وَلَقَدْ رَاوَدْتُّهٗ عَنْ
نَّفْسِهٖ فَاسْتَعْصَمَ ۭ وَلَىِٕنْ لَّمْ يَفْعَلْ مَآ اٰمُرُهٗ لَيُسْجَنَنَّ وَلَيَكُوْنًا
مِّنَ الصّٰغِرِيْنَ ۝ قَالَ رَبِّ السِّجْنُ اَحَبُّ اِلَيَّ مِمَّا يَدْعُوْنَنِيْٓ اِلَيْهِ ۚ
وَاِلَّا تَصْرِفْ عَنِّيْ كَيْدَهُنَّ اَصْبُ اِلَيْهِنَّ وَاَكُنْ مِّنَ الْجٰهِلِيْنَ ۝
فَاسْتَجَابَ لَهٗ رَبُّهٗ فَصَرَفَ عَنْهُ كَيْدَهُنَّ ۭ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝
ثُمَّ بَدَا لَهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ مَا رَاَوُا الْاٰيٰتِ لَيَسْجُنُنَّهٗ حَتّٰى حِيْنٍ ۝

फ़-लम्मा समिअत् बिमक्रिहिन्-न अर्स-लत् इलैहिन्-न व अअ्-त-दत् लहुन्-न मुत्त-क-अंव्-व आतत् कुल-ल वाहि़दतिम्-मिन्हुन्-न सिक्कीनंव्-व क़ालतिख़्-रुज् अलैहिन्-न फ़-लम्मा रऐनहू अक्बर-नहू व क़त्तअ्-न ऐदि-यहुन्-न व क़ुल-न हा-श लिल्लाहि मा हाज़ा ब-शरन् ♭ इन् हाज़ा इल्ला म-लकुन् करीम (३१) क़ालत् फ़ज़ालिकुन्-नल्लज़ी लुम्तुन्ननी फ़ीहि ♭ व ल-क़द् रावत्तुहू अन् नफ़्सिही फ़स्तअ्-सम ♭ व लइल्लम् यफ़्-अल् मा आमुरुहू लयुस्जनन्-न व ल-यकूनम्-मिनस्सागिरीन (३२) क़ा-ल रब्बिस्सिजनु अहब्बु इलय्-य मिम्मा यद्-ऊननी इलैहि ट व इल्ला तस्रिफ़् अन्नी कै-द-हुन्-न अस्बु इलैहिन्-न व अकुम्मिनल्-जाहिलीन (३३) फ़स्तजा-ब लहू रब्बुहू फ़-स-र-फ़ अन्हु कैदहुन्-न ♭ इन्नहू हुवस्समीउल्-अलीम (३४) सुम्-म बदा लहुम् मिम्बअ्-दि मा र-अवुल्-आयाति ल-यस्जुनुन्नहू हत्ता हीन ★ (३५)

★रु. ३/१३ आ ९ ★रु. ४/१४ आ ६

और दोनों दरवाज़े की तरफ़ भागे (आगे यूसुफ़, पीछे ज़ुलेख़ा) और औरत ने उनका कुरता पीछे से (पकड़ कर जो खींचा, तो) फाड़ डाला और दोनों को दरवाज़े के पास औरत का ख़ाविंद मिल गया, तो औरत बोली कि जो शख़्स तुम्हारी बीवी के साथ बुरा इरादा करे, उस की इस के सिवा क्या सज़ा है कि या तो क़ैद किया जाए या दुख का अज़ाब दिया जाए। (२५) यूसुफ़ ने कहा, उसी ने मुझ को अपनी तरफ़ मायल करना चाहा था। उस के क़बीले में से एक फ़ैसला करने वाले ने यह फ़ैसला किया कि अगर उसका कुरता आगे से फटा हो, तो यह सच्ची और यूसुफ़ झूठा। (२६) और अगर कुरता पीछे से फटा हो तो यह झूठी और वह सच्चा। (२७) जब उसका कुरता देखा (तो) पीछे से फटा था, (तब उसने ज़ुलेख़ा से कहा) कि यह तुम्हारा ही फ़रेब है और कुछ शक नहीं कि तुम औरतों के फ़रेब बड़े (भारी) होते हैं। (२८) यूसुफ़ ! इस बात का ख़्याल न कर और (ज़ुलेख़ा) तू अपने गुनाह की बख़्शिश माग, बेशक ख़ता तेरी ही है। (२९) ★

और शहर में औरतें बातें करने लगीं कि अज़ीज़ की बीवी अपने ग़ुलाम को अपनी तरफ़ मायल करना चाहती है और उसकी मुहब्बत उसके दिल में घर कर गयी है। हम देखते हैं कि वह खुली गुमराही में है। (३०) जब ज़ुलेख़ा ने इन औरतों की (बातें, जो हक़ीक़त में यूसुफ़ के दीदार के लिए एक) चाल (थी) सुनी तो उनके पास (दावत का) पैग़ाम भेजा और उनके लिए एक महफ़िल सजायी और (फल काटने के लिए) हर एक को एक-एक छुरी दी और (यूसुफ़ से) कहा कि इनके सामने बाहर आओ। जब औरतों ने उनको देखा तो उन (के हुस्न) का रौब ऐसा छा गया कि (फल काटते-काटते) अपने हाथ काट लिए। और बे-साख़्ता बोल उठीं कि सुब्हानल्लाह ! (यह हुस्न !) यह आदमी नहीं, कोई बुज़ुर्ग फ़रिश्ता है। (३१) तब ज़ुलेख़ा ने कहा, यह वही है जिसके बारे में तुम मुझे ताने देती थीं और बेशक मैं ने उस को अपनी तरफ़ मायल करना चाहा, मगर यह बचा रहा और अगर यह वह काम न करेगा, जो मैं इसे कहती हूं, तो क़ैद कर दिया जाएगा और ज़लील होगा। (३२) यूसुफ़ ने दुआ की कि परवरदिगार ! जिस काम की तरफ़ ये मुझे बुलाती हैं, उस के मुक़ाबले में मुझे क़ैद पसन्द है ओर अगर तू मुझ से उन के फ़रेब को न हटायेगा, तो मैं उन की तरफ़ मायल हो जाऊंगा और नादानों में दाख़िल हो जाऊंगा। (३३) तो ख़ुदा ने उन की दुआ क़ुबूल कर ली और उन से औरतों का मकर ख़त्म कर दिया। बेशक वह सुनने (और) जानने वाला है। (३४) फिर बावजूद इस के कि वे लोग निशान देख चुके थे, उन की राय यही ठहरी कि कुछ दिनों के लिए उन को क़ैद ही कर दें। (३५) ★

(पृष्ठ ३७५ का शेष)

रही थी, मगर यूसुफ़ का क़स्द ऐसा नहीं हो सकता, क्योंकि वह ऐसे काम से ख़ुदा की पनाह मांगते हैं और अमानत में ख़ियानत करने को ज़ुल्म समझते हैं और यह कह कर ज़ुलेख़ा का कहा नहीं मानते। वह उस के इस्रार से उस की तरफ़ झुक तो गये, लेकिन किसी रज़ामंदी, चाव और दिल से नहीं, बल्कि बे-मन से और जब क़स्द इन्सानी तबीयत के तक़ाज़े से न हो और उस में इरादा न शामिल हो यानी सिर्फ़ ख़्याल ही ख़्याल हो, इस पर पकड़ नहीं। ज़ुलेख़ा के क़स्द में दिल का चाव शामिल था, इस्रार था और यूसुफ़ के क़स्द में चाव न था। दोनों के क़स्द में बड़ा फ़र्क़ था। अव्वल तो यूसुफ़ अलैहिस्सलाम का क़स्द चाव का न था, फिर उन्हों ने परवरदिगार की कोई निशानी देख ली, तो वह क़स्द भी जाता रहा।

व द-ख़-ल म-अहुस्सिज्-न फ़-तयानि ط क़ा-ल अ-हदुहुमा इन्नी अरानी अअ्-सिरु ख़म्-रन् ج व क़ालल्-आख़रु इन्नी अरानी अह्मिलु फ़ौ-क़ रअ्-सी ख़ुब-ज़न् तअ - कुलुत्तैरु मिन्हु नब्बिअ् - ना बितअ् - वीलिही ج इन्ना नरा - क मिनल्मुह्सिनीन (३६) क़ा-ल ला यअ्तीकुमा तआमुन् तुर्ज़क़ानिही इल्ला नब्बअ्-तुकुमा बितअ - वीलिही क़ब् - ल अंय्यअ - ति - यकुमा ط ज़ालिकुमा मिम्मा अल्ल-मनी रब्बी ط इन्नी तरक्तु मिल्ल-त क़ौमिल्ला युअ्मिनू-न बिल्लाहि व हुम् बिल्आख़िरति हुम् काफ़िरून (३७) वत्तबअ्-तु मिल्ल-त आबाई इब्राही - म व इस्हा-क़ व यअ्-क़ू-ब ط मा का-न लना अन् नुश्रि - क बिल्लाहि मिन् शैइन् ط ज़ालि-क मिन् फ़ज़्लिल्लाहि अलैना व अ-लन्नासि व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (३८) या साहिबयिस्-सिज्नि अ-अर्बाबुम्-मुत-फ़र्रिक़ू-न ख़ैरुन् अमिल्लाहुल्-वाहिदुल्-क़ह्हार ط (३९) मा तअ्-बुदू-न मिन् दूनिही इल्ला अस्मा-अन् सम्मैतुमूहा अन्तुम् व आबाउकुम् मा अन्ज़ - लल्लाहु बिहा मिन् सुल्तानिन् ط इनिल्हुक्मु इल्ला लिल्लाहि ط अ - म - र अल्ला तअ-बुदू इल्ला इय्याहु ط ज़ालिकद-दीनुल्-क़य्यिमु व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्-लमून (४०) या साहिबयिस्-सिज्नि अम्मा अहदुकुमा फ़-यस्क़ी रब्बहू ख़म् - रन् ج व अम्मल् - आख़रु फ़युस् - लबु फ़ - तअ्कुलुत्तैरु मिर्रअ - सिही ط क़ुज़ियल् - अम्रुल्लज़ी फ़ीहि तस्तफ़्तियान ط (४१) व क़ा-ल लिल्लज़ी ज़न् - न अन्नहू नाजिम् - मिन्हुमज़ - कुर्नी अिन् - द रब्बि - क फ़-अन्साहुश्शैतानु ज़िक् - र रब्बिही फ़ - लबि - स फ़िस्सिज्नि बिज़्-अ सिनीन★ (४२)

وَدَخَلَ مَعَهُ السِّجْنَ فَتَيٰنِ ۚ قَالَ اَحَدُهُمَآ اِنِّيْٓ اَرٰىنِيْٓ اَعْصِرُ خَمْرًا ۚ
وَقَالَ الْاٰخَرُ اِنِّيْٓ اَرٰىنِيْٓ اَحْمِلُ فَوْقَ رَاْسِيْ خُبْزًا تَاْكُلُ الطَّيْرُ مِنْهُ ۭ
نَبِّئْنَا بِتَاْوِيْلِهٖ ۚ اِنَّا نَرٰىكَ مِنَ الْمُحْسِنِيْنَ ۝٣٦ قَالَ لَا يَاْتِيْكُمَا
طَعَامٌ تُرْزَقٰنِهٖٓ اِلَّا نَبَّاْتُكُمَا بِتَاْوِيْلِهٖ قَبْلَ اَنْ يَّاْتِيَكُمَا ۭ ذٰلِكُمَا
مِمَّا عَلَّمَنِيْ رَبِّيْ ۭ اِنِّىْ تَرَكْتُ مِلَّةَ قَوْمٍ لَّا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَهُمْ
بِالْاٰخِرَةِ هُمْ كٰفِرُوْنَ ۝٣٧ وَاتَّبَعْتُ مِلَّةَ اٰبَاۗءِيْٓ اِبْرٰهِيْمَ وَاِسْحٰقَ
وَيَعْقُوْبَ ۭ مَا كَانَ لَنَآ اَنْ نُّشْرِكَ بِاللّٰهِ مِنْ شَيْءٍ ۭ ذٰلِكَ مِنْ فَضْلِ
اللّٰهِ عَلَيْنَا وَعَلَي النَّاسِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَشْكُرُوْنَ ۝٣٨
يٰصَاحِبَيِ السِّجْنِ ءَاَرْبَابٌ مُّتَفَرِّقُوْنَ خَيْرٌ اَمِ اللّٰهُ الْوَاحِدُ الْقَهَّارُ ۝٣٩
مَا تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِهٖٓ اِلَّآ اَسْمَاۗءً سَمَّيْتُمُوْهَآ اَنْتُمْ وَاٰبَاۗؤُكُمْ
مَّآ اَنْزَلَ اللّٰهُ بِهَا مِنْ سُلْطٰنٍ ۭ اِنِ الْحُكْمُ اِلَّا لِلّٰهِ ۭ اَمَرَ اَلَّا تَعْبُدُوْٓا
اِلَّآ اِيَّاهُ ۭ ذٰلِكَ الدِّيْنُ الْقَيِّمُ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ۝٤٠
يٰصَاحِبَيِ السِّجْنِ اَمَّآ اَحَدُكُمَا فَيَسْقِيْ رَبَّهٗ خَمْرًا ۚ وَاَمَّا الْاٰخَرُ
فَيُصْلَبُ فَتَاْكُلُ الطَّيْرُ مِنْ رَّاْسِهٖ ۭ قُضِيَ الْاَمْرُ الَّذِيْ فِيْهِ
تَسْتَفْتِيٰنِ ۝٤١ وَقَالَ لِلَّذِيْ ظَنَّ اَنَّهٗ نَاجٍ مِّنْهُمَا اذْكُرْنِيْ عِنْدَ
رَبِّكَ ۡ فَاَنْسٰىهُ الشَّيْطٰنُ ذِكْرَ رَبِّهٖ فَلَبِثَ فِي السِّجْنِ بِضْعَ سِنِيْنَ ۝٤٢
وَقَالَ الْمَلِكُ اِنِّىْٓ اَرٰى سَبْعَ بَقَرٰتٍ سِمَانٍ يَّاْكُلُهُنَّ سَبْعٌ عِجَافٌ

★रु. ५/१५ आ ७

और उन के साथ दो और जवान भी जेल में दाख़िल हुए। एक ने उन में से कहा कि (मैं ने ख़्वाब देखा है।) देखता (क्या) हूं कि शराब (के लिए अंगूर) निचोड़ रहा हूं। दूसरे ने कहा कि (मैं ने भी ख़्वाब देखा है।) मैं यह देखता हूं कि अपने सर पर रोटियां उठाये हुए हूं और जानवर उन में से खा रहे हैं (तो) हमें उन की ताबीर बता दीजिए कि हम तुम्हें नेक देखते हैं। (३६) यूसुफ़ ने कहा कि जो खाना तुम को मिलने वाला है, वह आने नहीं पायेगा कि मैं इस से पहले तुम को उन की ताबीर बता दूंगा। यह उन (बातों) में से हैं, जो मेरे परवरदिगार ने मुझे सिखायी हैं। जो लोग ख़ुदा पर ईमान नहीं लाते और आख़िरत के दिन का इन्कार करते हैं, मैं उन का मज़हब छोड़े हुए हूं। (३७) और अपने बाप-दादा, इब्राहीम और इस्हाक़ और याक़ूब के मज़हब पर चलता हूं हमें मुनासिब नहीं है कि किसी चीज़ को ख़ुदा के साथ शरीक बनाएं। यह ख़ुदा का फ़ज़्ल है, हम पर भी और लोगों पर भी। लेकिन अक्सर लोग शुक्र नहीं करते। (३८) मेरे जेलख़ाने के साथियो ! भला कई जुदा-जुदा आक़ा अच्छे या (एक) ख़ुदा-ए-यक्ता व ग़ालिब। (३९) जिन चीज़ों को तुम ख़ुदा के सिवा पूजते हो, वे सिर्फ़ नाम हैं, जो तुम ने और तुम्हारे बाप-दादा ने रख लिए हैं। ख़ुदा ने उन की कोई सनद नाज़िल नहीं की। (सुन रखो कि) ख़ुदा के सिवा किसी की हुकूमत नहीं है। उस ने इर्शाद फ़रमाया है कि उस के सिवा किसी की इबादत न करो। यही सीधा दीन है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (४०) मेरे जेल के साथियो ! तुम में से एक (जो पहला ख़्वाब बयान करने वाला है, वह) तो अपने आक़ा को शराब पिलाया करेगा और जो दूसरा है, वह सूली दिया जाएगा और जानवर उस का सर खा-खा जाएंगे। जो बात तुम मुझ से पूछते थे, उस का फ़ैसला हो चुका है। (४१) और दोनों शख़्सों में से जिस के बारे में (यूसुफ़ ने) ख़्याल किया कि वह रिहाई पा जाएगा, उस से कहा कि अपने आक़ा से मेरा ज़िक्र भी करना, लेकिन शैतान ने उन का अपने आक़ा से ज़िक्र करना भुला दिया और यूसुफ़ कई वर्ष जेलख़ाने ही में रहे। (४२) ★

★रु. ५/१५ आ ७

व क़ालल्मलिकु इन्नी अरा सब्-अ ब-क़रातिन् सिमानिय्यअ्कुलुहुन्-न सब्अुन् अिजाफ़ुंव्-व सब्-अ सुम्बुलातिन् ख़ुज़्रिंव - व उख़ - र याबिसातिन् ♭ या अय्युहल्मलउ अफ़्तूनी फ़ी रुअ्या-य इन् कुन्तुम् लिर्रुअ्या तअ्-बुरून (४३) क़ालू अज़्ग़ासु अह़्लामिन् ℰ व मा नह़्नु बितअ्वीलिल् - अह़्लामि बिआलिमीन (४४) व क़ालल्लज़ी नजा मिन्हुमा वद्द-क-र बअ्-द उम्मतिन् अन उनब्बिउकुम् बितअ्वीलिही फ़ - अर्सिलून (४५) यूसुफ़ु अय्युहस्सिद्दीक़ु अफ़्तिना फ़ी सब्अि ब-क़-रातिन् सिमानिय्यअ्कुलुहुन्-न सब्अुन् अिजाफ़ुंव् - व सब्अि सुम्बुलातिन् ख़ुज़्रिंव् - व उख़ - र याबिसातिल्लअ़ल्ली अर्जिअु इलन्नासि ल-अ़ल्लहुम् यअ्-लमून (४६) क़ा-ल तज़्-रअ़ू-न सब्-अ सिनी-न द-अ-बन् ℰ फ़मा ह़सत्तुम् फ़-ज़रूहु फ़ी सुम्बुलिही इल्ला क़लीलम् - मिम्मा तअ्कुलून (४७) सुम्-म यअ्ती मिम्बअ्-दि

وسبع سنبلت خضر واخر يبست يايها الملا افتوني في
رءياي ان كنتم للرءيا تعبرون ۝ قالوا اضغاث احلام وما
نحن بتاويل الاحلام بعلمين ۝ وقال الذي نجا منهما
وادكر بعد امة انا انبئكم بتاويله فارسلون ۝ يوسف ايها
الصديق افتنا في سبع بقرت سمان ياكلهن سبع عجاف
وسبع سنبلت خضر واخر يبست لعلي ارجع الى الناس
لعلهم يعلمون ۝ قال تزرعون سبع سنين دابا فما حصدتم
فذروه في سنبله الا قليلا مما تاكلون ۝ ثم ياتي من بعد
ذلك سبع شداد ياكلن ما قدمتم لهن الا قليلا مما
تحصنون ۝ ثم ياتي من بعد ذلك عام فيه يغاث الناس و
فيه يعصرون ۝ وقال الملك ائتوني به فلما جاءه
الرسول قال ارجع الى ربك فسله ما بال النسوة التي
قطعن ايديهن ان ربي بكيدهن عليم ۝ قال ما خطبكن
اذ راودتن يوسف عن نفسه قلن حاش لله ما علمنا
عليه من سوء قالت امرات العزيز الئن حصحص الحق
انا راودته عن نفسه وانه لمن الصدقين ۝ ذلك
ليعلم اني لم اخنه بالغيب وان الله لا يهدي كيد الخائنين ۝

ज़ालि-क सब्अुन् शिदादुंय्यअ्कुल-न मा क़द्दम्तुम् लहुन्-न इल्ला क़लीलम्-मिम्मा तुह़्सिनून (४८) सुम्-म यअ्ती मिम्बअ्-दि ज़ालि-क आमुन् फ़ीहि युग़ासुन्नासु व फ़ीहि यअ् - सिरून ★ (४९) व क़ालल् - मलिकुअ्तूनी बिही ℰ फ़लम्मा जा - अहुर् - रसूलु क़ालर्जिअ् - इला रब्बि - क फ़स्अल्हु मा बालुन्-निस्वतिल्लाती क़त्तअ्-न ऐदि-यहुन्-न ♭ इन्-न रब्बी बिकैदिहिन्-न अ़लीम (५०) क़ा-ल मा ख़त्बुकुन्-न इज़् रावत्तुन्-न यूसु - फ़ अन् नफ़्सिही ♭ क़ुल् - न हा - श लिल्लाहि मा अ़लिम्ना अ़लैहि मिन् सूइन्♭ क़ालतिम्-र-अतुल् - अ़ज़ीज़िल्आ - न ह़स्-ह़-सल् - ह़क़्क़ु ✓ अ-न रावत्तुहू अन् नफ़्सिही व इन्नहू लमिनस्सादिक़ीन (५१) ज़ालि-क लियअ्-ल-म अन्नी लम् अख़ुन्हु बिल्ग़ैबि व अन्नल्ला-ह ला यह्दी कैदल्ख़ाइनीन (५२)

★रु. ६/१६ आ ७

और बादशाह ने कहा कि मैं (ने ख्वाब देखा है।) देखता (क्या) हूं कि सात मोटी गायें हैं, जिन को सात दुबली गायें खा रही हैं और सात हरी बालियां हैं और (सात) सूखी। ऐ सरदारो! अगर तुम ख्वाबों की ताबीर दे सकते हो, तो मुझे मेरे ख्वाब की ताबीर बताओ। (४३) उन्हों ने कहा, ये तो परेशान से ख्वाब हैं और हमें ऐसे ख्वाबों की ताबीर नहीं आती। (४४) अब वह शख्स, जो दोनों क़ैदियों में से रिहाई पा गया था और जिसे मुद्दत के बाद वह बात याद आ गयी, बोल उठा कि मैं आप को उसकी ताबीर (ला) बताता हूं। मुझे (जेलखाने) जाने की इजाज़त दीजिए। (४५) (ग़रज़ वह यूसुफ़ के पास आया और कहने लगा) यूसुफ़! ऐ बड़े सच्चे (यूसुफ़!) हमें (इस ख्वाब की ताबीर) बताइए कि सात मोटी गायों को सात दुबली गायें खा रही हैं और सात बालियां हरी हैं और सात सूखी ताकि मैं लोगों के पास जा (कर ताबीर बताऊं), अजब नहीं कि वे (तुम्हारी क़द्र) जानें। (४६) उन्हों ने कहा कि तुम लोग सात साल लगातार खेती करते रहोगे, तो जो (अनाज) काटो तो थोड़े से अनाज के सिवा, जो खाने में आए, उसे बालियों ही में रहने देना। (४७) फिर इस के बाद (सूखे के) सात सख्त (साल) आएंगे कि जो (अनाज) तुम ने जमा कर रखा होगा, वे उस सब को खा जाएंगे, सिर्फ़ वही थोड़ा-सा रह जाएगा, जो तुम एहतियात से रख छोड़ोगे। (४८) फिर इस के बाद एक साल ऐसा आएगा कि खूब मेंह बरसेगा और लोग उस में रस निचोड़ेंगे★(४९) (यह ताबीर सुन कर) बादशाह ने हुक्म दिया कि यूसुफ़ को मेरे पास ले आओ। जब क़ासिद उन के पास गया, तो उन्हों ने कहा कि अपने आक़ा के पास वापस जाओ और उन से पूछो कि उन औरतों का क्या हाल है, जिन्हों ने अपने हाथ काट लिए थे। बेशक मेरा परवरदिगार उन के मक्रों को खूब जानता है। (५०) बादशाह ने (औरतों से) पूछा कि भला उस वक़्त क्या हुआ था, जब तुमने यूसुफ़ को अपनी तरफ़ मायल करना चाहा। सब बोल उठीं कि 'हाशा लिल्लाह' हम ने उस में कोई बुराई नहीं मालूम की। अज़ीज़ की औरत ने कहा कि अब सच्ची बात तो ज़ाहिर हो ही गयी है। (असल यह है कि) मैं ने उस को अपनी तरफ़ मायल करना चाहा था और वह बेशक सच्चा है। (५१) (यूसुफ़ ने कहा कि मैंने) यह बात इस लिए (पूछी है) कि अज़ीज़ को यक़ीन हो जाए कि मैं ने उस की पीठ पीछे उस की (अमानत में) ख़ियानत नहीं की और खुदा ख़ियानत करने वालों के मक्रों को (सीधा) रास्ता नहीं दिखाता। (५२) और मैं अपने आप को

★रु. ६/१६ आ ७

तेरहवां पारः व मा उबर्रिउ

सूरतु यूसु-फ़ आयत ५३ से १११

व मा उबर्रिउ नफ़्सी ८ इन्नन्नफ़ - स ल-अम्मारतुम् - बिस्सू-इ इल्ला मा रहि-म रब्बी ♭ इन्-न रब्बी ग़फ़ूरुर्रहीम (५३) व क़ालल्-मलिकुअ्तूनी बिही अस्तख़्लिस्हु लिनफ़्सी ८ फ़-लम्मा कल्ल - महू क़ा - ल इन्नकल्-यौ-म लदैना मकीनुन् अमीन (५४) क़ालजअ्ल्नी अला ख़ज़ाइनिल् - अर्ज़ि ८ इन्नी हफ़ीज़ुन् अलीम (५५) व कज़ालि-क मक्कन्ना लियूसु-फ़ फ़िल्अर्ज़ि ८ य-त-बव्वउ मिन्हा हैसु यशाउ ♭ नुसीबु बिरह्-मतिना मन् नशाउ व ला नुज़ीअु अज्रल्-मुह्सिनीन (५६) व ल-अज्रुल्-आख़िरति ख़ैरुल्लिल्लज़ी-न आमनू व कानू यत्तक़ून ★ (५७) व जा - अ इख़्वतु यूसु-फ़ फ़-द-ख़लू अलैहि फ़-अ-र-फ़हुम् व हुम् लहू मुन्किरून (५८) व लम्मा जह्-ह-ज़-हुम् बिजहाज़िहिम् क़ालअ्तूनी बि - अख़िल्लकुम् मिन् अबीकुम् ८ अला तरौ - न अन्नी ऊफ़िल्-कै-ल व अना ख़ैरुल्-मुन्ज़िलीन (५९) फ़इल्लम् तअ्तूनी बिही फ़ला कै-ल लकुम् अिन्दी व ला तक़्रबून (६०) क़ालू सनुराविदु अन्हु अबाहु व इन्ना लफ़ाअिलून (६१) व क़ा-ल लिफ़ित्यानिहिज्-अलू बिज़ा-अ-तहुम् फ़ी रिहालिहिम् ल-अल्लहुम् यअ्-रिफ़ूनहा इज़न्क़-लबू इला अह्लिहिम् ल-अल्लहुम् यर्जिअून (६२) फ़-लम्मा र-ज-अू इला अबीहिम् क़ालू या अबाना मुनि - अ मिन्नल्कैलु फ़ - असिल् म-अना अख़ाना नक्तल् व इन्ना लहू लहाफ़िज़ून (६३) क़ा-ल हल् आमनुकुम् अलैहि इल्ला कमा अमिन्तुकुम् अला अख़ीहि मिन् क़ब्लु ♭ फ़ल्लाहु ख़ैरुन् हाफ़िज़ंव् - व हु - व अर्हमुर्-राहिमीन (६४)

وَمَآ اُبَرِّئُ نَفْسِیْ اِنَّ النَّفْسَ لَاَمَّارَةٌ بِالسُّوْٓءِ اِلَّا مَا رَحِمَ رَبِّیْ
اِنَّ رَبِّیْ غَفُوْرٌ رَّحِیْمٌ ۝ وَقَالَ الْمَلِكُ ائْتُوْنِیْ بِهٖٓ اَسْتَخْلِصْهُ لِنَفْسِیْ
فَلَمَّا كَلَّمَهٗ قَالَ اِنَّكَ الْیَوْمَ لَدَیْنَا مَكِیْنٌ اَمِیْنٌ ۝ قَالَ اجْعَلْنِیْ
عَلٰی خَزَآئِنِ الْاَرْضِ اِنِّیْ حَفِیْظٌ عَلِیْمٌ ۝ وَكَذٰلِكَ مَكَّنَّا لِیُوْسُفَ
فِی الْاَرْضِ یَتَبَوَّاُ مِنْهَا حَیْثُ یَشَآءُ نُصِیْبُ بِرَحْمَتِنَا مَنْ نَّشَآءُ
وَلَا نُضِیْعُ اَجْرَ الْمُحْسِنِیْنَ ۝ وَلَاَجْرُ الْاٰخِرَةِ خَیْرٌ لِّلَّذِیْنَ اٰمَنُوْا
وَكَانُوْا یَتَّقُوْنَ ۝ وَجَآءَ اِخْوَةُ یُوْسُفَ فَدَخَلُوْا عَلَیْهِ فَعَرَفَهُمْ وَ
هُمْ لَهٗ مُنْكِرُوْنَ ۝ وَلَمَّا جَهَّزَهُمْ بِجَهَازِهِمْ قَالَ ائْتُوْنِیْ بِاَخٍ
لَّكُمْ مِّنْ اَبِیْكُمْ اَلَا تَرَوْنَ اَنِّیْٓ اُوْفِی الْكَیْلَ وَاَنَا خَیْرُ الْمُنْزِلِیْنَ ۝
فَاِنْ لَّمْ تَاْتُوْنِیْ بِهٖ فَلَا كَیْلَ لَكُمْ عِنْدِیْ وَلَا تَقْرَبُوْنِ ۝ قَالُوْا
سَنُرَاوِدُ عَنْهُ اَبَاهُ وَاِنَّا لَفٰعِلُوْنَ ۝ وَقَالَ لِفِتْیٰنِهِ اجْعَلُوْا
بِضَاعَتَهُمْ فِیْ رِحَالِهِمْ لَعَلَّهُمْ یَعْرِفُوْنَهَآ اِذَا انْقَلَبُوْٓا اِلٰٓی اَهْلِهِمْ
لَعَلَّهُمْ یَرْجِعُوْنَ ۝ فَلَمَّا رَجَعُوْٓا اِلٰٓی اَبِیْهِمْ قَالُوْا یٰٓاَبَانَا مُنِعَ مِنَّا
الْكَیْلُ فَاَرْسِلْ مَعَنَآ اَخَانَا نَكْتَلْ وَاِنَّا لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ ۝ قَالَ
هَلْ اٰمَنُكُمْ عَلَیْهِ اِلَّا كَمَآ اَمِنْتُكُمْ عَلٰٓی اَخِیْهِ مِنْ قَبْلُ فَاللّٰهُ
خَیْرٌ حٰفِظًا وَّهُوَ اَرْحَمُ الرّٰحِمِیْنَ ۝ وَلَمَّا فَتَحُوْا مَتَاعَهُمْ وَجَدُوْا
بِضَاعَتَهُمْ رُدَّتْ اِلَیْهِمْ قَالُوْا یٰٓاَبَانَا مَا نَبْغِیْ هٰذِهٖ بِضَاعَتُنَا رُدَّتْ

★रु. ७/१ आ ८

पाक-साफ़ नहीं कहता, क्यों कि नफ़्से अम्मारा (इंसान को) बुराई ही सिखाता रहता है, मगर यह कि मेरा परवरदिगार रहम करे। बेशक मेरा परवरदिगार बख़्शने वाला मेहरबान है। (५३) बादशाह ने हुक्म दिया कि उसे मेरे पास लाओ। मैं उसे अपना ख़ास मुसाहिब बनाऊंगा। फिर जब उन से बातें कीं तो कहा कि आज से तुम हमारे यहां दर्जे वाले और एतबार वाले हो। (५४) (यूसुफ़ ने) कहा, मुझे इस मुल्क के ख़ज़ानों पर मुक़र्रर कर दीजिए, क्यों कि मैं हिफ़ाज़त भी कर सकता हूं और इस काम को जानता हूं। (५५) इस तरह हम ने यूसुफ़ को मुल्क (मिस्र) में जगह दी और वह उस मुल्क में जहां चाहते थे। रहते थे हम अपनी रहमत जिस पर चाहते हैं, करते हैं और नेक लोगों के अज्र को बर्बाद नहीं करते। (५६) और जो लोग ईमान लाए और डरते रहे, उन के लिए आख़िरत का अज्र बहुत बेहतर है। (५७) ★

और यूसुफ़ के भाई (कन्आन से मिस्र में ग़ल्ला ख़रीदने के लिए) आए तो यूसुफ़ के पास गये तो यूसुफ़ ने उनको पहचान लिया और वह उनको न पहचान सके। (५८) जब यूसुफ़ ने उनके लिए उन का सामान तैयार कर दिया तो कहा कि (फिर आना तो) जो बाप की तरफ़ से तुम्हारा एक और भाई है, उसे भी मेरे पास लेते आना। क्या तुम नहीं देखते कि मैं नाप भी पूरी-पूरी देता हूं और मेहमानदारी भी ख़ूब करता हूं। (५९) और अगर तुम उसे मेरे पास न लाओगे, तो न तुम्हें मेरे यहां से ग़ल्ला मिलेगा, और न तुम मेरे पास ही आ सकोगे। (६०) उन्हों ने कहा कि हम उस के बारे में उसके वालिद से तज़्किरा करेंगे और हम यह (काम) करके रहेंगे। (६१) और (यूसुफ़ ने) अपने नौकरों से कहा कि उन का सरमाया (यानी ग़ल्ले की क़ीमत) उन के शलीतों में रख दो। अजब नहीं कि जब ये अपने बाल-बच्चों में जाएं तो उसे पहचान लें (और) अजब नहीं कि ये फिर यहां आएं। (६२) जब वे अपने बाप के पास वापस गए तो कहने लगे कि अब्बा! (जब तक हम बिन यामीन को साथ न ले जाएं) हमारे लिए ग़ल्ले की पाबंदी कर दी गयी है, तो हमारे साथ हमारे भाई को भेज दीजिए, ताकि हम फिर अनाज लाएं और हम इस के निगहबान हैं। (६३) (याक़ूब ने) कहा कि मैं इस के बारे में तुम्हारा एतबार नहीं करता, मगर वैसा ही जैसा पहले इस के भाई के बारे में किया था, सो ख़ुदा ही बेहतर निगहबान है और वह सब से ज़्यादा रहम

★रु. ७/१ आ ८

व लम्मा फ़-तहू मताअहुम् व-जदू बिज़ा-अ-तहुम् रुद्दत् इलैहिम् ط क़ालू या अबाना मा नब्ग़ी ط हाज़िही बिज़ाअतुना रुद्दत् इलैना ج व नमीरु अह्-लना व नह्फ़ज़ु अख़ाना व नज़्दादु कै-ल बओरिन् ط ज़ालि-क कैलुंय्यसीर (६५) क़ा-ल लन् उर्सि-लहू म-अकुम् हत्ता तुअ्तूनि मौसिक़म्-मिनल्लाहि ल-तअ्तुन्ननी बिही इल्ला अंय्युहा-त बिकुम् ج फ़-लम्मा आतोहु मौसिक़हुम् क़ालल्लाहु अला मा नक़ूलु वकील (६६) व क़ा-ल या बनिय्-य· ला तद्ख़ुलू मिम्बाबिंव्वाहिदिंव्वद्ख़ुलू मिन् अब्वाबिम् - मुतफ़र्रिक़तिन् ط व मा उग़्नी अन्कुम् मिनल्लाहि मिन् शैइन् ط इनिल्हुक्मु इल्ला लिल्लाहि ط अलैहि तवक्कल्तु ج व अलैहि फ़ल-य-त-वक्कलिल्-मु-त-वक्किलून (६७) व लम्मा द-ख़-लू मिन् हैसु अ-म-रहुम् अबूहुम् ط मा का-न युग़्नी अन्हुम् मिनल्लाहि मिन् शैइन् इल्ला हाज-तन् फ़ी नफ़्सि यअ्-क़ू-ब क़ज़ाहा ط व इन्नहू लज़ू अिल्मिल्लिमा अल्लम्नाहु व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्-लमून ★ (६८) व लम्मा द-ख़लू अला यूसु-फ़ आवा इलैहि अख़ाहु क़ा-ल इन्नी अ-न अख़ू-क फ़ला तब्तइस् बिमा कानू यअ्-मलून (६९) फ़-लम्मा जह्-ह-ज़-हुम् बिजहाज़िहिम् ज-अ-लस्सिक़ाय-त फ़ी रह्लि अख़ीहि सुम्-म अज़्ज़ - न मुअज़्ज़िनुन् अय्यतुहल्-ओरु इन्नकुम् लसारिक़ून (७०) क़ालू व अक़्बलू अलैहिम् माज़ा तफ़्क़िदून (७१) क़ालू नफ़्क़िदु सुवाअल्-मलिकि व लिमन् जा - अ बिही हिम्लु बओरिव - व अना बिही ज़अीम (७२) क़ालू तल्लाहि ल - क़द् अलिम्तुम् मा जिअ्ना लिनुफ़्सि-द फ़िल्अर्ज़ि व मा कुन्ना सारिक़ीन (७३) क़ालू फ़मा जज़ाउहू इन् कुन्तुम् काज़िबीन (७४) क़ालू जज़ाउहू मंव्वुजि-द फ़ी रह्लिही फ़हु-व जज़ाउहू ط कज़ालि-क नज्ज़िज़्ज़ालिमीन (७५)

إلينا ونمير أهلنا ونحفظ أخانا ونزداد كيل بعير ذلك كيل
يسير ۝ قال لن أرسله معكم حتى تؤتون موثقا من الله
لتأتنني به إلا أن يحاط بكم فلما آتوه موثقهم قال الله على
ما نقول وكيل ۝ وقال يا بني لا تدخلوا من باب واحد وادخلوا
من أبواب متفرقة وما أغني عنكم من الله من شيء إن الحكم إلا
لله عليه توكلت وعليه فليتوكل المتوكلون ۝ ولما دخلوا من
حيث أمرهم أبوهم ما كان يغني عنهم من الله من شيء إلا
حاجة في نفس يعقوب قضاها وإنه لذو علم لما علمناه ولكن
أكثر الناس لا يعلمون ۝ ولما دخلوا على يوسف آوى إليه
أخاه قال إني أنا أخوك فلا تبتئس بما كانوا يعملون ۝ فلما
جهزهم بجهازهم جعل السقاية في رحل أخيه ثم أذن مؤذن
أيتها العير إنكم لسارقون ۝ قالوا وأقبلوا عليهم ماذا تفقدون ۝
قالوا نفقد صواع الملك ولمن جاء به حمل بعير وأنا به
زعيم ۝ قالوا تالله لقد علمتم ما جئنا لنفسد في الأرض وما
كنا سارقين ۝ قالوا فما جزاؤه إن كنتم كاذبين ۝ قالوا جزاؤه
من وجد في رحله فهو جزاؤه كذلك نجزي الظالمين ۝ فبدأ
بأوعيتهم قبل وعاء أخيه ثم استخرجها من وعاء أخيه

★रु. ८/२ आ ११

करने वाला है। (६४) और जब उन्हों ने अपना सामान खोला तो देखा कि उन का सरमाया उन को वापस कर दिया गया है, कहने लगे, अब्बा! हमें (और) क्या चाहिए? (देखिए) यह हमारी पूंजी हमें वापस कर दी गयी है। अब हम अपने बाल-बच्चों के लिए फिर ग़ल्ला लाएंगे और अपने भाई की निगेहबानी करेंगे और एक ऊंट बोझ ज़्यादा लाएंगे (कि) यह अनाज (जो हम लाए हैं) थोड़ा है। (६५) (याक़ूब ने) कहा कि जब तक तुम ख़ुदा का अह्द न दो कि उस को मेरे पास (सही व सालिम) ले आओगे, मैं इसे हरगिज़ तुम्हारे साथ नहीं भेजने का, मगर यह कि तुम घेर लिए जाओ (यानी बे-बस हो जाओ तो मजबूरी है)। जब उन्हों ने उन से अह्द कर लिया, तो (याक़ूब) ने कहा कि जो क़ौल व क़रार हम कर रहे हैं, उस का ख़ुदा वकील (ज़ामिन) है। (६६) और हिदायत की कि बेटा! एक ही दरवाज़े से दाख़िल न होना, बल्कि अलग-अलग दरवाज़ों से दाख़िल होना और मैं ख़ुदा की तक़्दीर तो तुम से नहीं रोक सकता। (बेशक) हुक्म उसी का है। मैं उसी पर भरोसा रखता हूं और भरोसे वालों को उसी पर भरोसा रखना चाहिए। (६७) और जब वे उन-उन जगहों से दाख़िल हुए, जहां-जहां से (दाख़िल होने के लिए) बाप ने उन से कहा था तो वह तद्बीर ख़ुदा के हुक्म को ज़रा भी टाल नहीं सकती थी। हां, वह याक़ूब के दिल की ख़्वाहिश थी, जो उन्हों ने पूरी की थी और बेशक वह इल्म वाले थे, क्यों कि हम ने उन को इल्म सिखाया था, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (६८)★

और जब वे लोग यूसुफ़ के पास पहुंचे तो यूसुफ़ ने अपने सगे भाई को अपने पास जगह दी और कहा कि मैं तुम्हारा भाई हूं तो जो सुलूक ये (हमारे साथ) करते रहे हैं, इस पर अफ़सोस न करना। (६९) जब उन का सामान तैयार कर दिया, तो अपने भाई के शलीते में गिलास रख दिया, फिर (जब वे आबादी से बाहर निकल गये तो) एक पुकारने वाले ने आवाज़ दी कि क़ाफ़िले वालो! तुम तो चोर हो।[1] (७०) वे उन की तरफ़ मुतवज्जह हो कर कहने लगे कि तुम्हारी क्या चीज़ खोयी गयी है। (७१) वह बोले कि बादशाह (के पानी पीने) का गिलास खोया गया है और जो शख़्स उस को ले आए, उस के लिए एक ऊंट बोझ (इनाम) और मैं उस का ज़ामिन हूं। (७२) वे कहने लगे कि ख़ुदा की क़सम! तुम को मालूम है कि हम (इस) मुल्क में इस लिए नहीं आए कि ख़राबी करें और न हम चोरी किया करते हैं। (७३) बोले कि अगर तुम झूठे निकले (यानी चोरी साबित हुई) तो उस की सज़ा क्या है? (७४) उन्हों ने कहा कि उस की सज़ा यह कि जिस के शलीते में वह मिले, वही उस का बदल क़रार दिया जाए। हम ज़ालिमों को यही सज़ा

१. पुकारने वाले ने उन को सच में चोर समझा था, क्योंकि उन को यह मालूम न था कि हज़रत यूसुफ़ अलैहिस्सलाम ने यह तद्बीर की है।

فَحَقَّ عَلَيْهَا الْقَوْلُ فَدَمَّرْنَاهَا تَدْمِيرًا ﴿١٦﴾ وَكَمْ أَهْلَكْنَا مِنَ
الْقُرُونِ مِن بَعْدِ نُوحٍ ۗ وَكَفَىٰ بِرَبِّكَ بِذُنُوبِ عِبَادِهِ خَبِيرًا
بَصِيرًا ﴿١٧﴾ مَّن كَانَ يُرِيدُ الْعَاجِلَةَ عَجَّلْنَا لَهُ فِيهَا مَا نَشَاءُ
لِمَن نُّرِيدُ ثُمَّ جَعَلْنَا لَهُ جَهَنَّمَ يَصْلَاهَا مَذْمُومًا
مَّدْحُورًا ﴿١٨﴾ وَمَنْ أَرَادَ الْآخِرَةَ وَسَعَىٰ لَهَا سَعْيَهَا وَهُوَ
مُؤْمِنٌ فَأُولَٰئِكَ كَانَ سَعْيُهُم مَّشْكُورًا ﴿١٩﴾ كُلًّا نُّمِدُّ هَٰؤُلَاءِ

व इज़ा अ-रद्ना अन्नुह्लि-क क़र्य-तन् अ-मर्ना मुत-रफ़ीहा फ़-फ़-सक़ू फ़ीहा फ़-हक़्-क़ अलैहल्क़ौलु फ़-दम्मर्नाहा तद्मीरा (१६) व कम् अह्-लक्ना मिनल्क़ुरूनि मिम्बअ्-दि नूहिन् ॰ व कफ़ा बिरब्बि-क बिज़ुनूबि अिबादिही ख़बीरम्-बसीरा (१७) मन् का - न युरीदुल्-आजि-ल-त अज्जल्ना लहू फ़ीहा मा नशाउ लिमन् नुरीदु सुम्-म-ज-अल्ना लहू जहन्न-म ॰ यस्लाहा मज़्मूमम्-मद्हूरा (१८) व मन् अरादल् - आख़ि-र-त व सआ लहा सअ्-यहा व हु-व मुअ्मिनुन् फ़उलाइ-क का-न सअ्-युहुम् मश्कूरा (१९)

★रु. १/१ आ १०

यह भी (बताता है) कि जो आख़िरत पर ईमान नहीं रखते, उन के लिए दुख देने वाला अज़ाब तैयार कर रखा है। (१०)★

और इंसान जिस तरह (जल्दी से) भलाई मांगता है, इसी तरह बुराई मांगता है और इंसान जल्दबाज़ (पैदा हुआ) है। (११) और हम ने दिन और रात को दो निशानियां बनाया है, रात की निशानी को तारीक बनाया और दिन की निशानी को रोशन, ताकि तुम अपने परवरदिगार का फ़ज़्ल (यानी) रोज़ी तलाश करो और वर्षों की गिनती और हिसाब जानो और हम ने हर चीज़ की (अच्छी तरह) तफ़्सील कर दी है। (१२) और हमने हर इंसान के आमाल को (किताब की सूरत में) उस के गले में लटका दिया है और क़ियामत के दिन (वह) किताब उसे निकाल दिखाएंगे, जिसे वह खुला देखेगा। (१३) कहा जाएगा (कि) अपनी किताब पढ़ ले, तू आज अपना आप ही हिसाब लेने वाला काफ़ी है। (१४) जो शख़्स हिदायत अपनाता है, तो अपने लिए अपनाता है और जो गुमराह होता है, तो गुमराही का नुक़्सान भी उसी को होगा और कोई शख़्स किसी दूसरे का बोझ नहीं उठाएगा और जब तक हम पैग़म्बर न भेज लें, अज़ाब नहीं दिया करते (१५) और जब हमारा इरादा किसी बस्ती के हलाक करने का हुआ तो वहां के ख़ुशहाल लोगों को (गंदी बातों पर) लगा दिया, तो वे ना-फ़रमानियां करते रहे। फिर उस पर (अज़ाब का) हुक्म साबित हो गया और हमने उसे हलाक कर डाला। (१६) और हमने नूह के बाद बहुत सी उम्मतों को हलाक कर डाला और तुम्हारा परवरदिगार अपने बन्दों के गुनाहों को जानने और देखने वाला काफ़ी है। (१७) जो शख़्स दुनिया (की ख़ुशहाली) का ख़्वाहिशमंद हो तो हम उस में से जिसे चाहते हैं और जितना चाहते हैं, जल्द दे देते हैं, फिर उस के लिए जहन्नम को (ठिकाना) मुक़र्रर कर रखा है, जिस में नफ़रीन सुन कर और (ख़ुदा की दरगाह से) रांदा हो कर दाख़िल होगा। (१८) और जो शख़्स आख़िरत की तलब में हो और उस में इतनी कोशिश करे जितनी वह कर सकता है और वह मोमिन भी हो तो ऐसे ही लोगों की कोशिश ठिकाने लगती है। (१९) हम उन को और उन

★रु. १/१ आ १०

कुल्लन्नुमिद्दु हाउलाइ व हाउलाइ मिन् अ़ता - इ रब्बि - क, व मा का-न अ़ताउ रब्बि-क मह़्ज़ूरा (२०) उन्ज़ुर् कै-फ़ फ़ज़्ज़ल्ना बअ्-ज़हुम् अ़ला बअ्-ज़िन्, व लल्आख़िरतु अक्बरु द-र-जातिंव-व अक्बरु तफ़्ज़ीला (२१) ला तज्अ़ल् म-अ़ल्लाहि इलाहन् आख़-र फ़-तक़्अु-द मज़्मूमम्-मख़्ज़ूला ★ (२२)

وَهٰؤُلَاءِ مِنْ عَطَاءِ رَبِّكَ ۭ وَمَا كَانَ عَطَاءُ رَبِّكَ مَحْظُوْرًا ۝
اُنْظُرْ كَيْفَ فَضَّلْنَا بَعْضَهُمْ عَلٰى بَعْضٍ ۭ وَلَلْاٰخِرَةُ اَكْبَرُ دَرَجٰتٍ
وَّاَكْبَرُ تَفْضِيْلًا ۝ لَا تَجْعَلْ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ فَتَقْعُدَ مَذْمُوْمًا
مَّخْذُوْلًا ۝ وَقَضٰى رَبُّكَ اَلَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّآ اِيَّاهُ وَبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا ۭ
اِمَّا يَبْلُغَنَّ عِنْدَكَ الْكِبَرَ اَحَدُهُمَآ اَوْ كِلٰهُمَا فَلَا تَقُلْ لَّهُمَآ اُفٍّ
وَّلَا تَنْهَرْهُمَا وَقُلْ لَّهُمَا قَوْلًا كَرِيْمًا ۝ وَاخْفِضْ لَهُمَا جَنَاحَ
الذُّلِّ مِنَ الرَّحْمَةِ وَقُلْ رَّبِّ ارْحَمْهُمَا كَمَا رَبَّيٰنِيْ صَغِيْرًا ۝
رَبُّكُمْ اَعْلَمُ بِمَا فِيْ نُفُوْسِكُمْ ۭ اِنْ تَكُوْنُوْا صٰلِحِيْنَ فَاِنَّهٗ كَانَ
لِلْاَوَّابِيْنَ غَفُوْرًا ۝ وَاٰتِ ذَا الْقُرْبٰى حَقَّهٗ وَالْمِسْكِيْنَ وَابْنَ
السَّبِيْلِ وَلَا تُبَذِّرْ تَبْذِيْرًا ۝ اِنَّ الْمُبَذِّرِيْنَ كَانُوْٓا اِخْوَانَ
الشَّيٰطِيْنِ ۭ وَكَانَ الشَّيْطٰنُ لِرَبِّهٖ كَفُوْرًا ۝ وَاِمَّا تُعْرِضَنَّ
عَنْهُمُ ابْتِغَاءَ رَحْمَةٍ مِّنْ رَّبِّكَ تَرْجُوْهَا فَقُلْ لَّهُمْ قَوْلًا مَّيْسُوْرًا ۝
وَلَا تَجْعَلْ يَدَكَ مَغْلُوْلَةً اِلٰى عُنُقِكَ وَلَا تَبْسُطْهَا كُلَّ الْبَسْطِ
فَتَقْعُدَ مَلُوْمًا مَّحْسُوْرًا ۝ اِنَّ رَبَّكَ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَاءُ وَ
يَقْدِرُ ۭ اِنَّهٗ كَانَ بِعِبَادِهٖ خَبِيْرًۢا بَصِيْرًا ۝ وَلَا تَقْتُلُوْٓا اَوْلَادَكُمْ
خَشْيَةَ اِمْلَاقٍ ۭ نَحْنُ نَرْزُقُهُمْ وَاِيَّاكُمْ ۭ اِنَّ قَتْلَهُمْ كَانَ خِطْاً
كَبِيْرًا ۝ وَلَا تَقْرَبُوا الزِّنٰٓى اِنَّهٗ كَانَ فَاحِشَةً ۭ وَسَاءَ سَبِيْلًا ۝

व क़ज़ा रब्बु-क अल्ला तअ्-बुदू इल्ला इय्याहु व बिल् - वालिदैनि इह़्सानन्, इम्मा यब्लुग़न्-न अि़न्दकल्-कि-ब-र अ-ह़दुहुमा औ किलाहुमा फ़ला तक़ुल्लहुमा उफ़्फ़िंव्-व ला तन्हर्हुमा व क़ुल्लहुमा क़ौलन् करीमा (२३) वख़्फ़िज़् लहुमा जनाह़ज़्-ज़ुल्लि मिनर्रह़्मति व क़ुर्रब्बिर् - ह़म्हुमा कमा रब्बयानी स़ग़ीरा, (२४) रब्बुकुम् अअ् - लमु बिमा फ़ी नुफ़ूसिकुम्, इन् तकूनू स़ालिह़ी-न फ़-इन्नहू का-न लिल्-अव्वाबी-न ग़फ़ूरा (२५) व आति ज़ल्क़ुर्बा ह़क़्क़हू वल्मिस्की-न वब्नस्सबीलि व ला तुबज़्ज़िर् तब्ज़ीरा (२६) इन्नल् - मुबज़्ज़िरी - न कानू इख़्वानश् - शयातीनि, व कानश्शैत़ानु लिरब्बिही कफ़ूरा (२७) व इम्मा तुअ् - रिज़न्-न अ़न्हुमुब्तिग़ा-अ रह़्मतिम्-मिर् - रब्बि-क तर्जूहा फ़-क़ुल्लहुम् क़ौलम्-मैसूरा (२८) व ला तज-अ़ल् य-द-क मग़्लूल-तन् इला अ़ुनुक़ि-क व ला तब्सुत़्हा कुल्लल्बस्त़ि फ़-तक़्अु-द मलूमम्-मह़्सूरा (२९) इन्-न रब्ब-क यब्सुतुर्रिज़्-क़ लिमंय्यशाउ व यक़्दिरु, इन्नहू का - न बिअ़िबादिही ख़बीरम् - बस़ीरा ★ (३०) व ला तक़्तुलू औलादकुम् ख़श् - य - त इम्लाक़िन्, नह़्नु नर्ज़ुक़ुहुम् व इय्याकुम्, इन-न क़त्-लहुम् का-न ख़ित्-अन् कबीरा (३१) व ला तक़्रबुज़्ज़िना इन्नहू का-न फ़ाहि़-श-तन्, व सा-अ सबीला (३२)

★रु॰ २/२ आ १२ ★रु॰ ३/३ आ ८

को, सब को तुम्हारे परवरदिगार की बख़्शिश से मदद देते हैं और तुम्हारे परवरदिगार की बख़्शिश (किसी से) रुकी हुई नहीं। (२०) देखो हम ने किस तरह कुछ को कुछ पर फ़ज़ीलत बख़्शी है और आख़िरत दर्जों में (दुनिया से) बहुत बरतर और बरतरी में कहीं बढ़ कर है। (२१) और ख़ुदा के साथ कोई और माबूद न बनाना कि मलामतें सुन कर और बेकस हो कर बैठे रह जाओगे। (२२)★

और तुम्हारे परवरदिगार ने इर्शाद फ़रमाया है कि उस के सिवा किसी की इबादत न करो। और मां-बाप के साथ भलाई करते रहो। अगर उन में से एक या दोनों तुम्हारे सामने बुढ़ापे को पहुंच जाएं, तो उन को उफ़ तक न कहना और न उन्हें झिड़कना और उन से बात अदब के साथ करना।[1] (२३) और नियाज़मंदी के साथ उन के आगे झुके रहो और उन के हक़ में दुआ करो कि ऐ परवरदिगार! जैसा उन्हों ने मुझे बचपन में (मुहब्बत से) पाला-पोसा है, तू भी उन (के हाल) पर रहमत फ़रमा। (२४) जो कुछ तुम्हारे दिलों में है, तुम्हारा परवरदिगार उसे अच्छी तरह जानता है। अगर तुम नेक होगे, तो वह रुजूअ लाने वालों को बख़्श देने वाला है। (२५) और रिश्तेदारों और मुहताजों और मुसाफ़िरों को उन का हक़ अदा करो और फ़िज़ूलख़र्ची से माल न उड़ाओ। (२६) कि फ़िज़ूलख़र्ची करने वाले तो शैतान के भाई हैं और शैतान अपने परवरदिगार (की नेमतों) का कुफ़ान करने वाला (यानी ना-शुक्रा) है। (२७) और अगर तुम अपने परवरदिगार की रहमत के इन्तिज़ार में, जिस की तुम्हें उम्मीद हो, उन (हक़दारों) की तरफ़ तवज्जोह न कर सको, तो उन से नर्मी से बात कह दिया करो।[2] (२८) और अपने हाथ को न तो गरदन से बंधा हुआ (यानी बहुत तंग) कर लो (कि किसी को कुछ दो ही नहीं) और न बिल्कुल खोल ही दो (कि सभी कुछ दे डालो और अंजाम यह हो) कि मलामत किए हुए और निचले हो कर बैठ जाओ। (२९) बेशक तुम्हारा परवरदिगार, जिस की रोज़ी चाहता है, फैला देता है और (जिस की रोज़ी चाहता है) तंग कर देता है। वह अपने बन्दों से ख़बरदार है और (उनको) देख रहा है★ (३०)

और अपनी औलाद को मुफ़्लिसी के डर से क़त्ल न करना, (क्योंकि) उन को और तुम को हम ही रोज़ी देते हैं। कुछ शक नहीं कि इन का मार डालना सख़्त गुनाह है। (३१) और ज़िना

---

१. यानी रंज व अफ़सोस और ना-ख़ुशी का कलिमा मुंह से न निकालना और न घुड़कना-झिड़कना और यह जो फ़रमाया कि बुढ़ापे को पहुंच जाएं तो उन को उफ़ तक न कहना, यह इस लिए कि बुढ़ापे में मां-बाप की कुछ क़द्र और परवाह नहीं की जाती। उन की इज़्ज़त, अदब और एहतराम करना, चाहे वे जवान हों या बूढ़े, दोनों हालतों में फ़र्ज़ है। इन्सानियत और सआदतमंदी का तक़ाज़ा भी यही है कि मां-बाप को ख़ुश रखा जाए, उन का अदब किया जाए। वह शख़्स निहायत ख़ुशनसीब है, जो मां-बाप की ख़िदमत करे और उन को ख़ुश रखे।

२. यानी देने को कुछ पास नहीं है और हाथ तंग होने की वजह से उन की तरफ़ तवज्जोह नहीं कर सकते और चाहते यह हो कि ख़ुदा दे तो उन को दो। तो इस शक्ल में उन को नर्मी से समझा दिया करो कि ख़ुदा के फ़ज़्ल से माल हाथ आता है तो तुम को भी देते हैं।

★रु. २/२ आ १२ ★रु. ३/३ आ ८

व ला तक़्तुलुन्-नफ़्सल्लती हर्र-मल्लाहु इल्ला बिल्हक़्क़ि ✓ व मन् क़ुति-ल मज़्लूमन् फ़-क़द् ज-अल्ना लिवलिय्यिही सुल्तानन् फ़ला युस्रिफ़्-फ़िल्क़त्लि ✓ इन्नहू का-न मन्सूरा (३३) व ला तक़्रबू मालल् - यतीमि इल्ला बिल्लती हि-य अह्सनु हत्ता यब्लु - ग़ अशुद्दहू ✓ व औफ़ू बिल्अह्दि ✓ इन्नल्अह् - द का - न मस्ऊला (३४) व औफ़ुल्कै-ल इज़ा किल्तुम् व ज़िनू बिल् - क़िस्तासिल् - मुस्तक़ीमि ✓ ज़ालि - क ख़ैरुंव-व अह्सनु तअ्-वीला (३५) व ला तक़्फ़ु मा लै-स ल-क बिही अिल्मुन् ✓ इन्नस्सम्-अ वल्ब-स-र वल्फ़ुआ - द कुल्लु उलाइ-क का-न अन्हु मस्ऊला (३६) व ला तम्शि फ़िल्अर्ज़ि म-र-हन् ✓ इन्न-क लन् तख़्रिक़ल्-अर्-ज़ व लन् तब्लुग़ल्-जिबा-ल तूला (३७) कुल्लु ज़ालि-क का-न सय्यिउहू अिन्-द रब्बि-क मक्रूहा (३८) ज़ालि-क मिम्मा औहा इलै-क रब्बु-क मिनल्हिक्मति ✓ व ला तज्अल् म-अल्लाहि इलाहन् आख़-र फ़ तुल्क़ा फ़ी ज-हन्न-म मलूमम्-मद्हूरा (३९) अ-फ़-अस्फ़ाकुम् रब्बुकुम् बिल्बनी-न वत्त-ख़-ज़ मिनल्-मलाइकति इनासन् ✓ इन्नकुम् ल - तक़ूलू-न क़ौलन् अज़ीमा ★ (४०) व ल - क़द् सर्रफ़्ना फ़ी हाज़ल् - क़ुर्आनि लि - यज़्ज़क्करू ✓ व मा यज़ीदुहुम् इल्ला नुफ़ूरा (४१) क़ुल् लौ का-न म-अहू आलिहतुन् कमा यक़ूलू-न इज़ल्लब्तग़ौ इला ज़िल्अर्शि सबीला (४२) सुब्हानहू व तआला अम्मा यक़ूलू-न अुलुव्वन् कबीरा (४३) तुसब्बिहु लहुस्समावातुस्-सब्अु वल्अर्ज़ु व मन् फ़ीहिन् - न ✓ व इम्मिन् शैइन् इल्ला युसब्बिहु बिहम्दिही व लाकिल्ला तफ़्क़हू - न तस्बीहहुम् ✓ इन्नहू का - न हलीमन् ग़फ़ूरा (४४)

وَلَا تَقْتُلُوا النَّفْسَ الَّتِي حَرَّمَ اللَّهُ إِلَّا بِالْحَقِّ ۗ وَمَنْ قُتِلَ مَظْلُومًا
فَقَدْ جَعَلْنَا لِوَلِيِّهِ سُلْطَانًا فَلَا يُسْرِفْ فِي الْقَتْلِ ۖ إِنَّهُ كَانَ
مَنْصُورًا ۝ وَلَا تَقْرَبُوا مَالَ الْيَتِيمِ إِلَّا بِالَّتِي هِيَ أَحْسَنُ حَتَّىٰ
يَبْلُغَ أَشُدَّهُ ۚ وَأَوْفُوا بِالْعَهْدِ ۖ إِنَّ الْعَهْدَ كَانَ مَسْئُولًا ۝ وَأَوْفُوا
الْكَيْلَ إِذَا كِلْتُمْ وَزِنُوا بِالْقِسْطَاسِ الْمُسْتَقِيمِ ۚ ذَٰلِكَ خَيْرٌ وَ
أَحْسَنُ تَأْوِيلًا ۝ وَلَا تَقْفُ مَا لَيْسَ لَكَ بِهِ عِلْمٌ ۚ إِنَّ السَّمْعَ
وَالْبَصَرَ وَالْفُؤَادَ كُلُّ أُولَٰئِكَ كَانَ عَنْهُ مَسْئُولًا ۝ وَلَا تَمْشِ فِي
الْأَرْضِ مَرَحًا ۖ إِنَّكَ لَنْ تَخْرِقَ الْأَرْضَ وَلَنْ تَبْلُغَ الْجِبَالَ طُولًا ۝
كُلُّ ذَٰلِكَ كَانَ سَيِّئُهُ عِنْدَ رَبِّكَ مَكْرُوهًا ۝ ذَٰلِكَ مِمَّا أَوْحَىٰ
إِلَيْكَ رَبُّكَ مِنَ الْحِكْمَةِ ۗ وَلَا تَجْعَلْ مَعَ اللَّهِ إِلَٰهًا آخَرَ فَتُلْقَىٰ فِي
جَهَنَّمَ مَلُومًا مَدْحُورًا ۝ أَفَأَصْفَاكُمْ رَبُّكُمْ بِالْبَنِينَ وَاتَّخَذَ مِنَ
الْمَلَائِكَةِ إِنَاثًا ۚ إِنَّكُمْ لَتَقُولُونَ قَوْلًا عَظِيمًا ۝ وَلَقَدْ صَرَّفْنَا فِي هَٰذَا
الْقُرْآنِ لِيَذَّكَّرُوا وَمَا يَزِيدُهُمْ إِلَّا نُفُورًا ۝ قُلْ لَوْ كَانَ مَعَهُ آلِهَةٌ
كَمَا يَقُولُونَ إِذًا لَابْتَغَوْا إِلَىٰ ذِي الْعَرْشِ سَبِيلًا ۝ سُبْحَانَهُ وَ
تَعَالَىٰ عَمَّا يَقُولُونَ عُلُوًّا كَبِيرًا ۝ تُسَبِّحُ لَهُ السَّمَاوَاتُ السَّبْعُ وَالْأَرْضُ
وَمَنْ فِيهِنَّ ۚ وَإِنْ مِنْ شَيْءٍ إِلَّا يُسَبِّحُ بِحَمْدِهِ وَلَٰكِنْ لَا تَفْقَهُونَ
تَسْبِيحَهُمْ ۗ إِنَّهُ كَانَ حَلِيمًا غَفُورًا ۝ وَإِذَا قَرَأْتَ الْقُرْآنَ جَعَلْنَا

★रु. ४/४ आ १०

के पास भी न जाना कि वह बे-हयाई और बुरी राह है। (३२) और जिस जानदार का मारना खुदा ने हराम किया है, उसे क़त्ल न करना मगर जायज़ तौर पर (यानी शरीअत के फ़त्वे के मुताबिक़) और जो शख्स ज़ुल्म से क़त्ल किया जाए, हम ने उस के वारिस को अख्तियार दिया है (कि ज़ालिम क़ातिल से बदला ले) तो उस को चाहिए कि क़त्ल (के क़िसास) में ज़्यादती न करे कि वह मंसूर व फ़त्हयाब है। (३३) और यतीम के माल के पास भी न फटकना, मगर ऐसे तरीक़े से कि बहुत बेहतर हो, यहां तक कि वह जवानी को पहुंच जाए और अह्द (वायदे) को पूरा करो कि अह्द के बारे में ज़रूर पूछ होगी। (३४) और जब (कोई चीज़) नाप कर देने लगो, तो पैमाना पूरा भरा करो और (जब तोल कर दो, तो) तराज़ू सीधी रख कर तोला करो। यह बहुत अच्छी बात है और अंजाम के लिहाज़ से भी बहुत बेहतर है। (३५) और (ऐ बन्दे!) जिस चीज़ का तुझे इल्म नहीं, उस के पीछे न पड़ कि कान और आंख और दिल इन सब (अंगों) से ज़रूर पूछ-ताछ होगी। (३६) और ज़मीन पर अकड़ कर (और तन कर) मत चल कि तू ज़मीन को फाड़ तो नहीं डालेगा और न लंबा हो कर पहाड़ों (की चोटी) तक पहुंच जाएगा। (३७) इन सब (आदतों) की बुराई तेरे परवरदिगार के नज़दीक बहुत ना-पसन्द है। (३८) (ऐ पैग़म्बर!) यह उन (हिदायतों) में से हैं जो खुदा ने हिक्मत की बातें तुम्हारी तरफ़ वह्य की हैं और खुदा के साथ कोई और माबूद न बनाना कि (ऐसा करने से) मलामत किया हुआ और (खुदा की दरगाह से) धुत्कारा हुआ बना कर जहन्नम में डाल दिए जाओगे। (३९) (मुश्रिको!) क्या तुम्हारे परवरदिगार ने तुम को तो लड़के दिए और खुद फ़रिश्तों को बेटियां बनाया। कुछ शक नहीं कि (यह) तुम बड़ी (ना-मुनासिब) बात कहते हो। (४०)★

और हम ने इस क़ुरआन में तरह-तरह की बातें बयान की हैं, ताकि लोग नसीहत पकड़ें, मगर वे इस से और बिदक जाते हैं। (४१) कह दो कि अगर खुदा के साथ और माबूद होते, जैसा कि ये कहते हैं, तो वे ज़रूर (खुदा-ए-) मालिके अर्श की तरफ़ (लड़ने-भिड़ने के लिए) रास्ता निकालते। (४२) वह पाक है और जो कुछ ये बकवास करते हैं, उस से (इस का रुत्बा) बहुत ऊंचा है। (४३) सातों आसमान और ज़मीन और जो लोग उन में हैं, सब उसी की तस्बीह करते हैं और (मख्लूक़ात में से) कोई चीज़ नहीं मगर उस की तारीफ़ के साथ तस्बीह करती है, लेकिन तुम उन की तस्बीह को नहीं समझते. बेशक वह बुर्दबार (और) बख्शने वाला है। (४४) और जब

★रु. ४/४ आ १०

व इज़ा क़-रअ्तल्-क़ुर्आ-न ज-अ़ल्ना बै-न-क व बैनल्लज़ी-न ला युअ्मिनू-न बिल्आख़िरति हिजाबम्-मस्तूरा॥ (४५) व ज-अ़ल्ना अ़ला क़ुलूबिहिम् अकिन्नतन् अंय्यफ़्क़हूहु व फ़ी आज़ानिहिम् वक़्-रन्, व इज़ा ज़-कर्-त रब्ब-क फ़िल्क़ुर्आनि वह्-दहू वल्लौ अ़ला अद्बारिहिम् नुफ़ूरा (४६) नह्नु अअ्लमु बिमा यस्तमिअू-न बिही इज् यस्तमिअू-न इलै-क व इज् हुम् नज्वा इज् यक़ूलुज़्ज़ालिमू-न इन् तत्तबिअू-न इल्ला रजुलम्-मस्हूरा (४७) उन्ज़ुर् कै-फ़ ज़-रबू ल-कल्-अम्सा-ल फ़-ज़ल्लू फ़ला यस्ततीअू-न सबीला ● (४८) व क़ालू अ इज़ा कुन्ना अ़िज़ामंव्-व रुफ़ातन् अ इन्ना ल-मब्अूसू-न ख़ल्क़न् जदीदा (४९) क़ुल् कूनू हिजा-र-तन् औ हदीदा॥ (५०) औ ख़ल्क़म्-मिम्मा यक्बुरु फ़ी सुदूरिकुम्, फ़-स-यक़ूलू-न मंय्युअ़ीदुना, क़ुलिल्लज़ी फ़-त-रकुम् अव्व-ल मर्रतिन्, फ़-सयुन्ग़िज़ू-न इलै-क रुऊसहुम् व यक़ूलू-न मता हु-व, क़ुल् असा अंय्यकू-न क़रीबा (५१) यौ-म यद्अूकुम् फ़-तस्तजीबू-न बिहम्दिही व तज़ुन्नू-न इल्लबिस्तुम् इल्ला क़लीला ★ (५२) व क़ुल्लि अ़िबादी यक़ूलुल्लती हि-य अह्सनु, इन्नश्शैता-न यन्ज़ग़ु बैनहुम्, इन्नश्शैता-न का-न लिल्इन्सानि अ़दुव्वम्-मुबीना (५३) रब्बुकुम् अअ्लमु बिकुम्, इंय्यशअ् यर्हम्कुम् औ इंय्यशअ् युअ़ज़्ज़िब्कुम्, व मा अर्सल्ना-क अ़लैहिम् वकीला (५४) व रब्बु-क अअ्लमु बिमन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि, व ल-क़द् फ़ज़्ज़ल्ना बअ्-ज़न्नबिय्यी-न अ़ला बअ्ज़िंव्-व आतैना दावू-द ज़बूरा (५५) क़ुलिद्अुल्लज़ी-न ज़-अ़म्तुम् मिन् दूनिही फ़ला यम्लिकू-न कश्-फ़ज़्ज़ुर्रि अ़न्कुम् व ला तह्वीला (५६)

بينك وبين الذين لا يؤمنون بالآخرة حجابا مستورا ﴿٤٥﴾ و
جعلنا على قلوبهم أكنة أن يفقهوه وفي آذانهم وقرا وإذا ذكرت
ربك في القرآن وحده ولوا على أدبارهم نفورا ﴿٤٦﴾ نحن أعلم بما
يستمعون به إذ يستمعون إليك وإذ هم نجوى إذ يقول
الظالمون إن تتبعون إلا رجلا مسحورا ﴿٤٧﴾ انظر كيف ضربوا لك
الأمثال فضلوا فلا يستطيعون سبيلا ﴿٤٨﴾ وقالوا أإذا كنا عظاما
ورفاتا أإنا لمبعوثون خلقا جديدا ﴿٤٩﴾ قل كونوا حجارة أو
حديدا ﴿٥٠﴾ أو خلقا مما يكبر في صدوركم فسيقولون من
يعيدنا قل الذي فطركم أول مرة فسينغضون إليك رءوسهم
ويقولون متى هو قل عسى أن يكون قريبا ﴿٥١﴾ يوم يدعوكم
فتستجيبون بحمده وتظنون إن لبثتم إلا قليلا ﴿٥٢﴾ وقل لعبادي
يقولوا التي هي أحسن إن الشيطان ينزغ بينهم إن الشيطان
كان للإنسان عدوا مبينا ﴿٥٣﴾ ربكم أعلم بكم إن يشأ يرحمكم أو
إن يشأ يعذبكم وما أرسلناك عليهم وكيلا ﴿٥٤﴾ وربك أعلم
بمن في السماوات والأرض ولقد فضلنا بعض النبيين على بعض
وآتينا داود زبورا ﴿٥٥﴾ قل ادعوا الذين زعمتم من دونه فلا يملكون
كشف الضر عنكم ولا تحويلا ﴿٥٦﴾ أولئك الذين يدعون يبتغون

●रुब्अ़ १/४ ★रु. ५/५ आ १२

तुम क़ुरआन पढ़ा करते हो, तो हम तुम में और उन लोगों में जो आखिरत पर ईमान नहीं रखते, हिजाब (पर्दा) पर हिजाब कर देते हैं। (४५) और उन के दिलों पर पर्दा डाल देते हैं कि उसे समझ न सकें और उन के कानों में बोझ पैदा कर देते हैं और जब तुम क़ुरआन में अपने परवरदिगार यकता का ज़िक्र करते हो, तो वे बिदक जाते और पीठ फेर कर चल देते हैं। (४६) ये लोग जब तुम्हारी तरफ़ कान लगाते हैं, तो जिस नीयत से ये सुनते हैं, हम उसे खूब जानते हैं और जब ये फूसी करते हैं, (यानी) जब ज़ालिम कहते हैं कि तुम तो एक ऐसे शख्स की पैरवी करते हो, जिस पर जादू किया गया है। (४७) देखो, उन्हों ने किस-किस तरह की तुम्हारे बारे में बातें बनायीं, सो ये गुमराह हो रहे हैं और रास्ता नहीं पा सकते ●(४८) और कहते हैं कि जब हम (मर कर बोसीदा) हड्डियां और चूर-चूर हो जाएंगे, तो क्या नये सिरे से पैदा हो कर उठेंगे। (४९) कह दो कि (चाहे तुम) पत्थर हो जाओ या लोहा, (५०) या कोई और चीज़, जो तुम्हारे नज़दीक (पत्थर लोहे से भी) बड़ी (सख्त) हो, (झट कहेंगे) कि (भला) हमें दोबारा कौन जिलाएगा? कह दो वही जिस ने पहली बार पैदा किया, तो (ताज्जुब से) तुम्हारे आगे सर हिलाएंगे और पूछेंगे कि ऐसा कब होगा? कह दो उम्मीद है कि जल्द होगा। (५१) जिस दिन वह तुम्हें पुकारेगा, तो तुम उस की तारीफ़ के साथ जवाब दोगे और ख्याल करोगे कि तुम (दुनिया में) बहुत कम (मुद्दत) रहे। (५२)★

और मेरे बन्दों से कह दो कि (लोगों से) ऐसी बातें कहा करें, जो बहुत पसंदीदा हों, क्योंकि शैतान (बुरी बातों से) उन में फ़साद डलवा देता है। कुछ शक नहीं कि शैतान इंसान का खुला दुश्मन है। (५३) तुम्हारा परवरदिगार तुम को खूब जानता है। अगर चाहे तो तुम पर रहम करे या अगर चाहे तो तुम्हें अज़ाब दे और हम ने तुम को उन पर दारोग़ा (बना कर) नहीं भेजा। (५४) और जो लोग आसमानों और ज़मीन में हैं, तुम्हारा परवरदिगार उन्हें खूब जानता है। और हमने कुछ पैग़म्बरों को कुछ पर फ़ज़ीलत बख्शी और दाऊद को ज़बूर दी।(५५)कहो कि (मुश्रिको!) जिन लोगों के बारे में तुम्हें (माबूद होने का) ख्याल है, उन को बुला देखो। वह तुम से तक्लीफ़ के दूर करने या उस को बदल देने का कुछ अख्तियार नहीं रखते। (५६) ये लोग,

●रुकूअ १/४ ★रु. ५/५ आ १२

उलाइकल्लज़ी-न यद्‌ऊ-न यब्तग़ू-न इला रब्बिहिमुल् - वसी-ल - त़ अय्युहुम् अक़रबु व यर्जू-न रह़्‌म-तहू व यख़ाफ़ू-न अ़ज़ाबहू ♭ इन्-न अ़ज़ा-ब रब्बि-क का-न मह़्ज़ूरा (५७) व इम्मिन् क़र्‌यतिन् इल्ला नह़्नु मुह्‌लिकूहा क़ब्-ल यौमिल्‌क़ियामति औ मुअ़ज़्ज़िबूहा अ़ज़ाबन् शदीदा ♭ का - न ज़ालि - क फ़िल्‌किताबि मस्तूरा (५८) व मा म-न-अ़ना अन्नुर्सि-ल बिल्‌आयाति इल्ला अन् कज़्ज़-ब बिहल् - अव्वलू-न ♭ व आतैना समूदन्ना-क़-त मुब्सि-र-तन् फ़-ज़-लमू बिहा ♭ व मा नुर्सिलु बिल्‌आयाति इल्ला तख़्वीफ़ा (५९) व इज़् क़ुल्ना ल-क इन्-न रब्ब-क अह़ा-त़ बिन्नासि ♭ व मा ज-अ़ल्नर्रुअ्-यल्लती अरैना - क इल्ला फ़ित-न-तल् - लिन्नासि वश्श-ज-र-तल् - मल्‌ऊन-त फ़िल्क़ुर्‌आनि ♭ व नुख़व्विफ़ुहुम् ♭ फ़मा यज़ीदुहुम् इल्ला तुग़्‌यानन् कबीरा ★ (६०) व इज़् क़ुल्ना लिल्मलाइकतिस्जुदू लिआद - म फ़-स-जदू इल्ला इब्ली-स ♭ क़ा-ल अ अस्जुदु लिमन् ख़-लक़्-त तीना ♭ (६१) क़ा-ल अ-रऐ-त-क हाज़ल्लज़ी कर्रम्-त अ़-लय-य ✓ लइन् अख़्ख़र्‌तनि इला यौमिल्‌क़ियामति ल-अह्-तनिकन्-न ज़ुर्रिय्य-तहू इल्ला क़लीला (६२) क़ालज़्हब् फ़-मन् तबि-अ़-क मिन्हुम् फ़-इन्-न ज-हन्न-म जज़ाउकुम् जज़ाअम्-मौफ़ूरा (६३) वस्तफ़्ज़िज़् मनिस्त-तअ्-त मिन्हुम् बिसौति-क व अज्लिब् अ़लैहिम् बिख़ैलि-क व रजिलि-क व शारिक्हुम् फ़िल्‌अम्वालि वल्‌औलादि व अ़िद्‌हुम् ♭ व मा यअ़िदुहुमुश्-शैत़ानु इल्ला ग़ुरूरा (६४) इन्-न अ़िबादी लै-स ल-क अ़लैहिम् सुल्तानुन् ♭ व कफ़ा बिरब्बि-क वकीला (६५) रब्बुकुमुल्लज़ी युज़्जी लकुमुल्फ़ुल्-क फ़िल्बह़्‌रि लितब्तग़ू मिन् फ़ज़्लिही ♭ इन्नहू का-न बिकुम् रह़ीमा (६६)

إلى ربهم الوسيلة أيهم أقرب ويرجون رحمته ويخافون عذابه إن
عذاب ربك كان محذورا ۝ وإن من قرية إلا نحن مهلكوها قبل
يوم القيامة أو معذبوها عذابا شديدا كان ذلك في الكتاب
مسطورا ۝ وما منعنا أن نرسل بالآيات إلا أن كذب بها الأولون
وآتينا ثمود الناقة مبصرة فظلموا بها وما نرسل بالآيات إلا
تخويفا ۝ وإذ قلنا لك إن ربك أحاط بالناس وما جعلنا الرؤيا
التي أريناك إلا فتنة للناس والشجرة الملعونة في القرآن و
نخوفهم فما يزيدهم إلا طغيانا كبيرا ۝ وإذ قلنا للملائكة اسجدوا
لآدم فسجدوا إلا إبليس قال أأسجد لمن خلقت طينا ۝ قال
أرأيتك هذا الذي كرمت علي لئن أخرتن إلى يوم القيامة
لأحتنكن ذريته إلا قليلا ۝ قال اذهب فمن تبعك منهم فإن
جهنم جزاؤكم جزاء موفورا ۝ واستفزز من استطعت منهم
بصوتك وأجلب عليهم بخيلك ورجلك وشاركهم في الأموال
والأولاد وعدهم وما يعدهم الشيطان إلا غرورا ۝ إن عبادي
ليس لك عليهم سلطان وكفى بربك وكيلا ۝ ربكم الذي
يزجي لكم الفلك في البحر لتبتغوا من فضله إنه كان بكم
رحيما ۝ وإذا مسكم الضر في البحر ضل من تدعون إلا إياه

★रु. ६/६ आ ८

जिन को (ख़ुदा के सिवा) पुकारते हैं, वे ख़ुद अपने परवरदिगार के यहां (तक़र्रुब का) ज़रिया तलाश करते हैं कि कौन उन में (ख़ुदा का) ज़्यादा मुक़र्रब (होता) है और उस की रहमत के उम्मीदवार रहते हैं और उस के अज़ाब से ख़ौफ़ रखते हैं। बेशक तुम्हारे परवरदिगार का अज़ाब डरने की चीज़ है। (५७) और (कुफ़्र करने वालों की) कोई बस्ती नहीं मगर क़ियामत के दिन से पहले हम उसे हलाक कर देंगे या सख़्त अज़ाब से मुअज़्ज़ब करेंगे। यह किताब (यानी तक़्दीर) में लिखा जा चुका है।(५८) और हम ने निशानियां भेजनी इसलिए बन्द कर दीं कि अगले लोगों ने उन को झुठलाया था और हम ने समूद को ऊंटनी (सालेह की नुबूवत की खुली) निशानी दी, तो उन्हों ने उस पर ज़ुल्म किया और हम जो निशानियां भेजा करते हैं, तो डराने को। (५९) जब हम ने तुम से कहा कि तुम्हारा परवरदिगार लोगों को एहाता किए हुए है और जो नुमाइश हम ने तुम्हें दिखायी, उस को लोगों के लिए आज़माइश किया और इसी तरह (थूहर के) पेड़ को, जिस पर क़ुरआन में लानत की गयी और हम उन्हें डराते हैं तो उन को उस से बड़ी (सख़्त) सरकशी पैदा हुई है। (६०)★

और जब हमने फ़रिश्तों से कहा कि आदम को सज्दा करो, तो सब ने सज्दा किया, मगर इब्लीस ने न किया, बोला, भला मैं ऐसे शख़्स को सज्दा करूं, जिस को तू ने मिट्टी से पैदा किया है। (६१) (और तान के तौर पर) कहने लगा कि देख तो यही वह है जिसे तू ने मुझ पर फ़ज़ीलत दी है। अगर तू मुझ को क़ियामत के दिन तक की मोहलत दे, तो मैं थोड़े से शख़्सों के सिवा उस की (तमाम) औलाद की जड़ काटता रहूंगा। (६२) ख़ुदा ने फ़रमाया (यहां से) चला जा। जो शख़्स इन में से तेरी पैरवी करेगा, तो तुम सब की सज़ा जहन्नम है (और वह) पूरी सज़ा (है)। (६३) और उन में से जिस को बहका सके, अपनी आवाज़ से बहकाता रह और उन पर अपने सवारों और प्यादों को चढ़ा कर लाता रह और उन के माल और औलाद में शरीक होता रह और उन से वायदे करता रह और शैतान जो वायदे उन से करता है, सब धोखा है। (६४) जो मेरे (मुख़्लिस) बन्दे हैं, उन पर तेरा कुछ ज़ोर नहीं और ऐ (पैग़म्बर!) तुम्हारा परवरदिगार कारसाज़ काफ़ी है। (६५) तुम्हारा परवरदिगार वह है, जो तुम्हारे लिए दरिया में किश्तियां चलाता है, ताकि तुम उस के फ़ज़्ल से (रोज़ी) तलाश करो। बेशक वह तुम पर मेहरबान है। (६६) और जब तुम को

★रु. ६/६ आ ८

व इज़ा मस्सकुमुज़्ज़ुर्रु फ़िल्बह्‌रि ज़ल्‌-ल मन् तद्‌ऊ - न इल्ला इय्याहु ञ फ़-लम्मा नज्जाकुम् इलल्बर्रि अअ्‌-रज़्तुम् ↑ व कानल्‌-इन्सानु कफ़ूरा (६७) अ-फ़-अमिन्तुम् अंय्यख़्सि-फ़ बिकुम् जानिबल्‌-बर्रि औ युर्सि-ल अलैकुम् हासिबन् सुम्‌-म ला तजिदू लकुम् वकीला ↓ (६८) अम् अमिन्तुम् अंय्युओ-दकुम् फ़ीहि ता-र-तन् उख़्‌रा फ़युर्सि-ल अलैकुम् क़ासिफ़म्‌-मिनर्रीहि फ़ - युग्‌रिक़-कुम् बिमा क-फ़र्‌तुम् ↓ सुम्‌-म ला तजिदू लकुम् अलैना बिही तबीआ (६९) व ल-क़द् कर्रम्ना बनी आद-म व ह - मल्नाहुम् फ़िल्बर्रि वल्बह्‌रि व र-ज़क़्‌नाहुम् मिनत्‌-तय्यिबाति व फ़ज़्ज़ल्नाहुम् अला कसीरिम् - मिम्मन् ख़-लक़्‌ना तफ़्ज़ीला ★ (७०) यौ-म नद्‌ऊ कुल्‌-ल उनासिम् - बिइमामिहिम् ञ फ़ - मन् ऊति-य किताबहू बियमीनिही फ़उलाइ-क यक़्‌रऊ-न किताबहुम् व ला युज़्लमू-न फ़तीला (७१) व मन् का-न फ़ी हाज़िही अअ्‌-मा फ़हु-व फ़िल्‌आख़िरति अअ्‌-मा व अज़ल्लु सबीला (७२) व इन् कादू ल-यफ़्तिनू-न-क अनिल्लज़ी औहैना इलै - क लितफ़्तरि-य अलैना ग़ैरहू ञ व इज़ल्लत्तख़-ज़ू-क ख़लीला (७३) व लौला अन् सब्बत्ना-क ल-क़द् कित्‌-त तर्कनु इलैहिम् शैअन् क़लीला ↓ (७४) इज़ल्‌-ल अ - ज़क़्‌ना-क ज़िअ्‌-फ़ल्‌-हयाति व ज़िअ्‌-फ़ल्‌-ममाति सुम्‌-म ला तजिदु ल-क अलैना नसीरा (७५) व इन् कादू ल-यस्तफ़िज़्ज़ू-न-क मिनल्‌अर्ज़ि लियुख़्‌रिजू-क मिन्हा व इज़ल्ला यल्बसू-न ख़िलाफ़-क इल्ला क़लीला (७६) सुन्न-त मन् क़द् अर्सल्ना क़ब्‌ल-क मिर्रुसुलिना व ला तजिदु लिसुन्नतिना तह्‌वीला ★ (७७) अक़िमिस्सला-त लिदुलूकिश्‌-शम्सि इला ग़-सक़िल्लैलि व क़ुर्आनल् - फ़ज्‌रि ञ इन्‌-न क़ुर्आनल्‌-फ़ज्‌रि का-न मश्हूदा (७८) व मिनल्लैलि फ़-त-हज्जद् बिही नाफ़ि-ल-तल्ल-क ञ असा अंय्यब्‌अ-स-क रब्बु - क मक़ामम्‌-मह्‌मूदा (७९)

فلما نجىكم الى البر اعرضتم وكان الانسان كفورا ۝ افامنتم
ان يخسف بكم جانب البر او يرسل عليكم حاصبا ثم لا تجدوا لكم
وكيلا ۝ ام امنتم ان يعيدكم فيه تارة اخرى فيرسل عليكم
قاصفا من الريح فيغرقكم بما كفرتم ثم لا تجدوا لكم علينا به
تبيعا ۝ ولقد كرمنا بني ادم وحملنهم في البر والبحر ورزقنهم
من الطيبت وفضلنهم على كثير ممن خلقنا تفضيلا ۝ يوم
ندعوا كل اناس بامامهم فمن اوتي كتبه بيمينه فاولئك
يقرءون كتبهم ولا يظلمون فتيلا ۝ ومن كان في هذه اعمى فهو
في الاخرة اعمى واضل سبيلا ۝ وان كادوا ليفتنونك عن الذي
اوحينا اليك لتفتري علينا غيره واذا لاتخذوك خليلا ۝ ولو
لا ان ثبتنك لقد كدت تركن اليهم شيئا قليلا ۝ اذا لاذقنك
ضعف الحيوة وضعف الممات ثم لا تجد لك علينا نصيرا ۝ وان
كادوا ليستفزونك من الارض ليخرجوك منها واذا لا يلبثون
خلفك الا قليلا ۝ سنة من قد ارسلنا قبلك من رسلنا ولا تجد
لسنتنا تحويلا ۝ اقم الصلوة لدلوك الشمس الى غسق اليل و
قران الفجر ان قران الفجر كان مشهودا ۝ ومن اليل فتهجد به
نافلة لك عسى ان يبعثك ربك مقاما محمودا ۝ وقل رب ادخلني

★रु. ७/७ आ १० ★रु. ८/८ आ ७

दरिया में तक्लीफ़ पहुंचती है (यानी डूबने का ख़ौफ़ होता है) तो जिन को तुम पुकारा करते हो सब उस (परवरदिगार) के सिवा गुम हो जाते हैं। फिर जब वह तुम को (डूबने से) बचा कर ख़ुश्की की तरफ़ ले जाता है, तो तुम मुंह फेर लेते हो और इंसान है ही ना-शुक्रा। (६७) क्या तुम (इस से) बे-ख़ौफ़ हो कि ख़ुदा तुम्हें ख़ुश्की की तरफ़ (ले जा कर ज़मीन में) धंसा दे या तुम पर संगरेज़ों की भरी हुई आंधी चला दे, फिर तुम अपना कोई निगहबान न पाओ। (६८) या (इस से) बे-ख़ौफ़ हो कि तुम को दूसरी बार दरिया में ले जाए, फिर तुम पर तेज़ हवा चलाए और तुम्हारे कुफ़्र की वजह से तुम्हें डुबो दे। फिर तुम उस ग़र्क़ की वजह से अपने लिए कोई हमारा (पीछा करने वाला) न पाओ। (६९) और हम ने बनी आदम को इज़्ज़त बख़्शी और उन को जंगल और दरिया में सवारी दी और पाकीज़ा रोज़ी अता की और अपनी बहुत-सी मख़्लूक़ात पर फ़ज़ीलत दी। (७०) ★

जिस दिन हम सब लोगों को उन के पेशवाओं के साथ बुलाएंगे, तो जिन (के आमाल) की किताब उन के दाहिने हाथ में दी जाएगी, वह अपनी किताब को (ख़ुश हो-हो कर) पढ़ेंगे और उन पर धागे बराबर भी ज़ुल्म न होगा। (७१) और जो शख़्स इस (दुनिया) में अंधा हो, वह आख़िरत में भी अंधा होगा, और (निजात के) रास्ते से बहुत दूर, (७२) और ऐ पैग़म्बर! जो वह्य हम ने तुम्हारी तरफ़ भेजी है, क़रीब था कि ये (काफ़िर) लोग तुम को इस से बिचला दें, ताकि तुम इस के सिवा और बातें हमारे बारे में बना लो और उस वक़्त वह तुम को दोस्त बना लेते।[1] (७३) और अगर हम तुम को साबित क़दम न रहने देते तो तुम किसी क़दर उन की तरफ़ मायल होने ही लगे थे। (७४) उस वक़्त हम तुम को ज़िंदगी में भी (अज़ाब का) दोगुना और मरने पर भी दोगुना अज़ाब चखाते, फिर तुम हमारे मुक़ाबले में किसी को अपना मददगार न पाते। (७५) और क़रीब था कि ये लोग तुम्हें ज़मीन (मक्का) से फिसला दें ताकि तुम्हें वहां से देश निकाला दे दें और उस वक़्त तुम्हारे पीछे यह भी न रहते, मगर कम। (७६) जो पैग़म्बर हम ने तुम से पहले भेजे थे, उन का (और उन के बारे में हमारा, यही) तरीक़ा रहा है और तुम हमारे तरीक़े में तब्दीली न पाओगे। (७७) ★

(ऐ मुहम्मद!) सूरज के ढलने से रात के अंधेरे तक (ज़ुहर, अस्र, मग़रिब, इशा की) नमाज़ें और सुबह को क़ुरआन पढ़ा करो, क्यों कि सुबह के वक़्त क़ुरआन का पढ़ना मूजिबे हुज़ूर (फ़रिश्ता) है। (७८) और रात के हिस्से में जागा करो (और तहज्जुद की नमाज़ पढ़ा करो)। (यह रात का जागना) तुम्हारे लिए ज़्यादती (की वजह) है, और (तहज्जुद की नमाज़ तुम को नफ़्ल) है क़रीब है कि ख़ुदा तुम को मक़ामे महमूद में दाख़िल करे। (७९) और कहो कि ऐ परवरदिगार! मुझे

---

१. काफ़िर कहते थे कि इस कलाम में नसीहत की बातें अच्छी हैं, मगर हर जगह शिर्क पर ऐब रखा है, यह बदल डाल, तो हम इस सब को मानें।

★रु. ७/७ आ १० ★रु. ८/८ आ ७

व क़ुर्रब्बि अद्ख़िल्नी मुद्-ख़-ल सिद्क़िव्-व अख़्रिज्नी मुख़्-र-ज सिद्क़िव्वज्-अल् ली मिल्लदुन् - क सुल्तानन् नसीरा (८०) व क़ुल् जा-अल् - हक़्क़ु व ज-ह-क़ल्-बातिलु ॰ इन्नल्बाति-ल का-न ज़हूक़ा (८१) व नुनज़्ज़िलु मिनल्क़ुर्आनि मा हु-व शिफ़ाउंव्-व रह्-मतुल्लिल् - मुअ्मिनी-न ॰ व ला यज़ीदुज़्ज़ालिमी-न इल्ला ख़सारा (८२) व इज़ा अन-अम्ना अ-लल्इन्सानि अअ्-र-ज़ व नआ बिजानिबिही ॰ व इज़ा मस्सहुश्-शर्रु का-न यऊसा (८३) क़ुल् कुल्लुंय्यअ्-मलु अला शाकिलतिही ॰ फ़-रब्बुकुम् अअ्-लमु बिमन् हु-व अह्दा सबीला ★ (८४) व यस्-अलून-क अनिर्रूहि ॰ क़ुलिर्रूहु मिन् अम्रि रब्बी व मा ऊतीतुम् मिनल्अिल्मि इल्ला क़लीला (८५) व लइन् शिअ्ना ल-नज़्-ह-बन्-न बिल्लज़ी औहैना इलै-क सुम्-म ला तजिदु ल-क बिही अलैना वकीला ॰ (८६) इल्ला रह्-म-तम् - मिर्-रब्बि-क ॰ इन्-न फ़ज़्लहू का-न अलै-क कबीरा (८७)

مدخل صدق واخرجني مخرج صدق واجعل لي من لدنك
سلطانا نصيرا ۝ وقل جاء الحق وزهق الباطل ان الباطل كان
زهوقا ۝ وننزل من القران ما هو شفاء ورحمة للمؤمنين ولا
يزيد الظلمين الا خسارا ۝ واذا انعمنا على الانسان اعرض و
نا بجانبه واذا مسه الشر كان يؤسا ۝ قل كل يعمل على شاكلته
فربكم اعلم بمن هو اهدى سبيلا ۝ ويسئلونك عن الروح قل
الروح من امر ربي وما اوتيتم من العلم الا قليلا ۝ ولئن
شئنا لنذهبن بالذي اوحينا اليك ثم لا تجد لك به علينا وكيلا ۝
الا رحمة من ربك ان فضله كان عليك كبيرا ۝ قل لئن اجتمعت
الانس والجن على ان ياتوا بمثل هذا القران لا ياتون بمثله و
لو كان بعضهم لبعض ظهيرا ۝ ولقد صرفنا للناس في هذا
القران من كل مثل فابى اكثر الناس الا كفورا ۝ وقالوا لن
نؤمن لك حتى تفجر لنا من الارض ينبوعا ۝ او تكون لك جنة
من نخيل وعنب فتفجر الانهر خللها تفجيرا ۝ او تسقط السماء
كما زعمت علينا كسفا او تاتي بالله والملئكة قبيلا ۝ او يكون
لك بيت من زخرف او ترقى في السماء ولن نؤمن لرقيك
حتى تنزل علينا كتبا نقرؤه قل سبحان ربي هل كنت الا بشرا

क़ुल्-ल इनिज्-त-म-अतिल्-इन्सु वल्जिन्नु अला अंय्यअ्तू बिमिस्लि हाज़ल्-क़ुर्आनि ला यअ्तू-न बिमिस्लिही व लौ का-न बअ्-ज़ुहुम् लिबअ्-ज़िन् ज़हीरा (८८) व ल-क़द् सर्रफ़्ना लिन्नासि फ़ी हाज़ल्-क़ुर्आनि मिन् कुल्लि म-सलिन् ॰ फ़-अबा अक्सरुन्नासि इल्ला कुफ़ूरा (८९) व क़ालू लन् नुअ्मि-न ल-क हत्ता तफ़्जु-र लना मिनल्अर्ज़ि यम्बूआ ॰ (९०) औतकू-न ल-क जन्नतुम्मिन् नख़ीलिंव्-व अि-नबिन् फ़तुफ़ज्जिरल्-अन्हा-र ख़िलालहा तफ़्जीरा ॰ (९१) औ तुस्क़ितस्समा-अ कमा ज़-अम्-त अलैना कि-स-फ़न् औ तअ्ति-य बिल्लाहि वल्मलाइकति क़बीला ॰ (९२) औ यकू-न ल-क बैतुम्मिन् ज़ुख़्रुफ़िन् औ तर्क़ा फ़िस्समाइ ॰ व लन् नुअ्मि-न लिरुक़िय्यि-क हत्ता तुनज़्ज़ि-ल अलैना किताबन् नक़्रउहू ॰ क़ुल् सुब्हा-न रब्बी हल् कुन्तु इल्ला ब-श-रर्-रसूला ★ (९३)

★रु. ९/९ आ ७ ★रु. १०/१० आ ६

(मदीने में) अच्छी तरह दाख़िल कीजियो और (मक्के से) अच्छी तरह निकालियो और अपने यहां से ज़ोर व क़ूवत को मेरा मददगार बनाइयो। (८०) और कह दो कि हक़ आ गया और बातिल नाबूद हो गया. बेशक बातिल नाबूद होने वाला है। (८१) और हम क़ुरआन (के ज़रिए) से वह चीज़ नाज़िल करते हैं, जो मोमिनों के लिए शिफ़ा और रहमत है और ज़ालिमों के हक़ में तो इस से नुक़्सान ही बढ़ता है। (८२) और जब हम इंसान को नेमत बख़्शते हैं, तो मुंह फेर लेता और पहलू फेर लेता है और जब उसे सख़्ती पहुंचती है तो ना-उम्मीद हो जाता है। (८३) कह दो कि हर शख़्स अपने तरीक़े के मुताबिक़ अमल करता है, सो तुम्हारा परवरदिगार उस शख़्स को ख़ूब जानता है, जो सब से ज़्यादा सीधे रास्ते पर है। (८४)★

और तुम से रूह के बारे में सवाल करते हैं। कह दो कि वह मेरे परवरदिगार की एक शान है और तुम लोगों को (बहुत ही) कम इल्म दिया गया है। (८५) और अगर हम चाहें तो जो (किताब) हम तुम्हारी तरफ़ भेजते हैं, उसे (दिलों से) मिटा दें। फिर तुम उस के लिए हमारे मुक़ाबले में किसी को मददगार न पाओ। (८६) मगर (उस का क़ायम रहना) तुम्हारे परवरदिगार की रहमत है। कुछ शक नहीं कि तुम पर उस का बड़ा फ़ज़्ल है। (८७) कह दो कि अगर इन्सान और जिन्न इस बात पर जमा हों कि इस क़ुरआन जैसा बना लाएं, तो इस जैसा न ला सकें, अगरचे वे एक दूसरे के मददगार हों। (८८) और हम ने इस क़ुरआन में सब बातें तरह-तरह से बयान कर दी हैं, मगर अक्सर लोगों ने इंकार करने के सिवा क़ुबूल न किया। (८९) और कहने लगे कि हम तुम पर ईमान नहीं लाएंगे, जब तक कि (अजीब व ग़रीब बातें न दिखाओ, यानी या तो) हमारे लिए ज़मीन में से चश्मा जारी कर दो, (९०) या तुम्हारा खजूरों और अंगूरों का कोई बाग़ हो और उस के बीच में नहरें बहा निकालो, (९१) या जैसा तुम कहा करते हो हम पर आसमान के टुकड़े ला गिराओ या ख़ुदा और फ़रिश्तों को (हमारे) सामने ले आओ। (९२) या तुम्हारा सोने का घर हो या तुम आसमान पर चढ़ जाओ और हम तुम्हारे चढ़ने को भी नहीं मानेंगे, जब तक कि कोई किताब न लाओ, जिसे हम पढ़ भी लें। कह दो कि मेरा परवरदिगार पाक है। मैं तो सिर्फ़ एक पैग़ाम पहुंचाने वाला इंसान हूं। (९३)★

★रु. ९/९ आ ७ ★रु. १०/१० आ ९

व मा म-न-अन्ना-स अंय्युअ्मिनू इज़् जा-अ-हुमुल्-हुदा इल्ला अन् क़ालू अ-ब-अ-सल्लाहु ब-श-रर्-रसूला (९४) क़ुल् लौ का-न फ़िल्अर्ज़ि मलाइकतुंय्यम्शू-न मुत्मइन्नी-न ल-नज़्ज़ल्ना अलैहिम् मिनस्समाइ म-ल-कर्रसूला (९५) क़ुल् कफ़ा बिल्लाहि शहीदम्-बैनी व बैनकुम् ط इन्नहू का - न बिअिबादिही ख़बीरम् - बसीरा (९६) व मंय्यह्दिल्लाहु फ़हुवल्मुह्तदि ج व मंय्युज़्लिल् फ़-लन् तजि-द लहुम् औलिया-अ मिन्दूनिही ط व नह्शुरुहुम् यौमल्क़ियामति अला वुजूहिहिम् अुम्यंव-व बुक्मंव-व सुम्मन् ط मअ्वाहुम् जहन्नमु ط कुल्लमा ख़ - बत् ज़िद्नाहुम् सअीरा ● (९७) ज़ालि-क जज़ाउ हुम् बिअन्नहुम् क-फ़रू बिआयातिना व क़ालू अ इज़ा कुन्ना अिज़ामंव-व रुफ़ातन् अ इन्ना ल-मब्अूसू-न ख़ल्क़न् जदीदा (९८) अ-व-लम् यरौ अन्नल्लाहल्लज़ी ख-ल-क़स्समावाति वल्अर-ज़ क़ादिरुन् अला अंय्यख़्लु-क़ मिस्-लहुम् व ज-अ-ल लहुम् अ-ज-लल्-ला रै-ब फ़ीहि ط

رَسُولًا ﴿٩٣﴾ وَمَا مَنَعَ النَّاسَ أَنْ يُؤْمِنُوا إِذْ جَاءَهُمُ الْهُدَىٰ إِلَّا أَنْ قَالُوا
أَبَعَثَ اللَّهُ بَشَرًا رَسُولًا ﴿٩٤﴾ قُلْ لَوْ كَانَ فِي الْأَرْضِ مَلَائِكَةٌ يَمْشُونَ
مُطْمَئِنِّينَ لَنَزَّلْنَا عَلَيْهِمْ مِنَ السَّمَاءِ مَلَكًا رَسُولًا ﴿٩٥﴾ قُلْ كَفَىٰ
بِاللَّهِ شَهِيدًا بَيْنِي وَبَيْنَكُمْ ۚ إِنَّهُ كَانَ بِعِبَادِهِ خَبِيرًا بَصِيرًا ﴿٩٦﴾ وَمَنْ
يَهْدِ اللَّهُ فَهُوَ الْمُهْتَدِ ۖ وَمَنْ يُضْلِلْ فَلَنْ تَجِدَ لَهُمْ أَوْلِيَاءَ مِنْ
دُونِهِ ۖ وَنَحْشُرُهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَلَىٰ وُجُوهِهِمْ عُمْيًا وَبُكْمًا وَصُمًّا ۖ مَأْوَاهُمْ
جَهَنَّمُ ۖ كُلَّمَا خَبَتْ زِدْنَاهُمْ سَعِيرًا ﴿٩٧﴾ ذَٰلِكَ جَزَاؤُهُمْ بِأَنَّهُمْ كَفَرُوا بِآيَاتِنَا
وَقَالُوا أَإِذَا كُنَّا عِظَامًا وَرُفَاتًا أَإِنَّا لَمَبْعُوثُونَ خَلْقًا جَدِيدًا ﴿٩٨﴾ أَوَلَمْ
يَرَوْا أَنَّ اللَّهَ الَّذِي خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ قَادِرٌ عَلَىٰ أَنْ يَخْلُقَ
مِثْلَهُمْ وَجَعَلَ لَهُمْ أَجَلًا لَا رَيْبَ فِيهِ فَأَبَى الظَّالِمُونَ إِلَّا كُفُورًا ﴿٩٩﴾
قُلْ لَوْ أَنْتُمْ تَمْلِكُونَ خَزَائِنَ رَحْمَةِ رَبِّي إِذًا لَأَمْسَكْتُمْ خَشْيَةَ الْإِنْفَاقِ ۚ
وَكَانَ الْإِنْسَانُ قَتُورًا ﴿١٠٠﴾ وَلَقَدْ آتَيْنَا مُوسَىٰ تِسْعَ آيَاتٍ بَيِّنَاتٍ ۖ فَاسْأَلْ
بَنِي إِسْرَائِيلَ إِذْ جَاءَهُمْ فَقَالَ لَهُ فِرْعَوْنُ إِنِّي لَأَظُنُّكَ يَا مُوسَىٰ
مَسْحُورًا ﴿١٠١﴾ قَالَ لَقَدْ عَلِمْتَ مَا أَنْزَلَ هَٰؤُلَاءِ إِلَّا رَبُّ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ
بَصَائِرَ وَإِنِّي لَأَظُنُّكَ يَا فِرْعَوْنُ مَثْبُورًا ﴿١٠٢﴾ فَأَرَادَ أَنْ يَسْتَفِزَّهُمْ
مِنَ الْأَرْضِ فَأَغْرَقْنَاهُ وَمَنْ مَعَهُ جَمِيعًا ﴿١٠٣﴾ وَقُلْنَا مِنْ بَعْدِهِ
لِبَنِي إِسْرَائِيلَ اسْكُنُوا الْأَرْضَ فَإِذَا جَاءَ وَعْدُ الْآخِرَةِ جِئْنَا بِكُمْ

फ़-अ-बज़्ज़ालिमू-न इल्ला कुफ़ूरा (९९) क़ुल् लौ अन्तुम् तम्लिकू-न ख़ज़ाइ-न रह्मति रब्बी इज़ल् - ल अम् - सक्तुम् ख़श्-य-तल्-इन्फ़ाक़ि ط व कानल् - इन्सानु क़तूरा ★ (१००) व ल - क़द् आतैना मूसा तिस्-अ आयातिम्-बय्यिनातिन् फ़स्अल् बनी इस्राई - ल इज़् जाअहुम् फ़क़ा - ल लहू फ़िर्औनु इन्नी ल-अज़ुन्नु-क या मूसा मस्हूरा (१०१) क़ा-ल ल-क़द् अलिम् - त मा अन्ज़ - ल हाउलाइ इल्ला रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि बसाइ-र ج व इन्नी ल-अज़ुन्नु-क या फ़िर्औनु मस्बूरा (१०२) फ़-अरा-द अंय्यस्तफ़िज़्ज़हुम् मिनल्अर्ज़ि फ़ - अग़्रक़्नाहु व मम्म - अहू जमीअंव् - (१०३) व क़ुल्ना मिम्बअ् - दिही लिबनी इस्राईलस्कुनुल् - अर् - ज़ फ़इज़ा जा - अ वअ् - दुल्-आख़िरति जिअ्ना बिकुम् लफ़ीफ़ा ط (१०४)

● नि. १/२ ★रु. ११/११ आ ७

और जब लोगों के पास हिदायत आ गयी तो उन को ईमान लाने में इस के सिवा कोई चीज़ रुकावट न हुई कि कहने लगे कि क्या ख़ुदा ने आदमी को पैग़म्बर कर के भेजा है। (९४) कह दो कि अगर ज़मीन में फ़रिश्ते होते (कि इस में) चलते-फिरते (और) आराम करते (यानी बसते) तो हम उन के पास फ़रिश्तों को पैग़म्बर बना कर भेजते। (९५) कह दो कि मेरे और तुम्हारे दर्मियान ख़ुदा ही गवाह काफ़ी है। वही अपने बन्दों से ख़बरदार (और उनको) देखने वाला है। (९६) और जिस शख़्स को ख़ुदा हिदायत दे, वही हिदायत पाया हुआ है और जिन को गुमराह करे तो तुम अल्लाह के सिवा उन के दोस्त नहीं पाओगे और हम उन को क़ियामत के दिन औंधे मुंह अंधे-गूंगे और बहरे (बना कर) उठाएंगे। और उन का ठिकाना दोज़ख़ है। जब (उस की आग) बुझने को होगी तो हम उन को (अज़ाब देने) के लिए और भड़का देंगे ● (९७) यह उन की सज़ा है, इस लिए कि वे हमारी आयतों से कुफ़्र करते थे और कहते थे कि जब हम (मर कर सड़ी-गली) हड्डियां और चूरा-चूरा हो जाएंगे तो क्या नये सिरे से पैदा किये जाएंगे? (९८) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि ख़ुदा जिस ने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया है, इस बात की क़ुदरत रखता है कि उन जैसे (लोग) पैदा कर दे और उस ने उन के लिए एक वक़्त मुक़र्रर कर दिया है, जिस में कुछ भी शक नहीं। तो ज़ालिमों ने इंकार करने के सिवा (उसे) क़ुबूल न किया। (९९) कह दो कि अगर मेरे परवरदिगार की रहमत के ख़ज़ाने तुम्हारे हाथ में होते, तो तुम ख़र्च हो जाने के डर से (उन को) बन्द रखते और इंसान दिल का बहुत तंग है। (१००) ✶

और हम ने मूसा को नौ खुली निशानियां दीं, तो बनी इस्राईल से मालूम कर लो कि जब वह उन के पास आए तो फ़िरऔन ने उन से कहा कि मूसा! मैं ख़्याल करता हूं कि तुम पर जादू किया गया है। (१०१) उन्हों ने कहा कि तुम यह जानते हो कि आसमानों और ज़मीन के परवरदिगार के सिवा उन को किसी ने नाज़िल नहीं किया (और वह भी तुम लोगों के) समझाने को और ऐ फ़िरऔन! मैं ख़्याल करता हूं कि तुम हलाक हो जाओगे। (१०२) तो उस ने चाहा कि उन को (मिस्र की) धरती से निकाल दे, तो हम ने उस को और जो उस के साथ थे, सब को डुबो दिया। (१०३) और उस के बाद बनी इस्राईल से कहा कि तुम इस मुल्क में रहो-सहो, फिर जब आख़िरत का वायदा आ जाएगा, तो हम तुम सब को जमा कर के ले जाएंगे। (१०४) और हम ने

● नि. १/२ ★रु. ११/११ आ ७

व बिल्हक़्क़ि अन्ज़ल्नाहु व बिल्हक़्क़ि न-ज़ल ♭ व मा अर्सल्ना-क इल्ला मुबश्शिरंव्-व नज़ीरा▓(१०५) व क़ुरआनन् फ़-रक़्नाहु लि-तक़्र-अहू अलन्नासि अ़ला मुक्सिंव्-व नज़्ज़ल्नाहु तन्ज़ीला (१०६) क़ुल् आमिनू बिही औ ला तुअ्मिनू ♭ इन्नल्लज़ी-न ऊतुल्अि़ल-म मिन् क़ब्लिही इज़ा युत्ला अ़लैहिम् यख़िर्रू-न लिल्अज़्क़ानि सुज्जदा ⸙ (१०७) व यक़ूलू-न सुब्हा-न रब्बिना इन् का-न वअ्-दु रब्बिना ल-मफ़्अूला (१०८) व यख़िर्रू-न लिल्अज़्क़ानि यब्कू-न व यज़ीदुहुम् ख़ुशूआ □(१०९) क़ुलिद्अुल्ला-ह अविद्अुर् रह्मा-न ♭ अय्यम्-मा तद्अू फ़ - लहुल् - अस्माउल् - हुस्ना ꣸ व ला तज् - हर् बिसलाति-क व ला तुख़ाफ़ित् बिहा वब्तग़ि बैं-न ज़ालि-क सबीला (११०) व क़ुलिल् - हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी लम् यत्तख़िज़् व-ल-दंव्-व लम् यकुल्लहू शरीकुन् फ़िल्मुल्कि व - लम् यकुल्लहू वलिय्युम्-मिनज़्ज़ुल्लि व कब्बिर्हु तक्बीरा ✶(१११)

१८ सूरतुल्-कह्फ़ ६९

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के ६६२० अक्षर, १२०१ शब्द, ११० आयतें और १२ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

अल्हम्दु लिल्लाहिल्लज़ी अन्ज़-ल अ़ला अ़ब्दिहिल्-किता-ब व लम् यज्अ़ल्लहू अि़-व-जा ⸙ (१) क़य्यिमल् - लियुन्ज़ि - र बअ्-सन् शदीदम्-मिल्लदुन्हु व युबश्शिरल्-मुअ्मिनीनल्लज़ी-न यअ्-मलूनस्-सालिहाति अन् - न लहुम् अज्-रन् ह-स-नम्-⸙ (२) माकिसी - न फ़ीहि अ-ब-दंव्- ⸙ (३) व युन्ज़िरल्लज़ी-न क़ालुत्त-ख़ - ज़ल्लाहु व-ल-दा ⸙ (४) मा लहुम् बिही मिन् अि़ल्मिंव्-व ला लि - आबाइहिम् ♭ कबुरत् कलि-म-तन् तख़्रुजु मिन् अफ़्वाहिहिम् ♭ इंय्यक़ूलू-न इल्ला कज़िबा (५) फ़-ल-अ़ल्ल - क बाख़िअ़ुन् नफ़्स-क अ़ला आसारिहिम् इल्लम् युअ्मिनू बिहाज़ल्हदीसि अ-स-फ़ा (६)

▓ व. लाज़िम □ सज्दः ४ ★रु. १२/१२ आ ११

इस क़ुरआन को सच्चाई के साथ नाज़िल किया है और वह सच्चाई के साथ नाज़िल हुआ (ऐ मुहम्मद !) हम ने तुम को सिर्फ़ ख़ुशख़बरी देने वाला और डर सुनाने वाला बना कर भेजा है ※ (१०५) और हम ने क़ुरआन को जुज़-जुज़ कर के नाज़िल किया है ताकि तुम लोगों को ठहर-ठहर कर, पढ़ कर सुनाओ और हम ने उस को आहिस्ता-आहिस्ता उतारा है। (१०६) कह दो कि तुम इस पर ईमान लाओ या न लाओ, (यह हक़ है) जिन लोगों को इस से पहले इल्म (किताब) दिया गया है, जब वह उन को पढ़ कर सुनाया जाता है, तो वे ठोड़ियों के बल सज्दे में गिर पड़ते हैं, (१०७) और कहते हैं कि हमारा परवरदिगार पाक है। बेशक हमारे परवरदिगार का वायदा पूरा हो कर रहा। (१०८) और वे ठोड़ियों के बल गिर पड़ते हैं और रोते जाते हैं और इस से उन को और ज़्यादा आजिज़ी पैदा होती है □ (१०९) कह दो कि तुम (ख़ुदा को) अल्लाह (के नाम से) पुकारो या रहमान (के नाम से), जिस नाम से पुकारो, उस के सब नाम अच्छे हैं, और न नमाज़ बुलंद आवाज़ से पढ़ो और न धीरे, बल्कि उस के बीच का तरीक़ा अख़्तियार करो।[1] (११०) और कहो कि सब तारीफ़ ख़ुदा ही को है, जिस ने न तो किसी को बेटा बनाया है और न उसकी बादशाही में कोई शरीक है और न इस वजह से कि वह आजिज़ व नातवां है, कोई उस का मददगार है और उस को बड़ा जान कर उस की बड़ाई करते रहो। (१११)★

१८ सूरः कहफ़ ६९

सूरः कह्फ़ मक्की है और इस में एक सौ दस आयतें और बारह रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

सब तारीफ़ ख़ुदा ही को है, जिस ने अपने बन्दे (मुहम्मद) पर (यह) किताब नाज़िल की और इस में किसी तरह की टेढ़ (और पेचीदगी) न रखी, (१) (बल्कि) सीधी (और आसान उतारी) ताकि (लोगों को) सख़्त अज़ाब से जो उस की तरफ़ से (आने वाला) है, डराए और मोमिनों को जो नेक अमल करते हैं, ख़ुशख़बरी सुनाए कि उन के लिए (उन के कामों का) नेक बदला (यानी बहिश्त) है। (२) जिस में वे हमेशा-हमेशा रहेंगे। (३) और उन लोगों को भी डराए, जो कहते हैं कि ख़ुदा ने (किसी को) बेटा बना लिया है। (४) उन को इस बात का कुछ भी इल्म नहीं और न उन के बाप-दादा ही को था। (यह) बड़ी सख़्त बात है, जो उन के मुंह से निकलती है (और कुछ शक नहीं कि) ये जो कुछ कहते हैं, सिर्फ़ झूठ है। (५) (ऐ पैग़म्बर !) अगर ये इस कलाम पर ईमान न लाएं, तो शायद तुम उनके पीछे रंज करके अपने आप को हलाक कर

१. अल्लाह का नाम रहमान लोग जानते थे, इस पर यह फ़रमाया कि नाम बहुतेरे हैं, अल्लाह वही एक है और पुकारने की नमाज़ में बहुत चिल्लाना भी नहीं और बहुत दबी आवाज़ भी नहीं। बीच की चाल पसंद रहे।

इन्ना ज-अल्ना मा अ-लल्अर्ज़ि ज़ी-नतल्लहा लिनब्लु-वहुम् अय्युहुम् अह्सनु अ-मला (७) व इन्ना ल-जाअिलू-न मा अलैहा सअीदन् जुरुज़ा ᵇ (८) अम् हसिब्-त अन्-न अस्हाबल्कह्फ़ि वर्रक़ीमि कानू मिन् आयातिना अ-ज-बा (९) इज़् अवल्फ़ित्यतु इलल्-कह्फ़ि फ़-क़ालू रब्बना आतिना मिल्लदुन्-क रह्-म-तंव्-व हय्यिअ् लना मिन् अम्रिना र-शदा (१०) फ़-ज़रब्ना अला आज़ानिहिम् फ़िल्-कह्फ़ि सिनी-न अ-द-दा ᵇ (११) सुम्-म ब-अस्नाहुम् लिनअ्-ल-म अय्युहल्हिज़्बैनि अह्सा लिमा लबिसू अ-मदा ★ (१२) नह्नु नक़ुस्सु अलै-क न-ब-अहुम् बिल्हक़्क़ि ᵇ इन्नहुम् फ़ित्यतुन् आमनू बिरब्बिहिम् व ज़िद्नाहुम् हुदंव् - (१३) व र-बत्ना अला क़ुलूबिहिम् इज़् क़ामू फ़-क़ालू रब्बुना रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि लन्नद्अु-व मिन्दूनिही इलाहल्लक़द् क़ुल्ना इज़न् श-त्-ता (१४) हाउलाइ क़ौमुनत्त-ख़जू मिन् दूनिही आलिह-तन् ᵇ लौला यअ्तू-न अलैहिम् बिसुल्तानिम्-बय्यिनिन् ᵇ फ़-मन् अज़्-लमु मिम्मनिफ़्तरा अ-लल्लाहि कज़िबा ᵇ (१५) व इज़िअ्-त-ज़ल्तुमूहुम् व मा यअ्-बुदू-न इल्लल्ला-ह फ़अ्-वू इलल्कह्फ़ि यन्शुर् लकुम् रब्बुकुम् मिर्रह्मतिही व युहय्यिअ् लकुम् मिन् अम्रिकुम् मिर्फ़क़ा (१६) व-त-रश्-शम्-स इज़ा त्-ल-अत्-तज़ावरु अन् कह्फ़िहिम् ज़ातल्यमीनि व इज़ा ग़-र-बत्-तक़्रिज़ुहुम् ज़ातश्शिमालि व हुम् फ़ी फ़ज्-वतिम्-मिन्हु ᵇ ज़ालि-क मिन् आयातिल्लाहि ᵇ मंय्यह्दिल्लाहु फ़हुवल्मुह्तदि व मंय्युज़्लिल् फ-लन् तजि-द लहू वलिय्यम्-मुर्शिदा ★ (१७) व तह्सबुहुम् ऐक़ाज़ंव्वहुम् रुक़ूदुंव्- व नुक़ल्लिबुहुम् ज़ातल्यमीनि व ज़ातश्-शिमालि - व कल्बुहुम् बासितुन् ज़िराअ़ैहि बिल्वसीदि ᵇ लवित्तलअ्-त अलैहिम् ल-वल्लै-त मिन्हुम् फ़िरारंव्-व लमुलिअ्-त मिन्हुम् रुअ्-बा (१८)

إنا جعلنا ما على الأرض زينة لها لنبلوهم أيهم أحسن عملا ○
وإنا لجاعلون ما عليها صعيدا جرزا ○ أم حسبت أن أصحب الكهف
والرقيم كانوا من آياتنا عجبا ○ إذ أوى الفتية إلى الكهف فقالوا
ربنا آتنا من لدنك رحمة وهيئ لنا من أمرنا رشدا ○ فضربنا
على آذانهم في الكهف سنين عددا ○ ثم بعثنهم لنعلم أي
الحزبين أحصى لما لبثوا أمدا ○ نحن نقص عليك نبأهم
بالحق إنهم فتية آمنوا بربهم وزدنهم هدى ○ وربطنا على
قلوبهم إذ قاموا فقالوا ربنا رب السموت والأرض لن ندعوا من
دونه إلها لقد قلنا إذا شططا ○ هؤلاء قومنا اتخذوا من دونه
آلهة لولا يأتون عليهم بسلطن بين فمن أظلم ممن افترى
على الله كذبا ○ وإذ اعتزلتموهم وما يعبدون إلا الله فأووا إلى
الكهف ينشر لكم ربكم من رحمته ويهيئ لكم من أمركم
مرفقا ○ وترى الشمس إذا طلعت تزور عن كهفهم ذات اليمين
وإذا غربت تقرضهم ذات الشمال وهم في فجوة منه ذلك من
آيت الله من يهد الله فهو المهتد ومن يضلل فلن تجد له وليا
مرشدا ○ وتحسبهم أيقاظا وهم رقود ونقلبهم ذات اليمين
وذات الشمال وكلبهم باسط ذراعيه بالوصيد لو اطلعت

★रु. १/१३ आ १२ ★रु. २/१४ आ ५

दोगे। (६) जो चीज़ ज़मीन पर है, हम ने उस को ज़मीन के लिए ज़ीनत बनाया है, ताकि लोगों की आज़माइश करें कि उन में कौन अच्छे अमल करने वाला है। (७) और जो चीज़ ज़मीन पर है, हम उस को (नाबूद कर के) बंजर मैदान कर देंगे। (८) क्या तुम ख़्याल करते हो कि ग़ार और लौह वाले हमारी निशानियों से अजीब थे। (९) जब वे जवान ग़ार में जा रहे तो कहने लगे कि ऐ हमारे परवरदिगार! हम पर अपने यहां से रहमत नाज़िल फ़रमा और हमारे काम में दुरुस्ती (के सामान) मुहय्या कर। (१०) तो हम ने ग़ार में कई साल तक उन के कानों पर (नींद के) परदे डाले (यानी उन को सुलाए) रखा। (११) फिर उन को जगा उठाया, ताकि मालूम करें कि जितनी मुद्दत वे (ग़ार में) रहे, दोनों जमाअतों में से उस की मिक़्दार किस को ख़ूब याद है। (१२)★

हम इन के हालात तुम से सही-सही बयान करते हैं। वे कई जवान थे, जो अपने परवरदिगार पर ईमान लाए थे और हम ने उन को और ज़्यादा हिदायत दी थी। (१३) और उन के दिलों को मर्बूत (यानी मज़बूत) कर दिया। जब वे (उठ) खड़े हुए तो कहने लगे कि हमारा परवरदिगार आसमानों और ज़मीन का मालिक है, हम उस के सिवा किसी को माबूद (समझ कर) न पुकारेंगे। (अगर ऐसा किया) तो उस वक़्त हम ने अक़्ल से दूर की बात कही। (१४) इन हमारी क़ौम के लोगों ने उस के सिवा और माबूद बना रखे हैं। भला ये उन (के ख़ुदा होने) पर कोई खुली दलील क्यों नहीं लाते, तो उस से ज़्यादा कौन ज़ालिम है, जो ख़ुदा पर झूठ गढ़े। (१५) और जब तुम ने इन (मुश्रिकों) से और जिन की ये ख़ुदा के सिवा इबादत करते हैं, उन से किनारा कर लिया है, तो ग़ार में चल रहो। तुम्हारा परवरदिगार तुम्हारे लिए अपनी रहमत फैला देगा और तुम्हारे कामों में आसानी (के सामान) मुहय्या करेगा।[1] (१६) और जब सूरज निकले तो तुम देखो कि (धूप) उन के ग़ार से दाहिनी तरफ़ सिमट जाए और जब डूबे तो उन से बायीं तरफ़ कतरा जाए और वे उस के मैदान में थे। ये ख़ुदा की निशानियों में से हैं, जिस को ख़ुदा हिदायत दे, उसे हिदायत मिल गयी और जिस को गुमराह करे, तो तुम उस के लिए कोई दोस्त, राह बताने वाला न पाओगे। (१७)★

और तुम उन को ख़्याल करो कि जाग रहे हैं, हालांकि वे सोते हैं और हम उन को दाएं और बाएं करवट बदलाते थे और उनका कुत्ता चौखट पर दोनों हाथ फैलाए हुए था। अगर तुम उनको झांक कर देखते तो पीठ फेर कर भाग जाते और उन से रौब में आ जाते। (१८) और इसी तरह हम ने

---

१. तफ़्सीरों में लिखा है कि ये लोग क़ौम के सरदारों की औलाद थे। एक दिन ईद का दिन था। वे बाहर मेले में गये तो देखते हैं कि लोग बुतों को पूज रहे हैं और उनके नाम पर जानवर ज़िब्ह कर रहे हैं ख़ुदा ने उनके दिल की आंखें सूझ-बूझ के नूर से रौशन कर दी थीं तो उन्होंने लोगों की बुतपरस्ती की हरकत को ना-पसंदीदगी की नज़र से देखा और दिल में कहा कि ये बातें तो ख़ुदा ही के लिए मुनासिब हैं जो आसमान व ज़मीन का पैदा करने वाला है, फिर ये अपनी क़ौम के लोगों से दूर ही रहने लगे। चुनांचे सब से पहले इन में से एक शख़्स एक पेड़ के साए तले अलग जा बैठा। दूसरा भी वहीं आ कर बैठ गया, फिर तीसरा भी उन के पास आया और बैठ गया, चौथा आया, फिर पांचवां। ये लोग आपस में एक दूसरे को नहीं जानते थे, इसी वजह से अपने दिल का हाल एक दूसरे से कहते हुए डरते और झिझकते थे। आख़िर एक उन में से बोला कि साहिबो! तुम जो अपने भाई-बन्दों से अलग हो कर यहां आ बैठे हो, इस की कोई न कोई वजह ज़रूर है और वह हर शख़्स को सच्चाई के साथ बयान कर देना चाहिए। दूसरे ने कहा, भाई! सच तो यह है कि मैं ने यह ख़्याल किया कि जो काम हमारी क़ौम के लोग कर रहे हैं, बातिल है और इबादत का हक़दार सिर्फ़ एक ख़ुदा है, जो आसमानों और ज़मीन का पैदा करने वाला है। तीसरे ने कहा कि ख़ुदा की क़सम!

(शेष पृष्ठ ४६९ पर)

★रु. १/१३ आ १२ ★रु. २/१४ आ ५

व कज़ालि-क ब-अस्नाहुम् लि-य-त-साअलू बैनहुम् ♭ का-ल क़ाइलुम् - मिन्हुम् कम् लबिस्तुम् ♭ क़ालू लबिस्ना यौमन् औ बअ्-ज़ यौमिन् ♭ क़ालू रब्बुकुम् अअ्-लमु बिमा लबिस्तुम् ♭ फ़ब-असू अ-ह्-दकुम् बिवरिक़िकुम् हाज़िही इलल्-मदीनति फ़ल्यन्ज़ुर् अय्युहा अज़्का तआमन् फ़ल्-यअ्तिकुम् बिरिज़्क़िम्-मिन्हु वल्-य-त-लत्तफ़ व ला युश्अिरन्-न बिकुम् अ - ह्-दा (१९) इन्नहुम् इंय्यज़्हरू अलैकुम् यर्जुमूकुम् औ युईदूकुम् फ़ी मिल्लतिहिम् व लन् तुफ़्लिहू इज़न् अ-ब-दा (२०) व कज़ालि-क अअ्-सर्ना अलैहिम् लियअ्-लमू अन-न वअ्-दल्लाहि हक़्क़ुंव्-व अन्नस्सा-अ-त ला रै-ब फ़ीहा इज़् य-त-नाज़अू-न बैनहुम् अम्-रहुम् फ़-क़ालुब्नू अलैहिम् बुन्-यानन् ♭ रब्बुहुम् अअ् - लमु बिहिम् ♭ क़ालल्लज़ी - न ग़ - लबू अला अम्रिहिम् ल-नत्तख़िज़न-न अलैहिम् मस्जिदा (२१) स-यक़ूलू-न सला-सतुर्-राबिअुहुम् कल्बुहुम् ♭ व यक़ूलू-न ख़म्सतुन् सादिसुहुम्

عليهم لوليت منهم فرارا ولملئت منهم رعبا ۝ وكذلك بعثنهم
ليتساءلوا بينهم قال قائل منهم كم لبثتم قالوا لبثنا يوما او
بعض يوم قالوا ربكم اعلم بما لبثتم فابعثوا احدكم بورقكم
هذه الى المدينة فلينظر ايها ازكى طعاما فليأتكم برزق منه
وليتلطف ولا يشعرن بكم احدا ۝ انهم ان يظهروا عليكم يرجموكم
او يعيدوكم في ملتهم ولن تفلحوا اذا ابدا ۝ وكذلك اعثرنا عليهم
ليعلموا ان وعد الله حق وان الساعة لا ريب فيها اذ يتنازعون
بينهم امرهم فقالوا ابنوا عليهم بنيانا ربهم اعلم بهم قال
الذين غلبوا على امرهم لنتخذن عليهم مسجدا ۝ سيقولون ثلثة
رابعهم كلبهم ويقولون خمسة سادسهم كلبهم رجما بالغيب
ويقولون سبعة وثامنهم كلبهم قل ربي اعلم بعدتهم ما يعلمهم
الا قليل فلا تمار فيهم الا مراء ظاهرا ولا تستفت فيهم
منهم احدا ۝ ولا تقولن لشائ اني فاعل ذلك غدا ۝ الا
ان يشاء الله واذكر ربك اذا نسيت وقل عسى ان يهدين ربي
لاقرب من هذا رشدا ۝ ولبثوا في كهفهم ثلث مائة سنين
وازدادوا تسعا ۝ قل الله اعلم بما لبثوا له غيب السموت والارض
ابصر به واسمع ما لهم من دونه من ولي ولا يشرك في حكمه

कल्बुहुम् रज्-मम्-बिलग़ैबि ♭ व यक़ूलू - न सब्-अतुंव्-व सामिनुहुम् कल्बुहुम् ♭ क़ुर्रब्बी अअ्-लमु बिअिद्दतिहिम् मा यअ्-लमुहुम् इल्ला क़लीलुन् ♭ फ़ला तुमारि फ़ीहिम् इल्ला मिराअन् ज़ाहिरंव् - व ला तस्तफ़्ति फ़ीहिम् मिन्हुम् अ-ह्-दा ★ (२२) व ला तक़ूलन्-न लिशैइन् इन्नी फ़ाअिलुन् ज़ालि-क ग़दा ♭ (२३) इल्ला अंय्यशाअल्लाहु ♭ वज़्कुर्रब्ब-क इज़ा नसी-त व क़ुल् असा अंय्यह्दियनि रब्बी लि-अक़्-र-ब मिन् हाज़ा र-श-दा (२४) व लबिसू फ़ी कह्फ़िहिम् सला-स मिअतिन् सिनी-न वज़्दादू तिस्आ (२५) क़ुलिल्लाहु अअ्-लमु बिमा लबिसू ♭ लहू ग़ैबुस्समावाति वल्अर्ज़ि ♭ अब्सिर् बिही व अस्मिअ् ♭ मा लहुम् मिन्दूनिही मिंव्वलिय्यंव्-व ला युश्रिकु फ़ी हुक्मिही अ-ह्-दा (२६)

निस्फ़ुल् क़ुरआन ★रु. ३/१५ आ ५

उन को उठाया ताकि आपस में एक दूसरे से मालूम करें। एक कहने वाले ने कहा कि तुम (यहां) कितनी मुद्दत रहे? उन्होंने कहा कि एक दिन या इस से भी कम! उन्हों ने कहा कि जितनी मुद्दत तुम रहे हो, तुम्हारा परवरदिगार ही उस को ख़ूब जानता है। तो अपने में से किसी को यह रुपया दे कर शहर को भेजो, वह देखे कि अच्छा खाना कौन-सा है, तो उस में से खाना ले आए और धीरे-धीरे आए-जाए और तुम्हारा हाल किसी को न बताए (१९) अगर वह तुम पर ग़लबा पा लेंगे तो तुम्हें पत्थर मार-मार कर हलाक कर देंगे या फिर अपने मज़हब में दाख़िल कर लेंगे और उस वक़्त तुम कभी कामियाबी नहीं पाओगे। (२०) और इसी तरह हम ने (लोगों को) उन (के हाल) से ख़बरदार कर दिया, ताकि वे जानें कि ख़ुदा का वायदा सच्चा है और यह कि क़ियामत (जिस का वायदा किया जाता है) इस में कुछ शक नहीं। उस वक़्त लोग उन के बारे में आपस में झगड़ने लगे और कहने लगे कि उन (के ग़ार) पर इमारत बना दो। उन का परवरदिगार उन (के हाल) को ख़ूब जानता है। जो लोग उन के बारे में ग़लबा रखते थे, कहने लगे कि हम उन (के ग़ार) पर मस्जिद बनाएंगे। (२१) (कुछ लोग) अटकल-पच्चू कहेंगे कि वे तीन थे (और) चौथा उन का कुत्ता था और (कुछ) कहेंगे कि वे पांच थे (और) छठा उन का कुत्ता था और (कुछ) कहेंगे कि वे सात थे और आठवां उन का कुत्ता था। कह दो कि मेरा परवरदिगार ही उन की गिनती ख़ूब जानता है। उनको जानते भी हैं तो थोड़े ही लोग (जानते हैं), तो तुम उन (के मामले) में बात-चीत न करना, मगर सरसरी सी बातें और न उनके बारे में उनमें से किसी से कुछ मालूम ही करना (२२) ★

और किसी काम के बारे में न कहना कि मैं इसे कल कर दूंगा, (२३) मगर (इन्शा अल्लाह) कह कर, (यानी अगर) ख़ुदा चाहे तो (कर दूंगा) और जब ख़ुदा का नाम लेना भूल जाओ, तो याद आने पर ले लो और कह दो कि उम्मीद है कि मेरा परवरदिगार मुझे इस से भी ज़्यादा हिदायत की बातें बताए। (२४) और ग़ार वाले अपने ग़ार में नौ ऊपर तीन सौ साल रहे। (२५) कह दो कि जितनी मुद्दत वे रहे, उसे ख़ुदा ही ख़ूब जानता है। उसी को आसमानों और ज़मीन की छिपी बातें (मालूम) हैं। वह क्या ख़ूब देखने वाला और क्या ख़ूब सुनने वाला है। उस के सिवा उन का कोई कारसाज़ नहीं और न वह अपने हुक्म में किसी को शरीक करता है। (२६) और अपने परवर-

---

(पृष्ठ ४६७ का शेष)

मेरे दिल में भी यही ख़्याल पैदा हुआ था। चौथे ने कहा कि मेरा भी यही ख़्याल है। ग़रज़ सब एक ही ख़्याल के हो गये और अपनी एक जुदा इबादतगाह बना ली। इस में एक ख़ुदा की इबादत करते और बुतों की पूजा से ज़रा भी ताल्लुक़ न रखते। उन का यह हाल लोगों को मालूम हुआ तो उन्हों ने बादशाह से जा चुग़ली खायी। बादशाह बड़ा जाबिर व ज़ालिम और तंगनज़र था, लोगों को कुफ़्र व शिर्क पर तैयार करता और उन से ज़बरदस्ती बुतपरस्ती कराता। बादशाह ने उन को बुलाया और पूछा किया। उन्हों ने सब कुछ सच-सच बयान कर दिया। बादशाह ने उन को डराया-धमकाया और कुछ मोहलत दी कि ख़ुदापरस्ती से रुक जाएं, मगर ख़ुदापरस्ती और तौहीद ऐसी नहीं कि जब दिल में बैठ जाए तो कभी निकल सके। उन्हों ने यह सलाह की कि अब इन लोगों से तुम्हें कुछ मतलब नहीं रहा, तो उन में रहना क्या ज़रूरी है। बेहतर यह है कि ग़ार में चल रहें।

२. यानी जो ख़ुदा चाहता है (वही होता है) और ख़ुदा (की मदद) के सिवा (किसी को) कुछ ताक़त व क़ुदरत नहीं।

قَوْمٌ مُّسْرِفُونَ ۝ وَجَآءَ مِنْ أَقْصَا الْمَدِينَةِ رَجُلٌ يَّسْعٰى قَالَ يٰقَوْمِ
اتَّبِعُوا الْمُرْسَلِينَ ۝ اتَّبِعُوا مَنْ لَّا يَسْأَلُكُمْ أَجْرًا وَّهُمْ مُّهْتَدُونَ ۝

منزل

व. ग़ुफ़रान ★ऱु. १/१८ आ १२ व. लाज़िम

बेशक तुम पैग़म्बरों में से हो, (३) सीधे रास्ते पर। (४) (यह ख़ुदा-ए) ग़ालिब (और) मेहरबान ने नाज़िल किया है, (५) ताकि तुम उन लोगों को, जिन के बाप-दादा को तंबीह नहीं की गयी थी, तंबीह कर दो। वे ग़फ़लत में पड़े हुए हैं। (६) उन में से अक्सर पर (ख़ुदा की) बात पूरी हो चुकी है, सो वे ईमान नहीं लाएंगे। (७) हमने उन की गरदनों में तौक़ डाल रखे हैं और वे ठोड़ियों तक (फंसे हुए) हैं, तो उन के सर उलल रहे हैं। (८) और हमने उन के आगे भी दीवार बना दी और उन के पीछे भी, फिर उन पर पर्दा डाल दिया, तो ये देख नहीं सकते। (९) और तुम उन को नसीहत करो या न करो, उन के लिए बराबर है, वे ईमान नहीं लाने के। (१०) तुम तो सिर्फ़ उस शख़्स को नसीहत कर सकते हो, जो नसीहत की पैरवी करे और ख़ुदा से ग़ायबाना डरे सो उस को मग़फ़िरत और बड़े सवाब की ख़ुशख़बरी सुना दो। (११) बेशक हम मुर्दों को ज़िंदा करेंगे और जो कुछ वे आगे भेज चुके और (जो) उन के निशान पीछे रह गये, हम उन को लिख देते हैं और हर चीज़ को हमने रोशन किताब (यानी लौहे महफ़ूज़) में लिख रखा है। (१२)★

और उन से गांव वालों का क़िस्सा बयान करो, जब उन के पास पैग़म्बर आये।[1] (१३) (यानी) जब हमने उन की तरफ़ दो (पैग़म्बर) भेजे, तो उन्हों ने उन को झुठलाया, फिर हमने तीसरे से ताक़त पहुंचायी, तो उन्हों ने कहा कि हम तुम्हारी तरफ़ पैग़म्बर हो कर आए हैं।[2] (१४) वे बोले कि तुम (और कुछ) नहीं, मगर हमारी तरह के आदमी (हो) और ख़ुदा ने कोई चीज़ भी नाज़िल नहीं की, तुम सिर्फ़ झूठ बोलते हो। (१५) उन्हों ने कहा कि हमारा परवरदिगार जानता है कि हम तुम्हारी तरफ़ (पैग़ाम) दे कर भेजे गये हैं। (१६) और हमारे ज़िम्मे तो साफ़-साफ़ पहुंचा देना है और बस। (१७) वे बोले कि हम तुम को ना-मुबारक देखते हैं। अगर तुम मानोगे नहीं, तो हम तुम्हें संगसार कर देंगे और तुम को हम से दुख देने वाला अज़ाब पहुंचेगा। (१८) उन्होंने कहा कि तुम्हारी नहूसत तुम्हारे साथ है।[3] क्या इसलिए कि तुम को नसीहत की गयी, बल्कि ऐसे लोग हो जो हम से आगे निकल गये हो।[4] (१९) और शहर के परले किनारे से एक आदमी दौड़ता हुआ आया।[5] कहने लगा कि ऐ मेरी क़ौम! पैग़म्बरों के पीछे चलो, (२०) ऐसों के जो तुम से बदला नहीं मांगते और वे सीधे रास्ते पर हैं। (२१) और मुझे क्या है कि मैं उस की

---

१. मुल्क रूम में अन्ताकिया एक गांव था, यह वहां के लोगों का क़िस्सा है।

२. कहते हैं, ये लोग हज़रत ईसा अलै० के हवारियों में से थे, जिन को अल्लाह तआला ने हज़रत ईसा के बाद पैग़म्बरी अता फ़रमायी थी। पहले दो पैग़म्बरों का नाम यूहन्ना और शमऊन था और तीसरे का शुकूम।

३. यानी नहूसत जो तुम्हारे बुरे आमाल की वजह से है, तुम जहां भी होगे, वह तुम्हारे साथ होगी।

४. यानी जो नसीहत तुम को की गयी, क्या वह तुम्हारे लिए नहूसत की वजह साबित हुई? यह हरगिज़ नहीं है, बल्कि तुम्हारी शामते आमाल तुम्हारे लिए वबाल की वजह हो रही है।

५. यह शख़्स शहर के क़रीब एक ग़ार में इबादत करता था। जब उस ने पैग़म्बरों के आने का हाल सुना, तो शहर में दौड़ता हुआ आया और वहां के लोगों से कहने लगा कि पैग़म्बरों की इताअत करो और उनकी हिदायत पर चलो, उस का नाम हबीब था।

तेईसवां पारः व मा लि-य

सूरतु यासीन आयात २२ से ८३

व मा लि-य ला अअ्-बुदुल्लज़ी फ़-त-रनी व इलैहि तुर्जअून (२२) अ अत्तख़िज़ु मिन् दूनिही आलि-ह-तन् इंय्युरिद्निर्-रह्मानु बिज़ुर्रिल्-ला तुग्नि अन्नी शफ़ाअतुहुम् शैअंव्-व ला युन्क़िज़ून ८(२३) इन्नी इज़ल्लफ़ी ज़लालिम्-मुबीन (२४) इन्नी आमन्तु बिरब्बिकुम् फ़स्मअून ७(२५) क़ीलद्ख़ुलिल्जन्न-त ▸क़ा-ल यालै-त क़ौमी यअ्-लमून ॥(२६) बिमा ग-फ़-र ली रब्बी व ज-अ-लनी मिनल्-मुकरमीन (२७) व मा अन्ज़ल्ना अ़ला क़ौमिही मिम्बअ्-दिही मिन् जुन्दिम् - मिनस्समाइ व मा कुन्ना मुन्ज़िलीन (२८) इन् कानत् इल्ला सैह़-तंव्वाहि-द-तन् फ़-इज़ा हुम् ख़ामिदून (२९) या ह़स-र-तन् अलल्-अिबादि ※ मा यअ्तीहिम् मिर्-रसूलिन् इल्ला कानू बिही यस्तह्ज़िऊन (३०) अ-लम् यरौ कम् अह-लक्ना क़ब्-लहुम् मिनल्क़ुरूनि अन्नहुम् इलैहिम् ला यर्जिअून ७(३१) व इन् कुल्लुल्लम्मा जमीअुल्लदैना मुह्ज़रून ★ (३२)व आयतुल्-लहुमुल्-अर्ज़ुलमैततु ८ अह्यै-नाहा व अख़-रज्ना मिन्हा ह़ब्बन् फ़मिन्हु यअ्-कुलून (३३) व ज-अल्ना फ़ीहा जन्नातिम्मिन् नख़ीलिंव्-व अअ्-नाबिंव्-व फ़ज्जर्ना फ़ीहा मिनल्-अुयून ॥(३४) लि-यअ्कुलू मिन् स-मरिही ॥ व मा अमि-लत्हु ऐदीहिम् ७ अ-फ़-ला यश्कुरून (३५) सुब्हानल्लज़ी ख़-ल-क़ल्-अज़्वा-ज कुल्लहा मिम्मा तुम्बितुल्-अर्ज़ु व मिन् अन्फ़ुसिहिम् व मिम्मा ला यअ्-लमून ८(३६) व आयतुल् लहुमुल्लैलु ८ नस् लख़ु मिन्हुन्नहा - र फ़-इज़ा हुम् मुज़्लिमून ॥ (३७) वश्शम्सु तज्री लिमुस्तक़र्रिल्-लहा ७ ज़ालि-क तक़्दीरुल्-अज़ीज़िल्-अलीम ७ (३८) वल्-क़-म-र क़द्दर्नाहु मनाज़ि-ल ह़त्ता आ-द कल्-अुर्जूनिल्-क़दीम (३९)

وَمَا لِيَ ٢٣ ٧٥٣ يٰسٓ ٣٦

وَمَا لِيَ لَآ أَعْبُدُ الَّذِي فَطَرَنِي وَإِلَيْهِ تُرْجَعُونَ ۝ ءَأَتَّخِذُ
مِن دُونِهِ آلِهَةً إِن يُرِدْنِ الرَّحْمَٰنُ بِضُرٍّ لَّا تُغْنِ عَنِّي شَفَاعَتُهُمْ
شَيْئًا وَلَا يُنقِذُونِ ۝ إِنِّي إِذًا لَّفِي ضَلَالٍ مُّبِينٍ ۝ إِنِّي آمَنتُ
بِرَبِّكُمْ فَاسْمَعُونِ ۝ قِيلَ ادْخُلِ الْجَنَّةَ قَالَ يَا لَيْتَ قَوْمِي يَعْلَمُونَ
بِمَا غَفَرَ لِي رَبِّي وَجَعَلَنِي مِنَ الْمُكْرَمِينَ ۝ وَمَا أَنزَلْنَا عَلَىٰ
قَوْمِهِ مِن بَعْدِهِ مِن جُندٍ مِّنَ السَّمَاءِ وَمَا كُنَّا مُنزِلِينَ ۝
إِن كَانَتْ إِلَّا صَيْحَةً وَاحِدَةً فَإِذَا هُمْ خَامِدُونَ ۝ يَا حَسْرَةً عَلَى
الْعِبَادِ مَا يَأْتِيهِم مِّن رَّسُولٍ إِلَّا كَانُوا بِهِ يَسْتَهْزِئُونَ ۝ أَلَمْ يَرَوْا
كَمْ أَهْلَكْنَا قَبْلَهُم مِّنَ الْقُرُونِ أَنَّهُمْ إِلَيْهِمْ لَا يَرْجِعُونَ ۝ وَإِن كُلٌّ
لَّمَّا جَمِيعٌ لَّدَيْنَا مُحْضَرُونَ ۝ وَآيَةٌ لَّهُمُ الْأَرْضُ الْمَيْتَةُ أَحْيَيْنَاهَا وَ
أَخْرَجْنَا مِنْهَا حَبًّا فَمِنْهُ يَأْكُلُونَ ۝ وَجَعَلْنَا فِيهَا جَنَّاتٍ مِّن نَّخِيلٍ وَ
أَعْنَابٍ وَفَجَّرْنَا فِيهَا مِنَ الْعُيُونِ ۝ لِيَأْكُلُوا مِن ثَمَرِهِ وَمَا عَمِلَتْهُ
أَيْدِيهِمْ أَفَلَا يَشْكُرُونَ ۝ سُبْحَانَ الَّذِي خَلَقَ الْأَزْوَاجَ كُلَّهَا مِمَّا
تُنبِتُ الْأَرْضُ وَمِنْ أَنفُسِهِمْ وَمِمَّا لَا يَعْلَمُونَ ۝ وَآيَةٌ لَّهُمُ اللَّيْلُ
نَسْلَخُ مِنْهُ النَّهَارَ فَإِذَا هُم مُّظْلِمُونَ ۝ وَالشَّمْسُ تَجْرِي لِمُسْتَقَرٍّ لَّهَا
ذَٰلِكَ تَقْدِيرُ الْعَزِيزِ الْعَلِيمِ ۝ وَالْقَمَرَ قَدَّرْنَاهُ مَنَازِلَ حَتَّىٰ عَادَ
كَالْعُرْجُونِ الْقَدِيمِ ۝ لَا الشَّمْسُ يَنبَغِي لَهَا أَن تُدْرِكَ الْقَمَرَ وَلَا

※ व. ग़ुफ़रान ★रु. २/१ आ २०

इबादत न करूं, जिस ने मुझे पैदा किया और उसी की तरफ़ तुम को लौट कर जाना है। (२२) क्या मैं उन को छोड़ कर औरों को माबूद बनाऊं ? अगर ख़ुदा मेरे हक़ में नुक़सान करना चाहे, तो उन की सिफ़ारिश मुझे कुछ भी फ़ायदा न दे सके और न वे मुझे छुड़ा ही सकें। (२३) तब तो मैं खुली गुमराही में पड़ गया। (२४) मैं तुम्हारे परवरदिगार पर ईमान लाया हूं, सो मेरी बात सुन रखो। (२५) हुक्म हुआ कि बहिश्त में दाख़िल हो जा। बोला, काश ! मेरी क़ौम को ख़बर हो, (२६) कि ख़ुदा ने मुझे बख़्श दिया और इज़्ज़त वालों में किया। (२७) और हमने उस के बाद उस की क़ौम पर कोई लश्कर नहीं उतारा और न हम उतारने वाले थे ही। (२८) वह तो सिर्फ़ एक चिंघाड़ की (आग थी,) सो वे (इस से) यकायक बुझ कर रह गये। (२९) बन्दों पर अफ़सोस ※ है कि उन के पास कोई पैग़म्बर नहीं आता, मगर उस का मज़ाक़ उड़ाते हैं। (३०) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि हमने उन से बहुत से लोगों को हलाक कर दिया था। अब वे उन की तरफ़ लौट कर नहीं आएंगे। (३१) और सब के सब हमारे सामने हाज़िर किए जाएंगे। (३२)★

और एक निशानी उन के लिए मुर्दा ज़मीन है कि हम ने उस को ज़िंदा किया और उसमें से अनाज उगाया, फिर ये उस में से खाते हैं। (३३) और उस में खजूरों और अंगूरों के बाग़ पैदा किए और उस में चश्मे जारी किए, (३४) ताकि ये उन के फल खाएं और उन के हाथों ने तो उन को नहीं बनाया, तो फिर क्या ये शुक्र नहीं करते ? (३५) वह ख़ुदा पाक है, जिस ने ज़मीन के, पेड़-पौधों के और ख़ुद उन के और जिन चीज़ों की उन को ख़बर नहीं, सब के जोड़े बनाए। (३६) और एक निशानी उन के लिए रात है कि उस में से हम दिन को खींच लेते हैं, तो उस वक़्त उन पर अंधेरा छा जाता है। (३७) और सूरज अपने मुक़र्रर रास्ते पर चलता रहता है। यह (ख़ुदा-ए-) ग़ालिब (और) दाना का (मुक़र्रर किया हुआ) अन्दाज़ा है। (३८) और चांद की भी हम ने मंज़िलें मुक़र्रर कर दीं, यहां तक कि (घटते-घटते) खजूर की पुरानी शाख़ की तरह हो जाता है। (३९)

※ व. ग़ुफ़रान ★रु. २/१ आ २०

लश्शम्सु यम्बग़ी लहा अन् तुद्‌रिकल्-क़-म-र व लल्लैलु साबिक़ुन्नहारि॰ व कुल्लुन् फ़ी फ़-लकिंय्यस्बहून (४०) व आयतुल्लहुम् अन्ना ह्-मल्ना ज़ुर्रिय्य-त-हुम् फ़िल्-फ़ुल्किल्-मश्हून ॥(४१) व ख़-लक़्ना लहुम् मिम्-मिस्लिही मा यर्कबून (४२) व इन्न-शअ् नुग़्रिक़्-हुम् फ़ला सरी-ख़ लहुम् व ला हुम् युन्क़ज़ून ॥(४३) इल्ला रह्-म-तम्-मिन्ना व मताअन् इला ही-न् (४४) व इज़ा क़ी-ल लहुमुत्तक़ू मा बै-न ऐदीकुम् व मा ख़ल्फ़कुम् ल-अ़ल्लकुम् तुर्हमून (४५) व मा तअ्तीहिम् मिन् आयतिम्मिन् आयाति रब्बिहिम् इल्ला कानू अन्हा मुअ्-रिज़ीन (४६) व इज़ा क़ी-ल लहुम् अन्फ़िक़ू मिम्मा र-ज़-क़कुमुल्लाहु ॥ क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू लिल्लज़ी-न आमनू अ-नुत्‌अिमु मल्लौ यशाउल्लाहु अत्-अ-मह् इन् अन्तुम् इल्ला फ़ी ज़लालिम् - मुबीन (४७) व यक़ूलू-न मता हाज़ल्‌वअ्-दु इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (४८) मा यन्ज़ुरू-न इल्ला सैहतंव्वाहि-द-तन् तअ्-ख़ुज़ुहुम् व हुम् यख़िस्सिमून (४९) फ़ला यस्ततीअू-न तौसि-य-तंव-व ला इला अह्‌लिहिम् यर्जिअून ★ (५०) व नुफ़ि-ख़ फ़िस्सूरि फ़-इज़ा हुम् मिनल्-अज्दासि इला रब्बिहिम् यन्सिलून (५१) क़ालू यावैलना मम्ब-अ-स्ना मिम्-मर्क़दिना ※ हाज़ा मा व-अ-दर्रह्मानु व स-द-क़ल्-मुर्सलून (५२) इन् कानत् इल्ला सैहतंव्वाहि-द-तन् फ़इज़ा हुम् जमीअुल्लदैना मुह्ज़रून (५३) फ़ल्यौ-म ला तुज़्लमु नफ़्सुन् शैअंव्-व ला तुज्ज़ौ-न इल्ला मा कुन्तुम् तअ्-मलून (५४) इन्न अस्हाबल्-जन्नतिल्-यौ-म फ़ी शुग़ुलिन् फ़ाकिहून (५५) हुम् व अज़्वाजुहुम् फ़ी ज़िलालिन् अ-लल्-अराइकि मुत्तकिऊन (५६) लहुम् फ़ीहा फ़ाकिहतुंव्-व लहुम् मा यद्दअून (५७) सलामुन् क़ौलम् - मिर्रब्बिर्-रहीम (५८) वम्ताज़ुल् यौ-म अय्युहल् - मुज्रिमून (५९)

اللَّيْلُ سَابِقُ النَّهَارِ ۚ وَكُلٌّ فِي فَلَكٍ يَسْبَحُونَ ۝ وَآيَةٌ لَّهُمْ أَنَّا حَمَلْنَا
ذُرِّيَّتَهُمْ فِي الْفُلْكِ الْمَشْحُونِ ۝ وَخَلَقْنَا لَهُم مِّن مِّثْلِهِ مَا
يَرْكَبُونَ ۝ وَإِن نَّشَأْ نُغْرِقْهُمْ فَلَا صَرِيخَ لَهُمْ وَلَا هُمْ يُنقَذُونَ ۝ إِلَّا
رَحْمَةً مِّنَّا وَمَتَاعًا إِلَىٰ حِينٍ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُمُ اتَّقُوا مَا بَيْنَ
أَيْدِيكُمْ وَمَا خَلْفَكُمْ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُونَ ۝ وَمَا تَأْتِيهِم مِّنْ آيَةٍ
مِّنْ آيَاتِ رَبِّهِمْ إِلَّا كَانُوا عَنْهَا مُعْرِضِينَ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُمْ أَنفِقُوا
مِمَّا رَزَقَكُمُ اللَّهُ قَالَ الَّذِينَ كَفَرُوا لِلَّذِينَ آمَنُوا أَنُطْعِمُ مَن لَّوْ يَشَاءُ
اللَّهُ أَطْعَمَهُ إِنْ أَنتُمْ إِلَّا فِي ضَلَالٍ مُّبِينٍ ۝ وَيَقُولُونَ مَتَىٰ هَٰذَا
الْوَعْدُ إِن كُنتُمْ صَادِقِينَ ۝ مَا يَنظُرُونَ إِلَّا صَيْحَةً وَاحِدَةً
تَأْخُذُهُمْ وَهُمْ يَخِصِّمُونَ ۝ فَلَا يَسْتَطِيعُونَ تَوْصِيَةً وَلَا إِلَىٰ
أَهْلِهِمْ يَرْجِعُونَ ۝ وَنُفِخَ فِي الصُّورِ فَإِذَا هُم مِّنَ الْأَجْدَاثِ إِلَىٰ رَبِّهِمْ
يَنسِلُونَ ۝ قَالُوا يَا وَيْلَنَا مَن بَعَثَنَا مِن مَّرْقَدِنَا ۜ هَٰذَا مَا وَعَدَ
الرَّحْمَٰنُ وَصَدَقَ الْمُرْسَلُونَ ۝ إِن كَانَتْ إِلَّا صَيْحَةً وَاحِدَةً فَإِذَا هُمْ
جَمِيعٌ لَّدَيْنَا مُحْضَرُونَ ۝ فَالْيَوْمَ لَا تُظْلَمُ نَفْسٌ شَيْئًا وَلَا تُجْزَوْنَ
إِلَّا مَا كُنتُمْ تَعْمَلُونَ ۝ إِنَّ أَصْحَابَ الْجَنَّةِ الْيَوْمَ فِي شُغُلٍ فَاكِهُونَ ۝
هُمْ وَأَزْوَاجُهُمْ فِي ظِلَالٍ عَلَى الْأَرَائِكِ مُتَّكِئُونَ ۝ لَهُمْ فِيهَا فَاكِهَةٌ
وَلَهُم مَّا يَدَّعُونَ ۝ سَلَامٌ قَوْلًا مِّن رَّبٍّ رَّحِيمٍ ۝ وَامْتَازُوا

★रु. ३/२ आ १८ ※ व. लाज़िम, व. ग़ुफ़रान, व. मंज़िल

न तो सूरज ही से हो सकता है कि चांद को जा पकड़े और न रात ही दिन से पहले आ सकती है और सब अपने दायरे में तैर रहे हैं। (४०) और एक निशानी उन के लिए यह है कि हम ने उन की औलाद को भरी हुई कश्ती में सवार किया। (४१) और उन के लिए वैसी ही और चीजें पैदा कीं, जिन पर वे सवार होते हैं। (४२) और अगर हम चाहें, तो उन को डुबा दें, फिर न तो उन की कोई फ़रियाद सुनने वाला हो और न उन को रिहाई मिले, (४३) मगर यह हमारी रहमत और एक मुद्दत तक के फ़ायदे हैं। (४४) और जब उन से कहा जाता है कि जो तुम्हारे आगे और जो तुम्हारे पीछे है, उस से डरो ताकि तुम पर रहम किया जाए। (४५) और उन के पास उन के परवरदिगार की तरफ़ से कोई निशानी नहीं आयी, मगर उन से मुंह फेर लेते हैं। (४६) और जब उन से कहा जाता है कि जो रोज़ी खुदा ने तुम को दी है, उस में से खर्च करो, तो काफ़िर मोमिनों से कहते हैं कि भला हम उन लोगों को खाना खिलाएं, जिन को अगर खुदा चाहता, तो खुद खिला देता, तुम तो खुली ग़लती में हो। (४७) और कहते हैं कि अगर तुम सच कहते हो, तो यह वायदा कब (पूरा) होगा ? (४८) ये तो चिंघाड़ के इन्तिज़ार में हैं, जो उन को इस हाल में कि आपस में झगड़ रहे होंगे, आ पकड़ेगी। (४९) फिर न तो वसीयत कर सकेंगे और न अपने घर वालों में वापस जा सकेंगे। (५०)★

और (जिस वक़्त) सूर[1] फूंका जाएगा, यह क़ब्रों से (निकल कर) अपने परवरदिगार की तरफ़ दौड़ पड़ेंगे। (५१) कहेंगे, (ऐ हे!) हमें हमारी ख्वाबगाहों से किस ने (जगा) उठाया ※ यह वही तो है जिस का खुदा ने वायदा किया था और पैग़म्बरों ने सच कहा था। (५२) सिर्फ़ एक ज़ोर की आवाज़ का होना होगा कि सब के सब हमारे सामने आ हाज़िर होंगे। (५३) उस दिन किसी शख्स पर कुछ भी ज़ुल्म नहीं किया जाएगा और तुम को बदला वैसा ही मिलेगा, जैसे तुम काम करते थे। (५४) जन्नत वाले उस दिन ऐश व निशात के मश्ग़ले में होंगे, (५५) वे भी और उन की बीवियां भी, सायों में तख्तों पर तकिए लगाए बैठे होंगे। (५६) वहां उन के लिए मेवे और जो चाहेंगे, (मौजूद होगा)। (५७) परवरदिगार मेहरबान की तरफ़ से सलाम (कहा जाएगा)। (५८)

---

१. सूर दो बार फूंका जाएगा। पहली बार के बाद सब लोग बेहोश हो जाएंगे और उन पर नींद की हालत छा जाएगी। दूसरी बार के बाद सब ज़िंदा हो जाएंगे। चूंकि पहले सूर के बाद उन की हालत यह होगी कि गोया सो रहे हैं, इस लिए दूसरे सूर के बाद यह ख्याल करेंगे कि नींद से जागे हैं, तब कहेंगे कि ऐ हे! हम को किस ने जगा दिया।

★रु० ३/२ आ १८ ※व० लाज़िम व० ग़ुफ़रान व० मंज़िल

अ-लम् अअ्-हद् इलैकुम् या बनी आ-द-म अल्ला तअ्-बुदुश्शैता-न॰इन्नहू लकुम् अदुव्वुम् मुबीनुंव-(६०)- व अनिअ्-बुदूनी ※ हाज़ा सिरातुम्-मुस्तक़ीम (६१) व ल-क़द् अज़ल्-ल मिन्कुम् जिबिल्लन् कसीरन्॰ अ-फ़-लम् तकूनू तअ्-क़िलून (६२) हाज़िही जहन्नमुल्लती कुन्तुम् तूअदून (६३) इस्लौहल्-यौ-म बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (६४) अल्यौ-म नख़्तिमु अला अफ़्वाहिहिम् व तुकल्लिमुना ऐदीहिम् व तश्हदु अर्जुलुहुम् बिमा कानू यक्सिबून (६५) व लौ नशाउ ल-त-मस्ना अला अअ्-युनिहिम् फ़स्त-बक़ुस्-सिरा-त फ़-अन्ना युब्सिरून (६६) व लौ नशाउ ल-म-सख़्नाहुम् अला मकानतिहिम् फ़मस्तताअू मुज़िय्यंव्-व ला यर्जिअून ★ (६७) व मन् नुअम्मिर्हु नुनक्किस्हु फ़िल्ख़ल्क़ि॰ अ-फ़ला यअ्-क़िलून (६८) व मा अल्लम्नाहुश्-शिअ्-र व मा यम्बग़ी लहू॰ इन् हु-व इल्ला ज़िक्रुंव्-व क़ुर्आनुम्-मुबीनुल- (६९) लियुन्ज़ि-र मन् का-न हय्यंव्-व यहिक़्क़ल्-क़ौलु अलल्-काफ़िरीन (७०) अ-व लम् यरौ अन्ना ख़-लक़्ना लहुम् मिम्मा अमिलत् ऐदीना अन्आमन् फ़हुम् लहा मालिकून (७१) व ज़ल्लल्नाहा लहुम् फ़मिन्हा रकूबुहुम् व मिन्हा यअ्कुलून (७२) व लहुम् फ़ीहा मनाफ़िअु व मशारिबु॰ अ-फ़ला यश्कुरून (७३) वत्तख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि आलि-ह-तल्-लअल्लहुम् युन्सरून॰ (७४) ला यस्ततीअू-न नस्रहुम् व हुम् लहुम् जुन्दुम्-मुह्ज़रून (७५) फ़ला यह्ज़ुन्-क क़ौलुहुम् ※ इन्ना नअ्-लमु मा युसिर्रून व मा युअ्-लिनून (७६) अ-व लम् यरल्-इन्सानु अन्ना ख़-लक़्नाहु मिन् नुत्फ़तिन् फ़इज़ा हु-व ख़सीमुम्-मुबीन (७७) व ज़-र-ब लना म-स-लंव्-व नसि-य ख़ल्क़हू॰ क़ा-ल मंय्युह्यिल्-अिज़ा-म व हि-य रमीम (७८)

اليوم ايها المجرمون ۝ الم اعهد اليكم يبني ادم ان لا تعبدوا
الشيطن انه لكم عدو مبين ۝ وان اعبدوني هذا صراط
مستقيم ۝ ولقد اضل منكم جبلا كثيرا افلم تكونوا تعقلون ۝
هذه جهنم التي كنتم توعدون ۝ اصلوها اليوم بما كنتم تكفرون ۝
اليوم نختم على افواههم وتكلمنا ايديهم وتشهد ارجلهم بما
كانوا يكسبون ۝ ولو نشاء لطمسنا على اعينهم فاستبقوا الصراط
فانى يبصرون ۝ ولو نشاء لمسخنهم على مكانتهم فما استطاعوا
مضيا ولا يرجعون ۝ ومن نعمره ننكسه في الخلق افلا
يعقلون ۝ وما علمنه الشعر وما ينبغي له ان هو الا ذكر وقران
مبين ۝ لينذر من كان حيا ويحق القول على الكفرين ۝ او
لم يروا انا خلقنا لهم مما عملت ايدينا انعاما فهم لها ملكون ۝
وذللنها لهم فمنها ركوبهم ومنها ياكلون ۝ ولهم فيها منافع
ومشارب افلا يشكرون ۝ واتخذوا من دون الله الهة لعلهم
ينصرون ۝ لا يستطيعون نصرهم وهم لهم جند محضرون ۝
فلا يحزنك قولهم انا نعلم ما يسرون وما يعلنون ۝ اولم ير
الانسان انا خلقنه من نطفة فاذا هو خصيم مبين ۝ وضرب
لنا مثلا ونسي خلقه قال من يحي العظام وهي رميم ۝ قل

※ व. ग़ुफ़रान ★ रु. ४/३ आ १७ ※ व. लाज़िम

और गुनाहगारो ! तुम आज अलग हो जाओ। (५९) ऐ आदम की औलाद ! हम ने तुम से कह नहीं दिया था कि शैतान को न पूजना, वह तुम्हारा खुला दुश्मन है। (६०) और यह कि मेरी ही इबादत करना, यही सीधा रास्ता है। (६१) और उस ने तुम में से बहुत-सी खल्क़त को गुमराह कर दिया था, तो क्या तुम समझते नहीं थे ? (६२) यही वह जहन्नम है, जिस की तुम्हें खबर दी जाती थी। (६३) (सो,) जो तुम कुफ़्र करते रहे, उस के बदले आज इस में दाखिल हो जाओ। (६४) आज हम उन के मुंहों पर मुहर लगा देंगे और जो कुछ ये करते रहे थे, उन के हाथ हम से बयान कर देंगे और उन के पांव (उस की) गवाही देंगे। (६५) और अगर हम चाहें तो उन की आंखों को मिटा (कर अंधा कर) दें, फिर ये रास्ते को दौड़ें, तो कहां देख सकेंगे ? (६६) और हम चाहें तो उन की जगह उन की शक्लें बदल दें, फिर वहां से न आगे जा सकें, न पीछे लौट सकें। (६७)★

और जिस को हम बड़ी उम्र देते हैं, तो उसे खल्क़त में औंधा कर देते हैं,[1] तो क्या ये समझते नहीं ?[2] (६८) और हम ने उन (पैग़म्बर) को शेर कहना नहीं सिखाया और न वह उन को मुनासिब है। यह तो सिर्फ़ नसीहत और साफ़-साफ़ क़ुरआन (हिक्मत से भरा हुआ) है, (६९) ताकि उस शख्स को जो ज़िंदा हो, हिदायत का रास्ता दिखाए और काफ़िरों पर बात पूरी हो जाए। (७०) क्या उन्होंने नहीं देखा कि जो चीज़ें हमने अपने हाथों से बनायीं हम ने उन में से उन के लिए चारपाए पैदा कर दिए और ये उन के मालिक हैं। (७१) और उन को उन के क़ाबू में कर दिया, तो कोई तो उन में से उन की सवारी है और किसी को ये खाते हैं। (७२) और उन में उन के लिए (और) फ़ायदे और पीने की चीज़ें हैं, तो क्या ये शुक्र नहीं करते ? (७३) और उन्हों ने खुदा के सिवा (और) माबूद बना लिए हैं कि शायद (उन से) उन को मदद पहुंचे। (७४) (मगर) वे उन की मदद की (हरगिज़) ताक़त नहीं रखते और वे उन की फ़ौज हो कर हाज़िर किए जाएंगे।[3] (७५) तो उन की बातें तुम्हें ग़मनाक न कर दें ▨ यह जो कुछ छिपाते हैं और जो कुछ ज़ाहिर करते हैं, हमें सब मालूम हैं। (७६) क्या इंसान ने नहीं देखा कि हम ने उस को नुत्फ़े से पैदा किया, फिर वह तड़ाक-पड़ाक झगड़ने लगा। (७७) और हमारे बारे में मिसालें बयान करने लगा और अपनी पैदाइश को भूल गया, कहने लगा कि (जब) हड्डियां सड़-गल जाएंगी, तो इन को कौन ज़िंदा करेगा ? (७८) कह दो कि उन को वह ज़िंदा

---

१. यानी बच्चे से जवान करते हैं, फिर जवान से बूढ़ा कर देते हैं।

२. जो खुदा इन्सान की बनावट को इस तरह बदल देता है, वह इस पर भी क़ुदरत रखता है कि मुर्दों को जिला उठाए।

३. यानी क़ियामत के दिन, जहां से बुतपरस्त खुदा के सामने हाज़िर किए जाएंगे, वहां वह बुत भी, जो बुतपरस्तों का लश्कर होगा, जवाबदेही के लिए हाज़िर किया जाएगा। कुछ ने यही मतलब निकाले हैं कि वह यानी बुत खुद अपनी मदद तो कर सकते ही नहीं और बुतपरस्त उन की हिफ़ाज़त के लिए एक लश्कर बन कर उन के सामने मौजूद रहते हैं। ऐसे बे-अख़्तियार और बे-बस उन की क्या मदद करेंगे ?

▨ व. ग़ुफ़रान ★रु. ४/३ आ १७ ▨ व. लाज़िम

क़ुल् युह्-यीहल्लज़ी अन्श-अहा अव्व-ल मर्रतिन्, व हु-व बिकुल्लि ख़ल्क़िन् अ़लीमु-नि-ل (७६) ल्लज़ी ज-अ-ल लकुम् मिनश्-श-जरिल्-अख़्-ज़रि नारन् फ़इज़ा अन्तुम् मिन्हु तूक़िदून (८०) अ-व लैसल्लज़ी ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर्-ज़ बिक़ादिरिन् अ़ला अंय्यख़्लु-क़ मिस्लहुम्※ बला ق व हुवल्ख़ल्लाक़ुल्-अ़लीम (८१) इन्नमा अम्रुहू इज़ा अरा-द शैअन् अंय्यक़ू-ल लहू कुन् फ़-यकून (८२) फ़-सुब्हानल्लज़ी बियदिही म-लकूतु कुल्लि शैइं व-व इलैहि तुर्जअ़ून★(८३)

يُحْيِيهَا الَّذِي أَنشَأَهَا أَوَّلَ مَرَّةٍ وَهُوَ بِكُلِّ خَلْقٍ عَلِيمٌ ۝ الَّذِي
جَعَلَ لَكُم مِّنَ الشَّجَرِ الْأَخْضَرِ نَارًا فَإِذَا أَنتُم مِّنْهُ تُوقِدُونَ ۝
أَوَلَيْسَ الَّذِي خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ بِقَادِرٍ عَلَىٰ أَن يَخْلُقَ مِثْلَهُم
بَلَىٰ وَهُوَ الْخَلَّاقُ الْعَلِيمُ ۝ إِنَّمَا أَمْرُهُ إِذَا أَرَادَ شَيْئًا أَن يَقُولَ لَهُ كُن
فَيَكُونُ ۝ فَسُبْحَانَ الَّذِي بِيَدِهِ مَلَكُوتُ كُلِّ شَيْءٍ وَإِلَيْهِ تُرْجَعُونَ ۝

سُورَةُ الصَّافَّاتِ

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

وَالصَّافَّاتِ صَفًّا ۝ فَالزَّاجِرَاتِ زَجْرًا ۝ فَالتَّالِيَاتِ ذِكْرًا ۝ إِنَّ إِلَٰهَكُمْ
لَوَاحِدٌ ۝ رَّبُّ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَرَبُّ الْمَشَارِقِ ۝
إِنَّا زَيَّنَّا السَّمَاءَ الدُّنْيَا بِزِينَةٍ الْكَوَاكِبِ ۝ وَحِفْظًا مِّن كُلِّ شَيْطَانٍ
مَّارِدٍ ۝ لَّا يَسَّمَّعُونَ إِلَى الْمَلَإِ الْأَعْلَىٰ وَيُقْذَفُونَ مِن كُلِّ جَانِبٍ ۝
دُحُورًا وَلَهُمْ عَذَابٌ وَاصِبٌ ۝ إِلَّا مَنْ خَطِفَ الْخَطْفَةَ فَأَتْبَعَهُ
شِهَابٌ ثَاقِبٌ ۝ فَاسْتَفْتِهِمْ أَهُمْ أَشَدُّ خَلْقًا أَم مَّنْ خَلَقْنَا إِنَّا خَلَقْنَاهُم
مِّن طِينٍ لَّازِبٍ ۝ بَلْ عَجِبْتَ وَيَسْخَرُونَ ۝ وَإِذَا ذُكِّرُوا لَا
يَذْكُرُونَ ۝ وَإِذَا رَأَوْا آيَةً يَسْتَسْخِرُونَ ۝ وَقَالُوا إِنْ هَٰذَا إِلَّا
سِحْرٌ مُّبِينٌ ۝ أَإِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا وَعِظَامًا أَإِنَّا لَمَبْعُوثُونَ ۝
أَوَآبَاؤُنَا الْأَوَّلُونَ ۝ قُلْ نَعَمْ وَأَنتُمْ دَاخِرُونَ ۝ فَإِنَّمَا هِيَ

३७ सूरतुस्साफ़्फ़ाति ५६

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३६५१ अक्षर, ८७३ शब्द, १८२ आयतें और ५ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीम •

वस्साफ़्फ़ाति सफ़्फ़न् لا (१) फ़ज़्ज़ाजिराति ज़ज्रन् لا (२) फ़त्तालियाति ज़िक्रन् لا (३) इन्-न इलाहकुम् ल-वाहिद ط (४) रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा व रब्बुल्-मशारिक़ ط (५) इन्ना ज़य्यन्नस्समा-अद्दुन्या बिज़ीनतिनिल्-कवाकिब لا (६) व हिफ़्ज़म्-मिन् कुल्लि शैतानिम्-मारिद ج (७) ला यस्सम्मअ़ू-न इलल्-म-ल-इल्-अअ़्-ला व युक़्ज़फ़ू-न मिन् कुल्लि जानिब ق (८) दुहूरंव्-व लहुम् अ़ज़ाबुंव्वासिब لا (९) इल्ला मन् ख़तिफ़ल्-ख़त्फ़-त फ़-अत्ब-अ़हू शिहाबुन् साक़िब (१०) फ़स्तफ़्तिहिम् अहुम् अशद्दु ख़ल्क़न् अम्मन् ख़-लक़्ना, इन्ना ख़-लक़्नाहुम् मिन् तीनिल्-लाज़िब (११) बल् अ़जिब-त व यस्ख़रून ص (१२) व इज़ा ज़ुक्किरू ला यज़्कुरून ص (१३) व इज़ा रऔ आयतंय्यस्तस्ख़िरून ص (१४) व क़ालू इन् हाज़ा इल्ला सिह्रुम्-मुबीन صلے (१५) अ-इज़ा मित्ना व कुन्ना तुराबंव्-व अ़िज़ामन् अ-इन्ना ल-मब्ऊ़सून لا (१६) अ-व आबाउनल्-अव्वलून ط (१७) क़ुल् न-अ़म् व अन्तुम् दाख़िरून ج (१८)

※ व. ग़ुफ़रान ★रु. ५/४ आ १६

करेगा, जिस ने उन को पहली बार पैदा किया था और वह सब क़िस्म का पैदा करना जानता है। (७९) (वही) जिस ने तुम्हारे लिए हरे पेड़ से आग पैदा की, फिर तुम उस (की टहनियों को रगड़ कर उन) से आग निकालते हो।[1] (८०) भला जिस ने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया, क्या वह इस पर क़ुदरत नहीं रखता कि (उन को फिर) वैसे ही पैदा कर दें ※ क्यों नहीं, और वह तो बड़ा पैदा करने वाला (और) इल्म वाला है। (८१) उस की शान यह है कि जब वह किसी चीज़ का इरादा करता है, तो उस से फ़रमा देता है कि हो जा, तो वह हो जाती है। (८२) वह (ज़ात) पाक है, जिस के हाथ में हर चीज़ की बादशाही है और उस की तरफ़ तुम को लौट कर जाना है। (८३)★

३७ सूरः साफ़्फ़ात ५६

सूरः साफ़्फ़ात मक्की है, इस में एक सौ बयासी आयतें और पांच रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क़सम सफ़ बांधने वालों की, परा जमा कर,[2] (१) फिर डांटने वालों की, झिड़क कर,[3] (२) फिर ज़िक्र (यानी क़ुरआन) पढ़ने वालों की,[4] (ग़ौर कर-कर)[5], (३) कि तुम्हारा माबूद एक ही है, (४) जो आसमानों और ज़मीन और जो चीज़ें इन में हैं, सब का मालिक है और सूरज के निकलने की जगहों का भी मालिक है। (५) बेशक हम ही ने दुनिया के आसमान को सितारों की ज़ीनत से सजाया। (६) और हर शैतान सरकश से उस की हिफ़ाज़त की, (७) कि ऊपर की मज्लिस की तरफ़ कान न लगा सकें और हर तरफ़ से (उन पर अंगारे) फेंके जाते हैं। (८) (यानी वहां से) निकाल देने को और उन के लिए हमेशा का अज़ाब है। (९) हां, जो कोई (फ़रिश्तों की किसी बात को) चोरी से झपट लेना चाहता है, तो जलता हुआ अंगारा उस के पीछे लगता है। (१०) तो उन से पूछो कि उन का बनाना मुश्किल है या जितनी ख़ल्क़त हमने बनायी है उन का? उन्हें हमने चिपकते गारे से बनाया है। (११) हां, तो तुम ताज्जुब करते हो और ये मज़ाक़ उड़ाते हैं। (१२) और जब उन को नसीहत दी जाती है, तो नसीहत क़ुबूल नहीं करते। (१३) और जब कोई निशानी देखते हैं, तो ठट्ठे करते हैं। (१४) और कहते हैं कि यह तो खुला जादू है, (१५) भला जब हम मर गये और मिट्टी और हड्डियां हो गये, तो क्या फिर उठाए जाएंगे? (१६) और क्या हमारे बाप-दादा भी (जो) पहले (हो गुज़रे हैं)? (१७)

---

१. कहते हैं कि बांस या कुछ और पेड़ ऐसे हैं कि रहते तो हरे हैं, लेकिन अगर उन की शाख़ों को रगड़ा जाए, तो उन में से आग निकलती है और यह ख़ुदा की बहुत बड़ी क़ुदरत की दलील है।

२. सफ़ बांधने वालों से मुराद या तो मुजाहिद हैं, जो लड़ाई के बाद में सफ़ बांध कर खड़े होते हैं या नमाज़ी या फ़रिश्ते कि वे भी सफ़ में मिल कर और पैर जमा कर खड़े होते हैं।

३. डांटने वालों से या तो ग़ाज़ी मुराद हैं, जो अपने घोड़ों को दूर से डांट कर हमला करते हैं या रब्बानी इल्म रखने वाले मुराद हैं, जो लोगों को गुनाह करने पर गुनाह से रोकने के लिए डांटते हैं।

४. फ़रिश्ते खड़े होते हैं क़तार हो कर अल्लाह का हुक्म सुनने को, फिर झिड़कते हैं शैतानों को, जो सुनने को जा लगते हैं, फिर जब उतर चुका, उस को जा लगते हैं, फिर जब उतर चुका, उस को पढ़ते हैं एक दूसरे को बताने को।

५. क़ुरआन पढ़ने वालों से या तो वे लोग मुराद हैं, जो लड़ाई से फ़ारिग़ हो कर क़ुरआन की तिलावत में लग जाते

(शेष पृष्ठ ७११ पर)

※ व. ग़ुफ़रान ★रु. ५/४ आ १६

फ़-इन्नमा हि-य ज़ज्रतुंव्वाहि-द-तुन् फ़इज़ा हुम् यन्ज़ुरून (१९) व क़ालू या वैलना हाज़ा यौमुद्दीन (२०) हाज़ा यौमुल्-फ़स्लिल्लज़ी कुन्तुम् बिही तुकज़्ज़िबून ★ (२१) उह्शुरुल्लज़ी-न ज़-लमू व अज़्वाजहुम् व मा कानू यअ्-बुदून (२२) मिन् दूनिल्-लाहि फ़ह्दूहुम् इला सिरातिल् जहीम ● (२३) व क़िफ़ूहुम् इन्नहुम् मस्ऊलून (२४) मा लकुम् ला तनासरून (२५) बल् हुमुल्यौ-म मुस्तस्लिमून (२६) व अक़्ब-ल बअ्-ज़ुहुम् अला बअ्-ज़िंय्य-त-सा-अलून (२७) क़ालू इन्नकुम् कुन्तुम् तअ्-तूनना अनिल्यमीन (२८) क़ालू बल् लम् तकूनू मुअ्मिनीन ट (२९) व मा का-न लना अलैकुम् मिन् सुल्तानिन् ट बल् कुन्तुम् क़ौमन् ताग़ीन (३०) फ़-हक़्-क़ अलैना क़ौलु रब्बिना ट इन्ना ल-ज़ाइ-क़ून (३१) फ़-अग़्वैनाकुम् इन्ना कुन्ना ग़ावीन (३२) फ़-इन्नहुम् यौमइज़िन् फ़िल्अज़ाबि मुश्तरिकून (३३) इन्ना कज़ालि-क नफ़्अलु बिल्-मुज्रिमीन (३४) इन्नहुम् कानू इज़ा क़ी-ल लहुम् ला इला-ह इल्लल्लाहु यस्तक्बिरून (३५) व यक़ूलू-न अ-इन्ना ल-तारिकू आलिहतिना लिशाअिरिम्-मज्नून (३६) बल् जा-अ बिल्हक़्क़ि व सद्-द-क़ल्-मुर्सलीन (३७) इन्नकुम् लज़ाइक़ुल्-अज़ाबिल्-अलीम (३८) व मा तुज्ज़ौ-न इल्ला मा कुन्तुम् तअ्-मलून (३९) इल्ला अिबादल्लाहिल्-मुख़्-लसीन (४०) उलाइ-क लहुम् रिज़्क़ुम्-मअ्-लूम (४१) फ़वाकिहु ट व हुम् मुक्रमून (४२) फ़ी जन्नातिन्नअीम् (४३) अला सुरुरिम्-मु-त-क़ाबिलीन (४४) युताफ़ु अलैहिम् बिकअ्-सिम्-मिम्मअीनिम्- (४५) बैज़ा-अ लज़्ज़तिल्-लिश्शारिबीन (४६) ला फ़ीहा ग़ौलुंव्-व ला हुम् अन्हा युन्ज़फ़ून (४७) व अिन्दहुम् क़ासिरातुत्तर्फ़ि अीनुन् (४८)

زَجْرَةٌ وَّاحِدَةٌ فَإِذَا هُمْ يَنْظُرُونَ ۝ وَقَالُوا يَا وَيْلَنَا هَٰذَا يَوْمُ
الدِّينِ ۝ هَٰذَا يَوْمُ الْفَصْلِ الَّذِي كُنْتُمْ بِهِ تُكَذِّبُونَ ۝ اُحْشُرُوا
الَّذِينَ ظَلَمُوا وَأَزْوَاجَهُمْ وَمَا كَانُوا يَعْبُدُونَ ۝ مِنْ دُونِ اللَّهِ
فَاهْدُوهُمْ إِلَىٰ صِرَاطِ الْجَحِيمِ ۝ وَقِفُوهُمْ إِنَّهُمْ مَسْئُولُونَ ۝ مَا
لَكُمْ لَا تَنَاصَرُونَ ۝ بَلْ هُمُ الْيَوْمَ مُسْتَسْلِمُونَ ۝ وَأَقْبَلَ بَعْضُهُمْ
عَلَىٰ بَعْضٍ يَتَسَاءَلُونَ ۝ قَالُوا إِنَّكُمْ كُنْتُمْ تَأْتُونَنَا عَنِ الْيَمِينِ ۝
قَالُوا بَلْ لَمْ تَكُونُوا مُؤْمِنِينَ ۝ وَمَا كَانَ لَنَا عَلَيْكُمْ مِنْ سُلْطَانٍ
بَلْ كُنْتُمْ قَوْمًا طَاغِينَ ۝ فَحَقَّ عَلَيْنَا قَوْلُ رَبِّنَا إِنَّا لَذَائِقُونَ ۝
فَأَغْوَيْنَاكُمْ إِنَّا كُنَّا غَاوِينَ ۝ فَإِنَّهُمْ يَوْمَئِذٍ فِي الْعَذَابِ
مُشْتَرِكُونَ ۝ إِنَّا كَذَٰلِكَ نَفْعَلُ بِالْمُجْرِمِينَ ۝ إِنَّهُمْ كَانُوا إِذَا
قِيلَ لَهُمْ لَا إِلَٰهَ إِلَّا اللَّهُ يَسْتَكْبِرُونَ ۝ وَيَقُولُونَ أَئِنَّا لَتَارِكُوا
آلِهَتِنَا لِشَاعِرٍ مَجْنُونٍ ۝ بَلْ جَاءَ بِالْحَقِّ وَصَدَّقَ الْمُرْسَلِينَ ۝ إِنَّكُمْ
لَذَائِقُو الْعَذَابِ الْأَلِيمِ ۝ وَمَا تُجْزَوْنَ إِلَّا مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُونَ ۝
إِلَّا عِبَادَ اللَّهِ الْمُخْلَصِينَ ۝ أُولَٰئِكَ لَهُمْ رِزْقٌ مَعْلُومٌ ۝ فَوَاكِهُ
وَهُمْ مُكْرَمُونَ ۝ فِي جَنَّاتِ النَّعِيمِ ۝ عَلَىٰ سُرُرٍ مُتَقَابِلِينَ ۝
يُطَافُ عَلَيْهِمْ بِكَأْسٍ مِنْ مَعِينٍ ۝ بَيْضَاءَ لَذَّةٍ لِلشَّارِبِينَ ۝
لَا فِيهَا غَوْلٌ وَلَا هُمْ عَنْهَا يُنْزَفُونَ ۝ وَعِنْدَهُمْ قَاصِرَاتُ الطَّرْفِ

★रु. १/५ आ २१ ● रुबअ् १/४

कह दो कि हां, और तुम ज़लील होगे। (१८) वह तो एक ज़ोर की आवाज़ होगी और ये उस वक़्त देखने लगेंगे। (१९) और कहेंगे, हाय शामत! यही बदले का दिन है। (२०) (कहा जाएगा कि हां,) फ़ैसले का दिन, जिस को तुम झूठ समझते थे, यही है। (२१)★

जो लोग ज़ुल्म करते थे, उन को और उन के हमजिंसों को और जिन की वे पूजा करते थे, (सब को) जमा कर लो। (२२) (यानी जिन को) ख़ुदा के सिवा (पूजा करते थे) फिर उन को जहन्नम के रास्ते पर चला दो● (२३) और उन को ठहराए रखो कि उन से (कुछ) पूछना है। (२४) तुम को क्या हुआ कि एक दूसरे की मदद नहीं करते, (२५) बल्कि आज तो वे फ़रमांबरदार हैं। (२६) और एक दूसरे की तरफ़ रुख़ कर के सवाल (व जवाब) करेंगे। (२७) कहेंगे, क्या तुम ही हमारे पास दाएं (और बाएं) से आते थे। (२८) वे कहेंगे, बल्कि तुम ही ईमान लाने वाले न थे। (२९) और हमारा तुम पर कुछ ज़ोर न था, बल्कि तुम सर-कश लोग थे। (३०) सो हमारे बारे में हमारे परवरदिगार की बात पूरी हो गयी, अब हम मज़े चखेंगे। (३१) हमने तुम को भी गुमराह किया (और) हम ख़ुद भी गुमराह थे। (३२) पस वे उस दिन अज़ाब में एक दूसरे के शरीक होंगे। (३३) हम गुमराहों के साथ ऐसा ही किया करते हैं। (३४) उन का यह हाल था कि जब उन से कहा जाता था कि ख़ुदा के सिवा कोई माबूद नहीं, तो घमंड करते थे। (३५) और कहते थे कि भला हम एक दीवाने शायर के कहने से कहीं अपने माबूदों को छोड़ देने वाले हैं। (३६) (नहीं) बल्कि वे हक़ ले कर आए हैं और (पहले) पैग़म्बरों को सच्चा कहते हैं। (३७) बेशक तुम तक्लीफ़ देने वाले अज़ाब का मज़ा चखने वाले हो। (३८) और तुम को बदला वैसा ही मिलेगा, जैसे तुम काम करते थे, (३९) मगर जो ख़ुदा के ख़ास बन्दे हैं। (४०) यही लोग हैं, जिन के लिए रोज़ी मुक़र्रर है। (४१) (यानी) मेवे और उन का एज़ाज़ किया जाएगा। (४२) नेमत के बाग़ों में, (४३) एक दूसरे के सामने तख़्तों पर (बैठे होंगे), (४४) शराबे लतीफ़ के जाम का उन में दौर चल रहा होगा, (४५) जो रंग की सफ़ेद और पीने वालों के लिए (सरासर) लज़्ज़त होगी, (४६) न उस से सर-दर्द हो और न वे उस से मतवाले हों, (४७) और उन के पास औरतें होंगी, जो निगाहें नीची रखती होंगी और आंखें बड़ी-बड़ी, (४८) गोया

(पृष्ठ ७०९ का शेष)

हैं या आम क़ुरआन पढ़ने वाले। चूंकि अल्लाह तआला ने इन ख़ूबियों के लोगों की क़स्में खायी हैं, इस लिए समझना चाहिए कि उस के नज़दीक उन की बड़ी बड़ाई है। 'ग़ौर कर-कर' लफ़्ज़ जो तर्जुमे में बढ़ाया गया है, इस से एक तो इबारत फ़ाफ़िएदार हो गयी है, दूसरे यह ज़ाहिर करना मक़्सूद है कि क़ुरआन का पढ़ना इसी शक्ल में मुफ़ीद हो सकता है और इस के पढ़ने से जो ग़रज़ है, वह तभी पूरी हो सकती है, जब ग़ौर व फ़िक्र कर के पढ़ा जाए। क़ुरआन मजीद का नाज़िल करने वाला फ़रमाता है, ऐ मुहम्मद! यह क़ुरआन एक बरकत वाली किताब है, जो हम ने तुम पर नाज़िल की है। मक़्सूद यह है कि लोग उस की आयतों पर ग़ौर करें और अक़्ल वाले उस से नसीहत पकड़ें।

★रु. १/५ आ २१ ●रुबुअ १/४

क-अन्नहुन्-न बैज़ुम्-मक्नून (४९) फ़-अक़्ब-ल बअ्-ज़ुहुम् अला बअ्-ज़िय्य-तसा-अलून (५०) क़ा-ल क़ाइलुम्-मिन्हुम् इन्नी का-न ली क़रीनु य्-(५१) - यक़ूलु अइन्न-क लमिनल्-मुसद्दिक़ीन (५२) अ-इज़ा मित्ना व कुन्ना तुराबंव्-व अिज़ा-मन् अ-इन्ना ल-मदीनून (५३) क़ा-ल हल् अन्तुम् मुत्तलिअून (५४) फ़त्त-ल-अ फ़-र-आहु फ़ी सवाइल्-जहीम (५५) क़ा-ल तल्लाहि इन् कित्-त ल-तुर्दीनि (५६) व लौ ला निअ्-मतु रब्बी लकुन्तु मिनल्-मुह्ज़रीन (५७) अ-फ़मा नह्नु बिमय्यितीन (५८) इल्ला मौत-त-नल्-ऊला व मा नह्नु बिमुअज़्ज़बीन (५९) इन्न हाज़ा लहुवल् - फ़ौज़ुल्-अज़ीम (६०) लिमिस्लि हाज़ा फ़ल्यअ्-मलिल्-आमिलून (६१) अ ज़ालि-क ख़ैरुन् नुज़ुलन् अम् श-ज-रतुज़्-ज़क़्क़ूम (६२) इन्ना ज-अल्नाहा फ़ित्-न-तल्-लिज़्ज़ालिमीन (६३) इन्नहा श-ज-रतुन् तख़्रुजु फ़ी अस्लिल्-जहीमि (६४) तल्अुहा क-अन्नहू रुऊसुश्-शयातीन (६५) फ़-इन्नहुम् ल-आकिलू-न मिन्हा फ़मालिऊ-न मिन्हल्-बुतून (६६) सुम्-म इन्-न लहुम् अलैहा लशौबम्-मिन् हमीम (६७) सुम्-म इन्-न मर्जि-अहुम् ल-इलल्-जहीम (६८) इन्नहुम् अल्फ़ौ आबा-अहुम् ज़ाल्लीन (६९) फ़हुम् अला आसा-रिहिम् युह्-रअून (७०) व ल-क़द् ज़ल्-ल क़ब्-लहुम् अक्सरुल्-अव्वलीन (७१) व ल-क़द् अर्सल्ना फ़ीहिम् मुन्ज़िरीन (७२) फ़न्ज़ुर् कै-फ़ का-न आक़िबतुल्-मुन्ज़रीन (७३) इल्ला अिबादल्लाहिल्-मुख़्-लसीन★(७४) व ल-क़द् नादाना नूहुन् फ़-लनिअ्-मल्-मुजीबून (७५) व नज्जैनाहु व अह्लहू मिनल्-कर्बिल्-अज़ीम (७६) व ज-अल्ना ज़ुर्रिय्य-तहू हुमुल्-बाक़ीन (७७) व त-रक्ना अलैहि फ़िल्-आख़िरीन (७८) सलामुन् अला नूहिन् फ़िल् - आलमीन (७९)

الصّٰفّٰت ٣٧ ٣٥٨ وما لي ٢٣

عِينٌ ۝ كَأَنَّهُنَّ بَيْضٌ مَّكْنُونٌ ۝ فَأَقْبَلَ بَعْضُهُمْ عَلَىٰ بَعْضٍ
يَتَسَاءَلُونَ ۝ قَالَ قَائِلٌ مِّنْهُمْ إِنِّي كَانَ لِي قَرِينٌ ۝ يَقُولُ أَئِنَّكَ
لَمِنَ الْمُصَدِّقِينَ ۝ أَإِذَا مِتْنَا وَكُنَّا تُرَابًا وَعِظَامًا أَإِنَّا لَمَدِينُونَ ۝
قَالَ هَلْ أَنتُم مُّطَّلِعُونَ ۝ فَاطَّلَعَ فَرَآهُ فِي سَوَاءِ الْجَحِيمِ ۝ قَالَ
تَاللَّهِ إِن كِدتَّ لَتُرْدِينِ ۝ وَلَوْلَا نِعْمَةُ رَبِّي لَكُنتُ مِنَ
الْمُحْضَرِينَ ۝ أَفَمَا نَحْنُ بِمَيِّتِينَ ۝ إِلَّا مَوْتَتَنَا الْأُولَىٰ وَمَا نَحْنُ
بِمُعَذَّبِينَ ۝ إِنَّ هَٰذَا لَهُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيمُ ۝ لِمِثْلِ هَٰذَا فَلْيَعْمَلِ
الْعَامِلُونَ ۝ أَذَٰلِكَ خَيْرٌ نُّزُلًا أَمْ شَجَرَةُ الزَّقُّومِ ۝ إِنَّا جَعَلْنَاهَا فِتْنَةً
لِّلظَّالِمِينَ ۝ إِنَّهَا شَجَرَةٌ تَخْرُجُ فِي أَصْلِ الْجَحِيمِ ۝ طَلْعُهَا كَأَنَّهُ
رُءُوسُ الشَّيَاطِينِ ۝ فَإِنَّهُمْ لَآكِلُونَ مِنْهَا فَمَالِئُونَ مِنْهَا الْبُطُونَ ۝
ثُمَّ إِنَّ لَهُمْ عَلَيْهَا لَشَوْبًا مِّنْ حَمِيمٍ ۝ ثُمَّ إِنَّ مَرْجِعَهُمْ لَإِلَى
الْجَحِيمِ ۝ إِنَّهُمْ أَلْفَوْا آبَاءَهُمْ ضَالِّينَ ۝ فَهُمْ عَلَىٰ آثَارِهِمْ يُهْرَعُونَ ۝
وَلَقَدْ ضَلَّ قَبْلَهُمْ أَكْثَرُ الْأَوَّلِينَ ۝ وَلَقَدْ أَرْسَلْنَا فِيهِم
مُّنذِرِينَ ۝ فَانظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُنذَرِينَ ۝ إِلَّا عِبَادَ اللَّهِ
الْمُخْلَصِينَ ۝ وَلَقَدْ نَادَانَا نُوحٌ فَلَنِعْمَ الْمُجِيبُونَ ۝ وَنَجَّيْنَاهُ
وَأَهْلَهُ مِنَ الْكَرْبِ الْعَظِيمِ ۝ وَجَعَلْنَا ذُرِّيَّتَهُ هُمُ الْبَاقِينَ ۝
وَتَرَكْنَا عَلَيْهِ فِي الْآخِرِينَ ۝ سَلَامٌ عَلَىٰ نُوحٍ فِي الْعَالَمِينَ ۝

★रु० २/६ आ ५३

वह महफ़ूज़ अंडे हैं, (४६) फिर वे एक दूसरे की तरफ़ रुख़ करके सवाल (व जवाब) करेंगे। (५०) एक कहने वाला उन में से कहेगा कि मेरा एक साथी था, (५१) (जो) कहता था कि भला तुम भी (ऐसी बातों के) मान लेने वालों में हो, (५२) भला जब हम मर गये और मिट्टी और हड्डियां हो गये तो क्या हम को बदला मिलेगा ? (५३) (फिर) कहेगा कि भला तुम (उसे) झांक कर देखना चाहते हो ? (५४) (इतने में) वह (ख़ुद) झांकेगा, तो उस को दोज़ख़ के बीच में देखेगा। (५५) कहेगा, कि ख़ुदा की क़सम ! तू तो मुझे हलाक ही कर चुका था। (५६) और अगर मेरे परवरदिगार की मेहरबानी न होती तो मैं भी उन में होता जो (अज़ाब में) हाज़िर किए गए हैं। (५७) क्या (यह नहीं कि) हम (आगे कभी) मरने के नहीं। (५८) हां, (जो) पहली बार मरना (था, सो मर चुके) और हमें अज़ाब भी नहीं होने का, (५६) बेशक यह बड़ी कामियाबी है। (६०) ऐसी ही (नेमतों) के लिए अमल करने वालों को अमल करने चाहिएं। (६१) भला यह मेहमानी अच्छी है या थूहर का पेड़? (६२) हमने उसको ज़ालिमों के लिए अज़ाब बना रखा है। (६३) वह एक पेड़ है कि जहन्नम के निचले हिस्से में उगेगा। (६४) उसके खोशे ऐसे होंगे, जैसे शैतानों के सर, (६५) सो वे उसी में से खाएंगे और उसी से पेट भरेंगे। (६६) फिर उस (खाने) के साथ उनको गर्म पानी मिला कर दिया जाएगा। (६७) फिर उनको दोज़ख़ की तरफ़ लौटाया जाएगा। (६८) उन्होंने अपने बाप-दादा को गुमराह ही पाया। (६६) सो वे उन्हीं के पीछे दौड़े चले जाते हैं। (७०) और उनसे पहले बहुत से पहले लोग भी गुमराह हो गये थे, (७१) और हमने उन में तंबीह करने वाले भेजे। (७२) सो देख लो, जिन को तंबीह की गयी थी, उन का अंजाम कैसा हुआ ? (७३) हां, ख़ुदा के ख़ास बन्दों (का अंजाम बहुत अच्छा हुआ)। (७४)★

और हम को नूह ने पुकारा, सो (देख लो कि) हम (दुआ को कैसे) अच्छे क़ुबूल करने वाले हैं। (७५) और हम ने उन को और उन के घर वालों को बड़ी मुसीबत से निजात दी। (७६) और उन की औलाद को ऐसा किया कि वही बाक़ी रह गये। (७७) और पीछे आने वालों में उन का (अच्छा) ज़िक्र (बाक़ी) छोड़ दिया। (७८) (यानी) तमाम जहान में (कि) नूह पर

★रु० २/६ आ ५३

इन्ना कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्सिनीन (८०) इन्नहू मिन् अिबादिनल्-मुअ्मिनीन (८१) सुम्-म अग्-रक़्-नल्-आख़रीन (८२) व इन्-न मिन् शी-अतिही ल-इब्राहीम※(८३) इज़् जा-अ रब्बहू बिक़ल-बिन् सलीम (८४) इज़् क़ा-ल लिअबीहि व क़ौमिही माज़ा तअ्-बुदून ८(८५) अ-इफ़्कन् आलि-ह-तन् दूनल्लाहि तुरीदून ७(८६) फ़ मा ज़न्नुकुम् बिरब्बिल्-आलमीन (८७) फ़-न-ज़-र नज़्-र-तन् फ़िन्नुजूमि ॥(८८) फ़ क़ा-ल इन्नी सक़ीम (८९) फ़-त-वल्लौ अन्हु मुद्बिरीन (९०) फ़रा-ग़ इला आलिहतिहिम् फ़-क़ा-ल अला तअ्-कुलून ८(९१) मा लकुम् ला तन्तिक़ून (९२) फ़रा-ग़ अलैहिम् ज़र्बम्-बिल्यमीन (९३) फ़-अक़्बलू इलैहि यज़िफ़्फ़ून (९४) क़ा-ल अ-तअ्-बुदू-न मा तन्हितून ॥(९५) वल्लाहु ख़-ल-क़कुम् व मा तअ्-मलून (९६) क़ालुब्नू लहू बुन्-यानन् फ़-अल्क़ूहु फ़िल्जहीम (९७) फ़-अरादू बिही कैदन् फ़-ज-अल्ना-हुमुल्-अस्-फ़लीन (९८) व क़ा-ल इन्नी ज़ाहिबुन् इला रब्बी स-यह्दीन (९९) रब्बि हब् ली मिनस्सालिहीन (१००) फ़-बश्शर्नाहु बिग़ुलामिन् हलीम (१०१) फ़-लम्मा ब-ल-ग़ म-अहुस्सअ्-य क़ा-ल या बुनय्-य इन्नी अरा फ़िल्मनामि अन्नी अज़्बहु-क फ़न्ज़ुर् माज़ा तरा ७ क़ा-ल या अ-बतिफ़्-अल् मा तुअ्-मरु ✓स-तजिदुनी इन् शाअल्लाहु मिनस्-साबिरीन (१०२) फ़-लम्मा अस्-लमा व तल्लहू लिल्जबीन ८(१०३) व नादैनाहु अंय्या इब्राहीम ॥(१०४) क़द् सद्-दक़्तर्-रुअ्या ८ इन्ना कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्सिनीन (१०५) इन्-न हाज़ा ल-हुवल्-बलाउल्-मुबीन (१०६) व फ़दैनाहु बिज़िब्हिन् अज़ीम (१०७) व त-रक्ना अलैहि फ़िल्-आख़िरीन (१०८) सलामुन् अला इब्राहीम (१०९) कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्सिनीन (११०) इन्नहू मिन् अिबादिनल्-मुअ्मिनीन (१११)

إنا كذلك نجزي المحسنين ۝ إنه من عبادنا المؤمنين ۝
ثم أغرقنا الآخرين ۝ وإن من شيعته لإبراهيم ۝ إذ جاء
ربه بقلب سليم ۝ إذ قال لأبيه وقومه ماذا تعبدون ۝
أئفكا آلهة دون الله تريدون ۝ فما ظنكم برب العالمين ۝
فنظر نظرة في النجوم ۝ فقال إني سقيم ۝ فتولوا عنه مدبرين ۝
فراغ إلى آلهتهم فقال ألا تأكلون ۝ ما لكم لا تنطقون ۝ فراغ
عليهم ضربا باليمين ۝ فأقبلوا إليه يزفون ۝ قال أتعبدون
ما تنحتون ۝ والله خلقكم وما تعملون ۝ قالوا ابنوا له بنيانا
فألقوه في الجحيم ۝ فأرادوا به كيدا فجعلناهم الأسفلين ۝
وقال إني ذاهب إلى ربي سيهدين ۝ رب هب لي من الصالحين ۝
فبشرناه بغلام حليم ۝ فلما بلغ معه السعي قال يا بني إني
أرى في المنام أني أذبحك فانظر ماذا ترى قال يا أبت افعل
ما تؤمر ستجدني إن شاء الله من الصابرين ۝ فلما أسلما
وتله للجبين ۝ وناديناه أن يا إبراهيم ۝ قد صدقت الرؤيا
إنا كذلك نجزي المحسنين ۝ إن هذا لهو البلاء المبين ۝
وفديناه بذبح عظيم ۝ وتركنا عليه في الآخرين ۝ سلام على
إبراهيم ۝ كذلك نجزي المحسنين ۝ إنه من عبادنا

※ व. लाज़िम

सलाम। (७६) भले लोगों को हम ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (८०) बेशक वह हमारे मोमिन बन्दों में से थे। (८१) फिर हमने दूसरों को डुबो दिया। (८२) और उन्हीं की पैरवी करने वालों में इब्राहीम थे (८३) जब वह अपने परवरदिगार के पास (ऐब से) पाक दिल लेकर आए। (८४) जब उन्हों ने अपने बाप से और अपनी क़ौम से कहा कि तुम किन चीज़ों को पूजते हो? (८५) क्यों झूठ (बनाकर) खुदा के सिवा और माबूदों की तलब में हो? (८६) भला दुनिया के परवरदिगार के बारे में तुम्हारा क्या ख्याल है ?[1] (८७) जब उन्हों ने सितारों की तरफ़ एक नज़र की। (८८) और कहा मैं तो बीमार हूं। (८९) तब वे उन से पीठ फेर कर लौट गये। (९०) फिर (इब्राहीम) उन के माबूद की तरफ़ मुतवज्जह हुए और कहने लगे कि तुम खाते क्यों नहीं ? (९१) तुम्हें क्या हुआ है, तुम बोलते नहीं ? (९२) फिर उन को दाहिने हाथ से मारना (और तोड़ना) शुरू किया।[2] (९३) तो वे लोग उन के पास दौड़े हुए आए। (९४) उन्हों ने कहा कि तुम ऐसी चीज़ों को क्यों पूजते हो, जिन को खुद तराशते हो, (९५) हालांकि तुम को और जो तुम बनाते हो, उस को खुदा ही ने पैदा किया है। (९६) वे कहने लगे कि इस के लिए इमारत बनाओ, फिर उस को आग के ढेर में डाल दो। (९७) ग़रज़ उन्हों ने उन के साथ एक चाल चलनी चाही और हमने उन्हीं को ज़ेर (पसपा) कर दिया। (९८) और इब्राहीम बोले कि मैं अपने परवरदिगार की तरफ़ जाने वाला हूं, वह मुझे रास्ता दिखाएगा। (९९) ऐ परवरदिगार ! मुझे (औलाद) अता फ़र्मा (जो) सआदतमंदों में से (हो) (१००) तो हमने उन को एक नर्मदिल लड़के की खुशखबरी दी, (१०१) जब वह उन को साथ दौड़ने (की उम्र) को पहुंचा, तो इब्राहीम ने कहा कि बेटा ! मैं सपना देखता हूं कि (गोया) तुम को ज़िब्ह कर रहा हूं, तो तुम सोचो कि तुम्हारा क्या ख्याल है ?[3] उन्हों ने कहा कि अब्बा, जो आप को हुक्म हुआ है, वही कीजिए। खुदा ने चाहा, तो आप मुझे सब्र करने वालों में पाइएगा। (१०२) जब दोनों ने हुक्म मान लिया, और बाप ने बेटे को माथे के बल लिटा दिया, (१०३) तो हमने उन को पुकारा कि ऐ इब्राहीम ! (१०४) तुम ने सपने को सच्चा कर दिखाया, हम मुह्सिनों को ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (१०५) बेशक यह खुली आज़माइश थी। (१०६) और हमने एक बड़ी क़ुर्बानी को उन का फ़िद्या दिया।[4] (१०७) और पीछे आने वालों में इब्राहीम का (अच्छा) ज़िक्र (बाक़ी) छोड़ दिया, (१०८) कि इब्राहीम पर सलाम हो। (१०९) मुह्सिनों को हम ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (११०) बेशक वह हमारे मोमिन बन्दों में से थे। (१११) और हमने उन को इस्हाक़

---

१. क्या वह तुम को शिर्क करने पर पकड़ेगा नहीं और यों ही छोड़ देगा ?

२. फिर वे लोग मेले में जाने लगे, तो हज़रत इब्राहीम अलै० से कहने लगे कि हमारे साथ मेले में चलिए। चूंकि वे लोग इस बात पर एतक़ाद रखते थे कि दुनिया का कारखाना सितारों की गर्दिश से चल रहा है, इस लिए हज़रत इब्राहीम ने सितारों पर एक नज़र की ताकि वे समझें कि जो हालत आप पर गुज़रे, वह सितारों की गर्दिश से होगी, तो आप ने कहा कि मैं तो बीमार हूं। यह उज़्र सुन कर वे चल दिए। इधर उन का जाना था, उधर आप ने उन के बुतों की तरफ़ तवज्जोह की और उन को तोड़ डाला।

३. इस में इख़्तिलाफ़ है कि बेटे से इस्माईल मुराद हैं या इस्हाक़। अक्सर तफ़्सीर लिखने वालों के नज़दीक इस्माईल मुराद हैं और यही सही है।

४. कहते हैं कि हज़रत इब्राहीम ने हज़रत इस्माईल को ज़िब्ह करने के लिए बड़ी कोशिश की, मगर छुरी ने जिस

(शेष पृष्ठ ७१७ पर)

व. लाज़िम

व बश्शर्-नाहु बिइस्हा-क़ नबिय्यम्-मिनस्सालिहीन (११२) व बारक्ना अलैहि व अला इस्हा-क़ व मिन् ज़ुर्रिय्यतिहिमा मुह्सिनुंव्-व ज़ालिमुल्-लिनफ़्सिही मुबीन ★ (११३) व ल-क़द् म-नन्ना अला मूसा व हारून (११४) व नज्जैनाहुमा व क़ौमहुमा मिनल्-कर्बिल्-अज़ीम (११५) व न-सर्-नाहुम् फ़-कानू हुमुल्-ग़ालिबीन (११६) व आतैनाहुमल्-किताबल्-मुस्तबीन (११७) व हदैना हुमस्सिरातल्-मुस्तक़ीम (११८) व त-रक्ना अलैहिमा फ़िल्-आख़िरीन (११९) सलामुन् अला मूसा व हारून (१२०) इन्ना कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्-सिनीन (१२१) इन्नहुमा मिन् अिबादिनल्-मुअ्मिनीन (१२२) व इन्-न इल्या-स लमिनल्-मुर्सलीन (१२३) इज़् क़ा-ल लिक़ौमिही अला तत्तक़ून (१२४) अ-तद्अू-न बअ्-लंव्-व त-ज़रू-न अह्-स-नल् ख़ालिक़ीन (१२५) अल्ला-ह रब्बकुम् व रब्-ब आबाइकुमुल्-अव्वलीन (१२६) फ़-कज़्ज़बूहु फ़-इन्नहुम् ल-मुह्ज़रून (१२७) इल्ला अिबादल्लाहिल्-मुख़्लसीन (१२८) व त-रक्ना अलैहि फ़िल्-आख़िरीन (१२९) सलामुन् अला इल्यासीन (१३०) इन्ना कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुह्सिनीन (१३१) इन्नहू मिन् अिबादिनल्-मुअ्मिनीन (१३२) व इन्-न लूतल्-लमिनल्-मुर्सलीन (१३३) इज़् नज्जैनाहु व अह्-लहू अज्मअीन (१३४) इल्ला अजूज़न् फ़िल्-ग़ाबिरीन (१३५) सुम्-म दम्मर्नल्-आख़रीन (१३६) व इन्नकुम् ल-तमुर्-रू-न अलैहिम् मुस्बिहीन (१३७) व बिल्लैलि अ-फ़ला तअ्-क़िलून ★ (१३८) व इन्-न यूनु-स लमिनल्-मुर्सलीन (१३९) इज़् अ-ब-क़ इलल्फ़ुल्किल्-मश्हूनि (१४०) फ़ सा-ह-म फ़का-न मिनल्-मुद्ह़ज़ीन (१४१) फ़ल्त-क़-महुल्-हूतु व हु-व मुलीम (१४२) फ़लौला अन्नहू का-न मिनल्-मुसब्बिहीन (१४३)

الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَبَشَّرْنَاهُ بِإِسْحَاقَ نَبِيًّا مِّنَ الصَّالِحِينَ ۝ وَبَارَكْنَا
عَلَيْهِ وَعَلَىٰ إِسْحَاقَ ۚ وَمِن ذُرِّيَّتِهِمَا مُحْسِنٌ وَظَالِمٌ لِّنَفْسِهِ مُبِينٌ ۝
وَلَقَدْ مَنَنَّا عَلَىٰ مُوسَىٰ وَهَارُونَ ۝ وَنَجَّيْنَاهُمَا وَقَوْمَهُمَا مِنَ الْكَرْبِ
الْعَظِيمِ ۝ وَنَصَرْنَاهُمْ فَكَانُوا هُمُ الْغَالِبِينَ ۝ وَآتَيْنَاهُمَا الْكِتَابَ
الْمُسْتَبِينَ ۝ وَهَدَيْنَاهُمَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيمَ ۝ وَتَرَكْنَا عَلَيْهِمَا فِي
الْآخِرِينَ ۝ سَلَامٌ عَلَىٰ مُوسَىٰ وَهَارُونَ ۝ إِنَّا كَذَٰلِكَ نَجْزِي
الْمُحْسِنِينَ ۝ إِنَّهُمَا مِنْ عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَإِنَّ إِلْيَاسَ لَمِنَ
الْمُرْسَلِينَ ۝ إِذْ قَالَ لِقَوْمِهِ أَلَا تَتَّقُونَ ۝ أَتَدْعُونَ بَعْلًا وَ
تَذَرُونَ أَحْسَنَ الْخَالِقِينَ ۝ اللَّهَ رَبَّكُمْ وَرَبَّ آبَائِكُمُ الْأَوَّلِينَ ۝
فَكَذَّبُوهُ فَإِنَّهُمْ لَمُحْضَرُونَ ۝ إِلَّا عِبَادَ اللَّهِ الْمُخْلَصِينَ ۝ وَتَرَكْنَا
عَلَيْهِ فِي الْآخِرِينَ ۝ سَلَامٌ عَلَىٰ إِلْ يَاسِينَ ۝ إِنَّا كَذَٰلِكَ نَجْزِي
الْمُحْسِنِينَ ۝ إِنَّهُ مِنْ عِبَادِنَا الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَإِنَّ لُوطًا لَّمِنَ
الْمُرْسَلِينَ ۝ إِذْ نَجَّيْنَاهُ وَأَهْلَهُ أَجْمَعِينَ ۝ إِلَّا عَجُوزًا فِي الْغَابِرِينَ ۝
ثُمَّ دَمَّرْنَا الْآخَرِينَ ۝ وَإِنَّكُمْ لَتَمُرُّونَ عَلَيْهِم مُّصْبِحِينَ ۝ وَ
بِاللَّيْلِ ۚ أَفَلَا تَعْقِلُونَ ۝ وَإِنَّ يُونُسَ لَمِنَ الْمُرْسَلِينَ ۝ إِذْ أَبَقَ إِلَى
الْفُلْكِ الْمَشْحُونِ ۝ فَسَاهَمَ فَكَانَ مِنَ الْمُدْحَضِينَ ۝ فَالْتَقَمَهُ
الْحُوتُ وَهُوَ مُلِيمٌ ۝ فَلَوْلَا أَنَّهُ كَانَ مِنَ الْمُسَبِّحِينَ ۝ لَلَبِثَ

★रु. ३/७ आ ३१ ★रु. ४/८ आ २५

की खुशख़बरी भी दी (कि वह) नबी और नेकों में से (होंगे)। (११२) और हमने उन पर और इस्हाक़ पर बरकतें नाज़िल की थीं और उन दोनों की औलाद में से मुह्सिन भी हैं और अपने आप पर खुला जुल्म करने वाले (यानी गुनाहगार) भी हैं। (११३)★

और हमने मूसा और हारून पर एहसान किए, (११४) और उन को और उन की क़ौम को बड़ी मुसीबत से निजात बख़्शी। (११५) और उन की मदद की, तो वे ग़ालिब हो गये। (११६) और उन दोनों को किताब साफ़ (मतलब वाली) इनायत की, (११७) और उन को सीधा रास्ता दिखाया, (११८) और पीछे आने वालों में उन का (अच्छा) ज़िक्र (बाक़ी) छोड़ दिया, (११९) कि मूसा और हारून पर सलाम। (१२०) बेशक हम नेकों को ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (१२१) वे दोनों हमारे मोमिन बन्दों में से थे। (१२२) और इल्यास भी पैग़म्बरों में से थे। (१२३) जब उन्होंने अपनी क़ौम से कहा कि तुम डरते क्यों नहीं ? (१२४) क्या तुम बअ्ल[1] को पुकारते (और उसे पूजते हो) और सब से बेहतर पैदा करने वाले को छोड़ देते हो। (१२५) (यानी) खुदा को, जो तुम्हारा और तुम्हारे अगले बाप-दादा का परवरदिगार है। (१२६) तो उन लोगों ने उन को झुठला दिया, सो वे (दोज़ख़ में) हाज़िर किए जाएंगे। (१२७) हां, खुदा के ख़ास बन्दे (अज़ाब में नहीं डाले जाएंगे।) (१२८) और उन का (अच्छा) ज़िक्र पिछलों में (बाक़ी) छोड़ दिया, (१२९) कि इल्यासीन पर सलाम।[2] (१३०) हम नेक लोगों को ऐसा ही बदला देते हैं। (१३१) बेशक वे हमारे मोमिन बन्दों में से थे। (१३२) और लूत भी पैग़म्बरों में से थे, (१३३) जब हमने उनको और उनके घर वालों को, सब को (अज़ाब से) निजात दी, (१३४) मगर एक बुढ़िया कि पीछे रह जाने वालों में थी। (१३५) फिर हम ने औरों को हलाक कर दिया। (१३६) और तुम दिन को भी उन (की बस्तियों) के पास से गुज़रते रहते हो, (१३७) और रात को भी, तो क्या तुम अक़्ल नहीं रखते ? (१३८)★

और यूनुस भी पैग़म्बरों में से थे, (१३९) जब भाग कर भरी हुई कश्ती में पहुंचे। (१४०) उस वक़्त क़ुरआ डाला, तो उन्हों ने ज़क उठायी। (१४१) फिर मछली ने उन को निगल लिया और वह मलामत (के क़ाबिल काम) करने वाले थे। (१४२) फिर अगर वह (खुदा की) पाकी

(पृष्ठ ७१५ का शेष)

को बार-बार तेज़ करते रहे, कुछ काम न दिया। आख़िर ज़ोर से चलाते-चलाते एक बार ऐसी आवाज़ आयी कि गोया कोई चीज़ कट गयी है, ख़ून बहने लगा है। तब आप ने अपनी आंखों पर से पट्टी खोल दी, जो ज़िब्ह करते वक़्त इस लिए बांध ली थी कि कहीं बाप की मुहब्बत जोश में न आए और अल्लाह तआला के हुक्म की तामील में पांव डगमगा न जाएं। देखा तो एक दुंबा ज़िब्ह किया हुआ पड़ा है और हज़रत इस्माईल पास ही सही-सालिम खड़े हैं, उसी दुंबे के बारे में ख़ुदा ने फ़रमाया कि एक बड़ी क़ुर्बानी को हम ने उन का फ़िद्या किया।

१. अल्लाह तआला ने हज़रत इल्यास को नबी बना कर बालबक की तरफ़ भेजा था। वहां के लोग एक बुत की पूजा करते थे, जिस का नाम बाल था।

२. हज़रत इल्यास को इल्यासीन भी कहते हैं, जैसे तूरे सीना और तूरे सीनीन और आले-यासीन भी पढ़ा है किसी ने, तो यासीन उन के बाप का नाम है।

★रु. ३/७ आ ३९ ★रु. ४/८ आ २५

ल-लबि-स फ़ी बत्-निही इला यौमि युब्-असून (१४४) फ़-न-बज़्नाहु बिल्-अराइ व हु-व सक़ीम (१४५) वअम्बत्ना अलैहि श-ज-र-तम्-मिय्यक़्तीन (१४६) व अर्सल्नाहु इला मि-अति अल्फ़िन् औ यज़ीदून (१४७) फ़-आमनू फ़-मत्तअ्-नाहुम् इलाहीन (१४८) फ़स्तफ़्तिहिम् अ-लिरब्बिकल्-बनातु व लहुमुल्-बनून (१४९) अम् ख़-लक़्-नल्-मलाइक-त इनासंव-व हुम् शाहिदून (१५०) अला इन्नहुम् मिन् इफ़्किहिम् ल-यक़ूलून (१५१) व-ल-दल्लाहु व इन्नहुम् ल-काज़िबून (१५२) अस्त-फ़ल्-बनाति अलल्-बनीन (१५३) मा लकुम् कै-फ़ तह्कुमून (१५४) अ-फ़ला त-ज़क्करून (१५५) अम् लकुम् सुल्तानुम्-मुबीन (१५६) फ़अ्तू बि-किताबिकुम् इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१५७) व ज-अलू बैनहू व बैनल्जिन्नति न-स-बन् व ल-क़द् अलि-मतिल्-जिन्नतु इन्नहुम् लमुह्ज़रून (१५८) सुब्-हानल्लाहि अम्मा यसिफ़ून (१५९) इल्ला अिबादल्लाहिल्-मुख़्-लसीन (१६०) फ़-इन्नकुम् व मा तअ्-बुदून (१६१) मा अन्तुम् अलैहि बिफ़ातिनीन (१६२) इल्ला मन् हु-व सालिल्-जहीम (१६३) व मा मिन्ना इल्ला लहू मक़ामुम्-मअ्-लूमुं व- (१६४) व इन्ना ल-नह्नुस्-साफ़्फ़ून (१६५) व इन्ना ल-नह्नुल्-मुसब्बिहून (१६६) व इन् कानू ल-यक़ूलून (१६७) लौ अन्-न अिन्दना ज़िक्-रम-मिनल्-अव्वलीन (१६८) लकुन्ना अिबादल्लाहिल्-मुख़्-लसीन (१६९) फ़-क-फ़रू बिही फ़सौ-फ़ यअ्-लमून (१७०) व ल-क़द् स-ब-क़त् कलिमतुना लिअिबादिनल्-मुर्सलीन (१७१) इन्नहुम् लहुमुल्-मन्सूरून (१७२) व इन्-न जुन्दना लहुमुल्-ग़ालिबून (१७३) फ़-त-वल्-ल अन्हुम् हत्ता हीनिंव- (१७४) - व अब्सिर्हुम् फ़सौ-फ़ युब्सिरून (१७५) अ-फ़ बि-अज़ाबिना यस्तअ्-जिलून (१७६) फ़-इज़ा न-ज़-ल बिसाहतिहिम् फ़सा-अ सबा-हुल्-मुन्ज़रीन (१७७) व त-वल्-ल अन्हुम् हत्ता हीनिव- (१७८)

الصّٰفّٰت ٣٧ — ٣٦١ — ومالي ٢٣

فِي بَطْنِهِ إِلَى يَوْمِ يُبْعَثُونَ ۝ فَنَبَذْنَاهُ بِالْعَرَاءِ وَهُوَ سَقِيمٌ ۝ وَ
أَنْبَتْنَا عَلَيْهِ شَجَرَةً مِنْ يَقْطِينٍ ۝ وَأَرْسَلْنَاهُ إِلَى مِائَةِ أَلْفٍ أَوْ يَزِيدُونَ ۝
فَآمَنُوا فَمَتَّعْنَاهُمْ إِلَى حِينٍ ۝ فَاسْتَفْتِهِمْ أَلِرَبِّكَ الْبَنَاتُ وَلَهُمُ
الْبَنُونَ ۝ أَمْ خَلَقْنَا الْمَلَائِكَةَ إِنَاثًا وَهُمْ شَاهِدُونَ ۝ أَلَا إِنَّهُمْ مِنْ
إِفْكِهِمْ لَيَقُولُونَ ۝ وَلَدَ اللَّهُ وَإِنَّهُمْ لَكَاذِبُونَ ۝ أَصْطَفَى الْبَنَاتِ
عَلَى الْبَنِينَ ۝ مَا لَكُمْ كَيْفَ تَحْكُمُونَ ۝ أَفَلَا تَذَكَّرُونَ ۝ أَمْ
لَكُمْ سُلْطَانٌ مُبِينٌ ۝ فَأْتُوا بِكِتَابِكُمْ إِنْ كُنْتُمْ صَادِقِينَ ۝ وَجَعَلُوا
بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْجِنَّةِ نَسَبًا وَلَقَدْ عَلِمَتِ الْجِنَّةُ إِنَّهُمْ لَمُحْضَرُونَ ۝
سُبْحَانَ اللَّهِ عَمَّا يَصِفُونَ ۝ إِلَّا عِبَادَ اللَّهِ الْمُخْلَصِينَ ۝ فَإِنَّكُمْ
وَمَا تَعْبُدُونَ ۝ مَا أَنْتُمْ عَلَيْهِ بِفَاتِنِينَ ۝ إِلَّا مَنْ هُوَ صَالِ
الْجَحِيمِ ۝ وَمَا مِنَّا إِلَّا لَهُ مَقَامٌ مَعْلُومٌ ۝ وَإِنَّا لَنَحْنُ الصَّافُّونَ ۝
وَإِنَّا لَنَحْنُ الْمُسَبِّحُونَ ۝ وَإِنْ كَانُوا لَيَقُولُونَ ۝ لَوْ أَنَّ عِنْدَنَا
ذِكْرًا مِنَ الْأَوَّلِينَ ۝ لَكُنَّا عِبَادَ اللَّهِ الْمُخْلَصِينَ ۝ فَكَفَرُوا بِهِ
فَسَوْفَ يَعْلَمُونَ ۝ وَلَقَدْ سَبَقَتْ كَلِمَتُنَا لِعِبَادِنَا الْمُرْسَلِينَ ۝ إِنَّهُمْ
لَهُمُ الْمَنْصُورُونَ ۝ وَإِنَّ جُنْدَنَا لَهُمُ الْغَالِبُونَ ۝ فَتَوَلَّ عَنْهُمْ حَتَّى
حِينٍ ۝ وَأَبْصِرْهُمْ فَسَوْفَ يُبْصِرُونَ ۝ أَفَبِعَذَابِنَا يَسْتَعْجِلُونَ ۝ فَإِذَا
نَزَلَ بِسَاحَتِهِمْ فَسَاءَ صَبَاحُ الْمُنْذَرِينَ ۝ وَتَوَلَّ عَنْهُمْ حَتَّى حِينٍ ۝

● नि. १/२

बयान न करते, (१४३) तो उस दिन तक कि लोग दोबारा ज़िंदा किए जाएंगे, उसी के पेट में रहते● (१४४) फिर हमने उन को, जबकि वह बीमार थे, खुले मैदान में डाल दिया। (१४५) और उन पर कद्दू का पेड़ लगाया। (१४६) और उन को लाख या उस से ज़्यादा (लोगों) की तरफ़ (पैग़म्बर बना कर) भेजा। (१४७) तो वे ईमान ले आए, सो हम भी उन को (दुनिया में) एक (मुक़र्रर) वक़्त तक फ़ायदे देते रहे। (१४८) इन से पूछो तो कि भला तुम्हारे परवरदिगार के लिए तो बेटियां और उन के लिए बेटे, (१४९) या हमने फ़रिश्तों को औरतें बनाया और वे (उस वक़्त) मौजूद थे? (१५०) देखो, ये अपनी झूठ बनायी हुई (बात) कहते हैं, (१५१) कि ख़ुदा के औलाद है, कुछ शक नहीं कि ये झूठे हैं। (१५२) क्या उस ने बेटों के मुक़ाबले में बेटियों को पसन्द किया है? (१५३) तुम कैसे लोग हो? किस तरह का फ़ैसला करते हो? (१५४) भला तुम ग़ौर (क्यों) नहीं करते? (१५५) या तुम्हारे पास कोई खुली दलील है, (१५६) अगर तुम सच्चे हो, तो अपनी किताब पेश करो। (१५७) और उन्हों ने ख़ुदा में और जिन्नों में रिश्ता मुक़र्रर किया, हालांकि जिन्नात जानते थे कि वे (ख़ुदा के सामने) हाज़िर किए जाएंगे। (१५८) यह जो कुछ बयान करते हैं, ख़ुदा उस से पाक है। (१५९) मगर ख़ुदा के ख़ालिस बन्दे (अज़ाब में नहीं डाले जाएंगे), (१६०) सो तुम और जिन को तुम पूजते हो, (१६१) ख़ुदा के ख़िलाफ़ बहका नहीं सकते, (१६२) मगर उस को, जो जहन्नम में जाने वाला है। (१६३) और (फ़रिश्ते कहते हैं कि) हम में से हर एक का एक मक़ाम मुक़र्रर है। (१६४) और हम सफ़ बांधे रहते हैं। (१६५) और (ख़ुदा-ए-) पाक (ज़ात का) ज़िक्र करते रहते हैं, (१६६) और ये लोग कहा करते थे, (१६७) कि अगर हमारे पास अगलों की कोई नसीहत (की किताब) होती, (१६८) तो हम ख़ुदा के ख़ालिस बन्दे होते, (१६९) लेकिन (अब) इस से कुफ़्र करते हैं, सो बहुत जल्द उन को (इस का नतीजा) मालूम हो जाएगा। (१७०) और अपने पैग़ाम पहुंचाने वाले बन्दों से हमारा वायदा हो चुका है, (१७१) कि वही (ग़ालिब व) मंसूर (मदद किए हुए) हैं, (१७२) और हमारा लश्कर ग़ालिब रहेगा, (१७३) तो एक वक़्त तक उन से एराज़ किए रहो, (१७४) और उन्हें देखते रहो। ये भी बहुत जल्द (कुफ़्र का अंजाम) देख लेंगे। (१७५) क्या ये हमारे अज़ाब के लिए जल्दी कर रहे हैं, (१७६) मगर जब वह उन के मैदान में आ उतरेगा, तो जिन को डर सुनाया गया था, उन के लिए बुरा दिन होगा। (१७७) और एक वक़्त तक उन से मुंह फेरे

● नि. १२

न अब्सिर् फ़सौ-फ़ युब्सिरून (१७९) सुब्हा-न रब्बि-क रब्बिल्-अिज़्ज़ति अम्मा यसिफ़ून ★ (१८०) व सलामुन् अलल्-मुर्सलीन (१८१) वल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल्-आलमीन (१८२)

३८ सूरतु साद ३८

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३१०७ अक्षर, ७३८ शब्द, ८८ आयतें और ५ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

जब ज़मीन भोंचाल से हिला दी जाएगी, (१) और ज़मीन अपने (अन्दर के) बोझ निकाल डालेगी, (२) और इन्सान कहेगा कि इस को क्या हुआ है ? (३) उस दिन वह अपने हालात बयान कर देगी, (४) क्योंकि तुम्हारे परवरदिगार ने उस को हुक्म भेजा (होगा।) (५) उस दिन लोग गिरोह-गिरोह हो कर आएंगे, ताकि उन को उन के आमाल दिखा दिए जाएं। (६) तो जिस ने ज़र्रा भर नेकी की होगी, वह उस को देख लेगा, (७) और जिस ने ज़र्रा भर बुराई की होगी, वह उसे देख लेगा। (८)★

१०० सूरः आदियात १४

सूरः आदियात मक्की है और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

उन सरपट दौड़ने वाले घोड़ों की क़सम, जो हांप उठते हैं, (१) फिर पत्थरों पर (नाल) मार कर आग निकालते हैं, (२) फिर सुबह को छापा मारते हैं, (३) फिर उस में गर्द उठाते हैं, (४) फिर उस वक़्त (दुश्मन की) फ़ौज में जा घुसते हैं, (५) कि इंसान अपने परवरदिगार का नाशुक्रा है, (६) और वह इस से आगाह भी है। (७) वह तो माल की सख़्त मुहब्बत करने वाला है। (८) क्या वह उस वक़्त को नहीं जानता कि जो (मुर्दे) क़ब्रों में हैं, वे बाहर निकाल लिए जाएंगे, (९) और जो (भेद) दिलों में हैं, वे ज़ाहिर कर दिए जाएंगे। (१०) बेशक उन का परवरदिगार उस दिन को ख़ूब जानता होगा। (११)★

१०१ सूरः क़ारिअः ३०

सूरः क़ारिअः मक्की है, और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

खड़खड़ाने वाली, (१) खड़खड़ाने वाली क्या है ? (२) और तुम क्या जानो कि खड़खड़ाने वाली क्या है ? (३) (वह क़ियामत है,) जिस दिन लोग ऐसे होंगे जैसे बिखरे हुए पतंगे, (४) और पहाड़ ऐसे हो जाएंगे जैसे धुंकी हुई रंग-बिरंग की ऊन, (५) तो जिस के (आमाल के) वज़न भारी

★रु० १/२४ आ ८ ★रु० १/२५ आ ११

फ़-अम्मा मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू (६) फ़हु-व फ़ी ओशतिर्-राज़ियः (७) व अम्मा मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू (८) फ़-उम्मुहू हावियः (९) व मा अद्रा-क मा हियः (१०) नारुन् हामियः ★ (११)

१०२ सूरतुत्तकासुरि १६

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १२३ अक्षर, २८ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अल्हाकुमुत्तकासुरु (१) हत्ता ज़ुरतुमुल्-मक़ाबिर (२) कल्ला सौ-फ़ तअ्-लमून (३) सुम्-म कल्ला सौ-फ़ तअ्-लमून (४) कल्ला लौ तअ्-लमू-न अिल्मल्-यक़ीन (५) ल-त-रवुन्नल्-जहीम (६) सुम्-म ल-त-र-वुन्नहा अनल्-यक़ीन (७) सुम्-म लतुस-अलुन्-न यौमइज़ित् अनिन्नओम ★ (८)

१०३ सूरतुल्-अस्रि १३

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ७४ अक्षर, १४ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

फاما من ثقلت موازينه ۝ فهو في عيشة راضية ۝ وأما من
خفت موازينه ۝ فأمه هاوية ۝ وما أدراك ما هيه ۝ نار حامية ۝
سورة التكاثر مكية وهي ثمان آيات
بسم الله الرحمن الرحيم
ألهاكم التكاثر ۝ حتى زرتم المقابر ۝ كلا سوف تعلمون ۝
ثم كلا سوف تعلمون ۝ كلا لو تعلمون علم اليقين ۝ لترون
الجحيم ۝ ثم لترونها عين اليقين ۝ ثم لتسألن يومئذ
عن النعيم ۝
سورة العصر مكية بسم الله الرحمن الرحيم وهي ثلاث آيات
والعصر ۝ إن الإنسان لفي خسر ۝ إلا الذين آمنوا وعملوا
الصالحات وتواصوا بالحق وتواصوا بالصبر ۝
سورة الهمزة مكية وهي تسع آيات
بسم الله الرحمن الرحيم
ويل لكل همزة لمزة ۝ الذي جمع مالا وعدده ۝ يحسب
أن ماله أخلده ۝ كلا لينبذن في الحطمة ۝ وما أدراك
ما الحطمة ۝ نار الله الموقدة ۝ التي تطلع على الأفئدة ۝
إنها عليهم مؤصدة ۝ في عمد ممددة ۝

वल्अस्रि (१) इन्नल्-इन्सा-न लफ़ी ख़ुस्र (२) इल्लल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति व त-वासौ बिल्हक़्क़ि व त-वासौ बिस्सब्रि ★ (३)

१०४ सूरतुल्-हु-मज़ति ३२

(मक्की) इस सूरः में अरबी के १३५ अक्षर, ३३ शब्द, ९ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वैलुल्लिकुल्लि हु-म-ज़तिल्-लु-मज़ः (१) अल्लज़ी ज-म-अ मालंव्-व अद्-द-दहू (२) यह्सबु अन्-न मा लहू अख़्-ल-दः (३) कल्ला लयुम्बज़न्-न फ़िल्-हु-तमति (४) व मा अद्रा-क मल्हु-त-मः (५) नारुल्लाहिल्-मूक़-दतु- (६) -ल्लती तत्तलिअु अलल्-अफ़्-इदः (७) इन्नहा अलैहिम् मुअ्-स-दतुन् (८) फ़ी अ-मदिम्-मुमद्-द-दः ★ (९)

निकलेंगे, (६) वह दिल पसन्द ऐश में होगा, (७) और जिस के वज़न हल्के निकलेंगे, (८) उन के लौटने की जगह हाविया है, (९) और तुम क्या समझे कि हाविया क्या चीज़ है ? (१०) (वह) दहकती हुई आग है। (११) ★

१०२ सूरः तकासुर १६

सूरः तकासुर मक्की है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(लोगो !) तुम को (माल की) बहुत सी तलब ने ग़ाफ़िल कर दिया, (१) यहां तक कि तुम ने क़ब्रें जा देखीं। (२) देखो, तुम्हें बहुत जल्द मालूम हो जाएगा, (३) फिर देखो, तुम्हें बहुत जल्द मालूम हो जाएगा। (४) देखो अगर तुम जानते (यानी) यक़ीन का इल्म (रखते, तो ग़फ़लत न करते,) (५) तुम ज़रूर दोज़ख़ को देखोगे। (६) फिर उस को (ऐसा) देखोगे (कि) ऐनुल् यक़ीन (यक़ीन की आंख) (आ जाएगा), (७) फिर उस दिन तुम से नेमत के (शुक्र के) बारे में पूछ-गछ होगी। (८) ★

१०३ सूरः अस्र १३

सूरः अस्र मक्की है और इस में तीन आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अस्र की क़सम, (१) कि इंसान नुक़सान में है, (२) मगर वे लोग, जो ईमान लाए और नेक अमल करते रहे और आपस में हक़ (बात) की तल्क़ीन और सब्र की ताकीद करते रहे। (३) ★

१०४ सूरः हु-म-ज़: ३२

सूरः हु-म-ज़: मक्की है और इस में नौ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हर तानों भरे इशारे करने वाले चुग़लख़ोर की ख़राबी है, (१) जो माल जमा करता और उस को गिन-गिन कर रखता है, (२) और ख़्याल करता है कि उस का माल उस की हमेशा की ज़िंदगी की वजह होगा। (३) हरगिज़ नहीं, वह ज़रूर हुतमा में डाला जाएगा। (४) और तुम क्या समझे कि हुतमा क्या है ? (५) वह ख़ुदा की भड़कायी हुई आग है, (६) जो दिलों पर जा लपटेगी, (७) (और) वे उस में बन्द कर दिए जाएंगे, (८) यानी (आग के) लम्बे-लम्बे स्तूनों में। (९) ★

★रु. १/२६ आ ११ ★रु. १/२७ आ ८ ★रु. १/२८ आ ३ ★रु. १/२९ आ ९

१०५ सूरतुल्-फ़ीलि १९

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ९४ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अ-लम् त-र कै-फ़ फ़-अ-ल रब्बु-क बि-अस्हाबिल्फ़ील (१) अ-लम् यज्-अल् कैदहुम् फ़ी तज़्लीलिंव- (२) व अर्स-ल अलैहिम् तैरन् अबाबील (३) तर्मीहिम् बिहिजा-रतिम्-मिन् सिज्जीलिन् (४) फ़-ज-अ-लहुम् क-अस्फ़िम-मअ्-कूल ★ (५)

१०६ सूरतु क़ुरैशिन् २९

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ७९ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

लि - ईलाफ़ि क़ुरैशिन् (१) ईलाफ़िहिम् रिह्-ल-तश् - शिताइ वस्सैफ़ (२) फ़ल्यअ्-बुदू रब्-ब हाजल्बैति- (३) ल्लज़ी अत् - अ - महुम् मिन् जूअिंव- व अ-म - नहुम् मिन् ख़ौफ़ ★ (४)

१०७ सूरतुल्-माऊनि १७

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ११५ अक्षर, २५ शब्द, ७ आयतें और १ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अ-र-ऐ-तल्लज़ी युकज्ज़िबु बिद्दीन (१) फ़-ज़ालिकल्लज़ी यदुअ्-अुल्-यतीम (२) व ला यहुज़्ज़ु अला तआमिल् - मिस्कीन (३) फ़वैलुल्-लिल्मुसल्लीन (४) अल्लज़ी-न हुम् अन् सलातिहिम् साहून (५) अल्लज़ी-न हुम् युराऊ-न (६) व यम्-नऊनल्-माऊन ★ (७)

سُورَةُ الْفِيلِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ خَمْسُ آيَاتٍ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
أَلَمْ تَرَ كَيْفَ فَعَلَ رَبُّكَ بِأَصْحَابِ الْفِيلِ ۞ أَلَمْ يَجْعَلْ كَيْدَهُمْ
فِي تَضْلِيلٍ ۞ وَأَرْسَلَ عَلَيْهِمْ طَيْرًا أَبَابِيلَ ۞ تَرْمِيهِمْ
بِحِجَارَةٍ مِنْ سِجِّيلٍ ۞ فَجَعَلَهُمْ كَعَصْفٍ مَأْكُولٍ ۞
سُورَةُ قُرَيْشٍ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ وَهِيَ أَرْبَعُ آيَاتٍ
لِإِيلَافِ قُرَيْشٍ ۞ إِيلَافِهِمْ رِحْلَةَ الشِّتَاءِ وَالصَّيْفِ ۞
فَلْيَعْبُدُوا رَبَّ هَٰذَا الْبَيْتِ ۞ الَّذِي أَطْعَمَهُمْ مِنْ جُوعٍ وَ
آمَنَهُمْ مِنْ خَوْفٍ ۞
سُورَةُ الْمَاعُونِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ سَبْعُ آيَاتٍ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
أَرَأَيْتَ الَّذِي يُكَذِّبُ بِالدِّينِ ۞ فَذَٰلِكَ الَّذِي يَدُعُّ الْيَتِيمَ ۞
وَلَا يَحُضُّ عَلَىٰ طَعَامِ الْمِسْكِينِ ۞ فَوَيْلٌ لِلْمُصَلِّينَ ۞ الَّذِينَ
هُمْ عَنْ صَلَاتِهِمْ سَاهُونَ ۞ الَّذِينَ هُمْ يُرَاءُونَ ۞ وَ
يَمْنَعُونَ الْمَاعُونَ ۞
سُورَةُ الْكَوْثَرِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ وَهِيَ ثَلَاثُ آيَاتٍ
إِنَّا أَعْطَيْنَاكَ الْكَوْثَرَ ۞ فَصَلِّ لِرَبِّكَ وَانْحَرْ ۞ إِنَّ

१०८ सूरतुल्-कौ-सरि १५

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ३७ अक्षर, १० शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ् हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

इन्ना अअ्-तैनाकल्-कौ-सर (१) फ़-सल्लि लिरब्बि-क वन्हर् (२)

★रु. १/३० आ ५ ★रु. १/३१ आ ४ ★रु. १/३२ आ ७

१०५ सूर: फ़ील १९

सूर: फ़ील मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क्या तुम ने नहीं देखा कि तुम्हारे परवरदिगार ने हाथी वालों के साथ क्या किया? (१) क्या उन का दांव ग़लत नहीं किया? (किया।) (२) और उन पर झिल्लड़ के झिल्लड़ जानवर भेजे, (३) जो उन पर कंकर की पत्थरियां फेंकते थे, (४) तो उन को ऐसा कर दिया जैसे खाया हुआ भुस। (५) ★

१०६ सूर: क़ुरैश २९

सूर: क़ुरैश मक्की है और इस में चार आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क़ुरैश के मानूस करने की वजह से, (१) (यानी) उन को जाड़े और गर्मी के सफ़र से मानूस करने की वजह से, (२) (लोगों को) चाहिए कि (इस नेमत के शुक्र में) इस घर के मालिक की इबादत करें, (३) जिस ने उन को भूख में खाना खिलाया और ख़ौफ़ से अम्न बख़्शा।[1] (४) ★

१०७ सूर: माऊन १७

सूर: माऊन मक्की है और इस में सात आयतें आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

भला तुम ने उस शख़्स को देखा जो बदले (के दिन) को झुठलाता है। (१) यह वही (बद-बख़्त) है जो यतीम को धक्के देता है, (२) और फ़क़ीर को खाना खिलाने के लिए (लोगों को) तर्ग़ीब नहीं देता। (३) तो ऐसे नमाज़ियों की ख़राबी है, (४) जो नमाज़ की तरफ़ से ग़ाफ़िल रहते हैं। (५) जो दिखावे का काम करते हैं, (६) और बरतने की चीज़ें (उधार) नहीं देते। (७) ★

१०८ सूर: कौसर १५

सूर: कौसर मक्की है और इस में तीन आयतें आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ मुहम्मद!) हम ने तुम को कौसर अता फ़रमायी है।[2] (१) तो अपने परवरदिगार के

१: हज़रत की बारहवीं पीढ़ी में एक आदमी नज़्र बिन कनाना था। उस की औलाद क़ुरैश में है। ये बैतुल्लाह के ख़ादिम थे और लोग उन का बहुत अदब और एहतराम करते थे। इस सूर: में ख़ुदा क़ुरैश पर अपना एहसान बताता है कि वह जाड़े और गर्मी में तिजारत के लिए सफ़र करते हैं और कोई उन को टोकता नहीं, चैन से खाते-पीते और अम्न से रहते-सहते हैं तो उन को चाहिए कि तौहीद अपनाएं और बुतों की पूजा को छोड़ कर उस के घर के मालिक यानी एक ख़ुदा की इबादत करें। कुछ तफ़सीर लिखने वालों ने लिखा है कि यह सूर: पहली सूर: से मुताल्लिक़ है और उन के नज़दीक इस के मानी यह हैं कि हम ने जो मक्के से हाथियों और हाथी वालों को रोंद

(शेष पृष्ठ ६८० पर)

★रु. १/३० आ ५ ★रु. १/३१ आ ४ ★रु. १/३२ आ ७

इन्-न शानि-अ-क हुवल्-अब्तर★ (३)

१०९ सूरतुल्-काफ़िरून १८

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ९९ अक्षर, २६ शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम •

क़ुल् या अय्युहल्-काफ़िरून (१) ला अअ्-बुदु मा तअ्-बुदून (२) व ला अन्तुम् आबिदू-न मा अअ्-बुद (३) व ला अ-न आबिदुम्-मा अबत्तुम् (४) व ला अन्तुम् आबिदू-न मा अअ्-बुद (५) लकुम् दीनुकुम् वलि-य दीन ★ (६)

११० सूरतुन्नस्रि ११४

(मदनी) इस सूरः में अरबी के ८१ अक्षर, १९ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम •

इज़ा जा-अ नस्रुल्लाहि वल्फ़त्हु (१) व रऐ-तन्ना-स यद्ख़ुलू-न फ़ी दीनिल्लाहि अफ़्वाजा (२) फ़सब्बिह् बिहम्दि रब्बि-क वस्तग़्फ़िर्हु इन्नहू का-न तव्वाबा ★ (३)

१११ सूरतुल्-ल-हबि ६

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ८१ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम •

तब्बत् यदा अबी ल-हबिंव्-व तब्-ब (१) मा अग़्ना अन्हु मा लुहू व मा क-सब् (२) स-यस्ला नारन् ज़ा-त ल-हबिंव्- (३) वम्-र-अतुहू हम्मालतल्-ह-तबि (४) फ़ी जीदिहा हब्लुम्-मिम्-म-सद् ★ (५)

شَانِئَكَ هُوَ الْاَبْتَرُ ۝
سُوْرَةُ الْكٰفِرُوْنَ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ سِتُّ اٰيٰتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
قُلْ يٰۤاَيُّهَا الْكٰفِرُوْنَ ۝ لَاۤ اَعْبُدُ مَا تَعْبُدُوْنَ ۝ وَلَاۤ اَنْتُمْ
عٰبِدُوْنَ مَاۤ اَعْبُدُ ۝ وَلَاۤ اَنَا عَابِدٌ مَّا عَبَدْتُّمْ ۝ وَلَاۤ اَنْتُمْ
عٰبِدُوْنَ مَاۤ اَعْبُدُ ۝ لَكُمْ دِيْنُكُمْ وَلِيَ دِيْنِ ۝
سُوْرَةُ النَّصْرِ مَدَنِيَّةٌ وَّهِيَ ثَلٰثُ اٰيٰتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
اِذَا جَآءَ نَصْرُ اللّٰهِ وَالْفَتْحُ ۝ وَرَاَيْتَ النَّاسَ يَدْخُلُوْنَ فِيْ دِيْنِ
اللّٰهِ اَفْوَاجًا ۝ فَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ وَاسْتَغْفِرْهُ ۗ اِنَّهٗ كَانَ تَوَّابًا ۝
سُوْرَةُ اللَّهَبِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ خَمْسُ اٰيٰتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
تَبَّتْ يَدَاۤ اَبِيْ لَهَبٍ وَّتَبَّ ۝ مَاۤ اَغْنٰى عَنْهُ مَالُهٗ وَمَا كَسَبَ ۝
سَيَصْلٰى نَارًا ذَاتَ لَهَبٍ ۝ وَّامْرَاَتُهٗ ۗ حَمَّالَةَ الْحَطَبِ ۝
فِيْ جِيْدِهَا حَبْلٌ مِّنْ مَّسَدٍ ۝
سُوْرَةُ الْاِخْلَاصِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَهِيَ اَرْبَعُ اٰيٰتٍ
قُلْ هُوَ اللّٰهُ اَحَدٌ ۝ اَللّٰهُ الصَّمَدُ ۝ لَمْ يَلِدْ ۙ وَلَمْ يُوْلَدْ ۝

११२ सूरतुल् इख़्लासि २२

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ४९ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम •

क़ुल् हुवल्लाहु अ-हद (१) अल्लाहुस्स-मद (२) लम् यलिद् व लम् यूलद् (३)

★रु. १/३३ आ ३ ★रु. १/३४ आ ६ ※व. न बी स. ★रु. १/३५ आ ३ ★रु. १/३६ आ ५

के लिए नमाज़ पढ़ा करो और क़ुर्बानी किया करो। (२) कुछ शक नहीं कि तुम्हारा दुश्मन ही बे-औलाद रहेगा।¹ (३) ✶

१०९ सूरः काफ़िरून १८

सूर: काफ़िरून मक्की है और इस में छ: आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ पैग़म्बर! इस्लाम के इन मुन्किरों से) कह दो कि ऐ काफ़िरो! (१) जिन (बुतों) को तुम पूजते हो, उन को मैं नहीं पूजता, (२) और जिस (ख़ुदा) की मैं इबादत करता हूं, उस की तुम इबादत नहीं करते, (३) और (मैं फिर कहता हूं कि) जिन की तुम पूजा करते हो, उन की मैं पूजा करने वाला नहीं हूं। (४) और न तुम उस की बन्दगी करने वाले (मालूम होते) हो, जिस की मैं बन्दगी करता हूं। (५) तुम अपने दीन पर, मैं अपने दीन पर। (६) ✶

११० सूरः नस्र ११४

सूर: नस्र मदनी है और इस में तीन आयतें और २ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब ख़ुदा की मदद आ पहुंची और फ़त्ह (हासिल हो गयी,) (१) और तुम ने देख लिया कि लोग झुंड के झुंड ख़ुदा के दीन में दाख़िल हो रहे हैं, (२) तो अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ तस्बीह करो और उस से मग़फ़िरत मांगो। बेशक वह माफ़ करने वाला है। (३) ✶

१११ सूरः ल-हब ६

सूर: ल-हब मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अबू लहब के हाथ टूटें और वह हलाक हो, (१) न तो उस का माल ही उस के कुछ काम आया हो और न वह जो उस ने कमाया। (२) वह जल्द भड़कती हुई आग में दाख़िल होगा। (३) और उस की जोरू भी जो ईंधन सर पर उठाए फिरती है, (४) उस के गले में मूंज की रस्सी होगी।² (५) ★

११२ सूरः इख़्लास २२

सूर: इख़्लास मक्की है और इस में चार आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि वह (ज़ात पाक जिस का नाम) अल्लाह (है) एक है, (१) (वह) माबूदे बरहक़, बे-नियाज़ है। (२) न किसी का बाप है और न किसी का बेटा, (३) और कोई उस का हमसर

---

१. अब्तर उस को कहते हैं जिस के मर्द औलाद में से कोई न रहे। जब हज़रत के बेटों का इन्तिक़ाल हो गया तो कुछ काफ़िर कहने लगे कि मुहम्मद अब्तर हो गया, इस के बाद कोई इस का नाम लेने वाला न रहेगा। ख़ुदा ने आप से फ़रमाया कि तुम्हारा बुरा चाहने वाले ही की नस्ल कट जाएगी और आप का नाम आप की उम्मत के ज़रिए से हमेशा के लिए बाक़ी रखा।

२. 'अबू लहब' रिश्ते में हज़रत का चचा था, मगर बड़ा काफ़िर और आप की जान का दुश्मन, उस का नाम तो

(शेष पृष्ठ ९७२ पर)

व लम् यकुल्लहू कुफ़ुवन् अ - ह़द ★(४)

११३ सूरतुल्-फ़-लक़ि २०

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के ७३ अक्षर, २३ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

क़ुल् अऊ़ज़ु बिरब्बिल्-फ़-लक़ि ॥(१) मिन् शर्रि मा ख़-लक़् ॥(२)
व मिन् शर्रि ग़ासिक़िन् इज़ा व-क़ब् ॥(३)
व मिन् शर्रिन्नफ़्फ़ासाति फ़िल्अ़ुक़द् ॥(४)
व मिन् शर्रि ह़ासिदिन् इज़ा ह़-सद् ★(५)

११४ सूरतुन्नासि २१

(मक्की) इस सूर: में अ़रबी के ८१ अक्षर, २० शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ़ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

क़ुल् अऊ़ज़ु बिरब्बिन्नासि ॥(१) मलिकिन्नासि ॥(२) इलाहिन्नासि ॥(३) मिन् शर्रिल्-वस्वासि-ल्ख़न्नासि- ॥(४) -ल्लज़ी युवस्विसु फ़ी सुदूरिन्नासि ॥(५) मिनल्जिन्नति वन्नास ★(६)

ولم يكن له كفوا احد ۝

سورة الفلق مكية وهي خمس ايات

بسم الله الرحمن الرحيم

قل اعوذ برب الفلق ۝ من شر ما خلق ۝ ومن شر غاسق اذا وقب ۝ ومن شر النفثت في العقد ۝ ومن شر حاسد اذا حسد ۝

سورة الناس مكية وهي ست ايات

بسم الله الرحمن الرحيم

قل اعوذ برب الناس ۝ ملك الناس ۝ اله الناس ۝ من شر الوسواس الخناس ۝ الذي يوسوس في صدور الناس ۝ من الجنة والناس ۝

★रु. १/३७ आ ४ ★रु. १/३८ आ ५ ★रु. १/३९ आ ६

(साथी) नहीं। (४) ★

११३ सूरः फ़लक़ २०

सूरः फ़लक़ मदनी है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि मैं सुबह के मालिक की पनाह मांगता हूं, (१) हर चीज़ की बुराई से, जो उस ने पैदा की, (२) और अंधेरी रात की बुराई से, जब उस का अंधेरा छा जाए, (३) और गंडों पर (पढ़-पढ़ कर) फूंकने वालियों की बुराई से, (४) और हसद (जलन) करने वाले की बुराई से, जब हसद करने लगे।[1] (५) ★

११४ सूरः नास २१

सूरः नास मदनी है और इस में छः आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि मैं लोगों के परवरदिगार की पनाह मांगता हूं, (१) (यानी) लोगों के हक़ीक़ी बादशाह की, (२) लोगों के माबूदे बर-हक़ की, (३) (शैतान) वस्वसा डालने वाले की बुराई से जो (ख़ुदा का नाम सुन कर) पीछे हट जाता है[2], (४) जो लोगों के दिलों में वस्वसे डालता है, (५) (चाहे वह) जिन्नों में से (हो) या इंसानों में से। (६) ★

अब्दुल उज़्ज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब था, मगर मशहूर इसी कुन्नियत से था, क्योंकि बहुत ज़्यादा ख़ूबसूरत था और हुस्न व जमाल की वजह से उस का चेहरा आग की तरह चमकता था। जब आप को हुक्म हुआ कि अपने क़बीलों को तंबीह करो तो आप ने क़ुरैश को जमा कर के फ़रमाया कि भला अगर मैं तुम को ख़बर दूं कि दुश्मन की फ़ौज सुबह या शाम तुम पर हमला करने वाली है तो तुम इस बात को मान लोगे? उन्हों ने कहा ज़रूर मानेंगे। आप ने फ़रमाया कि मैं तुम को एक सख़्त अज़ाब से आगाह करता हूं जो तुम पर नाज़िल होने वाला है तो अबू लहब ने कहा कि तुम्हारे हाथ टूटें (यानी तुम हलाक हो) जो तुम ने हम को इसी लिए जमा किया था? इस के जवाब में यह आयत नाज़िल हुई थी। अबू लहब की जोरू जिस का नाम उम्मे जमील था, उस को भी आप से बड़ा बैर था। उस ने यह तरीक़ा अख़्तियार कर रखा था कि रात को आप के रास्ते में कांटेदार लकड़ियां डाल जाती थी, इसी लिए उस को 'हम्मालतल हतब' फ़रमाया।

१. उस वक़्त उस की टोक लग जाती है।

२. शैतान गुनाह की दावत दे और आप नज़र न आए।

★रु. १/३७ आ ४ ★रु. १/३८ आ ५ ★रु. १/३९ आ ६

دعائے ماثورہ

اَللّٰهُمَّ اٰنِسْ وَحْشَتِيْ فِيْ قَبْرِيْ ۚ اَللّٰهُمَّ ارْحَمْنِيْ بِالْقُرْاٰنِ الْعَظِيْمِ وَاجْعَلْهُ لِيْ اِمَامًا وَّنُوْرًا وَّهُدًى وَّرَحْمَةً ۚ اَللّٰهُمَّ ذَكِّرْنِيْ مِنْهُ مَا نَسِيْتُ وَعَلِّمْنِيْ مِنْهُ مَا جَهِلْتُ وَارْزُقْنِيْ تِلَاوَتَهٗ اٰنَآءَ الَّيْلِ وَاٰنَآءَ النَّهَارِ وَاجْعَلْهُ لِيْ حُجَّةً يَّارَبَّ الْعٰلَمِيْنَ ۚ

दुआए मासूर:

अल्लाहुम्-म आनिस् वह्-शती फ़ी क़ब्री अल्लाहुम्मर्-ह़म्नी बिक़ुर्आनिल्-अ़ज़ीमि वज्अ़ल्हु ली इमामंव्-व नूरंव्-व हुदंव्-व रह़्म-तन् अल्लाहुम्-म ज़क्किर्नी मिन्हु मा नसीतु व अ़ल्लिम्नी मिन्हु मा जहिल्तु वर्ज़ुक़्नी तिलाव-तहू आनाअल्लैलि व आनाअन्नहारि वज्अ़ल्हु ली हुज्जतंय्या रब्बल्-आ़लमीन (आमीन)

दुआए मासूर:

ऐ अल्लाह ! मेरे मरने के बाद मेरी क़ब्र की परेशानी से मुझ को मानूस (अभ्यस्त) करना। इस महान क़ुरआन मजीद (की बरकत) के वसीले से मुझ पर रहम कर और क़ुरआन मजीद को मेरे लिए इमाम (अधिनायक), नूर (प्रकाश), हिदायत (पथ-प्रदर्शक), और रहमत (का साधन) बना। ऐ अल्लाह ! (क़ुरआन मजीद में) जो मैं भूल गया हूं मुझे याद दिला (और) जो मैं नहीं जान पाया वह मुझे सिखला। अमन से रात दिन (क़ुरआन मजीद की) तिलावत करने का नसीब दे और उसको मेरे लिए दलील बना, ऐ दुनिया के पालनहार ! (यह मेरी दुआ क़ुबूल कर।)

(पृष्ठ ५ का शेष)

यह मुराद है कि जिन रास्तों से इन्सान हिदायत की बातों को सुन सकता और समझ सकता है, वे बन्द हैं।

३. इस आयत से मुनाफ़िक़ों का हाल शुरू होता है। मुनाफ़िक़ उस को कहते हैं जो दिल से तो काफ़िर हो और ज़ाहिर में अपने को मोमिन बयान करे। इस तरह के लोग मदीने में थे और काफ़िरों के मुक़ाबले में उन से नुक़सान पहुंचने का ज़्यादा ख़तरा रहता था, इस लिए अल्लाह तआला ने उन के हाल और उन की चाल से मुसलमानों को आगाह फ़रमा दिया, ताकि उन से बचते रहें और उन के धोखे में न आएं।

४. ये लोग मुसलमानों के पास भी आते थे और काफ़िरों के यहां भी जाते थे, तो ऐसी बात करते जिन से फ़साद पैदा हो, सो जब उन से कहा जाता कि फ़साद की बातें न करो, तो जवाब देते कि हमारी ग़रज़ तो दोनों फ़रीक़ों में सुलह व साज़गारी पैदा करना है। ख़ुदा ने फ़रमाया कि उन के काम फ़साद की वजह हैं और ये यक़ीनी तौर पर फ़साद पैदा करने वाले हैं, लेकिन इन को मालूम नहीं।

५. शैतानों से मुराद उन के सरदार हैं। मुनाफ़िक़ लोग जब मुसलमानों से मिलते तो कहते कि हम तो तुम्हारी तरह मोमिन हैं और जब अपने सरदारों के पास जाते तो कहते, कहां का ईमान, कैसी मुसलमानी ! हम तो मुसलमानों से दिल-लगी करते हैं और अपना ईमान ज़ाहिर कर के उन को मूर्ख बनाते हैं।

६. इस आयत में ख़ुदा मुनाफ़िक़ों की इन बातों के जवाब में फ़रमाता है कि उनसे ख़ुदा हंसी करता है। हंसी से मुराद यहां यह है कि जिस तरह वे देखने में ईमान ज़ाहिर करते हैं और अपने सरदारों से मिल कर यह कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं, इसी तरह ख़ुदा दुनिया में उन को पनाह देता और उन के माल व जान को महफ़ूज़ रखता है और वे समझे हुए हैं कि उन के काम उन को नुक़्सान नहीं पहुंचाते, लेकिन क़ियामत के दिन उन को अज़ाब में मुब्तला किया जाएगा।

७. मुनाफ़िक़ कई क़िस्म के थे। कुछ ऐसे थे कि पहले मुसलमान हो गये थे, फिर मुनाफ़िक़ हो गये। इस आयत की मिसाल उन्हीं का नक़्शा खींचती है कि उन्होंने पहले ईमान लाकर रोशनी हासिल की, फिर मुनाफ़िक़ बनकर इस रोशनी को खो दिया और निफ़ाक़ के अंधेरे में पड़ गये यानी उन के दिल अंधे हो गये।

(पृष्ठ ७ का शेष)

२. इस आयत में यह बयान है कि हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ख़ुदा के पैग़म्बर और क़ुरआन मजीद ख़ुदा का कलाम है और कुफ़्फ़ार को चैलेंज किया गया है कि अगर तुम इन बातों को नहीं मानते और समझते हो कि यह किताब ख़ुदा की तरफ़ से नाज़िल नहीं हुई, बल्कि मुहम्मद (सल्लम) ने अपनी तरफ़ से बना ली है, तो इस जैसी एक सूरः तुम भी बना लाओ। इस बारे में इख़्तिलाफ़ है कि क़ुरआन किस लिहाज़ से बे-मिस्ल और चुप कर देने वाला है यानी जैसी उम्दा, साफ़-सुथरी और जानदार इबारत क़ुरआन मजीद की है, ऐसी इबारत किसी से नहीं बन सकती। वे यह भी कहते हैं और इसे उन के दावे की दलील समझना चाहिए कि जिस ज़माने में, जिस का ज़्यादा प्रचार होता था, उस वक़्त के पैग़म्बर को उसी क़िस्म का मोजज़ा दिया जाता था। चूंकि क़ुरआन मजीद के उतरने के ज़माने में अरब में जानदार और साफ़-सुथरी ज़ुबान का बहुत चर्चा था, इस लिए ख़ुदा ने ख़ातमुन्नबीयीन (नबियों में आख़िरी नबी) को क़ुरआन की ज़ोरदार और साफ़-सुथरी ज़ुबान का ऐसा मोजज़ा बख़्शा कि बड़े-बड़े नामी और माहिर शायर और ख़तीब उस के मुक़ाबले में आजिज़ हो गये। कुछ ने कहा कि क़ुरआन अपनी हकीमाना हिदायतों के लिहाज़ से मोजिज़ (चुप कर देने वाली) है। कुछ इस को रूहानियत के एतबार से मोजिज़ मानते हैं, बहरहाल इस में आदाब हैं, अख़्लाक़ हैं, समाजी ज़िंदगी गुज़ारने का बेहतरीन तरीक़ा है, नफ़्स को संवारने की बात है, सियासत के क़ानून हैं, मुल्क का इंतिज़ाम चलाने के क़ायदे हैं, अदब व इंसाफ़ है, कमाई व व्यापार है, हुक़ूक़ हैं, इबादतें हैं, बराबरी है, भाईचारा है, नर्मी है, रियायत है, ख़ैरख़्वाही है, नसीहत है, ख़ुदा की हस्ती

और रूहानियत है, ग़रज़ इसमें कमाल दर्जे की इंसान की हालत की इस्लाह है और कुछ शक नहीं कि वह क्या साफ़-सुथरी ज़ोरदार ज़ुबान के लिहाज़ से और क्या हकीमाना हिदायतों और रूहानियत के, बे-मिसाल व बेनज़ीर है ? और कोई आदमी इस क़िस्म की किताब बनाने की क़ुदरत नहीं रखता। इसी वजह से दूसरी जगह इर्शाद हुआ है, 'क़ुल ल-इनिज-त-म-अतिल इन्सु वल जिन्नु अला अय्यअ्तू बिमिस्लि हाज़ल क़ुरआनि ला यातू-न बिमिस्लिही व लौ का-न बअ्ज़ुहुम लि बअ्ज़िन ज़हीर०' (कह दीजिए, अगर तमाम जिन्न व इंसान इस क़ुरआन जैसा बना लाने पर जमा हो जाएं, तो वे इस जैसा नहीं ला सकते, चाहे वे एक दूसरे के पुश्त-पनाह ही क्यों न हों।)

३. क़ुरआन में मुश्रिकों और उनके झूठे माबूदों की मिसालें कुछ आयतों में इस तरह बयान हुई हैं कि 'जो लोग ख़ुदा को छोड़ कर औरों को कर्ता-धर्ता बनाते हैं, उनकी मिसाल मकड़ी की-सी है कि वह भी एक (तरह का) घर बनाती है और कुछ शक नहीं कि तमाम घरों से कमज़ोर मकड़ी का घर होता है, काश ये इस बात को जानते।' दूसरी आयत में है, 'लोगो ! एक मिसाल बयान की जाती है, उसे ग़ौर से सुनो कि जिन लोगों को तुम ख़ुदा के सिवा पुकारते हो, वे एक मक्खी भी नहीं बना सकते, अगरचे इस (काम) के लिए सब जमा हो जाएं और अगर उनसे मक्खी कोई चीज़ छीन ले जाए तो उसे उससे छुड़ा नहीं सकते। तालिब और मतलूब (यानी आबिद और माबूद) दोनों गये गुज़रे हैं।' काफ़िर लोग ये मिसालें सुनते तो कहते कि ऐसी छोटी और मामूली चीज़ों की मिसालें बयान करना ख़ुदा की शान के ख़िलाफ़ है। ख़ुदा ने फ़रमाया कि ख़ुदा मच्छर या जो चीज़ें इससे बड़ी हैं, उनकी मिसालें बयान करने से शर्माता नहीं। इन चीज़ों को पैदा भी तो उसी ने किया है और जब पैदा करने में उसे शर्म नहीं तो उनकी मिसाल में क्यों शर्म हो ?

(पृष्ठ ९ का शेष)

२. शैतान जिन्न की क़िस्म से था, बड़ी इबादत किया करता था और बड़ा इल्म रखता था। इबादत की ज़्यादती की वजह से फ़रिश्तों का दर्जा मिल गया था। यही वजह है कि जब अल्लाह तआला ने फ़रिश्तों को हुक्म दिया कि आदम को सज्दा करें तो इस ख़िताब में वह भी दाख़िल था। चूंकि उस की पैदाइश आग से हुई थी और आदम की मिट्टी से, और आग को मिट्टी पर बरतरी है, इस के अलावा वह इबादत करने वाला और इल्म रखने वाला भी बड़ा था, इस लिए शेख़ी में आ गया और आदम अलैहिस्सलाम को सज्दा न किया। ख़ुदा ने इस घमंड-ग़ुरूर की वजह से उसे मर्दूद (धुत्कारा हुआ) कर दिया।

(पृष्ठ १५ का शेष)

उस हुक्म के ख़िलाफ़ करते और एक दिन पहले दरिया के किनारे गढ़े खोद कर उस में पानी भर देते थे और जब मछलियां उनमें जमा हो जातीं, तो निकालते और कहते कि यह शिकार जुमा का है। इस हीले की वजह से बन्दर बना दिये गये।

२. तफ़्सीर लिखने वाले लिखते हैं कि बनी इस्राईल में एक बड़ा मालदार शख़्स था, मगर बे-औलाद। उस का वारिस उस का एक भतीजा था। उस ने माल के लोभ की वजह से उस को क़त्ल कर डाला। जो लोग इस तरह क़त्ल किया करते थे, बड़ी एहतियात से काम लिया करते थे। उस ने भी ऐसे तरीक़े से उसे क़त्ल किया कि क़ातिल का कुछ पता नहीं मिलता था। लोग इस बारे में लड़ने-झगड़ने लगे, तो किसी ने कहा कि तुम में ख़ुदा के पैग़म्बर मौजूद हैं, उन से रुजूअ करो। उन्होंने मूसा अलै० से यह कैफ़ियत बयान की। आप ने बैल ज़िब्ह करने का हुक्म दिया। अजब नहीं कि क़ातिल को इस बात का ख़ौफ़ हो गया हो कि कहीं राज़ न खुल जाए, इस लिए इस से पहले कि बैल के बारे में हुज्जतें करें, यह बात कही कि क्या आप इस से हंसी करते हैं, क्योंकि हम पूछते हैं कि क़ातिल कौन है ? आप कहते हैं कि बैल ज़िब्ह करो और यह एक बिल्कुल बे-मुनासिब बात है। मूसा अलै० ने फ़रमाया

कि मैं हंसी नहीं करता, बल्कि हक़ीक़त तो यह है कि वह बात कहता हूं, जिस को ख़ुदा ने इर्शाद फ़रमाया है, तो उन्होंने बैल की ख़ूबियां मालूम करने में कई तरह की बातें कीं। आख़िरकार उन्होंने उस को ज़िब्ह किया, तो हुक्म हुआ, उस का कोई-सा टुकड़ा मक़्तूल को मारो। उस के मारने से मक़्तूल ज़िंदा हो गया और उस से पूछा गया कि तुझ को किस ने मारा था ? तो उस ने क़ातिल का नाम ले दिया। इस क़िस्से से यह ज़ाहिर करना मक़्सूद है कि जिस तरह ख़ुदा ने उस मक़्तूल को तुम्हारी आंखों के सामने ज़िंदा कर दिया, उसी तरह वह क़ियामत के दिन तमाम मुर्दों को उठा खड़ा करेगा और यह उस को कुछ मुश्किल नहीं।

(पृष्ठ १७ का शेष)

ऐसी बातें मुसलमानों को क्यों बताया करते हो ? वे उन की सनद से तुम को क़ियामत के दिन ख़ुदा के सामने इल्ज़ाम देंगे। ख़ुदा ने फ़रमाया कि मुनाफ़िक़ों का यह ख़्याल ग़लत है कि उन के अपने बताने से हमारे यहां उन पर इल्ज़ाम लगेगा, बल्कि हम तमाम बातों को, जो ये छिपे या खुले तौर पर करते हैं, जानते हैं और ख़ुदा ही उन से पूछ लेंगे कि हमारी नाफ़रमानी क्यों करते रहे ?

३. यहूदी कहते थे कि हम ने चालीस दिन बछड़े की पूजा की थी, सो उतने ही दिन हम को दोज़ख़ का अज़ाब होगा और किसी और अमल की वजह से हम ज़्यादा अज़ाब नहीं पाएंगे। ख़ुदा ने इस क़ौल की तर्दीद (खंडन) की और फ़रमाया कि क्या ख़ुदा ने तुम से वायदा किया है कि तुम कुछ दिन से ज़्यादा दोज़ख़ में न रहोगे, हालांकि तुम्हारे अमल ऐसे हैं कि हमेशा जहन्नम की आग में जलते रहो।

(पृष्ठ ५६१ का शेष)

कहा था, फिर उस ने सवारी का अगला पांव दबाया, तो मैं उस पर सवार हो गयी और वह मेरी सवारी की बाग हाथ में ले कर चला, यहां तक कि हम लश्कर में जा पहुंचे और उस वक़्त ठीक दोपहर थी। फिर मेरे बारे में जो कुछ अफ़वाहें फैलायी गयीं, फैलायी गयीं और जो हलाक हुआ, सो हुआ।

इस तूफ़ान उठाने में जिस ने सब से बड़ा हिस्सा लिया, वह अब्दुल्लाह बिन उबई बिन सलूल था, इस के बाद हम मदीना आए और वहां आ कर मैं महीने भर बीमार रही। लोग मेरे बारे में तज़्किरे करते थे, लेकिन मुझ को कुछ ख़बर न थी। अलबत्ता मुझे एक बात से शक होता था कि जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मुझ पर वह लुत्फ़ व तवज्जोह नहीं फ़रमाते थे, जो पहले मेरी बीमारी के ज़माने में फ़रमाया करते थे। अब जो तश्रीफ़ लाते तो सलाम करने के बाद सिर्फ़ इतना पूछते कि तुम्हारा हाल कैसा है। इस से मुझे एक तरह का शुब्हा तो होता, लेकिन बोहतान लगाने वालों के बोहतान व शरारत की बिल्कुल ख़बर न थी। इस हालत में मैं बहुत कमज़ोर हो गयी। एक रात जो ज़रूरत पूरी करने बाहर निकली, तो मिस्तह की मां मेरे साथ थी। इत्तिफ़ाक़ से उस का पांव लड़खड़ाया तो उस ने कहा, 'मिस्तह हलाक हो। मैं ने कहा तुम ऐसे शख़्स को बद-दुआ देती हो, जो बद्र में शरीक हुआ। उस ने कहा, क्या तुम ने नहीं सुना कि क्या बोहतान लगाया है ? मैं ने कहा, नहीं, तुम बताओ कि उस ने क्या कहा है ? तो उस ने पूरा माजरा बयान किया। उस को सुन कर मुझे बहुत रंज हुआ। एक तो मैं पहले ही बीमार थी। यह हालत सुन कर रंज पर रंज हुआ। जब मैं लौट कर अपने घर आयी, तो जनाबे रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम तश्रीफ़ लाए और मेरा हाल पूछा। मैं ने कहा, अगर आप इजाज़त बख़्शें तो मैं अपने मायके चली जाऊं। मेरा मतलब यह था कि वहां जा कर इस ख़बर की यक़ीनी मालूमात करूं। आप ने इजाज़त दे दी और मैं अपने मां-बाप के पास चली गयी। वहां मैं ने अपनी मां से पूछा कि लोग क्या तज़्किरा करते हैं ? उन्हों ने कहा कि बेटा ! कोई ऐसी बड़ी बात नहीं है, तुम कुछ ख़्याल न करो। इस जवाब से मेरा दिल मुत्मइन न हुआ और मैं रात भर रोती रही। उधर जनाबे रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर वह्य आने में बहुत देर हो गयी तो आप ने मश्विरा लेने के लिए हज़रत अली बिन अबी तालिब और उसामा बिन ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हुमा को बुलाया। उसामा ने तो यह कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल ! वह आप की

बीवी हैं और हम को उन के बारे में भलाई के सिवा कुछ नहीं मालूम। रहे अली बिन अबी तालिब, उन्हों ने कहा, ऐ अल्लाह के रसूल ! ख़ुदा ने आप पर तंगी नहीं की, औरतें और बहुत हैं। अगर आप लौंडी यानी बरीरा रज़ि० से मालूम फ़रमाएंगे, तो वह सच-सच बयान कर देंगी। आप ने बरीरा रज़ि० को बुला कर मालूम किया, तो उस ने कहा कि क़सम है उस ज़ात की ! जिस ने आप को हक़ दे कर भेजा है, मैं ने कोई ऐसी बात नहीं देखी कि इस का उन पर ऐब लगाऊं। वह तो एक सीधी-सादी और भोली-भाली नव-उम्र लड़की है। यह सुन कर आप उसी दिन ख़ुत्बा पढ़ने को खड़े हुए और फ़रमाया कि उस शख़्स के मुक़ाबले में, जिस की वजह से मुझे मेरे अह्ल के मामले में इतनी तक्लीफ़ पहुंची है, कौन मेरी मदद करता है, तो साद बिन मुआज़ अंसारी खड़े हुए और अर्ज़ किया, ऐ अल्लाह के रसूल ! मैं आप की मदद करता हूं और वह शख़्स औस क़बीले से है, तो हम उस की गरदन मारेंगे और अगर भाइयों या ख़ज़रज क़बीले से है तो आप जो इर्शाद फ़रमाएंगे, हम उसे पूरा करेंगे। फिर साद बिन उबादा खड़े हुए। यह ख़ज़रज क़बीले के सरदार थे, थे तो नेक आदमी, लेकिन हमीयत ने जोश मारा तो साद बिन मुआज़ से कहने लगे कि तुम ने ग़लत कहा। अगर वह शख़्स तुम्हारी जमाअत से है, तो मैं भी पसन्द नहीं करता कि क़त्ल किया जाए, तो उसैद बिन हुज़ैर रज़ि० जो साद बिन मुआज़ रज़ि० के चचेरे भाई हैं, खड़े हुए और साद बिन उबादा रज़ि० से कहने लगे कि तुम ने झूठ कहा। ख़ुदा की क़सम ! हम उस को ज़रूर क़त्ल कर डालेंगे। तुम मुनाफ़िक़ हो कि मुनाफ़िक़ों की तरफ़ से झगड़ते हो। फिर दोनों क़बीले औस और ख़ज़रज मारे ग़ुस्से के खड़े हो गये और क़रीब था कि उन में लड़ाई और हाथापाई हो जाए, मगर प्यारे नबी सल्ल० ने उन के जोश को ठंडा किया और लड़ाई होने से रुक गयी। हां, तो मेरे रोने का यह हाल था कि मेरे मां-बाप सोचते थे कि रोना मेरे कलेजे को फाड़ कर रहेगा। इसी बीच एक दिन दोनों मेरे पास बैठे थे, और मैं रो रही थी कि अंसार की एक औरत मेरे पास आयी और वह भी बैठ कर मेरे साथ रोने लगी। अभी हम रो ही रहे थे कि रसूले ख़ुदा सल्ल० तश्रीफ़ लाए और सलाम कर के बैठ गये। जब से लोगों ने मेरे बारे में वह कहा जो कहा, आप मेरे पास नहीं बैठते थे और आप पर मेरी शान में कुछ वह्य नहीं हुई थी। जब आप बैठ गये तो ख़ुत्बा पढ़ा और फ़रमाया, ऐ आइशा ! तुम्हारे बारे में ऐसी बात मुझ तक पहुंची है, अगर तुम बरी हो, तो बहुत जल्द ख़ुदा तुम्हारा बरी होना ज़ाहिर कर देगा और अगर तुम से गुनाह हुआ है, तो ख़ुदा से बख़्शिश मांगो और उस की तरफ़ रुजूअ हो, क्योंकि बन्दा जिस वक़्त अपने गुनाह का इक़रार करता और तौबा कर लेता है, तो ख़ुदा भी उस पर रुजूअ फ़रमाता और उस की तौबा क़ुबूल कर लेता है। जब आप बात ख़त्म कर चुके, तो मेरे आंसू थम गये, यहां तक कि एक क़तरा भी आंख से नहीं निकलता था। फिर मैं ने अपने बाप से कहा कि आप मेरी तरफ़ से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को जवाब दे दीजिए। उन्हों ने कहा, मैं नहीं जानता कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने अपनी मां से कहा कि आप जवाब दे दीजिए। उन्हों ने भी यही कहा कि ख़ुदा की क़सम ! मैं नहीं जानती कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने ख़ुद ही कहा, हालांकि मैं एक नव-उम्र लड़की थी और क़ुरआन भी बहुत-सा नहीं पढ़ा था कि जो क़िस्सा आप ने सुना है, वह मुझे मालूम हो गया है और यह भी कि आप उसे बावर कर चुके हैं, लेकिन अगर मैं कहूं कि मैं बरी हूं और ख़ुदा ख़ूब जानता है कि मैं बरी हूं तो आप उस को सच नहीं समझेंगे और अगर इस का इक़रार कर लूं हालांकि ख़ुदा जानता है कि मैं उस से बरी हूं, तो आप इस को मना लेंगे, सो ख़ुदा की क़सम ! मैं वही बात कहती हूं, जो यूसुफ़ के बाप ने कही थी कि 'फ़सब्रुन जमील वल्लाहुल मुस्तआनु अला मा तसिफ़ून०' फिर मैं वहां से उठ कर अपने बिस्तर पर आ लेटी और मैं यक़ीन करती थी कि चूंकि मैं बरी हूं, इस लिए ख़ुदा ज़रूर मेरे बरी होने का एलान फ़रमायेगा, लेकिन मैं यह ख़्याल नहीं करती थी कि मेरी शान में क़ुरआन की आयतें नाज़िल होंगी, क्योंकि मैं अपनी शान को इस से कमतर समझती थी कि ख़ुदा मेरे बारे में अपना कलाम नाज़िल फ़रमाएगा, जो हमेशा पढ़ा जाएगा, अलबत्ता उम्मीद ज़ाहिर करती थी कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम

कोई ख़्वाब देख लेंगे, जिस में ख़ुदा मेरा बरी होना ज़ाहिर फ़रमाएगा। सो ख़ुदा की क़सम ! अभी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मज्लिस से तश्रीफ़ भी नहीं ले जाने पाए थे कि ख़ुदा ने आप पर क़ुरआन नाज़िल फ़रमाया और वह्य नाज़िल होते वक़्त जिस तरह आप पसीना-पसीना हो जाते थे, उसी तरह उस वक़्त आप के मुबारक जिस्म से मोतियों की तरह पसीने के क़तरे टपकने लगे। जब वह हालत दूर हो गयी तो आप का चेहरा खिल उठा और पहला जुम्ला जो आप की मुबारक ज़ुबान से निकला, वह यह था कि ऐ आइशा रज़ि० ! ख़ुश हो जाओ, ख़ुदा ने तुम्हें बरी क़रार दे दिया है। जब ख़ुदा ने हज़रत आइशा के बरी किए जाने में 'इन्नल्लज़ी-न जाऊ बिल इफ़्कि अुस्बतुम मिन्कुम' से दस आयतें नाज़िल कीं, तो हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने कहा कि अल्लाह की क़सम ! मैं आगे मिस्तह को कुछ ख़र्च नहीं दूंगा। मिस्तह हज़रत अबूबक्र रज़ि० के अज़ीज़ों में थे और ग़रीब थे। हज़रत अबूबक्र रज़ि० ख़र्च से उन की मदद किया करते थे, लेकिन इत्तिफ़ाक़ से इस बोहतान के तज़्किरे में वह भी शरीक हो गये थे। जब हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने क़सम खायी कि वह मिस्तह को ख़र्च नहीं देंगे, तो ख़ुदा ने आयत 'व ला यअ्तलि उलुल फ़ज़्लि मिन्कुम' नाज़िल फ़रमायी। इस पर हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने पहले ही की तरह ख़र्च देना जारी कर दिया और कहने लगे कि अल्लाह की क़सम ! मैं इस को ख़र्च देने से कभी हाथ न रोकूंगा।

(पृष्ठ ८१३ का शेष)

ग़लबा हासिल करें या जान ही दे दें।

चुनांचे साथियों को हुक्म दिया कि ख़ुदा का नाम ले कर चल दो। फिर वहां से रवाना हुए और मुरार की घाटी में से हो कर हुदैबिया के परले सिरे जा उतरे। वहां आप के पास क़ुरैश के कई आदमी एक-एक कर के आते रहे। आप उन से यही फ़रमाते रहे कि हम तो सिर्फ़ काबा की ज़ियारत के लिए आए हैं, लड़ाई लड़ने नहीं आए। वे लोग जो बातें यहां सुनते थे वहां जा कर कह देते थे। आख़िर में आप ने अपनी तरफ़ से हज़रत उस्मान रज़ि० को क़ुरैश के पास यह पैग़ाम दे कर भेजा कि हम लड़ने नहीं आए, ख़ाना-ए-ख़ुदा की ज़ियारत करने को आए हैं, अभी आप वापस नहीं आए थे कि यहां यह अफ़वाह उड़ गयी कि आप क़त्ल कर दिए गए हैं। यह ख़बर सुन कर जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को लड़ाई का इरादा करना पड़ा और इसी इरादे से आप ने मुसलमानों से बैअत ली, जिस को 'बैअतुरिज़्वान' कहते हैं। उधर कुफ़्फ़ार को जो यहां के हालात मालूम हुए, तो वह जोश व ख़रोश हल्का पड़ गया और उन्हों ने सुहैल बिन अम्र को हज़रत सल्ल० के पास समझौते के लिए रवाना किया और समझौते की शर्तें यह क़रार दीं कि आप अब के बे उमरा किए वापस चले जाएं, अगले साल उमरे को आएं और सिर्फ़ तीन दिन ठहरें और तलवारों के सिवा कोई हथियार साथ न लाएं और उन को भी म्यान से न निकालें।

शर्तें हज़रत सल्ल० ने मंज़ूर फ़रमा लीं और सुलहनामा तैयार होने लगा, तो आप ने हज़रत अली रज़ि० से फ़रमाया कि लिखो, 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' तो सुहैल बोला, हम नहीं जानते 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' क्या है, 'बिस्मिकल्लाहुम-म' लिखो। फिर आप ने फ़रमाया लिखो 'मिम मुहम्मदिर्रसूलुल्लाह' तो कहा कि हम अगर इस बात को मान लेते कि आप ख़ुदा के रसूल हैं, तो आप की पैरवी ही न अपना लेते ? अपने वालिद का नाम लिखवाइए, तो आप ने फ़रमाया, लिखो, 'मिम मुहम्मदिबिन अब्दुल्लाह' और एक शर्त कुफ़्फ़ार ने यह की कि जो शख़्स आप की तरफ़ से हमारे पास जाए, हम उसको वापस न करेंगे और जो हमारी तरफ़ से आपके पास जाए, आप उस को वापस कर दें। इस समझौते की जो मसलहत थी, उस को तो जनाब रसूले ख़ुदा ही ख़ूब समझते थे, लेकिन जोशीले साथियों को सुलह की बातें बहुत बोझ मालूम हुयीं और सख़्त रंजीदा हुए और इस पर ख़्वाब का मामला उन को बे-दिल किए देता था। वे यह समझते थे कि इसी साल उमरा करेंगे, मगर जाते हैं नाकाम व ना-मुराद। इसी बीच एक ना-ख़ुशगवार वाक़िआ पेश आया कि अभी सुलहनामा लिखा ही जा रहा था कि अचानक

अबू जुन्दल बिन सुहैल बिन अम्र, पैरों में ज़ंजीर पड़ी हुई, कुफ़्फ़ार में से भाग कर पास आ मौजूद हुए, तो सुहैल ने कहा कि जिन लोगों के बारे में मैं आप से समझौता करता हूं, उन में यह पहला शख़्स है, इस को आप मेरे हवाले कर दीजिए। आप ने फ़रमाया कि अभी तक सुलहनामा मुकम्मल नहीं हुआ। उस ने कहा कि मामला उस के आने से पहले तै हो चुका है। आप ने फ़रमाया, हां, यह सच है। फिर सुहैल ने उठ कर अबू जुन्दल का गरेबान पकड़ लिया और अबू जुन्दल धाड़ें मार-मार कर रोने और कहने लगे कि मुसलमानो ! तुम मुझे मुश्रिकों के हवाले क्यों करते हो ? ये तो मुझे मेरे दीन से हटा देंगे। हज़रत सल्ल० ने फ़रमाया, अबू जुन्दल ! सब्र कर और ख़ुदा से अपने बदले की उम्मीद रख, ख़ुदा तेरी मुश्किलों का हल करने वाला है। हम तुझ को हरगिज़ वापस न देते, लेकिन हम इन लोगों से इस बात का अह्द कर चुके हैं और हम अह्द तोड़ना नहीं चाहते। बहरहाल ये बातें मुसलमानों पर बहुत बोझ रहीं और इन्हों ने उन को बड़ा दुखी किया, लेकिन यह समझौता ही था, जो तमाम कामियाबियों की तम्हीद साबित हुआ। इस के बाद वही बात हो गयी—

जिधर रुख़ किया, सल्तनत ज़ेरे फ़रमां,
जिधर आंख उठायी ममालिक मुसख़्ख़र ॥

(पृष्ठ ६६१ का शेष)

फ़रमाया। ख़दीजा ने आप को तसल्ली दी और वरक़ा बिन नौफ़ुल (अपने चचेरे भाई) के पास ले गयीं। ये बूढ़े शख़्स जाहिलियत के ज़माने में ईसाई हो गये थे। उन्हों ने आप से यह माजरा सुना तो कहा कि यह वही नामूस है, जो ईसा पर उतरा था और ख़ुदा ने आप को पैग़म्बर किया है और यह भी कहा, काश मैं जवान होता और जिस वक़्त आप की क़ौम आप को वतन से निकालती, उस वक़्त तक ज़िंदा रहता। आप ने पूछा, क्या वे मुझ को निकाल देंगे ? उस ने कहा, हां, जो शख़्स ऐसी चीज़ लाया करता है जो आप लाए हैं, लोग उस के दुश्मन हो जाया करते हैं। अगर मैं उस वक़्त तक जीता रहूंगा तो तुम्हारी बहुत मदद व हिमायत करूंगा। मगर उस के थोड़े ही अर्से के बाद वह इन्तिक़ाल फ़रमा गये और जी की आरज़ू जी ही में ले गये।

२. यह मतलब भी हो सकता है कि अगर यह मना करने वाला शख़्स सीधे रास्ते पर होता और परहेज़गारी की बातें सिखाता तो क्या अच्छा होता। तफ़्सीर लिखने वालों ने लिखा है कि मना करने वाले शख़्स से मुराद अबू जह्ल है, जो नमाज़ पढ़ते वक़्त आप को देखता, तो चिढ़ाता। ख़ुदा ने फ़रमाया कि क्या यह नहीं जानता कि ख़ुदा उस के कामों को देख रहा है और अगर यह ऐसी गुस्ताख़ियों से बाज़ न आएगा, तो हम उस को घसीट कर जहन्नम में दाख़िल कर देंगे। कहते हैं कि दुनिया में भी उस को यह सज़ा मिली कि बद्र की लड़ाई में मारा गया और घसीट कर गढ़े में डाल दिया गया।

(पृष्ठ ६६६ का शेष)

कर हलाक किया, तो इस लिए कि क़ुरैश जाड़े और गर्मी के सफ़र से मानूस हो कर अपने शहर में अम्न व अमान से रहें।

२. बहुत-सी हदीसें हैं, जिनसे साबित होता है कि कौसर बहिश्त की एक नहर का नाम है जो हज़रत सल्ल० को अता हुई है। हज़रत अनस रज़ि० से रिवायत है कि आंहज़रत सल्ल० को ऊंघ आ गयी, फिर सर उठा कर मुस्कराए और मुस्कराने की यह वजह बयान फ़रमायी कि अभी मुझ पर एक सूरः नाज़िल हुई है और फिर यह सूरः पढ़ी और फ़रमाया कि तुम जानते हो कि कौसर क्या चीज़ है। सहाबा रज़ि० ने अर्ज़ किया कि ख़ुदा और रसूल ही जानें। फ़रमाया, वह एक नहर है जो ख़ुदा ने मुझ को बहिश्त में दी है, इस में ख़ैरे कसीर (बड़ी भलाई) है।

क़ुरआन ख़त्म करने के बाद की दुआ

अल्लाह बुलन्द और अज़मत (बड़ा दर्जे) वाले ने सच्चा कलाम नाज़िल (उतारा) किया और उसके रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) जो बहुत ही इज्ज़त और इकराम वाले नबी हैं, उन्होंने सच सच हम तक पहुंचा दिया। हम सब उसके सच्चा होने की गवाही देते हैं। ऐ हमारे रब ! तू इस क़ुरआन की तिलावत (पाठ) हम से क़ुबूल फ़रमा, बेशक तू बड़ा सुनने वाला, जानने वाला है।

ऐ अल्लाह ! तू हमें क़ुरआन मजीद के हर एक हुरूफ़ के बदले में ईमान की लज़्ज़त (मज़ा) और मिठास अता फ़रमा (दे) और क़ुरआन मजीद के हर मक़ाम (जगह) के हर हिस्सा में से तिलावत करने की हम को जज़ाएं ख़ैर (अच्छा बदला) अता फ़रमा। ऐ अल्लाह हर (अलिफ़) के पढ़ने पर हमें उलफ़त (मुहब्बत) अता फ़रमा और (बा) के सबब बरकत अता फ़रमा और (ता) के पढ़ने पर हमारी तौबा क़ुबूल फ़रमा और (सा) के हर्फ़ पर हमें सवाब अता फ़रमा और (जीम) के पढ़ने पर हमें जमाल (ख़ूबसूरती) अता फ़रमा और (हा) के अदा करने पर हिकमत अता फ़रमा और हर्फ़(ख़ा)के पढ़ने पर हमें ख़ैर(भलाई)से नवाज़ दे और(दाल)के अदा करने(पढ़ने)पर हमें दलील अता कर और हर्फ़(ज़ाल)के पढ़ने पर हमें ज़िक्र(याद)की तौफ़ीक़ अता फ़रमा और हर्फ़(रा)पर हमें अपनी रहमत से नवाज़ दे और(ज़ा)पर हमें साफ़ सुथरापन अता कर और (सीन) से हम में सआदत मन्दी (नेक बख़्ती) पैदा फ़रमा और (शीन) के पढ़ने पर शिफ़ा (तन्दुरुस्ती) अता फ़रमा और (साद) पर हमें सच्चा सादिक़ (सच बोलने वाला) बना दे और (ज़ाद) से हमें रोशनी में चला दे और (तो) से हमें ताज़गी अता फ़रमा और (ज़ो) से हमें कामयाब कर और (अैन) से हमें इल्म (ज्ञान) अता फ़रमा और (ग़ैन) से माल की कुशादगी अता फ़रमा और (फ़ा) से फ़लाह (निजात) और फ़तह (कामयाबी) अता फ़रमा और (क़ाफ़) से हमें अपनी क़ुर्बत (नज़दीकी) अता फ़रमा और (क़ाफ़) हमें इकराम (अच्छाई) की ज़िन्दगी अता फ़रमा और (लाम) से हम पर लुत्फ़ व इनायत (मेहरबानी) की बारिश कर दे और(मीम)के बदले में हमें अच्छी नसीहत पर चला दे और (नून)से हम पर अपने नूर की किरनों को नुज़ूल फ़रमा और हर्फ़ (वाव) से हमें इत्तफ़ाक़ व इत्तहाद की बरकत से नवाज़ दे और (हा) के बदले हमें हिदायत (सीधी राह) पर चला दे और क़ुरआन मजीद में हर जगह तिलावत में आये हुये (या) की बरकत से हम को यक़ीने मुहकम (पक्का यक़ीन) अता फ़रमा।

ऐ अल्लाह ! हमें तू अज़मत (बुज़ुर्गी) वाले क़ुरआन मजीद की बरकत से ख़ूब नफ़ा अता फ़रमा और हर आयत की दानिश मन्दाना (बुद्धिपरस्त) नसीहत से हमारे दरजात में बुलन्दी अता फ़रमा और हमारे इस पढ़ने पढ़ाने को क़ुबूल फ़रमा। क़ुरआन मजीद की तिलावत के मौक़े पर हम से जो ख़ता (ग़लती) हो गई हो और भूल चूक हुई हो उसे माफ़ कर दे, क़ुरआन पढ़ते वक़्त किसी लफ़्ज़ में उस के ठिकाने से हट कर ग़लती की हो तो उसे माफ़ कर दे या कोई हर्फ़ आगे पढ़ लिया, या आगे का पीछे पढ़ लिया, या कोई हम से ज़्यादती हुई, या पढ़ने में कमी हुई हर सब हम को माफ़ फ़रमा और तूने जो कलाम नाज़िल फ़र्माया (उतारा) उस के ख़ुलासे में ग़लती करने से हम को बचा ले, हर तरह के शक शुब्हा और भूल चूक से हमें बचा ले, चाहे नामुनासिब

आवाज़ से पढ़ने में आ गया हो, या क़ुरआन की तिलावत में हम से उजलत (जल्द बाज़ी) हो गई हो, या सुस्ती सी हो या कहीं तेज़ी से गुज़र गये हों या पढ़ते वक़्त हमारी ज़ुबान लड़खड़ा गई हो, तो ऐसी तमाम भूल चूक से दर गुज़र फ़रमा।

पढ़ते वक़्त जहां ठहरने की जगह हो वहां न ठहरे हों या अल्फ़ाज़ (शब्द) मिला कर पढ़ने की बजाए बग़ैर मिलाए पढ़ लिये हों या कोई ऐसा लफ़्ज़ जो तूने बयान न फ़रमाया हो और हमारी ज़ुबान से निकल गया हो, तो उसकी भी हम तुझ से माफ़ी चाहते हैं।

ऐ अल्लाह ! क़ुरआन मजीद में कोई मद (ٓ) की जगह हो या तशदीद (ّ) या जहां तशदीद न हो, या जज़म (ْ) हो या कोई ज़ेर, ज़बर (ِ , َ) और पेश (ُ)। इस तरह पढ़ लिया हो जो वहां लिखा हुआ न हो, तो उस भूल की भी हम तुझ से माफ़ी के तलबगार (चाहने वाले) हैं। रहमत की आयत पढ़ते वक़्त बग़ैर रग़बत (लगाव) के पढ़ लिये हों और अज़ाब की आयातें पढ़ने पर हमारे दिल में तेरा डर पैदा होने की कमी रह गई हो तो माफ़ कर दे।

ऐ हमारे रब ! हमारे गुनाहों को माफ़ फ़रमा और हक़ (सच्चाई) की गवाही देने वालों की फ़ेहरिस्त (सूची) में हमारा भी नाम लिख ले। या अल्लाह ! हमारे दिलों को क़ुरआन मजीद के नूर (रोशनी) से जगमगा दे, हमारे अख़्लाक़ (आचरण) में क़ुरआन मजीद की तालीम से ज़ीनत पैदा फ़रमा। ऐ अल्लाह ! क़ुरआन मजीद की बरकत से हमें आग से निजात अता फ़रमा और क़ुरआन मजीद के ज़रिए हमें जन्नत में दाखिल अता फ़रमा। ऐ अल्लाह ! दुनिया की ज़िन्दगी में हमारे लिये क़ुरआन मजीद को तुझ से ताल्लुक़ बनाये रखने का ज़रिया बना और क़ब्र में क़ुरआन मजीद की बरकत से हमारे लिये बहशत (खौफ़) को दूर कर दे, आखिरत का रास्ता तै करने पर हमारे लिये क़ुरआन मजीद को जन्नत में हमारा रफ़ीक़ (साथी) बना दे और आग से बचने की ढाल बना और तमाम भलाइयों के हासिल करने में क़ुरआन मजीद को हमारे लिये दलील (राह बताने वाला) बना दे और तमाम भलाइयां हमारे लिये नामए आमाल (कर्मनामा) में दर्ज फ़र्मा (लिख दे) और हमें तौफ़ीक़ दे कि सच्चे दिल से, साफ़ सुथरी ज़ुबान से, खैर व भलाई की मुहब्बत से और ईमान की बशारत (खुश खबरी) से हम माला माल हो जायें।

और ऐ अल्लाह ! तूने दरूद व सलाम का तोहफ़ा हज़रत मुहम्मद सल्ल० को अता फ़रमाया है जो तेरी मख़्लूक़ में सब से अफ़्ज़ल (उत्तम) और बेहतर हैं और तेरे लुत्फ़ व इनायत (मेहरबानी) की हम को पहचान कराने वाले हैं जो हम सब के सरदार हैं और अपने अर्श (तख़्त) के नूर से तूने उनको नवाज़ा (अता किया) है। ऐ अल्लाह ! तू हम सब की तरफ़ से दरूद व सलाम का तोहफ़ा हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर, उन की अज़वाजे मुतह्हरात (पाक बीवियों) पर उनकी औलाद पर और उन के तमाम असहाबे किराम (नेक साथियों) तक पहुंचा दे, सलाम पर सलाम और बहुत बहुत बहुत सलाम......

अल्लाहुम्मा सल्लि अला मुहम्मदिन०